घटं वीय संन्नाह सज्जे सुअंगं । हकै हक्क अंगं[4] अरी कोटि संगं ॥
तिनंकी उपंमा कवीचंद गाई । सुने कंठ रावंत गोरष्ष पाई ॥

(१) मो०—सूर । (२) मो०—सार । (३) मो०—बी । (४) मो०—रंग ।

तिनं हाथ कै हाथ सज्जे उपाई । तिनंकी मयूषं रुष्यां[1] होड लाई ॥
सुयं कंठ सोभा नरं टोप सोमा । ससी अष्टमी अद्धये भांन सोभा ॥
जरे जंजरायं भरं राग भिछै । मनों नौ अर्ष तारिका होड षिछै ॥
हयं पष्षरे पष्षरं जंजरायं । कपी सीस द्रोनं मनो लंक छायं ॥
फिरै गज्ज राजं मदं तेज गाजी । तिनं देषतें बद्दलं कांति लाजी ॥
बली बीर कैमास सामुष्ष अग्गैं । मनो राम कामं कपी कूट लग्गैं ॥
सुनी कंन्ह मोरा सु चालुक्क बीरं । कुलायौ कचै कोय कैमास भीरं ॥
इकं नाम चंदं बरंदाइ बांनी । जिनैं भंजिया च्यारि मो मंभ पानी ॥
दिसा च्यारि रष्यौ निरष्यौ प्रमानं । जहां सज्जियं सूर चहुआंन थांनं ॥
रजं मोद, बंकी करक्की कमांनं । धुनै तूल धूनी मनों कट्ठ[2] थानं ॥
हुकंमं नरिंदं सुचालुक्क दीनै । रचौ आज चौकी सुझाला नवीनै ॥
चिहू कोद चथ्थीन की बीरटं फेरै । निसा, आज रष्यौ सुमंचीत मेरो ॥
चढी चौक्क चौकी सुझाला निमांनी । उठी क्रूर दिष्टी स्वयं सेन जांनी ॥
रच्यौ[3] यों महासेन भीमंग राजं । मिले मल्ल मल्लं अषमं सुसाजं ॥छं०३१६

चालुक्य की सेना का वर्णन ।

दूहा ॥ सज्जि सेन चालुक्क भर । रहे लोह करि कोट ॥
पयदल गज बल हय षपल । भए आंनि सब जोट ॥ छं ॥ ३१७ ॥

छंद भुजंगी ॥ महा सेन सेनं गभीरं गरज्जं । मनों मेघ माला सुझाला षरज्जं ॥
झलं झंम झंमंति झाला नियानी । चढी चक्क चक्की चवट्टी सुवांनी ॥
सयं सहस ते तेज कैमास, अग्गै । सयं तीन सथ्थं जथं जाजु लग्गै ॥
सयं पंच जहों सु जामानि तछै । सयं अट्ठ अट्ठे रमं राम पछै ॥
दुहूं बांह सेना बरं बीर बाची । मनों कुं[4]डली छाकि सामुद्र याची ॥
अर्ह मेव सामंत स्वामित्त लग्गै । सु मानो कि सेना दनू देव षग्गै ॥
भए जन जनं दिठं दिट्ठ चौकी । मनों अंकुरी दिष्ट दौ नारि सौकी ॥
भरे ढिग्ग षग्गे भिरे झल्ल झल्ले । घरी एक भग्गे नहीं होय हल्ले ॥

(१) मो०—रवि ।   (२) मो०—कंठ ।
(३) मो०—रच्यौ ।   (४) मो०—मंडली ।

भगे सीह रायं भई कूप सद्दं । सुनी राय भोरा भने कव्वि चंदं ॥
छं० ॥ ३१८ ॥

कवित्त ॥ कलह अग्ग सामंत । कांम कैमास कुसल्लिय ॥
गज्ज अज्ज अहजाज । अनुज फिरि पच्छौ दुसल्लिय ॥
झल्लानी[1] झरफुट्टि । फुट्टि संका सामंता ॥
ज्यों लज्जी परनारि । धींग मिलयौ धावंता ॥
असमान चल्लि भूमिय धरिय । धाय धमंक धलंक धर ॥
बंदियथि बाह बाहू दुहत्थ । प्रथीराज राजंग बर ॥ छं ॥ ३१९ ॥

चलुक्यराज का धोखा करना ।

दूहा ॥ भर गिरि चौकी चंपि चलि । मिलि ठिलि जहां दवराइ ॥
सबर सुद्ध दरबार भौ । चढि चालुक्क रिसाइ ॥ छं॥ ३२० ॥

युद्ध का वर्णन ।

छं० भुजंगप्रयात ॥ धमं धाम धामंत धामं निसानं । निसा व्याम बज्जी सुभेरी भयानं ॥
चिगं तंछि तेजी चयं छिन छिनानं । कुटे अंकु चक्की मदं जासु रानं ॥
चयं[2] घाय घायं दलं छिंदयानं । महावीर जग्गे सुदुग्गेष मानं ॥
गिरें रन रावत्त तुट्टे वितानं । परी चक्क चक्कं सुसामंत पानं ॥
कथा उच्च भारी सुभारच्थ पुरानं । सुनैं अंम बक्के सुममैं गियानं ॥छं॰ ३२१॥

कवित्त ॥ मिले मल्ल आखंग । जंग भोरा भुअंग जगि ॥
कै कुवाह कंतार[3] । धारा ढुंढूर पूर लगि ॥
कै दुवाह कुट्यो कि । सिंघ मैगल मैं मत्ता ॥
कै[4] अप्पां अप सेन । राव[5] रावत्त * विरत्ता ॥

(१) मो॰ ह॰ को॰—झालानी ।
(२) मो॰—भयं ।
(३) मो॰—कुंतार ।
(४) मो॰—"कै अपसेना अप्प । अप्प रावत्त विरत्ता" ।
(५) ह॰—मभक ।
* राव॰ ए॰ की प्रति में नहीं है ।

पाहुन[1] सेन उत्तर दिसा। ईमाने लग्गिय उपरि ॥
धाइ'न धाम सामंत दो। सूर समर लग्गे समरि ॥ छं० ॥ २२२ ॥
चंडिय देवि पसाइ। वक्ति तेरै मै मत्ते ॥
पच्छौ राव भीमंग। चैार मैारव सिवहंते।
कै अप्पानी रारि[2]। काइ धाम कि डंडूरिय ॥
कै छुट्टा संग्राम। सिंघ संकर निज्जूरिय ॥
कै धीर धांम धुज्जिय धरा। कै कलान[3] कलपंत छुत्र ॥
जा जंपि जंपि जंपन कहै। जपै राज भीमंग भुत्र ॥ छं० ॥ २२३ ॥
नां अप्पानी रारि। नाहि धाइ सुडंडूरिय ॥
नां छुट्टा संग्राम। सिंघ संकर निज्जूरिय ॥
दै चक्कां धर कंप। चंप उत्तर थी लग्गिय।
चैाकी गत्त गुराइ। कोट कोटन छन भग्गिय ॥
सा दुग्ग देव सत्तरि पती। पति पहार ठेल्यौ करिय ॥
पाइंन छंन छंनेव घट। निसि निसान सद्दह भरिय ॥ छं० ॥ २२४ ॥

सप्तमी को घोर युद्ध का आरम्भ होना।

दूहा ॥ सद्दां सद्द उसद्द भय। मज्जा वज्जिय लग्ग ॥
झूना जंजर चैर[4] वत्त। भई सुरासुर जग्ग ॥ छं० ॥ २२५ ॥
संभरि सों लग्गे समर। अंमर कौतिग एव ॥
घरी सत्त सत्तमि दिवस। उग्यौ उदग्गन देव ॥ छं० ॥ २२६ ॥
छंद भुजंगप्रयात् ॥ घरी सत्त सत्तं उग्यौ चंद मानं। बरं बीर चालुक्क षग्गं षगानं ॥
बजी जूप कूहं कर्क्ष कोकनद्दं। मनों गज्जियं मेघ नद्दं प्रसद्दं ॥
कुलं बीर जग्गे मुषं नीर भारी। परे लोह आरत्त सा व्रत सारी ॥
बहै षग्ग धारं गजं सीस भारी। मनों धूम मज्झक्के उठे अग्गि झारी ॥
नमी तेज भग्गे जगे तेज षग्गं। बजै जंग नीसांन ईसांन मग्गं ॥
करै अप्प अप्पं न्रपं वे दुहाई। नचे रंग भैरूं ततथ्येन थाई ॥

(१) मो.—पाहुनसेन। (२) मो.—कै अपनी पार।
(३) मो. ह. को.– कुलाल। (४) मो.—चैर।

बढे बांन श्रावन सावर्त्त तेजं । तहां चंद कव्वी उपंमा कहेजं ॥
लगें अंग अरि गंजि सुग्रीव भारी । फिरंतं ज जंगंम दीसै उतारी ॥
परैं संध बंधं असंधं बिनारे । महोरंत चौरं मनों ज्वार बारे ॥
फिरैं [1] मद्धि ढालं रिनं संक्ष रीती । तिनं सुक्कियं कुंत धारी निव्रती ॥
छं० ॥ ३२७ ॥

युद्ध की तयारी का वर्णन, सरदारों का सेना समेत प्रस्तुत होना ।

कवित्त ॥ है [2] पग गै पग रथ अरथ । बढि बढी नर लग्गा ॥
कै घायां घन नंत । भयें संभरि [3] भर भग्गा ॥
चालुक्का चंप्यो सयंन । सें दल सामंता ॥
गौरीरद कैमास । सूप भेरा धावंता ॥
रथ सथ विलद सज्जान कढ्ढौ । गहकि गज्जि भेरा सुभर ॥
को करै काछ सों चाल कन । मदन रंभ मानों अमर ॥ छं० ॥ ३२८ ॥
पक्कार्यो रा भीम । मत्त सें गज गज्जानां ॥
सहस पंच साहन ससंद । ढाले ढक्कानां ॥
जंप संघ गोधा गहक्क । छोनी सब संकिय ॥
साहन साहन घर विरद्द । आवत उत्तंकिय [4] ॥
लक्खरिय लोह अप्पां अपन । भार उभार लग्यौ गगन ॥
घल चल्ले सेन सामंत [5] दल । मनों अंत [6] जम जुध्ध पन ॥ छं० ॥३२९॥
ना छुट्टा रासिंघ । सीस डंडूरत उट्ठौ ॥
ना रंकार्यो आप । सेन भारथ्थ न जुट्ठौ ॥
सी संतारी धाह । धाक उत्तर दिसि लग्गी ॥
अप्पांनी सेना सुनत [7] । भारथ भिर भग्गी ॥

---

(१) मो०—हत्थि ।
(२) मो०—हैयथ गैयथ ।
(३) मो०—सूंभर ।
(४) मो०—उतंगिय ।
(५) मो०—सामंद ।
(६) मो०—यंत ।
(७) मो०—सुमंत ।

सुलतान राय सज्जो सुकसि । विधि विधान उज्जिय पासर ॥
चालुक्क राइ दिन धुंमरी । सार धार सज्जी समर ॥ छं० ॥ २१० ॥
सजल रंभ आरंभ । जग्गि[1] भेरा सनाए सजि ॥
नग नवि दुक्ख तक्कयौ । राज कंठीर काम्ब रजि ॥
भर अभंग चालुक्क । तेस आनास प्रमानं ॥
ताना पंच नंखयौ । नसस्ति नासख गस भानं ॥
देनेत जगि प्रलैकाल जनु । बंधि बंधि गज्जे उभय ॥
पंमांन जग्य जे उप्पने । करैं दोष निवीर मय ॥ छं० ॥ २११ ॥

युद्ध आरम्भ होना ।

पग उभारि दल रारि । नारि दाकुन दुज्जन धै ॥
फौजन बंधय नंपि । धंपि[2] सत चालुक्कन रवै ॥
काढि कबंध धर लुहि । लुथ्थि पर लुथ्थि पलुट्टिय ॥
श्रोग धार पल पट्टिय । मोच माया भ्रम छुट्टिय ॥
तुट्टि भंस दंत पाइक्क ढुरहि । बघर दप धावै श्रमुग ॥
पग पगति सिंभ[3] पग पग सुगति । भुगति सक्ख किशो सुजग ॥छं॥२१२॥

दूहा ॥ कित्ती[4] सजन लग्यौ नृपति । सुर विध्वंसन काध ॥
वीस सहस्स पारस परिय । मनों बीर बर साथ ॥ छं० ॥ २१३ ॥

छंद मोतीदाम ॥ समग्ग अमग्ग विमग्ग विहाक । रहे जुरि चालुक्क देवन साक ॥
जुरे बर बीर दसौं दिसि पंति । मनों[5] घन भद्दव वत्तन भंति ॥
दोऊ दिसि धाव बढे करि साज । मनों चव चंद सुखंगन बाज ॥
परे बहु दंतिय[6] भंतिय काल । बरै वर ढूंढि पियांनन[7] बाल ॥
मनों मुगधा मन मांन प्रमांन । रची इम अच्छरि रंकि विमांन ॥
सुदेव जयं जय नंषि पुहप्प । करै दोउ चंद सुकीरति जप्प ॥
इकै श्रद्द[8] कीरति अम्रत एक । कछूक कवित सुधारैं विवेक ॥

---

(१) मो०—सभि । (२) मो०—नंषि । (३) मो०—शंभु ।
(४) मो०—किसि सजन लग्यो नृपति । (५) मो०—मनो घट भद्दव सद्द निरति ।
(६) मो०—पंतिय । (७) मो०—नियांनन । (८) मो०—श्रसि ।

सुर च्छिनंत नचि बीर बत्तांन। बढे वर षांन कमां मय¹ थांन॥
अमंतिय गिद्धिय छुद्धिय² आंन। रची³ दूल अच्छरि अच्छ विमांन॥ छं०॥३३४॥

वाजिद खाँ का लड़ना और बीरता से मारा जाना।

दूहा॥ मद्धि षांन वाजींद भिरि। पंच सहस तिन सथ्थ॥
भर चालुक्क सेवक वली। जे घल्ले जम हथ्थ॥ छं०॥ ३३५॥

कवित्त॥ जुद्ध जूह⁴ सिरदार। ढाचि दीने वलवांनें॥
नल कूवर मनि ग्रीव। जमल भग्गा नरकांनें॥
पुब्ब श्राप नारद सब्रूप। छिति दरसन हरि पाइय॥
उत्तमंग उत्तरै। पूर सौ सूर बधाइय॥
उप्पारि षांन बाजींद लिय। सग्ग मग्ग वेधिच्छ सें॥
चालुक्क भीम परपंच परि। चंपि चूरि षग्गह विसें॥ छं०॥ ३३६॥

अष्टमी के युद्ध का वर्णन।

दूहा॥ भर पर भर वज्जे सुभर। चय गै दल भर तुट्टि॥
चंद सीस चाढ्यौ चव्यौ। बर अष्टमी अउट्टि॥ छं०॥ ३३७॥
सौ वंधन वंधन व्रषम। पंच पंच सौ तत्त॥
दल छिक्कत छिपै सुगति। अध्य सून अपतत्त॥ छं०॥ ३३८॥
सिसिर श्राइ कायर ननह। ग्रीषम सूर प्रमांन॥
वे तट्टे ए तत्त गुन। विधि विधांन दै थांन॥ छं०॥ ३३९॥
बालप्पन जुब्बंनपन। लद्दै वड्डप्पन कित्ति॥
बनि चाला चल चित्ति नचां। भई कन्ह जिमि कित्ति॥ छं०॥ ३४०॥

छंद नाराच॥ परट्ठि सेन सज्ज बीर बज्जए निसानयं।
नराच छंद चंद जंपि पिंगलं प्रमानयं॥
गजं गजे चषं मले चले चले गिरद्दरं।
कसंमसे उकस्स सेस कच्छपं उचक्करं॥
उपारि भूमि दट्ठ तब्ब कंध आनि मुक्कयं।

(१) मो०—नय। (२) मो०—पाछै न आंन।
(३) मो०—दम। (४) मो०—जूर।

झुराव छय शुद्व भीम सीस नाग धुज्जयं ॥
सुझंत सध्य[1]विथ्थुरं अनेक भांति दारई ।
मनों कि दंड चक्करीय बालकं उछारई[2] ॥
अनंकि पग्ग सों निसा चद्द चमक्कई ।
मनों कि चंद चंद सो धरा न भुम्मि सुझई ॥
अनेक भंति सा दुरं बजंत बान सावरं ।
मनों कि जीव जंत पांनि उच्छयं उझारं ॥
वजंत राग पंच पट् मोह बंधि आनयं ॥
अथंत सेन संधि भूप चंद जंपि पानयं ॥
दुरंत चैारं गज्ज सीस रुस्त मग्ग उत्तरें ॥
मनों कि कूट सीसतें सुगंग भुम्मि वित्तरें ॥ छं० ॥ ३४१ ॥

चावंडराय के युद्ध का वर्णन ।

अरिल्ल ॥ जस धवली जद्दी कैमासं । चावंड राइ बंधव अस्यासं ॥
सस्त्र मग्ग तन[3] तिल तिल पंच्यौ । बन्यौ जुद्ध भारथ फिर मंच्यौ ॥ छं० ॥ ३४२ ॥

कवित्त ॥ धनिव सूर सामंत । लोन ह्वै मित्ते अरिन भट ॥
इक मागिय छुद्द पार[4] । भाग चैासट्ठि पार घट ॥
ते दुसेन सुप धरनि । लज्ज सों निट्ठ उतारे ॥
मार मार विस्तार । सार संध्यो गहि डारे ॥
उर धस्यौ सिंधु[5] सिंधुर सुभट । उदर मध्य फुट्यौ अन्नित ॥
चामंड राइ दाहर तनौ । सोंन नेह बंध्यौ अमित ॥ छं० ॥ ३४३ ॥
एक बीस इकईस । एक इकतीस सहस वर ॥
इक सहस इक डेढ । इक्क धर उभंय सस्त्र झर ॥
एक एक इक लष्प । विलष बल पुज्जहि देवं ॥
ते जगिय बीर बीराधि । बीर बीरा रस सेवं ॥
मारु मर्हव नाहर बलिय । चलिय कित्ति दष्षिन बयह ॥
निडुर नरिंद पज्जून बल । चाइ चाइ करे दिसि दसह ॥ छं० ॥ ३४४ ॥

(१) ए०—मत्त ।　　　(२) मो०—उछारई ।
(३) मो०—तिन ।　　　(४) मो०—अपार ।　　　(५) मो०—आप ।

दूहा ॥ हय हय गय नह सूर बर। दिष्षि भयानक देव ॥
जंबूरा हंमीर सों। भर भारथ वित्तेव ॥ छं० ॥ ३४५ ॥

यह युद्ध संवत् ११४७ में हुआ।

* ग्यारह सें चालीस चव। बंधव पुच अछुहि ॥
सुफिरि राज सेना न्रपति। भौ भारथ संजुहि ॥ छं० ॥ ३४६ ॥

कवित्त ॥ हय गय नर आहुटें। लुथि आहुहि लुथ्थि पर ॥
इक हथ हुअ विहथ्थ। उह चढ़ि पित्त सहि धर ॥
बलि बामन रामह सुबीर[१]। पंच पंडौ बल भारी ॥
जरासिंध नर केस। नरनि नर सिंघ उचारी ॥
इन समह समर इन देव मय। कत द्वापर कलियुग्ग मझि ॥
इन करिय सोह करिहै न को। करो सुकोइ न बत्त बुझि ॥ छं० ॥ ३४७ ॥
तरनि तेज तप हरन। भरन पोषन दोषन षल ॥
उद्दर भत्ति जं करिय। उद्दर कढ्ढै सुमध्य मल ॥
बल भही जं करिय। करिय कर दंत मत्त गहि ॥
घरी एक इक पाइ। षग्ग टिक पग षेत रहि ॥
जंबूर लग्ग भग्गान तउ। बर बुल्ल तामस बयन ॥
चालुक्क आंन जंपै सुषह। रत्त सुष्य अग्गी नयन ॥ छं० ॥ ३४८ ॥

दूहा ॥ नयन बयन तन अग्गि जगि। कित्ति अग्गि जग जग्गि ॥
बर विताल जंगम विहंसि। दयसीस नर षग्गि ॥ छं ॥ ३४९ ॥
रन षग्गा भग्गान को। पत्ता चालुक राइ ॥
हंमीरां हंमीर बर। भो बर बीर बिभाइ ॥ छं० ॥ ३५० ॥

उन सरदारों का नाम कथन जो लड़ते थे।

कवित्त ॥ सुभन[२] सूर सामंत। संत लग्गे विरुझानं ॥
रा चामंड जैतसी। रांम बड गुज्जर दानं ॥

३४६—* यह दोहा एशियाटिक सोसाइटी की प्रति में नहीं है।
(१) मो॰—राव हमीर। (२) मो॰—सुग्रीव।

उद्दिग बीच पम्मार । कन्ह कूरंभ पज्जूनं ॥
षीचीराव प्रसंग । चंद पुंडीर सु दूनं ॥
अछनंग खेर साष्ह सरद । देवराज बग्गरि सत्तप ॥
देवराज कुंअर अल्हन अनुज । दून बीरा रस लषि अत्तप ॥ छं० ॥ २५१ ॥
निडुर वर नर सिंघ । बीर षींचा षर रूपं[1] ॥
बीर सिंह वर सिंघ । गहलु गोइंद अनूपं ॥
रा बड़ गुज्जर राम । वज्जिय वंभन रस वीरं ॥
दाहिम्मौ नर सिंघ । गहलु सारंग रन धीरं ॥
चानुक्क बीर रन सिंघ दे । दै दुवाह दुज्जन दहन ॥
लुह तांन गहन जोपन चढ़ै[2] । चालुक्कां लग्गे महन ॥ छं० ॥ २५२ ॥
उद्दिय घट्ट निघट्ट । धांन दिप्पे इन भंतिय ॥
ज्यों प्रात उडग्गन चंद । दीह दीपक ज्यों कंतिय ॥
नमसि नमसि सामंत । जाइ वर बीर सुबंध्यौ ॥
उभय पुत्त इक बंधु । भीम भारथ बल बंध्यौ ॥
ओहनय हथ्थ लग्गी ननह । उपम चंद सारह करिय ॥
घूमली रत्ति सें वंक षग । मनों चंद द्वै बिस्तरिय ॥ छं० ॥ २५३ ॥
नर नाहर ज्यों लड्डौ । अयुन नाहर घर पंडिय ॥
नाहर राइ नरिंद । षेत साथा तन मंडियं ॥
ढंढौ रिझ्झै ढान । दाख चालुक्कह कढ्ढै ॥
आंन राज प्रथिराज । लाज सांईं सिर चढ्ढै ॥
हसि कढ्ढिह वाग कढ्ढिय बली । मिलि मच्चौरि सन्हौ लर्यौ ॥
जांने कि अग्गि लग्गी बनह । वंस दाव दव प्रज्जर्यौ ॥ छं० ॥ २५४ ॥
बड़ गुज्जर राजैन । कच देषै पट्टनवै ॥
बैं नीसांनी मार । घाट गिर वर घट्टनवै ॥
अधरा षंडन षग्ग । भग्ग कूरे सुपमारह ॥
मनों सराबी जंग । पांन कुहें गंमारह[3] ॥
रा राम देव देवत्त तुअ । जाजै जौरि जुद्दथ्थ किय ॥

(१) मो०--भूपं । (२) मो०--कहै । (३) मो०--सुगमारह ।

नर नाग देव देवी विहसि। पंजुनि पंजु प्रचास किय ॥ छं० ॥ ३५५ ॥
जिन थक्का जरि देव। सेव थक्की अनंगी ॥
धर थक्की धर भार। भारथ थक्की शिव संगी ॥
कर थक्का करि वार। धांन थक्का कम्मांनी ॥
मुष थक्का मुष मार। ठांन थक्का तुरक्कांनी ॥
थक्कान जैत जज्जर बलां। कलिन राम गुज्जर भरी ॥
चालुक्क राव गुज्जर पती। धाय धाय धुंमर परी ॥ छं० ॥ ३५६ ॥
दूहा ॥ परिय रार हिंदवांन षों। सोभत्ती रत्ति वाह ॥
दिष्ष जग्गा वरदाइ वल[1]। जौ छंदे पथ वाह ॥ छं० ॥ ३५७ ॥

युद्ध का वर्णन।

कवित्त ॥ हय हय हय उच्चार। देव देवासुर भज्जिय ॥
हय हय हय उचार। घाइ घाइं घट वज्जिय ॥
चह चह चह चाहंत। वहुल षग षग्गं गहन ॥
ठुक्क ठुक्क उत्तरिय। बाजि नर भर भर पट्टन ॥
हर हार वास हर हद भुज्जिय। धुम्म मंडल रहह उच्चै ॥
मंगल धनेष[2] आरथ्य किय। जिन सु ब्रह्म साधन बुले ॥ छं० ॥ ३५८ ॥
दोहा ॥ सर्व ध्यांन वंधन सु ब्रह्म। पंच पंचहे तत्त ॥
पंच पंच पंचह मिले। अप्प भूत अह वत्त ॥ छं० ॥ ३५९ ॥
छंद अमरावल ॥ नव जंपि नव रस वीर नचै। अमरावलि छंद सुकित्ति रचै ॥
रस भै हव तीय नवं नव थांन। दिष्यौ मुष रूप सु चालुक पांन ॥
भयौ मुष वीर सु भूप नरिंद। भयौ रस कारुन कट्टत कंध ॥
भयौ अदभुत भयांनक ब्रत्त। भयौ रसहास उमा कतपत्त ॥
भयौ रस रुद्र अदभ्भुत जुद्ध। भयौ तिन मध्य सिंगार विरुद्ध ॥
भयौ रस संत भई तिन मुत्ति। दिषै जनु पल्लव लाखित गत्ति ॥
टगं टग चाह रहे पल चार। उठे तहां हंकि सुबीर हंकार॥ छं० ॥ ३६० ॥

(१) मो०--वल। (२) मो०--धुनेव।

दूहा ॥ दल दल काल साँई विरुल । मरन महूरत संधि ॥
चाहुआंन चालुक्क कै । लगे बीर गुन बंधि ॥ छं० ॥ ३६१ ॥

छंद रसावला ॥ सूर साँई रनं । बीर चक्के वनं ॥ मोह मत्ते जनं । सार पीवं पनं ॥
वार वीरा दूनं । काल जुट्टे जनं ॥ पग्ग षग्गं पनं । ज्वाल लभ्भं मनं ॥
अस्त्र तुट्टे तनं । रत्त जामें पिनं ॥ लोह वज्जे पनं । डिंभ डिंभी रनं ॥
तार तारं पिनं । काल कैसे ननं ॥ रत्त अग्गं निनं । लोह न्हाए मनं ॥
तीय छुट्टे दूनं । मांत पित्तं रनं ॥ स्वामि जित्ते तनं । पिंड सारे घनं ॥
देव कालं कालं । ग्यान छुट्टे छलं ॥ जोग पावै ननं । मुत्ति मग्गं गनं ॥
॥ छं० ॥ ३६२ ॥

छंद भुजंगी ॥ छुटं रैर रैरंग सोरंग[1] सोरं । प्रजालंत बीरं निसानंत भोरं ॥
सुपं भंच कैमास नै भं[2] जिभीरं । कवी चंद चंडी वरं जास पीरं[3] ॥ छं० ॥ ३६३ ॥

आर्या ॥ पारसं अर्द्धं चंद्रं । तारका तार वंधं ॥ बीरका बीर संधं । सूर छुटै कबंधं ॥
काल लग्गा[4] प्रमानं । देव जग्या दिवानं ॥ गुज्जरं राय रायं । चन्द चक्यौ चिभायं ॥
छं० ॥ ३६४ ॥

स्वयं भोराराय के युद्ध का वर्णन ।

कवित्त ॥ चाह चाह विहस्साह । नैंन तामस भय लसै ॥
दिष्षि रिष्षि अवरिष्षि । भिष्षि आभिष्ष स लस्सै ॥
अद्दन गहत्र ज्यौ भांन । राहु लग्यौ गुर केतं ॥
यों लगि गहत्र भीमंग । वथ्थ पल पंचं जेतं ॥
सैं चल्यौ चंपि दिष्षे सकल । बलति रंग कठु सदिष ॥
सिद्धांन धंनि सिद्धां सुपतं । बिपन मत्त भारथ्थमिव ॥ छं० ॥ ३६५ ॥

छन्द वेलीमुरिल्ल ॥ प्रमाद उमाद सु आवध संचर । बीर बिरं भरि भूधर[5] नंचर ॥
पंज सों पंज सनेव मिलं थर । सोंधिय रारि सुधारि सुधं भिर ॥
ठिल्लिय फौज मिले बल[6] दुंदरि । दिष्ट अलग्गि भयौ ससि सुंदरि ॥
अप्पय अप्प मिले भर भींमर[7] । पार अपार सरद्धर[8] धुंधर ॥ छं० ॥ ३६६ ॥

---

(१) ह०—में नहीं है ।　(२) मो०—दिविकास ।　(३) मो०—जा सरीरं ।
(४) क० मो०—कलहलगा ।　(५) मो०—भूधर ।　(६) मो०—दल ।
(७) मो०—घुम्भर ।　(८) मो०—सारधर ।

पानि निषेध क्ली स्फरयो स्फर । जानति नां जनकी पिय बंक्षर ॥
तें हय बाह स्वयं पर तुट्टिय । गोच्छित मुक्कित परे पय रंभिय ॥
छुट्टिय छंकि भयौ प्रभु भंजिय । खप्प सुवाय जिहीं दल जीभिय[1] ॥
उत्तर उत्त तुरंगनि छंडिय । जद्दव षग्ग वियं करि मंडिय ॥

छं० ॥ ३६७ ॥

लुथ्थि उलथ्थि पलथ्थि तनंपिय । हुंकत देव सिरं परि पंपिय ॥
लुंडन मुंड परे दरवारिय । जांनि कि कूर सुकट्ठ कवारिय ॥
सें हथ हथ्थिय सों भुज पारिय । जानि चतूर[2] कि व्रूर सुरारिय ॥
सें गुर बंध सु जांम सु चप्पय । सें दल रांमति गुज्जर नप्पय[3] ॥

छं० ॥ ३६८ ॥

तीन सु तुंग किए तन[4] कुंजर । मीडत जांनि मिली भुज पिंजर ॥
तीन निमेष जग्यौ जदु मुच्छिय । जयं[5] जय जोर पढे उर लच्छिय ॥

भोला राय को लिए हुए हाथी का गिरना और मरना ।

चंपिय पांनि दियं दल कुप्पिय । राय समेत पस्यौ धर धुक्किय ॥
मांन गयौ गज गुज्जर वारिय । स्वामि गुरज्जन चंद प्रचारिय ॥

छं० ॥ ३६९ ॥

पृथ्वी पर गिरने से भीमराय का महाक्रोध करके कैमास पर टूटना

भुमि परे भयौ भीम भयांनक । भीम कि भीम[6] गजाधर जानक ॥
षग्ग तुटें कर कढ्ढि कटारिय । सो कयमास ग्रह्यौ कर भारिय ॥
राउ पनौ गिरयौ निज चालुक । दंत[7] कै कंठ लग्यौ मनों कालक ॥
कष्ष धस्यौ कयमास उचाहूथ[8] । पटन राइ जै सिंघ दुचाइय ॥

छं० ॥ ३७० ॥

कंन्ह परी गुर गुंज्जर रामहि[9] । जैत पवार सुमोहित रांनहि ॥
तेन लगे चल चालत तांनहि । सिंघ परै बक में गजवांनहि ॥

(१) मो०—दलंदल । (२) को०—जा बिचतूर । (३) मो०—नंषय ।
(४) को० कृ० ए०—कोर । (५) मो० कृ—जय । (६) मो०—भीम ।
(७) मो०—दंतिय । (८) को० कृ० ए०—उधारिय । (९) मो०—कान्हहि ।

हक्कि हमीर हन्यौ सुष नक्किय। तुम सामंत किनां सुष पक्किय॥
वाहि गज भीम सामक्कि पिछोस्यौ। अंव पस्यौ नर जांनि झंझोस्यौ॥

छं०॥ २७१॥

फिरि करि वाहि नरिंद कटारिय। सें सुष नल्ह[1] हमीर निवारिय॥
गौ भजि भूप जहां रज पत्तिय। हक्कि झरें जल ज्यों गिर गत्तिय॥
अप्प गज्यौ भर भीम सहाभुज। उभय सुपग्ग सुवंक दुअंनुज[2]॥
आय मिले भर भीम समथ्थह। जंपिय जीह हरी हर तथ्थह॥

छं०॥ २७२॥

डंभिय वीर महा वर वीरह। सोढा सारंग देव सधीरह[3]॥
चोरा चाचिग देव सधीवह[4]। वीर वढेल सु जुद्ध अदेवह॥
सथ्थह सत्त सहस सु सथ्थिय। जुद्ध मच्यौ सम सूर समथ्थिय॥
भीर भई भर सामंत सूरह। वीर जग्यौ सम वीर करूरह॥

छं०॥ २७३॥

कैमास पर भीड़ देख कर चामंडराय का सहायता पर पहुंचना।

कवित्त॥ तामस मय चामंड। आप तथ्थह संपत्तौ॥
चरन वंदि मथुरेस। सुने कारन क्रत तत्तो[5]॥
सुभट पंच सैं रुथ्थ्य। सिलह वंधी सवधीरं॥
परसि निथ्थ कटि पाप। अप्प आवरेसु धीरं॥
देषियै भीर कैमास सिर। सेंषि रारि उस्सले अरुन॥
हहकारि हक्क चामंड गजिं[6]। सव्व[7] लोह कढ्ढ लरन॥

छं०॥ २७४॥

घोर युद्ध का वर्णन।

छंद भुजंगी॥ कढे लोह सोहं जपे आंन ईसं। ससं ज्वाल पावक्क सें धूंम दीसं॥
वजे लोह रथ्थं[8] रजे रारि संधी। पिले षेत वीरं दुअं पंति वंधी॥

---

(१) मो०—मेल्हि। (२) मो०—उनिय पग्ग सुवंक विय दुज।
(३) को० कृ० ए० में यह तुक नहीं है। (४) मो०—चोरा चाचीय देव सुवेषह।
(५) कृ० को० ए० सुनिय कायरन क्रत तत्तो। (६) मो०—गत्ति।
(७) मो०—सवहि। (८) मो०—रत्तं।

धबकांत संगी दबकांत बीरं । भभकांत श्रोनं श्रमेनंति धीरं ॥
पबं[1] षंड तुट्टं कटिं चक्कुजामं । बधे बीर बीरत्त श्रंगं उधामं[2] ॥
छं० ॥ ३७५ ॥

असी झाक बाजंत पावक्क उट्ठं । जरै टट्टरं षग्ग उभ्भार सुट्ठं ॥
हरै श्रंत श्रंती पयं रुक्कि[3] तुट्टै । कटिं[4] पाइ पानिं धरं सीस लुट्टै ॥
असी अग्गि उड्डैं लगें टोप हभ्भैं । उठै श्रोन छिक्कं तिनं ताप रभ्भैं ॥
परैं हाथ चामंड बाजी बिभंगं । नरं हथ्थ संनाह षंडं अलग्गं ॥
छं० ॥ ३७६ ॥

रिनं राइ चामंड षेलं कहरं । मनो भग्गलं नट्ट मंड्यौ बिहरं ॥
चल्यौ गज्ज[5] पामार सिंघं समथ्थं । तिनं गज्जयं चंपि चामंड तथ्थं ॥
चप्यौ अश्व चामंड गो भूमि मग्गं । उठ्यौ अस्सि मग्गं[6] हयो सं समग्गं ॥
फट्यौ सीस कंधं समं झाक नाइं । गचै[7] दंत दंती धमक्यौ धराइं ॥
छं० ॥ ३७७ ॥

फटे कुंभ प्राहार श्रोनं अजेजं । महामद्द फुट्या मनों रंगरेजं ॥
चली कुंभ दाडंभ भेजी उपट्ट । मनो भंजियं कन्द सोदद्धि मट्ट ॥
पछ्यौ सिंघ भूमं करै हक्क उठ्यौ । हयौ असि विभाग दोनी अपुठ्यौ ॥
चक्कारि सारंग सोढा समथ्थं । समं आइ चामंड सों सेल हथ्थं ॥
छं० ॥ ३७८ ॥

हयौ असि दाडिम्म सा सीस मंधे । जरासंध फट्या जरा जानि संधे ॥
हयं सह जंपेव बट्टेव बीरं । समं अश्व चामंड चंप्यो सुधीरं ॥
हयौ सेल दाडिम सीसं सुदेसं । फटै टट्टरं पुट्ठि उट्ठे परेसं ॥
अहे[8] बांह चामंड चंप्यौ सुजरं । विना अस्त्र नष्यो कलेवं सभूरं ॥
छं० ॥ ३७९ ॥

---

(१) मो०—पलं पक्खु तट्टैं कटैं । (२) मो०—बंधे बीर बीरं सुअंगं उधामं ।
(३) मो० रुक्कि । (४) मो० कटे ।
(५) मो०—सलष । (६) मो०—उठे षसि हभ्भं । (७) मो०—गज्जे ।
(८) मो०—गहे ।

चढ़ौ अस्व बढेल चामंड वीरं । जयं सद्द जंपे सुरं सीस धीरं ॥
चढ्यौ अस्व चामंड चंपे अरेसं । विवं पंड षंडं परंतं परेसं ॥
परे संड मुंडं सु सामंत हथ्थं । मनों कोपि कोरों दर्ख पारि पथ्थं ॥
परीहार सिंहं लग्यौ लोह रस्सं । मनो सूक षंपं सुरं मुष चस्सं ॥
छं० ॥ ३८० ॥

नृभौ धार ईसं गयक्क यहंके । हनो सद्द जंपे लषे भीमधंके ॥
तबे सां पुला आय वोरंभ देवं । नृपं अप्प अड़ौ उद्दसे उरेवं ॥
दुअं उंच गातं दुअं उच्च हथ्थं । दुअं सामि अंमं सुधारंत मथ्थं[1] ॥
दुअं सेन अस्वं स्थिरं गेन सारं । दुअं धाइ आभासि सेलं उभारं ॥
छं० ॥ ३८१ ॥

दुअं वाहि सेलं तनं सक्क भग्गे । ... ... ॥
विना बाज दूनं कढे पग्ग ढानं । जुटे अंगदं भीम दुर्जोधजानं ॥
उभै षग्ग भग्गे कढे जंम दढ्ढं । जुटे हथ्थ वथ्थं समथ्थं सनढ्ढं ॥
भवक्कं हुअक्कं जमं दढ्ढ पानं । लषे सीसयं फूल नष्पे सुरानं ॥
छं० ॥ ३८२ ॥

करे तर्पनं रत्तपिंडं पलोरं । करे केस कुस्सं नृभै तिथ सारं ॥
हरं[2] रथ्थ रोहे चढे स्वग मग्गं । धनं धंनि बांनी सवै सेन लग्गं ॥

भोलाराय की सेना का भागना ।

गहक्केव कम्यौ सु कैमास जामं । भद्दराइ सेनं भगी भीम तामं ॥
छं० ॥ ३८३ ॥

दूहा ॥ दस सहस्स दुअ भुज परत । रहि दरबार सुभाइ ॥
हसम सहित चँवर सुमति । कतिहुन बांन सिराइ ॥ छं० ॥ ३८४ ॥
दरसि राज पहन सुपति ॥ गति फर पारस लग्ग ॥
मनों इन्द्र इन्दी वरन । मुष मुष कंकन लग्ग ॥ छं० ॥ ३८५ ॥
लुथ्थि रची दरबार गुथि । घरिय पंच अस रीस ॥
तिन महि षक कैमास सथ । रहिग अठारह बीस ॥ छं० ॥ ३८६ ॥

(१) मो०--सथ्थं ।　　(२) मो०--हरं ।

अप्यांहो अप्पां जुरिग । भग्गा घर वर धाइ ॥
सुआ न को म्रत जा करइ । कढ्ढी कढ्ढन पाइ ॥ छं० ॥ ३८७ ॥

कबित्त ॥ आयौ कढ्ढी स्वामि काज । साहस सामंतां ॥
बारह सें बानेत । सुभ्भत ढुढन धावंता ॥
द्वैवै लग्गै हथ्थ । तथ्थ भेरें राकज्जें ॥
जो चित्त कवित्तयौ । देव दरबार सु गज्जै ॥
संग्राम लग्गि संकट सु पहु । पहु प्रहास पिंगिग पहर ॥
तुट्टिय सु सस्त्र छिचिय सिरन । गहत गनत कढ्ढौ गहर ॥
छं० ॥ ३८८ ॥

छंद रसावला ॥ छिंदु छिंदू ररी । लोह उड्डं[१] झरी ॥ मुक्क उक्कीवरी । मुक्क सुक्कैसरी
राग रंगै तरी । भीर भागैं परी ॥ झल्ल मल्लै ढरी । ढल्ल काल्लै टरी ॥
छं० ॥ ३८९ ॥

कढ्ढि कूटं करी । ईस ईसं अरी ॥ भीम लग्गी घरी । राइ तुंगं परी ॥
गोम छेमं लरी । आइ छा उग्गरी[२] ॥ कंज कूरंभरी । दाहिमानी भरी ॥
छं० ॥ ३९० ॥

जड्ड छुड्डे करी । थिर वज्जीथरी ॥ सून सेनं टरी । लुथि पा पथरी ॥
कोंन जंम्ने भ्भरी । केथकेनी बरी ॥ जैत उप्पा भरी ॥ ... ... ॥
छं० ॥ ३७३ ॥

कबित्त । काकढ्ढी भुझयौ । रढ्ढौ रानिंग देव उर ॥
जेन रुहू धरि छत्र । मंच व्रिबढ्ढौ मंडि सिर ॥
गरुअ राव पैरंभ । रढ्ढौ ग्यारह से संभर ॥
पारिहार पावार । नेह निव्वढ्ढौ सुनिव्वर ॥
जानै न चंद आतन अनत । सहस तीन तेरह परिग ॥
गुज्जरिय ग्रेह संदेह मिटि । सहस मत्त दह निव्वरिय ॥ छं० ॥ ३९१ ॥
चहुआनां रे सेन । समुद विच बडवा गोरं ॥
कगि सु षग्ग षग्गयौ । सुतमरन धन धन कोरं ॥
स्वांम छोह दख्यौ । रोस नथ्थयौ सु गढ्ढौ ॥

(१) मो०—झम्मं । (१) मो०—आइ जकांघुरी ।

इति औपम कवि चंद । चंद पारस विच ठठ्ठौ ॥
भुक्कई लोह कहरैं सुनन । तुटि गुरज्ज अरि इंडि लिय ॥
कठ्ठौ समर चालुक्क रन । अप्प पंच मिलि अप्प जिय ॥ छं० ॥ ३८३ ।

पृथ्वीराज का राज्यस्थापन होना ।

जित्यौ रति रति बाह । सिंघ लीनौ गज घेरिय ॥
वंचि दाहिम कैमास । दियौ चालुक मुष फेरिय ॥
बरनि संग वे थांन । राइ भोरा हय मंडिय ॥
दिषि दिवांन कग्गद प्रमांन । आव आवन लगि छंडिय ॥
ढुंढौ षेत सामंत भर । आपन पर उत्तारवौ ॥
तिंन राति रारि चहुआंन दल । मंत सुमंत विचारवौ ॥ छं० ॥ ३८४

छं० भुजंगप्रयात॥ पत्यो अब्बि हाडा हयं हड्डभग्गी । लर्यौ लोह भीमं सिरं छत्र लग्गी ॥
पर्यौ पंथ मारा[1] उपरिहार पाली । जिनै ब्रह्मचारी चितं किति चाली ॥
पर्यौ माझ मोहल्ल मंडीन वल्ली । जिनै देह रत्ती करी सव्व ढिल्ली ॥
त्रिभै जैत बंधं पर्यौ धार नाथं । महो राव भागै नहीं जासु हाथं ॥
छं० ॥ ३८५ ॥

सहदेव सोनिग्ग चैाहथ्थ हथ्थैं । रची रंभ ढिल्ली गुनं गैन गथ्थैं ॥
असारी असंभी जयं जोग ध्यानं । कवीचंद कित्ती करैं का वषानं ॥

आबू का राज्य जैतसी को सौंपना ।

रतिं बाह जित्यौ जयं जैत सूरं । वदे ग्रेह सामंत नत्ते सपूरं ॥
गजं बाज लुट्टे र कुट्टे पवारं । दियौ राज अब्बू सदुग्गं अधारं ॥
छं० ॥ ३८६ ॥

परे स्वामि कामं जु सामंत सथ्थी । प्रकारे[2] सु चंदं दिया सुद्ध पथ्थी ॥
जयं पथ्थराजै सु सोमेसपुत्तं । भयौ संभरी राव सो छत्र छित्तं ॥
छं० ॥ ३८७ ॥

इति श्री कविचंद विरचिते प्रथिराज रासके भोलाराय सों जुद्ध सामंत विजै नाम द्वादस प्रस्ताव संपूर्णम् ॥ १२ ॥

(१) मो॰ पवारं परिहार ।　　　　(२) मो॰ प्रकारो ।

अथ सलष जुद्ध समयो लिष्यते ॥

(तेरहवां समय ।)

सिंहावलोकन ।

दूहा ॥ गह उगाह निगाह करन । मिरन भूप चहुआंन ॥
सिंघालोकन कथ्य कथि । सो कवि चंद वर्षान ॥ छं० ॥ १ ॥

कवित्त ॥ घन व्रिघन दोह धपहि । धपहि रन वीरह काइर ॥
कुट्टें वल वे पांन । वीर चक्के वल साइर ॥
प्रथम जुद्ध नह आदि । जुद्ध हिंदवान हिंदु वर ॥
चाहुआंन सुर तांन । करी कलहंत केलि भर ॥
आदेष खेव चहुआंन किति । चालुक्कां लग्गे मिरन ॥
सम सुगति बंध बंधै बलिय । सुबर बीर लग्गे तिरन ॥ छं० ॥ २ ॥

गाथा ॥ ठिल्लिय ढाहन सख्खं । बज्जिय भ्राजाज राज राजेन्द्रं ॥
आसं पुर अजमेरं । जग्गे सब वीर विकदं ॥ छं० ॥ ३ ॥

दूहा ॥ सयन सिंह लग्गा सुअरि । सुनि करि वर प्रथिराज ॥
सा दंडे संग्रौ चब्यौ । तहं गोरी प्रति वाज ॥ छं० ॥ ४ ॥

गाथा ॥ भारद्दाज सु पंथीं । उभयं सुष उद्दरं एकं ॥
त्यों इह कथ्य प्रमानं । जांनिज्जो कोविदं लोयं ॥ छं० ॥ ५ ॥

उधर भोला भीमदेव के सरदारों की लड़ाई ठनी इधर शहाबुद्दीन की खबर लाने दूत गया, उसका लौटना और पृथ्वीराज से विनय करना ।

दूहा ॥ उत भोरा भीमंग सों । सूरन संग्यौ सार ॥
इत प्रथिरांज नरिंद कोै[1] । दूत संपत्ते वार ॥ छं० ॥ ६ ॥

(१) क्ष० को० मो०-कै ।

अंग असम जंगम जुगति[1]। जटा जूट सिर मंडि ॥
कसित्त गोट धिग चर्म पट। बड आडंबर इंडि ॥ छं० ॥ ७ ॥
नयन जोति वत्तन विदुष। असन दंभ कहुं थांन ॥
षबरि होय बुझे निकट। दुवा दीन[2] चहुआंन ॥ छं० ॥ ८ ॥

साटक ॥ श्री चहुआंन नरिंद[3] इंद्र अवनी भुपाल भूपालयं ॥
जंबू द्वीप मद्दीप दीप निबलं कित्तीनि विस्तारयं ॥
षग्गं चाप मैवास चास चसनं गर्भा न गर्भे गलं ॥
तोयं जैति जिहांन भान तपनं मौनं द्रष्टा जे वलं ॥ छं० ॥ ९ ॥

वार्ता ॥ अचहु श्री चहुआंन गाजी। षलक तो षग राजी ॥
मैवास मार वाजी। पर्व तो करन साजी ॥
मैभीत भूषं चषेवं। फल पच कंदं अषेवं ॥
आवास निवास नैरं। जहां तहां तजमि घूर घैरं ॥
अजमेर पीर सहाई। दुसमंन पैमाल करो देव चाई ॥
पीर पैगंवर दुवाह गीर सारे। अन मीन महचित्त दंन षारे ॥
ढिल्ली तषन थिर राज तेतें। गंग जल जमन रवि चंद जेतें ॥ छं०॥ १० ॥

दूत का आकर पृथ्वीराज को ख़बर देना कि तीन लाख सेना के साथ शहाबुद्दीन आता है।

दूहा ॥ सुनि दुवाह जंगम चरन। आडंबर तन तिच्छ ॥
रिंभिय गल्हां गुर सुतन। कहो षबरि की मिच्छ ॥ छं० ॥ ११ ॥
कहै दूत दिल्लेस सुनि। चरचि बत्त चहुआंन ॥
हम आए तब उन कियौ। ब.दिर नगर मिलांन ॥ छं० ॥ १२ ॥
कहै विवर सु'ई सुनौ। गज्जनेस सह भेव ॥
तीन लष्य साहन सबल। अकल अनंम अतेव ॥ छं० ॥ १३ ॥
बंके मुष बंके चषन। बंकी करन कमांन ॥
बंक दीह सम कारि गनौ। बंके षग्ग अमांन ॥ छं० ॥ १४ ॥

(१) को०—सुगति। (२) मो०—दिय दुवाह। (३) मो०—नरिंद।

दूत का बेवरे के साथ शहाबुद्दीन की सेना का वर्णन करना ।

छंद पद्धरी ॥ कर जोरि अरज तिन करी राइ । गनि कहै सेन जे जुरे आइ ॥
दस सहस सेन षग्गर अगंज । अति उंच गात सादूल पंज ॥ छं० ॥ १५ ॥
बत्तीस सहस कबिली कहर । जम जोर जोध निज्जरि गहर ॥
कसमीर कहर सत्तरि हजार । कमनैत काल मुट्ठी समार ॥ छं० ॥ १६ ॥
हबसीह संग चैपन हजार । कर धरें कहर कत्ती बजार ॥
पैंतीस सहस रूमी रहस्सि । तिन गहै लोह मह मह बहस्सि ॥ छं० ॥ १७ ॥
सैंतीस सहस सज्जे फिरंग । तिन खंब भूख टोपी सिरंग ॥
सत्तह हजार सज्जे पठांन । अनभंग जंग अनभूख षांन ॥ छं० ॥ १८ ॥
दस सहस सेन सज्जे सजह । बाराह वैर बल घट अघह ॥
पन्नह सहस पस वांन साह । अंगन अगंज को सकै गाहि ॥ छं० ॥ १९ ॥
पचीस सहस सागिरद पेस । कामीक कमल पेषे असेस ॥
सुलतांन षबरि हूह सेन पाइ । इगसी सहाब बरनी सुनाइ ॥ छं० ॥ २० ॥
तिन मद्धि इक्क लष अकल जीव । जांनै न भज्जि[1] बज्जी करीव ॥
तिन मद्धि मीर के चमर धार । तिन माया न मोह पिष्षिय लगार ॥ छं० ॥ २१ ॥
तिन मद्धि मिले कोतबल साज । सम रंग जंग जनु परत गाज ॥
पच्चास सहस तिन मद्धि असंक । तिन चित्त अभै भै भीत बंक ॥ छं० ॥ २२ ॥
तिन मद्धि तीस बहरी बलाइ । हुकमी हसंम जनु सोर लाइ ॥
तिन मद्धि सहस दस समर धार । अरि मार सार जै करै सार ॥ छं० ॥ २३ ॥
तिन मद्धि पंच से. सह हूर । रन रंग नैंन लषिये कहर ॥
पंच बीस पंच दिन करैं निवाज । हक अहक वक्त जिन नहीं काज ॥ छं० ॥ २४ ॥
नय काल पाक अलांन अंग । छल छेद भेद जिन नहीं रंग ॥
संमरन संग जिन नही हूव । अल्लाह लाह व्यापार भूव ॥
की रीय करी जिन देष एक । षैराति परच पज्जी न टेक ॥ छं० ॥ २५ ॥
दूहा ॥ कहै दूत प्रथिराज सम । मिळ सेना बरजोर ॥
सहर निकसि बाहर भए । बंब बज्जि घन घोर ॥ छं० ॥ २६ ॥

---

(१) इ-भज्जि ।

शहाबुद्दीन की चढ़ाई का समाचार सुनकर पृथ्वीराज का क्रोध करना ।

कवित्त ॥ सुनत सुवन सोमेस । भेस भैभीत भयौ तन ॥
रोस रंग प्रज्जलिग । संगि संचाह ग्रमर जन ॥
चयन छुक्कम करि देन । मंत गज चंदु न पुछ्छिय ॥
नाखि गोल जुत जंच । चलम चातुर चष बुछ्छिय ॥
लोहांन बोलि आदर अनंत । विवरि वत्त दूतन कही ॥
विफरि वीर उक्कन सुनत । जनु कि पुंछ सिंघिय अही ॥ छं० ॥ २७ ॥

लोहाना का क्रोध करके शाहगोरी के नाश करने की प्रतिज्ञा करना ।

पुच्छ चंपि जनु चिल्ह । सिंघ सोवत जग्गाइय ॥
चक्कावौ कि वराह । दंग जनु अग्गि लगाइय ॥
बरड छता कै छेरि । ग्राय व्यानी बग्गांनिय ॥
कै जग्गाए बीर । भीर भारथ मग्गानिय ॥
विरचयौ लोह लोहांन सुनि । जच कच मेछन करौं ॥
सोमेस थांन सुरतांन भर । तर ऊपर गज्जन करौं ॥ छं० ॥ २८ ॥

आबूपति सलष आदि का अपनी सेना तयार करना ।

सुनि अवाज सुविहांन । सलष अब्बू पति रष्यन ॥
सहस सत्त सजि सेन । गिलन गोरी भर भष्यन ॥
गजन पंति ढुलि ढाल । तत्त तोषार पष्षरिय ॥
जंच गोर गचरांन । मिलन मेछांन मष्षरिय ॥
अनभूत भूत संनाह सजि । बजि निसांन घन घुम्मरिय ॥
द्रुम जैत सुवन दुवननि दहन । लरन लोह मन धुंमरिय ॥ छं० ॥ २९ ॥
पुंनि गुज्जर बलि बंड । लोह अन डंडनि डंडन ॥
रचसि राम रन जंग । नयन अन नष्यन खंडन ॥
अट्ठ सहस असवार । सार पाहार प्रब्रत्तिय ॥
दांन ध्यांन असनांन । लोक संसार निवर्त्तिय ॥

अनचिंत्य आइ धारोंढ सच। जनु अकाल पावस मँडे ॥
आवाज साद अवननि सुनत। सकल सुष्य विभ्रम छँडे ॥ छं० ॥ ३०

पुरोहित गुरु राम का आशीर्वाद देना।

फुनि आई गुर राम। नाम भुज डंड समर जिहि ॥
जांनु भारथं द्रोन। श्रोन बरषंत सस्त्र जिहि ॥
अस्त्र अयुत तिहि नीन। ग्यांन विग्यांन विनाँनिय ॥
मंच जंच आराध। सध्य जिन बीर विग्यँनिय ॥
आसीस आनि चहुआन दै। कहा विरम साजिन चढौ ॥
चंपै न सीम साहाब सक। धक धकि धर करिबौ मढौ ॥ छं० ॥ ३१ ॥

दूहा ॥ दिपि डरांन डुंबर सघन। गहकि गज्जि नीसान ॥
घर धुंमर अंमर[1] मिलिय। मुदित रोस रीसांन ॥ छं० ॥ ३२ ॥

थोड़ी सी सेना के साथ शहाबुद्दीन से लड़ने के लिये पृथ्वीराज का निकलना।

कवित्त ॥ सहस पंच दस सेन। अलप चहुवांन संघातिय ॥
बाल पेंस प्रत्यंग। सस्त्र सचंग निघातिय ॥
चमर तबल टंकार। चंक छंकार हकारिय ॥
लोह लक धर धक्क। कंक अनसंक बकारिय ॥
सहस तीस सह सेन मिलि। गिलन मेछ गज्जे गहर ॥
तिन संग बीर बेताल चढि। पढत मंत बङ्घे कहर ॥ छं० ॥ ३३ ॥

पृथ्वीराज का शहाबुद्दीन से लड़ने के लिये साढंडे पर चढ़ाई करना।

कवित्त ॥ सजि धायौ चहुआंन। साह साढंड सु संभरि ॥
उन जित्यौ चालुक्क। रत्ति रति बाघ सुभंमरि ॥
धनि सुभाग प्रथिराज। बीर धीरा विद्धाओ ॥
अरि अनंत कलहंत। सेन सामंतन आयौ ॥

(१) मो०—अम्बर।

लग्गौ षग्ग उड़ि चष्य में। चिया नयन मत्ता मयन ॥
गाहंन गहन दुज्जन दहन। सुवर सूर सज्जिय सयन ॥ छं० ॥ ३४ ॥

लोहाना आजान बाहु का पांच सौ सेना के साथ आगे बढ़ना।

लोहांनौ अगिवांन। सेन सै पंच चलक्किय ॥
पंच सहस सों सोम। पुत्त करि तोन षलक्किय ॥
गौ डंडा नीसांन। एक दस अट्ठ सुमेरिय ॥
ओर्लंगी सन्नाह। फौज चहुआंन सुफेरिय ॥
उत्तंग ढाकको बैरषों। कोइके अट्ठारहां ॥
निसि जाम तीनि बित्ते पतिय। पंगुराय सुढारहां ॥ छं० ॥ ३५ ॥

तातार खां का सुलतान से चौहान की सेना पहुंचने का समाचार कहना।

अरिल्ल ॥ तौ प्रसंन कीनौ चहुवांन। बल जल धर धंमर परिमांन ॥
आयौ अनी बंधि सुरतांन। कही षांन तत्तार प्रमांन ॥ छं० ॥ ३६ ॥

सुलतान का अपनी सेना को तयार करना।

दूहा ॥ दल सज्जिग सुरतांन नें। है गै गगन गभीर ॥
जनु भद्दों भर उंनमत। वाद भांन चंपि सीर ॥ छं० ॥ ३७ ॥

सुलतान का उमरावों से कहना कि अब की अवश्य जीतना चाहिए।

बोलि उंमरा मीर सब। यों जंप्यौ सुरतांन ॥
अब कै पग गढ़्ढे गहौ। भंजो षेत परांन ॥ छं० ॥ ३८ ॥

खुरासान खां तातार खां आदि सरदारों का बादशाह की बात सुन आक्रोश में आना।

कवित्त ॥ षां षुरसांन ततार। षांन रुस्तंम अधिकारी ॥
बली षांन पीरोज। नांम रोजून रज धारी ॥
षां रुमी हबसी हुजाब। षांन षांनां रुस्तंम षां ॥
जमन जुद्ध वर सुद्ध। सुद्ध अनुवद्ध सुस्त षां ॥

सुरतांन चमाज हथ्थ धरि। गहक्कि गज्जि पग हथ्थ लिय ॥
रप्प सुबीय हम साह सुनि। जौ बंधै चहुआंन जिय ॥ छं० ॥ ३९ ॥

सब सरदारों का सजकर धावा करना।

होत्ति मांन सुरतांन। बाह लंबी पस्सारिय ॥
है चीना पुरसांन। मरन सांई अधिकारिय ॥
सरन जाइ पुरसांन। बंधि या रूप मइंगल ॥
घेत्ति पांन सजि प्रांन। सेंन सज्यौ दिसि जंगल ॥
वढि सुबर भिस्त अरु वयन जिय। आनंद्यौ गोरी गरुव ॥
धार सुभ्रम बद्दर मनों। सस्त्र धार धावै धरुव ॥ छं० ॥ ४० ॥

सेना की चढ़ाई का आरम्भ होना।

छंद मोतीदाम ॥ सज्जौ वर गोरी साह सयंन। सुमोनिय दांम वरंन वयंन ॥
छिति छच छिनी पति बज्जहि लोह। उगे जनु अंकुर बीज सुदोय ॥छं०॥४१॥
वजे रन तूर वरद्दय[1] कन्न। जग्यौ जनु वीर दुती सिर पंन ॥
वजे रन रंग रजो दन मोद। फले वस मध्य कला छन क्रोध ॥छं०॥४२॥
छलं छन बद्दल सद्दल वांनि। उपहिय सत्तय सिंध प्रमांन ॥
वजी रन रंग सुरंगय भेरि। धरी चय नारि छनीसउ फेरि ॥ छं० ॥ ४३॥
वजी सहनाइन फेरि उपंग। वजे दस पंच स सिंधुअ रंग ॥
वजे रव रंग निसांन दिसांन। वजे घन चंवक ढोल निसान ॥छं०॥४४॥
वजे घरियारि रनं किय घंट। वजे घनि घुघ्घर पप्पर अंट ॥
वजे तंबल सुर तंग तहूर। वजे रन वीरनि झालरि ह्र्र[2] ॥ छं० ॥ ४५ ॥
वजी छिर चोट दमांमन रीस। नचै जनु गंगय अग्गय ईस ॥
फिरें गज राजत गज्जन पंति। कारी मनों कज्जल पव्वय कांति ॥छं०॥४६॥
बनी गजराजन वैरष पंति। मनों वनराइ वसंत चलंत ॥
चले बनि पंतिय दंतिय जोर। ढुरै छच रंग मक्च दिलोर ॥ छं० ॥ ४७ ॥
चढे गज अंडन बंधिय पांनि। चढें गज राज चले गिर जांनि ॥
करं कर पाइ हतौ कर चोइ। पुलै नच वांन कमांनच कोइ ॥छं० ॥ ४८ ॥

---

(१) क्र० को०--रवद्दय। (२) क्र० को०--क्रूर।

सउज्जल दंत न उप्पम बांनि । मनों बग पंति पनी[1] घट जांनी ॥
बहै नन अंकुस कूह चिकार । सचै नन चव्वय बज्ज प्रचार ॥ छं० ॥ ४९ ॥
जरैं नग दंत न हेमह सुत्ति । मनो घन संझह विज्ज पवंत ॥
छयं घन पट्ट सु छिंक्रय तांम । झरैं झरनां जनु पव्वय स्यांम ॥ छं०॥५०॥
मचै तहां कद्दव कीच झकोर । करै तहं दद्दुर दुघ्घर सोर ॥
धरैं धर पाइ पचै हुर जोट । चलावत मेर कहां कहौ कोट ॥ छं०॥ ५१ ॥
बियं बिय बीरंग जं गज लेषि । लरैं मह सायर ढिग्ग समेषि ॥
दनी बर नारिय रेसम रंग । चढें गिर इंद बधू मनों चंग ॥
तिनं उपमा बरनी नन जाइ । प्रलै घन संकर छुट्टिय पाय ॥ छं०॥ ५२ ॥

दूहा ॥ पाइ दाइ धर वर धरै । सद मद रोसन जंग ॥
दुज्जन दिषाऔ देषियै । जनु बिस भरे भुजंग ॥ छं० ॥ ५३ ॥

चौहान की सेना का पूर्व और पच्छिम दोनों ओर से चढकर मिलना ।

निसि पद्धरी नरिंद तौ । सज्जि सेन चहुआंन ॥
मिले पुव्व पच्छिमहुतें । चाहुआंन सुरतांन ॥ छं० ॥ ५४ ॥
हय गय दल बहल सुअन । नर भर मिलि चतुरंग ॥
चाहुआंन है वैजु सों । बढिय रारि रन जंग ॥ छं० ॥ ५५ ॥

खुरासानियों का चौहानों पर टूट पड़ना ।

घरी एक पल बिपल हुअ । लोह षेलि षुरसांन ॥
उररि परे दोउ दलन बल । चाहुआंन तुरकांन ॥ छं० ॥ ५६ ॥
लै संभरि पति सगुन वर । पुट्ठि पवन प्रथिराज ॥
जुग्गिनि चक्क अचक्क बर । सो सन्ही अरि काज ॥ छं० ॥ ५७ ॥
लै जुग्गिनि प्रथिराज बल । संमुष दै पति साच ॥
च्यारि घरी घरियार ज्यों । पच्चर सी सम राच ॥ छं० ॥ ५८ ॥

(१)–क०–घनीं । को– धनी ।

शाह की सेना का युद्ध वर्णन ।

छंद रसावला ॥ साह गोरी भरं । सेन संभं फिरं । * * * * * * * * ॥
लोह कढ्ढे करं । बीज झंपं झरं । असि वंकी करं । चंद बीयं बरं ॥
नैंन रत्ते करं । कंध कढ्ढे करं[1] । वं वजे घुघ्घरं । मुष्पजा कंदरं ॥५९॥
बीर बड गुज्जरं । सेन बही परं । असि मारं झरं । उत्तकंठं परं ॥
रंभ ढुंढै बरं । लुथ्यि आलुथ्थरं । सेन भग्गं परं । लेहु ले उच्चरं ॥६०॥
पंथ ते उत्तरं । भार नंपै सरं । जोग दिष्पै नरं । सिद्ध तारी धुरं ॥
वजीयं यों करं । मुत्ति बंधं परं । सूर नांही डरं । स्यार पच्छे परं ॥ छं० ॥६१॥

दूहा ॥ उनंगे सुरतांन दल । सांह्डे चतुरंग ॥
दीह दुघट्टी रन मिले । सोभर नीं किं जंग ॥ छं० ॥ ६२ ॥

दोनों सेनाओं का मुठभेड़ होना, सलष राज का भी आकर मिलना ।

छंद भुजंगप्रयात ॥ जुगं जंग लग्गे ह्लक्के गुमानं । ढलक्के सुने जा चढयौ सूविहानं ॥
नियं नद्द नीसांन वज्जे विहानं । परी श्रेल आलंम छुश्र जान थानं ॥
चढी चक्क चक्की छुत्रं सोर झोरं । मनों मेघ घोरं कियं सोर मोरं ॥
कहैं षान जादै अवे सू विहानं । चढयौ साहि सद्दैं अरे चाहुआंनं ॥ ६३ ॥
भरक्के भराहं उनें हंस नद्दं । भए बंध हीनं घने मेक अद्दं ॥
असैारा अक्कैहं भगे बंध फौजं । मिल्यौ आय फौजं सलष्यंति सैाजं ॥
उतंगं सु गातं भरं बथ्थ घातं । सनेही सुभट्टं मनों सिंघ बातं ॥
अलग्गं सुलग्गं उक्कारंत मेक्कं । उड़ी पंति गत्तं बंधे रेस रेसं ॥
कला सूर एकं असू रंस चैाकी । सचै कैान मारं विसूरं सु सैाकी ॥
छं० ॥ ६४ ॥

सलष की प्रशंसा ।

कवित्त ॥ ढंढो रज्जहि ढाल । मुरें गैारी दल षविहर ।
षविहर दल विहरंत । परे सिल्ला रति असि झर ॥
असि झर भर भिगई । मलिक दावानल लग्यौ ॥

(१) को०—परं ।

दावानल प्रज्जल्यौ । पिठ्ठ सु समान विलग्यौ ॥
सूरिमा चाक संभरि सघिक । चिगुन सह लय रुक सहुच ॥
रुक प्रलय वैत के चंग में । पक्खर खष्प सलष्प तुच ॥
छं० ॥ ६५ ॥

चिगुन चाव पामार । भिरिग चौकीय चकाचिम ॥
चक्का व्यूह अचिर्वन । मनों जै द्रक्ख सु दाचिम ॥
धरि धारह धारार । धार धारह आवहिय ॥
आहुद्दिय मनों सिंघ । सिंघ ए काम उपद्दिय ॥
जज्जरिय गात आधात उठि । प्रभु अबु अठहह अठिल ॥
घरि एक सार संभरि सुभर । रन विधात नंचिय नठिल ॥
छं० ॥ ६६ ॥

आजानबाहु लोहाना का मारकर भागना ।

लोहांनैा आजांन बाह । वाहन बचि लग्गौ ॥
चिगुन चाव चिलोय । मार भारी भर भग्गौ ॥
तव जग्यौ सुरतांन । षांन षग्गह पंधारिय ॥
बाह बाह आलंम । अभग आलम कंचि सारिय ॥
विस्तरिय बचसि चिंदू सुरक । किरकि कंक भंजन करिय ॥
संभरिय धरिय संमर तनिय । कब्बि सुष्म अस्तुति धरिय ॥
छं० ॥ ६७ ॥

दूहा ॥ जहां जहां रन अंकुरिय । तह तह चंपिय राज ॥
मिच्छ सेन एकत करिय । मनों कुलिंगन बाज ॥ छं० ॥ ६८ ॥

सलष राज की वीरता का वर्णन ।

कवित्त ॥ ढंढा रिज्झ ढाल । ढाल ढंढोरि ढंढोरे ॥
मुरें ढालढी चाल । चाल अरि माल विछोरे ॥
अरि विछोरि अरि माल । सलष उभ्भो पय पंग ग्रसि ॥
चक्ति नाग गिरि नाग । तेग कढ्ढे बढ्ढे लसि ॥
दन देव दख्ख गंध्रव्व गन । अजुन जुद्ध दिष्षे अदय ॥
चहुआंन सेन सुरतांन सों । सुजनु चंत लग्गे संदय ॥ छं० ॥ ६९ ॥

बड़ गुज्जर और तातारखां का युद्ध वर्णन ।

बड गुज्जर रा रांम । उत्त तत्तार मंडि रन ॥
सार धार उम्भरिय । श्रोन झंझरिय गगन तन ॥
लोह चट्ठ उट्ठंत । हंस छुट्टंत श्रीर सर ॥
फिरत रूंड बिन मुंड । दंत बिन सुंड सार झर ॥
अद्भुत भयावह समर मचिय । रचिय रत्त कालो कहर ॥
टूक तरत गिरत घुमंत घटत । भटकि नट्ट मंडिय बहर ॥
छं० ॥ ७० ॥

छंद चन्द्रायन ॥ कवि चन्दं काव्य छंद । मिलि साहि गोरिय दंद ॥
तत्तार षांन मसंद । बड गुज्जर राम नरिंद ॥ छं० ॥ ७१ ॥
नट बरद मंडिय ग्यान । पर हत्ति चाल बिहाल ॥
झारि रार रत्तह भीर । उठि अंग अगनित बीर ॥ छं० ॥ ७२ ॥
कढि लोह कोह दुदीन । बजि तार झार सुभीन ॥
कर कंठ कंठिय जांन । करै देव दुंदुभि गांन ॥ छं० ॥ ७३ ॥
नचि चक्क चक्कि गरिट्ठ । धरि भवन इष्ट सु दुष्ट ॥
बनि सार धार करक्कि । परि सीस भूमि तरक्कि ॥ छं०॥७४ ॥
उडि छिंछ इच्छ प्रकार । रुधि बहै अंगन पार ॥
इन भेव राजन बीर । मधु माध इक्क सरीर ॥ छं० ॥ ७५ ॥
सुनि श्रवन समझन बेन । आवत्त घाय प्रचेन ॥
परि अंग अंग निनार । बजि दिव्य देवन तार ॥ छं० ॥ ७६ ॥
असि बजत सार सरीर । जनु झिलत सूरत नीर ॥
अँग अँग घाइ घनक्कि[१] । जलजात बोलत थक्कि ॥ छं० ॥ ७७ ॥
सुरतांन आंन कहंत । सुनि सेन सथ्थ गहंत ॥
टरि परिय मध्य मध्यांन । चहुआंन देषिय भांन ॥ छं० ॥ ७८ ॥

दोनो सेनाओं का एक घड़ी तक एकमेक हो जाना और घोर युद्ध होना, आकाश न सूझना ।

(१) को०—घनक्कि ।

कवित्त ॥ भांन दिष्षि धुंमरौ । रेंन उड्डौ घर धूंमर ॥
चकित देव गंध्रव । ईस चकित गुन चंमर ॥
टोप नेत चक चेत । अग्गि उडिवी अस्सि टोपं ॥
मुकर मध्य जनु ईस । नेत देषत चष कोपं ॥
घरी एक एकमिक्क धुन्न । मचन रंभ मच्चौ सुविय ॥
इक परत गिरत तुट्टत सुतन । इम क्रिचिय छिति पर सुभिय ॥छं०७९॥

कैमास का साथ छोड़ कन्ह चौहान का भी साड़ंडे में आ जाना ।

दूहा ॥ कन्ह छंडि कैमास फुनि । सुधि साढ़ंडां रारि ॥
तनक भनक सी सुनत ची । जांनि कै घप्पी षारि ॥ छं० ॥ ८० ॥

कन्ह का बड़ी वीरता से धावा करना ।

कवित्त ॥ षारि षाप षपि कन्ह । ओनि अनचिंत परी रन ॥
वसीठ सम संघरन । जांनि दव दंग सुक्कवन ॥
कै आषाढ उडूर । तोरि तरु ब्रछ उछारिय ॥
कै व्यानी बाघनि सुपत्त । उकति आषेट उछारिय ॥
कठो कि रिच्छ राषिस दलन । समर सेन धक्कच धरिय ॥
नंषंत जांनि सरवर सुभर । कढि सरोज मत्तौ करिय ॥ छं० ॥ ८१ ॥

दोनो ओर के सरदारों का महा क्रोध कर करके युद्ध करना ।

छंद भुजंगी ॥ पच्छौ धाइ सुरतांन सुविहांन गोरी । चंपे धाइ चहुआंन गौ पंच छोरी ॥
षिमझौ वंक सूरं सलष्षं पवारं । व्रपं सार टट्टी किसारं किवारं ॥ ८२ ॥
षिमझौ कन्ह कंकं झंडा मद्धि गाढौ । मनों राष्षसी सेन में कप्पि ठाढौ ॥
गचै दंत दंतीय भुज्जं उषारै । [१]धरा कढ्ढि मूसा मनो मार डारै ॥ ८३ ॥
दुवं वीर चक्क महावीर सद्दं । भये रंग रत्तं मनौं मझ चद्दं ॥
लगै सद्ध घन संघ पृथ्थीन टारै । [२]मनों कोपियं भीम पाषार फारै ॥ ८४ ॥

---

(१) को०--इस तुककी जगह यह तुक है"--मनो क्रो पियं भीम पाछार फारै ।
(२) को०--इस तुक की जगह यह तुक है "धरा कढ्ढि मूसा मनो मार डारै ।

तुटै टोप टूकं सुभङ्गंत दीसैं । मनों चंद तारा नपै हथ्थ रीसैं ॥
लगी नाग मुष्षी गजं सीस भारी । मनों द्वार रुंधे पिरक्की उघारी ॥८५॥
झुल्ले सेल सालें वरं वीर दीसं । मनों सिंह तारी लगी सीस ईसं ॥
परं तेन दीसं वरं वीर कोई । लगें धार धारा रजी रज्ज छोई ॥८६॥
पर्यो राउ रघुबंस वरसिंघ जोरं । जिनें मुत्ति लभी वरं वीर भोरं ॥
बजें धार धारं गजं सीस तेगं । नचें जांनि बीजं घनं मध्य वेगं ॥८७॥
लगै कुट्टुक वांनं गजं जोर सीसं । उठे छिंछ इच्छं गिरं जक दीसं ॥
भरं सुंड रक्तं सहं अंग छोरं । अवें वद्दली मेघ गेरुन धारं ॥८८॥
घुमें मुक्कि सीसं भटं लोह छक्के । उभै जांनि भूतं मद्दा मंच छक्के ॥
फिरें रुंड विन मुंड रस रोस राचे । मनों भग्गरं नट्ट विद्या कि नाचे॥८९॥
परै अस्व हुंतं सिरं जोर सूरं । तुटें षुप्परी चड्डु ह्वै भूर भूरं ॥
लगै गुर्ज सीसं भजी भंति कुड्डुं । मनों संषनं दद्धि मंथांन उड्डुं ॥९०॥
झुझै कीन कीनं करी मार कक्कै । झरं रक्त छोरी मद्दा मस्र छक्कै ॥
भिरै सस्त्र विन वथ्थ भर भीर भीमं । परैं लोथि जूथं विनं जीव छीमं॥९१॥
खरंतं जदीसे परं तेन कोई । लगे पग्ग षग्गं अमे मल्ल छोई ॥
तुटें दंत दंती कि रद्दा निनारें । मनों कज्जलं कूट तें चंद झारें ॥९२॥
दोऊ कन्न हस्ती चुवै रुद्धि भारी । मनों कूट तें उत्तरै भूमि रारी ॥
वहै वांन कंमान मिटि थांन थांनं । तहां पंति पंषीय पावै न जानं ॥९३॥
उते षांन गोरी इते सिंघ राई । मनों वीय सिंघं पलं काज धाई ॥
चँपे गिद्धि मंसं उडै रुध्धि कुट्टै । मनों रक्त धारा नभं मेघ वुट्टै ॥९४॥
मुर्यो साहि गोरी मंद्दावीर धीरं । तसव्वी तिनष्षी लिए षिझ्झि तीरं ॥
धरी ध्यार ज्यौं चश्वरं षग्ग संध्यौ । पकै साहि गोरी सु चौहांन रुध्यौ ॥छं०॥९५॥

कवित्त ॥ करिय पार सो भंत । रुधिर जल रजि[1] सज्जिय सर ॥
केस रज्जि सेवाल । मकर कर जंघ मीन नर ॥
षुप्परि काच्छ सुअच्छ । वसैं तहां गिद्ध सिखवर ॥
रंभ अंभ तहां भरै । फुल्लि पोइन सु मुष्ष नर ॥

(१) को– रज्जि सजिय ।

जल देहिं ताहि तारिन कुटै । मात पित्तु गुरु मंनि धुञ्च ॥
नन करिय कोइ करिहै न को । करें जु ए सामंत भुञ्च ॥ छं० ॥ ९६ ॥

दूहा ॥ पुनित गुनित गुर मंत्र गुर । धुर वद्दल दल गाजि ॥
सूर अमर संचरि समर । दिषन राम गज साजि ॥ छं० ॥ ९७ ॥

आकाश में देवांगनाओं का वीरों को वरन करना ।

कवित्त ॥ गजं आगि जनु जग्गि । पवन बसि मंत्र बीर बर ॥
घर अंमर धमधमिय । कमिय सह सेन हयनि हर ॥
तीर तुबक्क तरवारि । कुंति किरवांन कटारिय ॥
दुरित[1] ढाल गज माल । जांनु जल जोर अटारिय ॥
हुअ धुंध धरनि सुभिक्क न नयन । श्रवन वयंन न संभरहि ॥
अक्कह अकास अनंद मय । वैठि विमान सुबर वरहि ॥ छं० ॥ ९८ ॥

गुरु राम का एक मंत्र लिखकर म्लेच्छों की सेना पर डालना ।

दूहा ॥ राम मंत्र इक जंच लिषि । कग्गद सर मुष रष्षि ॥
षंचि कठिन कंमांन कर । म्लिच्छ सेन पर नष्षि ॥ छं० ॥ ९९ ॥
छँद विभूत पढि हथ्थ धरि । संमुह समर उडाइ ॥
अचल चित्त जिन जिन तनह । धीरज तिनहि छिडाइ ॥ छं० ॥१००॥

मंत्र के बल से शाह की सेना का माया में मोहित हो जाना, इधर से क़ाज़ी ख़ां का मंत्र बल करना और युद्ध होना ।

छंद भुजंगी॥ करी मंत्र विद्या गुरं रांम गांनं । ठगे हेन मिक्कं चरे हेम जांनं ॥
महा मोह मोहै रहै ठान ठांनं। मनों चित्र असवार भ्यंतो विनानं॥छं०॥१०१॥
हने भूत से भीत षीजे षईसं । बंधे सब्द सूरं विना रोस दीसं ॥
रहे साहि गोरीय तत्तार षानं। तियौ मान काजी महा मंत्र वानं ॥छं०॥१०२॥
कहै साहि गोरी सुनौ मांन काजी। लियं बोलि हज्जूर तहं मीर हाजी॥
करी जोर विद्या सुजंनार दारं। करो क्योंन जपेव भी क्या विचारं॥छं०॥१०३॥

(१) क्र-दुरति । को० दुरहि ।

तवं काजियं दस्त दुश्र सुष्प फेरी । जपै जाप पीरं दुबो सेन घेरी ॥
तबै मेछ सेनं सइं मोह भग्गो । सबैं हिंदु सेनं फ़ती बद्द लग्गो॥छं०॥१०४॥
गुरं गरुड आह्वान राम उचार्‍यौ । तवं बंधनं नाग तिन षंडि डार्‍यौ॥
भए सेन हुस्यिार दोऊ करारे। षिष्षे रोस असमांन पिष्षे डरारे॥छं०॥१०५॥
षिरे षग्ग षुरसांन षां जेरछूनी । बढी बाग गुरजं जम धार दूनी ॥
तजी मंच विद्या सजै सार सारै। बजी षग्ग अग्गीय ओडंन डारै॥छं०॥१०६॥
सरं जाल वै काल उड्यौ अनुद्धं । बहै बाह जम दाढ कुद्धं धनुद्धं ।
उडै जंघ गोरी नरं नारि धारी। धकें मंत मंते गिरे ज्युं अटारी॥छं०॥१०७॥
उड्यौ सोर असमांन कुहरांम ऐसो । षिष्षै जानि गंगेव बल बंध जैसो ॥
फिरें रुंड भक रुंड विन सुंड दंती । परें पीलवानं चढे पंषि पंती ॥
छं० ॥ १०८ ॥

दूहा ॥ सुनि सद्दाव साहाबदीं । चै छंडिव गजि[1] तक्कि ॥
मिले सामि कार भर सुभर । दल चहुवांन सु रुक्कि ॥ छं० ॥१०९ ॥

मारुफ़ ख़ां का शाह से कहना कि अब बड़ी भीड़ पड़ी जिन क़ाज़ी खां पर खुरासान का दार मदार था उन्हों ने तसबीह छोड़ दी, हिम्मत हार दी।

कहै मीर मारुफ षां । परी भीर सुरतान ॥
तिन तसवी नंषी करह । जिन कंठन षुरसांन ॥ छं० ॥ ११० ॥

खुरासान ख़ां आदि सरदारों का फिर एकत्र होना और लड़ने को तयार होना।

कवित्त ॥ षां षुरसांन ततार । षांन हुसेन विमाद्दी ॥
षान षान रुस्तम । षांन निज बंध समाद्दी ॥
षां जलाल षां लाल । षांन षिलची षां गष्षर ॥
कोली षां कुंजरी । साहि अग्गी बल दष्षर ॥

(१) क्र॰ को॰—गज ।

जिन भुजनि साहि साहिब तुंग । जिन ढिल्लां चल्यौ सुभर ॥
तिन धीर बीर संमुह धरिय । बिब्भि नंषी तरवारि कर ॥
छं० ॥ १११ ॥

छंद भुजंगी ॥ मिली मंडली फौज गोरी नरिंदं । मिले दीन दोउ कहै चंद दंदं ॥
गहै दंत दंती तजै मोष तुच्छं । दोऊ दीन धावै सुधारै सुमुच्छं ॥छं०॥११२॥
करै संभरी दीन साहिब्ब राई । उनंके उनाइं दुदीनं दुहाई ॥
सु पैठंत पीठं गलं बथ्थ घल्ले । धकै धीग धक्के चलाए न चल्ले ॥छं०॥११३॥
कढी बंध अस्सी गजं सीस लस्सी । मनों बीज चंदं किने रस्स रस्सी ॥
तुटी भूमि भारी धुरं तार पायं । बजै षग्ग अंगं झनंके झनायं ॥छं०॥११४॥
तजे बीर अश्वं उपंमान ऐसी । मनो चच्चरी बाल चढ़ूढ तैसी ॥
करै घाट औघाट निघट्ट घट्टं । तिनंकी उपंमा कही चंद भट्टं ॥छं०॥११५॥
भरं भूमि भारी पुनारीति बज्ज । गहै षग्ग झोर धनकेति तज्ज ॥
बरं बीर घावंत ओपंम ऐसी । मनों मल्ल धावै चढू तक्कि तैसी ॥छं०॥११६॥
तरंफंत सीसं धरंगं निनारे । मनों मीन तुच्छं जलं में उछारे ॥
नियं बद्द अस्तूति जंपी न जाई । मनों भंगुरं नट्ट विद्या बनाई ॥
छं० ॥ ११७ ॥

कवित्त ॥ तीन घान अद्धमद्द । तीर वियं सहस लोकि तब ॥
अंगुर अठ्ठ भलक । बाह बंधे नंषे कब ॥
मेघ धार बरषंत । टोप उप्पर चहुआंनी ॥
मनों जैत थंभ परि तत्त । बीर पावस बुठ्ठानी ॥
भरी एक मुठ्ठी नंषियत बर । षिषि किरषांन बिचारि नर ॥
पष्षर प्रमान पट्टन सबर । धर तुब्यौ लग्यौ सुधर ॥ छं० ॥ ११८ ॥
पष्षर लष्ष सलष्ष । भयौ धुरसांन धांन ढ्व ॥
एक एक भुज अमित । सेन रुकाए अकल बल ॥
धार धार बज्ज प्रहार । गुरज बज्जै तन रज्जै ॥
मनों घट घरि पार । प्रघर पूरन प्रति बज्जै ॥
यों बज्जि सार आतुर इलिय । ज्यों डंडूरिय बूंद धर ॥
पंम्मार सार धारह धनिय । ईस अनंदिय माल गर ॥ छं० ॥ ११९ ॥

दूहा ॥ गरज धरन गज मान धर। टपकत बुंदन रत्त ॥
सेष भय,नक भंति निचि। कंपति दिषिगिर जत्त ॥ छं० ॥ १२० ॥
कोइक कमन्ध कहि कहि हसन। कोइक हंकत हंक ॥
मार मार कोई कहत। मुदित मान शिव अंक ॥ छं० ॥ १२१ ॥

कवित्त ॥ पुराहांन तत्तार। षांन रुस्तम अधिकारिय ॥
एक स्यामि रन अग्ग। द्वै द्वै दुहुं वांच विघारिय ॥
पुट्ठि पवन बल्लोच। साहि रष्यें सुरतानं ॥
मावचि राह नरिंद। आइ चव्या मुष भानं ॥
मध्यांन टरिय निसि मुदित भय। कमल विमल ककिय बिकुरि ॥
सारस सुरंग को तरनि तर। उडि पंषी अंषी निजरि ॥ छं० ॥ १२२ ॥

छंद घोटक ॥ चकचकि विचकचि थांन वरं। उडि पंष सकोतर चित्त धरं ॥
सपयोनिधि मद्धि पतंत रषी। समनों दिसर्चो दिस दून छवी ॥
सत पच मुद्देक मुदै उघरैं। निसि विप्प सुग्यांनह तेज हरैं ॥
मनमध्य चढे भुवनीन जनं। सुविषै विरही जन कंप तनं ॥
नन दिष्यिय पंथ निहारि मगं। उमटी वर दिष्ट निहारि मगं ॥
उतरी जनु चंगय डोरि डरी। विरही जन दिष्ट सुधान फिरी ॥ छं० ॥१२३॥

साटक ॥ मोदं मोद हसंत कंमुद कला चक्कीय चक्की चितं।
चंदै चंद वढंन तत्त कलयो भानं कला छीनयो ॥
मत्तं मन्मथ जांन बांनति षरं अंगुष्ट तेउच्छुदं ॥
सासत पचय तन कादर मुषं धीरा रसं सूरयं ॥ छं० ॥ १२४ ॥

अपनी सेना के बीच में पृथ्वीराज की शोभा वर्णन।

छंद घोटक ॥ इनि घोटक छंद उदंत कलं। रस बीर जगावत वीरबलं ॥
घन नंकि त्रिघोष निसांन वजं। भर बक्किय बंवरि कच सजं ॥
बढि गोरिय साहि सयंन मुषं। नन सुभ्भय सूर दिसांन चषं ॥
नव त्रिति निरेचिय वीर रसं। जिन कौ जस ब्रह्मय देष कासं ॥ छं० ॥ १२५ ॥
धनि हथ्थ सराहिय दीन दुहं। कवि जोह प्रमांनय सार वहं ॥
प्रथिराज विराजत सेन मभ्भं। सुमनों बडवानल दद्ध दभ्भं ॥

दोय दीन दुबाहय दंद[1] पढै । चढि धार प्रचार पयोनि गढै ॥
कटि कंध कमंध गिरै दुसरै । उछरै मंनु प्रब्बत बीर हरै ॥छं०॥१२६॥
नव हंसन एक न मुक्कि चलै । नव लुहि नई मुकतें न छुबै ॥
लगि सस्त्र भए जर अंग छुसे । तन बाहन जंगम जांनि जिसे ॥
निकरें नव हंस उमंग मगै । तिन पंजर फेरिन आइ लगै ॥छं०॥१२७॥

कबित्त ॥ चलत मेर नन चलहि । चलन सब सथ्थ हथ्थ चलि ॥
चलन भांन नन चलहि । चित्त नन चलै मोह छुलि ॥
अश्व चलन नन चलहि । चलन रह्यौ असु असुमय ॥
सो ओपम कवि चंद । कहिय आनंद हथ्थ सय ॥
निंधनिय नारि अकुलास चिय । अगयानी जी मुहई ॥
इम अश्व थांब तत्तार को । सार धार बर तुहई ॥ छं० ॥ १२८ ॥

अरिल्ल ॥ नागारै मंची सत मिल्ल्यौ । भोरा राइ भुअंगम किल्ल्यौ ॥
साहंडे संमुह सुरतांनह । चच्चर षग्ग कियौ चोहानह ॥ छं० ॥ १२९ ॥

पृथ्वीराज का विजय पाना, शहाबुद्दीन का बांधा जाना ॥

छंद मुकुंदडांमर ॥ चहुआंन उदंडिय चंडिय चंपिय साह सुरुहिय बंध धरै ॥
हाकंत हनंत सुलोम हनं दन बंदन बंदित दूरि करै ॥
भुअ कंपित जंपित संपित गोरिय लुध्यि अलुध्यि पलुध्यि परे ॥
पल एक सुलीन कियौ तिल मत्तह भारि भयानक भूमि टरे ॥
सामंत सितुंग तुरंग तुरावध आवध आवध अग्गि झरे ॥छं० ॥१३०॥
धरकंत सुमीर गंभीर गहं अह अब्ब गुंडावन बीर वरे ॥
नर बीर द्विवाद्वि देवस पुब्बह अब्ब गुजाइय तुंग ढ़रे ॥
जय पत्त जपत्त भसंनिय जुग्गिनि ओन सुषप्पर चंपि करे ॥छं०॥१३१॥
तुरयं तुर तांन प्रमांन कमांनय सुक्खिअय भांन जुआंन अरे ॥
जुग जीति पयं सुधि आंथन बंथन सथ्थन बंधिय बंधि परे ॥
जित्यौ चहुआंन गह्यौ सुरतांन हयौ तुरकांन किसांन जरे ॥
छं० ॥ १३२ ॥

(१) को-चंद ।

इस युद्ध में सलष राज की वीरता का वर्णन ॥

कवित्त ॥ चय चध्यिय कननंकि । बज्जि स्ननन स्ननन कहि ॥
दंति दंत आहुरहि । षंड षंडेन ठनंकहि ॥
घट घट लग्गिय संग । फौर पत्तिय पतिनानं ॥
मनु पंचे बलराम । चथ्य चथिनापुर जानं ॥
पंचै कि द्रोन हनवंत कपि । कै कान्ह पंचि गोबरधनह ॥
कर करी दंत सलषह धरन । यौं सुभ्भै चष्यी रनह ॥ छं० ॥ १३३ ॥
षिभ्भिश्च राज प्रथिराज । गचिय करिवान चंपि कर ॥
रोस मुक्कि वरीय । दंतवाही सुकुंभ थर ॥
धार मुत्ति आहुरिय । पंति लग्गे सुभि बीरं ॥
मनह रोस गहि पग्ग । टरै धाराधर नीरं ॥
कै दुतिय चंद बद्दल बिचह । पंति लग्गि उड्डगन रचिय ॥
धर भुक्कन मंत सुदिष्यियहि । मनहुं इन्द्र बज्जह बचिय ॥ छं० ॥ १३४ ॥

दूहा ॥ जिन लग्गे तिन भ्रंन किय । धर धर धुक्किय धार ॥
पष्यर एक पर चष्यरें । सिर बिर बुट्यौ सार ॥ छं० ॥ १३५ ॥
सस्त्र श्रस्त्र सिर सिर परहि । डरहि न जन कुमदंग ॥
भीर स्वामि संकट सघन । परत कि दीप पतंग ॥ छं० ॥ १३६ ॥

गाथा ॥ पतन पतंग रूपं । प्रपं धरा जांनि विषमायं ॥
चरन स्वांमि भय चितं । चित विमन जन्म मरनाई ॥ छं० ॥ १३७ ॥

दूहा ॥ ठांम ठांम सिंधू बजहि । बजहि सार मुष मार ॥
तन तरवर जहं तहं ढरहि । जे भूम्भार मुंक्कार॥ छं० ॥ १३८ ॥

सलषराज का घोर युद्ध करना, उनकी वीरता की बड़ाई ।

स्वामि संकष लषिवत चरन । भंजि भीर चहुआंन ॥
षंकाळौ ना आइ मिळ । तो सम को पहुआंन ॥ छं० ॥ १३९ ॥

कवित्त ॥ तूं अब्बू पति धनी । राज रष्षन दिल्ली धर ॥
तूं चालुक्क चंपनौ । भार भंजन गुज्जर धर ॥
अडर अकल आजांन । पान भंजन मेछानं ॥

षग्गसुप घायौ साचि । साचि सची दृक्खाइन ॥
प्रथिराज प्रबोधिय धार धर । इंकि साथं उप्पर परिय ॥
जाने कि अग्गि उर्यान वन । वंस थूर दव प्रज्जरिय ॥ छं० ॥ १४० ॥

पृथ्वीराज का सलष की सहायता करना ॥

फुनि प्रथिराज नरिंद । करिय ऊपर जैतच रन ॥
भरनि भार भंभरिय । इंकि हुंकरिय सिंघ जनु ॥
मद गज ढहनि कि सरनि । तरनि लुप्पन जनु जलधर ॥
षषक कढ़िय करि वार । काल कुप्पिय जीवनि पर ॥
सोमेस सुअन विरचंत रन । चढ पट घट भद्दच लुटिहि ॥
इय अयुत वत्त पिष्यत नरह । भुजति भार अनेक फुटहि ॥ छं० ॥ १४१ ॥

पथीराज की वीरता की प्रशंसा ।

भरनि भीर चल अचल । रेन चल मलति पवन करि ॥
लोथ लोथ पर परति । अर्क नहिं सकत गवन करि ॥
स्रोन छिंछ उछरंत । सुभट सुभ्भति जनु किंसुव ॥
गजन ढाल कंढुरति । मार संघर तक मध भुव ॥
विरचंत विफुरि सोमेससुअ । सचस करन वर कर वढिय ॥
वन इंद पियन वढवा नलकि । क्रम जानि संमुद कढिय ॥ छं० १४२ ॥

दूहा ॥ चाचा चल इच गिध्य जई । काला चल भंकाल ॥
उतरन कुप्यौ सलप लष । काका चल कंकाल ॥ छं० ॥ १४३ ॥

सलष राज के युद्ध की घोरता का वर्णन ।

छंद मोतीदाम ॥ कुप्यौ रन राचस लष्यिय लष्य । हुये रन रोष अरेष विपष्य ॥
करक्कर वज्जिय वारन मार । भरभ्भर ढंकन चक्क करार ॥
तरत्तर तेग तरफ्फर श्रृंग । जित्तत्तिन वेत घनं घट भंग ॥
चढे मुष मेछ ससंद मसंद । जित्तत्तिन टूटत तेक असंध ॥ छं०॥१४४॥
फरष्षर पष्षर सध्यर तोम । मनों जनमेजय चिल्लिय होम ॥
गिरंत उठंत कमंध विहाल । चई कन मुंघ भसुंड विहाल ॥
हसो रन रंग सलष्य सरूप । मनो सुचकुंद कि जग्गि विरूप ॥ छं०॥१४५॥

म्लेच्छों की सेना का मुंह मोड़ना, सुलतान का हाथी छोड़ घोड़े पर चढ़कर भागना।

दूहा ॥ मेछ सेन बषु भरि परिय। केविद रिगाय डग्ग ॥
फिरौ मुष्य सुरतांन कौ। रुष्यि छंडि चय संगि ॥ छं० ॥ १४६ ॥

म्लेच्छ सेना और सुलतान की भगोड़ का वर्णन।

छंद भुजंगी ॥ कुसादे कुसादे कहै षांन जादे। रिंग्यौ साह आलंम सव सेन बादे ॥
सवै सेन दिष्यौ इसौ साह सुष्यं। मनों प्रात चंदं सुकंती अलष्यं ॥
बरें पारि वेढ़ समुद्दं न रुक्के। जवै साह गोरी घुरासांन चुक्के ॥
फिरयौ एक लष्यं सलष्यं पवारं। मनो रोहियं रोह वाराह दारं ॥छं० ॥१४७॥
भग्यौ साहि गोरी विलं देषि मथ्यं। तवै हथ्यियं आनि पंम्मार सथ्यं ॥
रषत्तं षषत्तं चयं चथ्य सथ्यौ। भग्यौ साहि गोरी विवांनै न कथ्यौ ॥
इकं दीह चौहांन फल है प्रमानं। कुव्यौ रवि कैमास सुरतांन भानं ॥
छं० ॥ १४८ ॥

इस युद्ध में सलषराज के यश पाने का वर्णन, सुलतान का बांधा जाना।

कवित्त ॥ चामर छत्त रषत्त। तषत लुट्टे सघ कोई ॥
जस लद्धौ पामार। सेन सागर मथि जोई ॥
रतन कित्ति संग्रही। रक्ख आवू तन घोई ॥
चय गय दल बल मथिन। कित्ति फल लभ्भिय सोई ॥
बंध्यौ सुचंपि घुरसांन पति। रतिवाहै चालुक जितिय ॥
जै जया देव जंपन जसह। तव सुचंद कित्ती सजिय ॥ छं० ॥ १४९ ॥
दूहा ॥ जीति लियौ जय पत्ति रन। बर चतुरंगी मोरि ॥
पष्षर लष्ष सलष्ष हुअ। गौरी ढाल ढंढोरि ॥ छं० ॥ १५० ॥

सुलतान को जीतकर सलषराज का लूट मचाना॥

कवित्त ॥ जीत लियौ जैपत्त। चाह चतुरंग सु मोरी ॥
इक रूप पषर प्रमांन। ढाल गोरी ढंढोरी ॥

षांन सुरति परि षेत। षेत गोरी उप्पारी ॥
रिन ढुक्यौ चहुआंन। साह छोरी करि डारी ॥
बज्जे सुबीर बज्जन न्रपति। बहु लुट्टे सुरतान गै ॥
नीसांन षांन षुरसांन पति। चामर छत्त रषत्त मै ॥ छं० ॥ १५१ ॥

सुलतान की सेना का भागना, चौहान का पीछा करना, पृथ्वीराज की दोहाई फिरना ॥

दूहा ॥ मै भग्गा सुरतांन दल। लै लग्गा चहुआंन ॥
ताप तेज तुंगी नहनि। प्रथीराज फिरि आंन ॥ छं० ॥ १५२ ॥

पृथ्वीराज के जीत की जय जय कार मचना ॥

कवित्त ॥ कहि जित्त्यौ चहुआन। गहच्च गोरी दल भज्यौ ॥
कहि जित्यौ चहुआंन। हंस सीसह धर रंज्यौ ॥
कहि जित्यौ चहुआंन। चंद नागौर सुनंगे ॥
कहि जित्यौ चहुआंन। सत्त सामंत अभंगे ॥
जित्यौ सु सोम नंदन कहिय। सचिय सह सुर लोक हुय ॥
पामार पष्य सलष्य नह। धरनि काज धर पंक धुअ ॥ छं० ॥ १५३ ॥

पृथ्वीराज के सरदारों की वीरता की प्रशंसा ॥

छच धार सुविचांन। छच धारी लोचांनौ ॥
पच धार जो गिनिय। कुक्क लग्गिय चासानौ ॥
मंच धार पामार। सलष भंज्यौ मेक्कानौ ॥
जनु गुवाल गो डंड। सेन हंकिय सुरतानौ ॥
जित्यौ जुवांन चहुआंन रिन। मुरिग वैर वलिबंड वर ॥
धर गवरि नाच नंचिय रचसि। गह्यौ जाचि भंजे सुपल ॥ छं० ॥ १५४ ॥

पृथ्वीराज का जीतना, तेरह ख़ां सरदारों का पकड़ा जाना, सारुंडे का टूटना ॥

चरिल्ल ॥ जित्त्यौ वे जिता चौहानं। भग्गा सेन सन्या सुरतांनं ॥
तेरह षांन परे परमांनं। सारुंडै तोष्यौ तुरकानं ॥ छं० ॥ १५५ ॥

इधर शहाबुद्दीन को दंड देने, उधर कैमास का चालुक्यों को जीतने का वर्णन ॥

कवित्त ॥ साह डंड डंडयौ । मेछ मंद्यौ नागोरिय ॥
भट्टिय रा भटनेर । राव सिंघातन तोरिय ॥
जा रानी जग हथ्थ । मंडि मंडोवर पासह ॥
जै जै जै प्रथिराज । देव सद्देति अकासह ॥
आरज्ज लज्ज सुरतांन कहि । फिरि मिलांन दीनौ पुरं ॥
जो सथ कथ कैमास किय । चालुक्कां सोभ्भनि घरं ॥ छं० ॥ १५६ ॥

शाह के बांधने, भीमदेव के जीतने और इंछिनी के ब्याहने की प्रशंसा ॥

एक दीह इक घरिय । राज लद्धू वेलद्धा ॥
रत्तिवाह संजित्त । साह गोरी गहि बद्धा ॥
बर भीमंग नरिंद । षोदि कढ्ढौ कैमासं ॥
बर बज्जे नीसांन । राज जित्यौ रन भासं ॥
बर बंधि साहि गोरी गह्यौ । वर इछनि पानी ग्रहन ॥
नव दीह नवंमिय नेह नव । सुवर चंद बत्तां कहन ॥ छं० ॥१५७॥

सं० ११३६ के माघ सुदी में सुलतान को बांधना, माघ ब० ३ को इंच्छनी का पाणि ग्रहण करना, दंड लेकर सुलतान को छोड़ना और फिर खट्टूबन में शिकार को जाना ॥

ससिर सु मग्गह अंत । तीउ षट बीर समंभर ॥
ग्यारह सें परवीन । साहि बंध्यौ गोरिय बर ॥
माह प्रथम बर तीज । बीज रवि सप्तम थानं ॥
बर पांनिग्रह मंडि । सुबर इंछिनि चहुआनं ॥
मुक्कयौ साहि घन डंड लै । बर बाजें नीसांन घन ॥
आषेट फेरि मंडिय न्रपति । बन षट्टू कवि चंद भन ॥ छं० ॥ १५८ ॥

शुकी से शुक ने जो कथा चालुक्यों के जीतने की कही उसे सारूंडे में कविचन्द ने वर्णन किया ॥

दूहा ॥ सुकी सरस सुक उच्चरिय। प्रेम सहित आनंद ॥
चालुक्कां सोभाति सध्यौ। सारूंडैं में चंद ॥ छं० ॥ १५९ ॥

इति श्री कविचंद विरचिते प्रथिराज रासके सलष जुद्ध पाति साह ग्रहन नाम त्रयोदश प्रस्ताव संपूर्णम् ॥ १३ ॥

अथ इंछिनि व्याह कथा लिष्यते ॥

(चौदहवां समय)

शुकी के प्रश्न पर शुक का चालुक्य के जीतने, शहाबुद्दीन के बांधने और इच्छिनी के व्याह का वर्णन करने लगा ।

दूहा ॥ कहै सुकी सुक संभलौ । नींद न आवै मोहि ॥
रय निरर्शनिय चंद करि । कथ इक पूछैं तोहि ॥ छं० ॥ १ ॥
सुकी सरिस सुक उच्चयौ । धर्यौ नारि सिर चत्त[1] ॥
सयन संजोगिय संभरै । मन मैं मंडय चित्त ॥ छं० ॥ २ ॥
धन लद्धौ चालुक संध्यौ । वंध्यौ षेत पुरसांन ॥
इंछनि व्याहं इच्छ करि । कहौं सुनहि दै कांन ॥ छं० ॥ ३ ॥

शाह को दंड देकर छोड़ने पर राजा सलष ने पृथ्वीराज के यहां लग्न भेजा ।

मुक्कि साह पथिराइ करि । दंड दियौ सलषांनि ॥
लगन पठाइय विप्र करि । बर व्याहन पिथ्यांन ॥ छं० ॥ ४ ॥
पठयो प्रोहित भांन कर । कनक पच लिखि लग्न ॥
श्रीफल वहुल रत्तन जरि । पिथ्थि होन जिहि मग्न[2] ॥ छं० ॥ ५ ॥
कवित्त ॥ अबू वै अब्बू समथ्थि । सीम वंधी इच गुज्जिय ॥
पावारी इंछनिय । व्याह सोधन वर मज्जिय ॥
लच्छि ग्रेह कूवेर । अंत ग्रीषम दिन धारो ॥
परनि राज प्रथिराज । हथ्थ श्रीफल अधिकारो ॥
नर नाग देव गंधर्व गुन । गांन जांन[3] मोहैं सकल ॥
अकै उनंग लच्छन सहज । थांन नंधि वंधी विकल ॥ छं० ॥ ६ ॥

---

(१) को-सूंचित ।
(२) को-लग्न ।
(३) को-गान गान ।

पृथ्वीराज का ब्राह्मण से इंछिनी का रूप नाम आदि पूछना।

दूहा ॥ प्रथु पुछ्छत बंभननि सुनि। कहौ बाल किन बेस ॥
कितक रुप गुन अग्गरी। सुनत मोहि अंदेस ॥ छं० ॥ ७ ॥

इंछिनी की सुन्दरता का वर्णन।

साटक ॥ बाले तन्नय मुग्ध मध्यन इमं लपनाय वै संधयं ॥
मुग्धे मध्यम स्यांम बांमनि इमं मध्यान्ह छाया पमं ॥
बालप्पन तन मध्य जोवन इमं सरसी अवग्गी जलं ॥
अंगं प्रद्धि सुनीर जे मल रसी सुभ्भै सुसैसव इमं ॥ छं० ॥ ८ ॥

कवित्त ॥ अति सुरंग वय स्यांम। संधि वय संधि जुरिय वर ॥
ज्यों दंपति चय सेव। पंथ जोगिंद मिलत गुर ॥
नयन मयन आरुहिन। धरहौ आरुहन थांन दिन ॥
कंकु कज्जल अंकुरिय। करिन आवें पें लज्ज मन ॥
ज्यों करकादि निसा मकरादि दिन। करक आदि सै सब सुगुर ॥
मकरादि बाल जोवन उदिन। काम धुरा लीनी सुधुर ॥ छं० ॥ ९ ॥

दूहा ॥ स्यांम सु बांम अनंग भय। घटी न घटि किसोर ॥
बालप्पन बैबेस तन। मनों अरै घन चोर ॥ छं० ॥ १० ॥

कवित्त ॥ षट चच्छी बहु देस। रतन गुर पाट पटंबर ॥
पीत रत्त गुन सेत। स्यांम नग सुन गति अंमर ॥
सो मंगी चालुक। सोइ[1] दीनी प्रथिराजं ॥
मनु इंद्र बधू सचीव। कांम बंधी चढि पाजं ॥
बर बरनि राज संभर धनी। सुफल बंधि फल संग्रहिय ॥
इंछनि अवाज आवाज क्रम। अदिन भंजि के दिन सजिय ॥ छं० ॥११॥

साटक ॥ नां पतनी नल राज राजन बधू दमयंति नो इंद्रयं ॥
नां सचीव सुनाथ नायक धरं लच्छीन धरया धरं ॥
नां रत्ती मनमथ्थ रत्ति कलया मंदोदरी रावनं ॥
सोयं सा प्रथिराज इंछिनि बरं समयौ न लभ्भै कवींद्रैः ॥ छं० ॥ १२ ॥

(१) इ०-खाद।

पृथ्वीराज का व्याहने के लिये यात्रा करना।

दूहा ॥ नि।च सुंदरि व्याहन न्रपति । रिति ग्रीषम दिन संधि ॥
चल्यौ सूर संभरि धनिय । सुष संचन पल बंधि ॥ छं॰ ॥ १३ ॥
धर अंबर तर जलध बल । कहुं न सूर तप सीत ।
अगम पंथ नर घरनि सुष । विलसत दंपति मीत ॥ छं॰ ॥ १४ ॥

साटक ॥ पंथं दुस्तर वाय मुकुलितसरं[१] ज्वाला दूला दुस्सहा ॥
कीलायां घन क्रयन यांइ सुथनं नर्जीव शब्दं धरा ॥
आवर्त्तं वर नत्त मित्त करनी भ्रमाय विदिसा दिसा ॥
सरनं मरनय पंथ ग्रीषम पथं सुष्यं ग्रहं प्राणिनां ॥ छं॰ ॥ १५ ॥

दूहा ॥ प्रानी पंथ न सुष्य जल । मरन सुनिश्चय मांन ॥
दीह उदय दिसि सुदय भय । सुरति स्वयंवर ठांनि ॥ छं॰ ॥ १६ ॥

पृथ्वीराज के साथ सामंतों का वर्णन।

कवित्त ॥ सथ्थ कन्ह चहुआंन । सथ्थि निड्डुर रघि राजं ॥
सथ्थ सोम सामंत । अल्ह पल्हन प्रनि साजं ॥
बलिय गरूअ गहिलौत । बलिय भींहा वर सिंघ नर ॥
दाहिमौ कैमास सथ्थ । सूरौ चावंड गुर ॥
मति भद्र मंति साधन सकल । चौहांनौ स्वांमित्त धुर ॥
चतुरंग सूर वय रूप गुन । लिए राज राजान गुर ॥ छं॰ ॥ १७ ॥

पृथ्वीराज की बारात की शोभा वर्णन।

छंदपद्धरी ॥ चढि चल्यौ राज प्रथिराज राज । रति भवन गवन मनमथ्थ साज ॥
सिर पहुप पटलं बहुसा बवास । अवर्त्तंव रचिय अलि सुर सुरास ॥
सुष सोभ जलज कंद्रप किसोर । दीजै सु चाज लप कोंन जोर ॥
चिंति काम बीर रजि अंग चौर । संकल्यौ जान मनमथ्थ जोर ॥
जिम जिमनि लाज अह चढन दीह । लज्जा सुजांनि संकलिय सीह ॥

(१) हं॰ को॰—सरं।

जिम जिम सुनंत न्रप श्रवन बत्त। तिम तिम हुअंत रस काम रत्त॥
मधु मधुर बेन मधुरी कुंआरि। रति रचिय जांनि सेसवं सवारि॥
॥ छं० ॥ १८ ॥

स्लोक॥ साय दीपसमो दिष्टे। जैति जैति विजै जितं॥
देवासुर मनुष्यानां। काले केक न गच्छति॥ छं० ॥ १९ ॥

कवित्त॥ कौन काल बसि पत्थौ। काल ग्रह कौन न बंध्यौ॥
कोन काल जित्तयौ। काल किहि घाइ न संध्यौ॥
मठ विहार वापीन। विरष सुर थावर जंगम॥
सुवर राज रार्जिद। कौन दिष्यौ न अभंगम॥
ज्यों बंधयौ साधि गोरी सुबर। मरन तिनं कलि नंतरौ॥
इंछनिय इच्छ इच्छा सुफल। सुबर बीर बीरह जयौ॥ छं० ॥ २० ॥

साटक॥ बीरं जा वर बीर भीमति वरं कामं तनं उब्भया॥
पंथे बानति वान मानति वरं कुरंनंद केवं कुहू॥
धाता मानय बीर वामन वलिं पुरीरवा अर्थयं॥
तू पत्नी प्रथिराज कालति रई कालं जसं वर्नते॥ छं० ॥ २१ ॥

पृथ्वीराज को आते हुए सुनकर सलषराज का धूमधाम से अगवानी करना॥

कवित्त॥ सुनि आवत चहुआंन। करिय अग्गौन सलष वर॥
चय गय लष्षि सुअष्षि। आदि उम्मषिय राज दर॥
पट अंबर सजराव। जैव नंगन जगमग्गिय॥
फुल्लिय मानहु संझि। चित्त चकचौंधिय लग्गिय॥
चहुआंन रत्त तोरन समय। लगन गोधूरक संधयौ॥
जांनै कि अर्क राका दिवस। इक्क थांन उगि बंधयौ॥ छं० ॥ २२ ॥

दोनो राजाओं की सेना के मिलने की शोभा का वर्णन।

जिम सावन भाद्रव सिंधु। घुमरि घन घटा मिलत हुअ॥
जनु समुद्र अरु गंग। उमडि मिलि दुहुंन सोभ हुअ॥
जनु सुर अरु सुक्र। सिंगि रिषि गननि गगन मिलि॥
जनुं दधि मथि सुर असुर। करन मधुपांन षिभिर ठिलि॥

तिम संमरेस भ्रब्बूधनी। श्रनी वनी रस विरस भरि॥
नग जोति जरकस दीप दुति। नहीं श्रवन बाजंव करि॥ छं०॥ २३॥

सलषराज की प्रशंसा।

पंच चक्ति मद वहि गिरंद। गरुग्र गरजंत मेघ जनु॥
तुरी वीस श्रैराक। तेज तन श्रगिन पवन मनु॥
जर कंमर जंनेव। चष्य संकर नग मंडिन॥
रुत्त सुषम पर काल। हेम तं तन तन छंडिन॥
धारोठि विवह वक्लच समझि। सच चक्रत पिष्पन रचिय॥
विवहार विवुध जेतिग गिनत। सलष किति जानन कविय॥ छं०॥२४॥

तोरन आदि बांधकर, कलस धरकर, मोती के अक्षत छिड़क कर मंगलाचार होना।

दूहा॥ तोरन कर वर वंद तव। मुत्तिय श्रच्छित डारि॥
मनौं चंद चिय मेघ घरि। श्रच्छित श्रच्छ उछार॥ छं०॥ २५॥

साटक॥ वंदे विंद कलस्स तोरन बरं तुंगे रसं मन्मथं।
सुष्षं साजति सक्र चक्रति कला निग्राह नु ग्राहनी॥
जां निव्वै चैलोक उम्भति पुरे बंदे कवी उष्पमे।
दुश्च पासं दुश्च नारि दिष्पन वरं मनो नैर वर दिष्पयं॥ छं०॥ १६॥

नगर में स्त्रियों का बारात की शोभा देखना।

कवित्त॥ नृपति काज श्रति दिर्घाघ। श्रति दिष्पत नर नारिय॥
जनु मिलतराज प्रथिराज। नयर त्रिय बांध पसारिय॥
जनु बन्दी गुर देव। संत्ति लाषा चाषा हुश्र॥
जै जै जै उच्चार। राज रवनी रंजत हुश्र॥
पंमार सलष बंदन बलिय। दिष्षि कला मनमथ्य पिय॥
दिष्षै सुचिया दुरि दुरि नयन। मनहु तरंग कि काम तिय॥छं०॥२७॥

छंद पद्धरी चित काम बीर रक्षियं जोर। संकुच्यौ जांनि मनमथ्थ जोर॥
दुरि दिषैं बाल श्रीनेति वस्त्र। उपमांन चंद जंपंत तत्र॥
जाने कि जार परि मध्य मीन। पुच्छै कि दीप भोदल प्रवीन॥
इक करन पलटि इक करन संत। घुंघट बदल खज्जा सुमंत॥छं० २८॥

घुंमरिय रैंन जनु वद्दल ओट। उभ्भकंत चंद जनु भांनि कोट॥
कर उंच बाल भ्रच्छित उछारि। जनु कमल वाइ वसि श्रोस भार॥
गावंत गान बहु विधि सवारि। कलयंठ कंठ जनु रति धमारि॥
मुरुकंत चाल दिषियै विसाल। विकसंत कमल जनु चंद नाल॥
तनु श्रेंठि सेंठि भेंचै कि बाल। न्हरक्कौ मेन जग बधी ब्याल॥२९॥छं०॥

सुहासिनी स्त्रियों का कलश लेकर द्वार पर आरती उतारना।

दूहा॥ कलस बंदि सुभगा सिरह। मद्धुरं मंडि सय मेलि॥
बहुरि सुहाग सुवासिनी। वई कांम रस बेलि॥ छं०॥ ३०॥
कनक थार आरति उदित। सुभग सुवासिनि लाइ॥
जनु कि जोति तम घर परह। नव ग्रह करत वधाइ॥ छं०॥ ३१॥
मद्धुर पंच सें थार धरि। दुति दूलह जिय जांनि॥
कांम कसाए लोइननि। चन्यौ मदन सर तांनि॥ छं०॥ ३२॥

सलष की रानी का दूलह की शोभा देख प्रसन्न होना।

सषिन ओट सलषह घरह। दूलह दुति हग देषि॥
कोटि काम छवि पिष्षि पिय। जनम सफल करि लेषि॥ छं०॥ ३३॥

स्त्रियों का महल में जाना और बारात का जनवांसे में आना।

मच्चल झुंड महलनि बहुरि। जनवासह जुरि जांनि॥
सोभि साम सामंत सह। जनु विंटन ससि भांनि॥ छं०॥ ३४॥

जनवांसे की तयारी का वर्णन।

छंद पद्धरी॥ बहुरी बरात जनवास थांन। छवि सोभ सुवन भुवभंति भांन॥
संग सुभट थाट सामंत सूर। बलवंत भंत दिषियै करूर॥
अंग अंग अंग उल्हास आस। जनु लच्छि लाह सोभा प्रकास॥
सत घन अवास साला सुरंग। सुभथांन जैत आवू दुरंग॥ छं०॥ ३५॥
जालीन गोष सोभा न पार। रवि सोम क्रांति कनन प्रसार॥
पंच रंग ब्रंन चित्तन सुवेस। बहु गरथ रूप मंडित सुदेस॥
रेसंम गिलम दुल्लीच मंडि। तिन जोति हीति दुति चित्त षंडि॥छं०॥३६॥

द्वादसह सेज विछाय संचि । तिन ढिग्ग ग्रूढ गादीय संचि ॥
प्रति सेज सेज फूलन अमार । तिन सोभ गंध रग रंग पार ॥
इक लाष पांन बीरा बनाइ घनसार मद्धि बीरन लगाइ ॥
कुंम कुसन कुंभ जहं तहं कुटंत । बातीन अगर धूपन लुटंत ॥
कर्द्दमन जथ्थ मचि कीच भूमि । नाना सुरंग रचि गंध भूमि ॥
मस्साल द्वीप प्रज्जरि फुलेल । केतकी करन बेली गुलेल ॥
जड़त कपूर पवनं पयांनि । तिन सरस गंधि सक्कि न बर्षान ॥
सुरंत कांति सोभा बिसाल । सोभंत जुरे तहं अब भुआल ॥ छं० ॥ ३८ ॥
प्रथिराज कुंअर कुअरन नरिंद । धरि भूप रूप अवतार इंद ॥
मनु कांम रूप रति रमन चित्त । अस्थिनि कुमार ससि सोभ मित्त ॥
नग कनक मंडि बासन विचित्त । ससि सूर सोम सुभ सज्जि छत्र ॥
वर विप्र अप्प गज गाह वारि। जनु सोम उभय आरति उतारि॥छं०॥३९॥
आसंन अस्स प्रथिराज आइ । तहां पंच सबद बाजे बजाइ ॥
संग एक कुंअर जल पान धार । ग्रौढी न रुक्कि सामंत भार ॥
गुर राम चंद कवि ढिग्ग आई । परधान कन्ह काइथ अनाई ॥
पुनि कंम्ह काक गोइंद राइ । परिपुन्न क्रोध के लगन आइ ॥ छं० ॥ ४० ॥
पुंडीर धीर पावस्स संग । दाहिंम दूव जम जोर जंग ॥
जैतसी सलष लष्षनह सिंघ । छिति छत्र भ्रंम जे द्रुष्टि रंघ ॥
बलिभद्र सिंघ कूरंभ राइ । अनि नांम सूर कित्तक गिनाइ ॥
प्रथिराज इंद दिक्पाल सूर । अँग अंग वद्दि सब जोति नूर ॥ छं० ॥ ४१ ॥
दूहा ॥ गवष जाल मद्दलनि मद्दल । फिरे चाह मन सर्व ॥
सोभ सोभ चंतन लच्छी । दिष्षत भग्गत[१] गर्व ॥ छं० ॥ ४२ ॥
मद्दलनि सालनि मद्दलमंडि । द्वासी सालनि गांन ॥
मंडप मंडित बेद धुनि । सुभटन सोभ समांन ॥ छं० ॥ ४३ ॥
जहां तहां आनँद उमग । अनँग उछाह अनंत ॥
बंस छत्तीस छत्तीन कुल । भाट बिरद भनंत ॥ छं० ॥ ४४ ॥

(१) को० कृ०—भग्गे ।

छंद मोतीदाम ॥ गहने नग जोतिन चीरन लाल। पटंमर पूर अरप्पिय आल ॥
मनि मांनिक मोतिन चीरनि चार। भगीरथ भंत हिमग्गिरि धार ॥
रितं रित भूषन भांति अनेक। धरे धन पंनिय आनि धनेक ॥
रंग रंग वारनि वारनि वार। धरे नवला नव भूषन भार ॥
तिते सब संचि सवारिस ओप। अलंमल भ्राजन ढाखन नोप ॥
सकुंकम कूपन वंदिन पोति। सुहाग सुमंगल अष्ट न होत ॥ छं०॥४५॥

दूहा ॥ अष्ट मंगलिक अष्ट सिध। नवनिध रत्न अपार ॥
पाटंवर चंमर वसन। दिवस न सुभ्भचि तार ॥ छं० ॥ ४६ ॥

जनवासे में भोजन का नेवता देकर सलषराज का लैाटना ॥

फिरिय चार करि फिरिय सब। भोजन कारन बोहि ॥
भाव भगति आदर अमित। देव पूजि सम तोहि ॥ छं० ॥ ४७ ॥

इच्छिनी का शृंगार आरंभ होना, शृंगार वर्णन ॥

जनवासें पधराइ वर। धरी सिंगार अरंभ ॥
जुरि जुब्बन सुर सुंदरी। जे रस जांनत डिंभ ॥ छं० ॥ ४८ ॥

छंद चोटक ॥ बिन बक्कर अंग सुरंग रसी। सुहची जनुलाष मर्दन कसी।
लव लोल इ लोइ उवट्टनकों। कि बच्यो मनु कांम सुपट्टन कों ॥
द्रिग फुल्लिय कांम विरांमन कें। उघरे मकरंद उदै दिन कें ॥
बिन कंचुकि अंग सुरंग घरी। सुकली जनु चंपक हेम भरी ॥ छं०॥ ४९॥
सुभई छट चंचल नीर भरी। तिनकी उपमा कवि दिव्य धरी ॥
तिन सों लगि कें जल बूंद ढरै। सुकटै मनु तारक राह करै ॥
जु कछू उपमा उपजो दुसरी। मनों माटय ज्यांम सुमुत्ति धरी॥
अति चंचल ह्वै बिकुटै सुधतें। मनों राह ससी सिसुता बधतें ॥ छं०॥ ५०॥
सुमनें सति स्नान अतुच्छ इयं। तिनकी उपमा बरनी न हियं ॥
कबहूं गहि छुक्त सिधंड वरें। मनों नंवल केसन सिंद सरें ॥
जु सितं सित नीर लिलाट धसें। सुमनें भिदि सोमहि गंग लसैं ॥
जल में भिजि भूंह कला दुसरी। सु लरै मनु बाल अलीन धरी ॥
बुधि चित्त उपंम किनीक कहो। जिन दाट अभै व्रत बेद लहो ॥ छं० ॥ ४३ ॥

दूहा ॥ मयनि मत्त अस्नान करि । सुभ दंपति दिन सोधि ॥
चाहुआंन इंछिनि वरन । मयन रीति अवरोधि ॥ छं० ॥ ५२ ॥
करि मंजन अंगोछि तन । धूप वासि बहु अंग ॥
मनो देह जनु नेह फुनि । हेम मोज जनु गंग ॥ छं० ॥ ५३ ॥
नम्र चंपक कुंदन मनों । के केसर रंग जुत्ति ॥
पीय वास छवि कीन त्रिय । और कीन सव जुत्ति ॥ छं० ॥ ५४ ॥
अंग अंग आनंद उमगि । उफनत नैनन मांझ ॥
सखी सोभ सब बनि भई । मनों कि फूली सांझ ॥ छं० ॥ ५५ ॥
निरखन नागिनि बनि भई । किंनर जथ्य कितेक ॥
सब सोभा ससि सांमि कौं । सांची इंछिनि एक ॥ छं० ॥ ५६ ॥
प्रात माघ अस्नान किय । गज गंजे घन घाइ ॥
विस्वनाथ सेए सदा । प्रथीराज तो पाइ ॥ छं० ॥ ५७ ॥

कवित्त ॥ कमल भाल जनु बाल । मकर कर मंडि इंछनिय ॥
निरषि नैंन प्रतिबिंब । करषि निवछार निछिनिय ॥
प्रमुदित अगनि अनंग । कोक कूकन उच्चारत ॥
एक रमन रस रंग । बात बातन सुचारत ॥
गंध अर बस्त्र गवने करनि । चास भास मंडीर रिय ।
तिन मध्य पधारी पिष्षिये । जनु विधिना अप्पन घरिय ॥ छं० ॥ ५८ ॥
स्रवननि लगत कटाच्छ । जनु पवन दीपक चंदोलित ॥
मुसकनि विकसत फूल । मधुर वरसति मुष बोलति ॥
इठलनि अलसति लसति । सुरति सागर उहारति ॥
रति रंभा गिरजादि । पिष्षि तां तन मन वारति ॥
तिह अंग अंग छवि उक्ति बहु । छंद बंध चंदह कहिय ॥
जीरंन जुग्ग मधि अजर हुच । कछू एक कीरति रहिय ॥ छं० ॥ ५९ ॥
कमल विमल लज्जा सुगंध । बाल विस भाल लाल उर ॥
भूषन सोभ सुभंत । मनों सिंगार सुचिर धर ॥
अलप जलप रति मंद । चंद बालनि कुल तालनि ॥

से। ढुंक्किनि पासार। राज छडिय अति सारनि ॥
सत च्यारि वरष बरनि सुंदरिय। सुर विसाल गावत गरज ॥
चहुंआंन सुअन सोमेस कचि। विधि सगपन सांई अरज ॥ छं॰ ॥ ६० ॥

छंद मोतीदाम ॥ सजे षट दून अभूषन बाल। मनैां रति माल विसालनि लाल ॥
घस्यैा तन वस्त्र सुकोर कुआर। मंडी जनु सिंभ मनंमथ रारि॥ छं॰ ॥ ६१॥

छंद कंठाभूषन॥ इक गावची रस सरस रस भरि विमल सुंदर राजही ॥
मनैां ग्रंद उडगन राति राका सोम पंति विराजही ॥
इक ल्हित रंगन कांम अंगन अजस लज्जा कि सुंदरी ॥
मनैां दीप दीपक माल बालय राज राजन उचरी ॥ छं॰ ॥ ६२ ॥

सुभ सरल बांनिय मधुर ठांनिय चित्त भंजय जोगयं ॥
द्रिग निरषि निरषि कटाच्छ लग्गहि मुक्त रंभन भोगयं ॥
अलि रूप नयनं मनहु बयनं चलिहि निष्य कटाख्ययं ॥
कुट्टंन निकरहि वार पारह करत तक्कि ननच्छयं ॥ छं॰ ॥ ६३ ॥

ब्राह्मण लोग विवाह की विधि करने लगे।

कवित्त ॥ विधि विवाह दुज करिय। करिय तन अंग वाम जन ॥
निरषि नयन मुष कंति। भयैा रोमंच सब्ब तन ॥
फुल्लिग नयन मुष वयन। भयैा आरुढ कांम मन ॥
चित्त बसीकरन समह। भयैा आनंद सब्ब तन ॥
अभिलाष मिलन चित ल्हिलन मन। काकविंद कवितह करै।
प्रथमह समागम मिलन कैां। बहुत अडंबर विस्तरै ॥ छं॰ ॥ ६४ ॥

दूहा ॥ सोंधा सुगँध घन डंमरी। सुमन सुदिष्ट पसार ॥
धूप अडंमर धुंधरिय। अल मल जल समढार ॥ छं॰ ६५ ॥

पृथ्वीराज के रहने के जो बाग़ सजा गया था उसकी शोभा का वर्णन।

छंद पद्धरी॥ बरबग्ग मग्ग चिहुं दिसा दिष्षि। जहां तहांति सुमन अति बैठि पिष्षि॥
कच मग्ग भूमि चिहुकोद गसि। नारिंग सुमन दारिम विगसि ॥

प्रतिबिंब तास दिषिय सरूप । उपमं एम जंपै अनूप ॥
नव बधू अंग नवजल प्रवेस । मुसकांत दंत दिष्षिय सुदेस ॥ छं० ॥ ६६ ॥
प्रतिबिंब चंप देषे फुल्लीन । दीपक्क माल मनमथ्थ दीन ॥
उप्पंम और उर एक लग्गि । संजीव मूरि जनु जोति जग्गि ॥
चल चल्लै लता कछु मंद वाय । नव बधू केलि भयकांक पाय ॥
उपमां उर कवि कहीय तांम । कुव्वन तुरंग अगि जोगि कांम ॥ छं० ॥ ६७ ॥
पाटीन दिष्षि चकचौंधि होइ । सषिपरछ उट्ठि घन घटा दोइ ॥
सुभ माग सरल सूधी सुवानि । सषि भ्रम्म चली घन केकि जांनि ॥
फुल्ले सुगंध के बरनि फूल । देषंत बग्ग पावस्स भूल ॥
घन घर अनंद अग्गें निसब्ब । जनु रंक द्रुच्छ पासै सुदब्ब ॥ छं० ॥ ६८ ॥
नल नलिनी नीरू चष्ष बचनि उद्धि । घरधार गंग जनु उठिरबुद्धि ॥
विट विटनि बेलि झुलि बेल फूलि । जनु काम ग्रह बाग तर छच भूलि ॥
कद्दलीन पत्र हलि पवन जोर । जनु करत पषा न्रप पिथ्थ ओर ।
कलरव करंत दुजनेक थांन । संगीत कांम चट सार गांन ॥
निरषंन केक केकीन संग । पावस्स जानि गिर रमत रंग ॥ छं० ॥ ६९ ॥

दूहा ॥ नंदन वनं बैकुंठ जनु । इंद्र लोग सुर बाग ॥
　　ब्रंदावन भूलोग जनु । सोभा सुभग सुभाग ॥ छं० ॥ ७० ॥

गाथा ॥ लिषि थांनं रजि राजं । उत्तरियं बीर सा साजं ॥
　　सब संबल बिथानं । जांनं पुद्धायइं बीजयौ चंदं ॥ छं० ॥ ७१ ॥

कवित्त ॥ को इंद्रो गुर राज । भांन सत्तम अधिकारी ॥
　　भांन नवम प्रथिराज । राव दुष्टम अधिकारी ॥
　　बर बज्जी नीसांन । बंदि लीनं नृप राजं ॥
　　प्रीय पिया चित बंधि । सोइ इंछिनि बर पाजं ॥
　　पियांच तान अरु बाल सह । उचरैं मुष इंछिनि सुनचि ॥
　　घनि घनि गवरि पूजा लच्छौ । सुघर सुघर सुंदरि समचि ॥ छं० ॥ ७२ ॥
　　ब्रह्म बेद सहइय । अग्गि होतय बर राजय ॥
　　स्वाहा अगनि बिवाह । रत्ति कामंच गुन गाजय ॥
　　दुचिति नाम दुहुरिष्षि । दुहुनि परइं दुहुं गोती ॥

राजं गुरु उच्चरै । लग्ग चहुआंन सकोतौ ॥
अनेक भाव दिष्षहि सुदिव । दिव दिवांन दुंदुभि वजइ ॥
प्रथिराज राज राजन सुवर । तिचित लषै रतिपति लजइ ॥ छं० ॥ ७३ ॥
कुंदन ओपति अंग । मंग जनु चंद किरनि थिर ॥
वैनी सुभग भुजंग । फूल मनि सीस मीस थिर ॥
पट्टिय घुंटित लैंन । तिमिर कज्जल छवि छीनिय ॥
भुअजुग गोस धनुष्ष । वदन राका रुचि भीनिय ॥
सुक नास नैंन फूले कमल । कंवु कंठ कोकिल कलक ॥
दुलह सुचित्त फंदन मनहु । फंद मंडि रष्पिय अलक ॥ छं० ॥ ७४ ॥

ब्राह्मणों का मंडप स्थापन करना ।

दूहा ॥ फुनि पंडित मंडप मंडियं । वेद पाठ आधार ॥
षट करमी सरमी प्रनिष । गुर संगह गुर भार ॥ छं० ॥ ७५ ॥

दूलह का मंडप में आना ।

तिन दूलह मंडप बुलिय । चम सत घमस निसांन ॥
जनु वद्दल अज्ञ किस पर । सुरपति बहुरि रिसांन ॥ छं० ॥ ७६ ॥
देषि लोभ प्रथिराज चिय । वारत राई नौंन ॥
चषे चास मुष चष उदित । जनु कमल विकस रवि भौंन ॥ छं० ॥ ७७ ॥
कवित्त ॥ देसन देस नरेस । भेस अमरेस अमर भति ॥
सील सत्त गुनवंत । दांन षग कहन कोंन मति ॥
जरकस पसम जराउ । गंध रस सरस अमीवर ॥
तेजवंत उद्दार । वडम विवाहर ग्रंथ भर ॥
मंडप्प जांन दुंघ दिषि मिलत । चास तर्क जात न गन्यौ ॥
दीपति नगनि निसि दीह भय । वर दाई दिव वर मन्यौ ॥ छं० ॥ ७८ ॥

स्त्रियों का दूलह की शोभा देख मग्न होना ।

दूहा ॥ लाल अटा जालिन गवष । रष्षत नव रनिवास ॥
छच छाह छवि छरत जित । भमर मत्त रस वास ॥ छं० ॥ ७९ ॥

नग मोती गहने अगन । गिरत न सुद्धि सम्हार ॥
कांम लहरि छवि छोन उठि । दुनि दरियाव वेपार ॥ छं० ॥ ८० ॥

स्त्रियों का मंगल गीत और गाली गाना ।

मंगल गावन झुंमकनि । कोकिल कंठी नारि ॥
सुघर पुरुष जोवन छके । सुनहि सुहाई गारि ॥ छं० ॥ ८१ ॥

दूलह दुलहिन का पट्टे पर बैठकर गंठ जोड़ा होकर गणेश पूजन करना ।

पटां वैठि पट गंठि गुह । पूजे प्रथम गनेस ।
दुव कुल वारि विचार कर । व्याही वांम नरेस ॥ छं० ॥ ८२ ॥

नवग्रह, कुलदेवता, अग्नि, ब्राह्मण, की पूजा कर शाखोच्चार होना ।

ग्रहन पूजि ग्रहदेव पुजि । पूजि अगनि दुज देव ॥
सापोचार उचार धुनि । प्रसन भए नृप वेव ॥ छं० ॥ ८३ ॥
चंद सूर तहां साषि दिय । वन्द वाहन वुध वाद ॥
प्रोहित गुर उपदेस करि । वांम अंग तव आइ ॥ छं० ॥ ८४ ॥

ब्राह्मणों का आशीर्वाद के मंत्र पढ़ना ।

पढि संकलप विकलप तजि । भजि भगवति भगवंत ॥
तम सु याइ परसाद करि । चिर जिऔ इंछिन कंत ॥ छं० ॥ ८५ ॥

सलषराज का कन्या दान देकर विनय करना ।

अव्वूपति पट गंठि चिय । विनय जोरि कर कीन ॥
इह कन्या नृप सोम सुत । दासपंन पन दीन ॥ छं० ॥ ८६ ॥

कान्ह चौहान का कहना कि जैसे शिव के साथ गौरी है वैसे ही यह होगी ।

कही कन्ह तब जैत सम । मंडन संभरि ग्रेह ॥
ज्यों गवरी सिव वच्छि प्रभु । त्यौं तन बाढौ नेह ॥ छं० ॥ ८७ ॥

लग्न साधकर तब राजा का ज्योनार करना ।

लगन साधि आराधि नृप । पुनि ज्यौनारि जिवाइ ॥
छ रस अंन अंतन लचैं । कों कवि कहै बनाइ ॥ छं० ॥ ८८ ॥

ज्योनार के पकवानों का वर्णन ।

अगनि पक घृत पक कर । दूध पक बेपार ॥
नेल पक लषियै नचीं । जहं तहं लूट अमार ॥ छं० ॥ ८९ ॥

छंद भुजंगी ॥ रचस्सं रचस्सं अनेकंन भंती । घनं जोति मिष्टांन पानं प्रभंती ॥
उडंदं पुडंदं गुडंदंति मासं । किते अंन प्रंनं किते षीर भासं ॥
किते स्वाद स्वादं प्रथी देव वंछै । तहां कोवलं ग्रंनि आवर्त्त गंछै ॥
मरे एक वारं षितं षंड मद्धी । दिषे स्वाद राजं चषै देव वंधी ॥छं०९०॥
घनं अंमरं डंमरं दिसि प्रमानं । उठै जप तीनी सुगंधं निधानं ॥
अँगं अंग अंगं सलुप्पन नारी । महा लालचै काम वसु भी निनारी ॥
चथं लेष राजं सुदंपत्ति बंधे । मनों मिस्स अग्गें गुरं चित्त संधे ॥
बधें अंचलं संचलं इन प्रकारं । मनों बंधियै मींन मनमथ्थ धारं ॥छं०॥९१॥
लियौ हथ्थ राजं चिया हथ्थ सोचै । मनों पैसि सत पच कंमोद सोचै ॥
जनं अंग अंबं बरं मालधारी । मनों काम अग्गं जु विद्या पसारो ॥
छिनं छित्त राजै नरं नाह नारी । मनों जीवनं काम लज्जी उघारी॥छं०॥९२॥
परं पुव्व कथ्थं कथी कव्वि चंदं । रची लजि मनों रत्ति फिरि दहन चंदं ॥
दियै तिलक दद्धि अक्षि अक्षत सारे । मनों उग्गि अंकूर सुष सेन भारे ॥
दियै कंकनं हथ्थ षट्टुआंन राजै । मनों रत्ति बंध्यौ दई काप काजै ॥
रचै एक ग्रेहं घरी अद्ध भारे । तहां वेद मंषं दुजं जा उचारे ॥ छं० ॥ ९३ ॥

कवित्त ॥ सुभत बीर तन तांम । बाल राजै दिसि बामं ॥
मनहु मुत्ति पचिचांन । रत्ति बंधी कर कांमं ॥
अति सोभा सोभई । चंद ओपम तहं वर वर ॥
मनों मकर मकरेस । आय चंपाई अप्प घर ॥
सज्जे सुरत्ति मनमथ्थ वर । कै इंद्रानी इंद्र परि ॥
संपति लच्छ लच्छिय सुवर । संपति तन सज्जोड वर ॥ छं० ॥ ९४ ॥

दूहा ॥ बर सोभे बर राजपति। लिय दच्छिन छत बांम ॥
मनों व्याह पूरन करै। सुम्रित बीरतम घांम ॥ छं० ॥ ८५ ॥

पृथ्वीराज के विवाह का वर्णन कविचन्द अपनी सामर्थ्य से बाहर बतलाता है।

परनि बीर प्रथिराज बर। बहुत कहै रस जोइ ॥
कवि धर बरनत नां बनै। बर भूषन तिन गोइ ॥ छं० ॥ ८६ ॥

नव दुलहिन की शोभा का वर्णन।

छंद पद्धरी ॥ लज्यांति मांन गुन ग्रब कटाछ। अल पचनि जलप सुलपच सुलाछ ॥
भोंर भर अभय भय सील नील। सरसात पिंम रस पिंम चील ॥
गुंजंत ग्रांम सोभित कुआंरि। निघि घरन घरनि मनमथ्थ रारि ॥
तन सान निलंबनि नहं प्रमान। बर घरैं बरनि पिय लटि प्रमान ॥
सित आसित सुहत कटाछ बाल। भ्रृंगार मध्य भूषन रसाल ॥
रस हास मध्य भ्रृंगार होइ। संकर सुभाग उप्पनै सोइ ॥ छं० ॥ ८७ ॥

साटक ॥ कामं जा गढीइ लज्ज गढने भय ग्रस्त भय कोटकं ॥
घू घट्ट पंद डोढि वानति बले जधी सुकागछ रसे ॥
जानि जात न जासि जोगिन बरं भंजे मनं विस्रमं ॥
नां दीसंत गता गतेस सैनं द्रग्गं चलं निस्चलं ॥ छं० ॥ ८८ ॥

छंदचोटक ॥ बरनं गुरु अच्छिर अंनि पयौ। इति तोटक छंदय नाग गयौ ॥
श्रिय नाग सुबद्दिय बाचनयं। पग पत्ति विपत्ति सुगाचनयं ॥
बरनं बरनं बरनीन कथं। सु चव्या जनु मेष प्रथंम रथं ॥
प्रग अंचल पंचल बाल ढंके। तिचि कांम बिरामन बांन थके ॥छं०९९॥
नव बास सुनूपुर सद्द गुरं। न्रप आगम जाइ बधाइ धरं ॥
गज ज्यौं मनमत्त जंजीर जरी। क्रम निठुन निठ्ठय पाइ भरी ॥
दस पंच सषी न्रप पास गई। ति मनों सुष श्रीफल हाथ दई ॥
करुना तिमुषी रस भौर सता। अम भौ अभिलाष ह ग्रब्ब जिता छं०॥१००॥
न्रप पुठ्ठ मुषं अवलोक करै। सु मनो धन रंक विलोकि गुरै ॥

नि कंही न बनै कविचंद कथा। सु लजै रसना अरु बीर जथा ॥
सुकलूक कहौं दिठि कांम क्रमं। सुमनो मनता बरनी न स्रमं॥ छं० १०१॥

प्रथम समागम का वर्णन।

दूहा ॥ औन सैंन रति सैंन सुय। प्रथम समागम षाल ॥
नेह देह दुअ एक हुअ। परे प्रेम रस जाल ॥ छं० ॥ १०२ ॥

गाथा ॥ दूत्तं सुष्ष गनिज्जै। लज्जीजै जोहयौ कव्वी ॥
ज्यों वारिज विपनं मझ्झं। सुझ्झै ना यहि गहआयं ॥ छं० ॥ १०३ ॥
झूलं वर मकरंदं। विजी पुर षाई सुंदरी वीयं ॥
मालचि दंपंति वासं। चाहुआनं धीरयौ पत्ती ॥ छं० ॥ १०४ ॥
जंभ्रम भ्रमैति चित्तं। आवै नठ्ठेय ग्यांनयं चितयं ॥
जंभ्रमि भ्रमि सह रूपं। अवलोकं इक्कनी करियं ॥ छं० ॥ १०५ ॥
इक्क जगी विस षाले। काम भयंक षयौ द्रिगयं ॥
जानिज्जै गम सैसं। नैंनायं जोग व सनायं ॥ छं० ॥ १०६ ॥
उभ्भर उरोजनि सद्दे। बुद्धी बालाय दिठ्ठयौ नैंनं ॥
कुच तुक्क अंकुर उट्टे। मनों प्रीतम विभाव दीयौ चढयं ॥ छं० ॥ १०७ ॥

चौपाई ॥ नैंननि प्रथम प्रमांनिय पुव्व। सेवालय रोमावलि रुव्व ॥
अग्गानय जोवननि कुंआर। अब जांन्यौ सैंसव चलि भार ॥ छं० ॥ १०८ ॥
इहिविधि मत्त गत्त भय रजनी। बाल लता वल्हम गहि सजनी ॥
यों डग मग सुंदरि विहझाई। ज्यों बेलिय अवलंब लहाई ॥ छं० ॥ ०८ ॥

दुलहिन को लेकर दूलह का जनवांसे में आना और हाथी घोड़े धन आदि लुटाना ॥

दूहा ॥ पांवारी प्रथिराज बर। पुनि जनवांसे जाइ ॥
एक सहस हय हथ्थि बर। दीने तुरत लुटाइ ॥ छं० ॥ ११० ॥
होत प्रात जग्गिय सकष। भंति अनेक निभोग ॥
जुक्कु देव देवंस मति। सो लभ्भै नहिं लोग ॥ छं० ॥ १११ ॥

छंद भुजंगी ॥ सुद्दंदं सुद्दंदं सुद्दंदंति राजं। सुनौ देषियै कोटि कोटिक साजं ॥
लषं लष्ष भाइं नटं नद्द रागं। मनो देषियै यंद अष्षग्रहेन भागं ॥

जिते तार झंका नचे निनारे। मनों देपिये भान ससि लष्य तारे॥
सुभंगं सुतानं म्रदंगं बजावै। ष्हा कूह सु गं सुगंधर्ब गावै॥११२॥
घनं पक्ष पानं समानंत नेहं। करै प्रथिराजं घप अप्प देहं॥
करै राज राजं सबै ब्याह काजं। मनों दिष्षिये राज सूजग्य साजं॥
परे अग्ग राजं छिती हथ्थ जोरी। मनों उन्नयौ मेघ आषाढ़ कोरी॥
फिरै दास भारी बुल्ले राग वैनं। मनो नभ्रसी मास कै बीज गैनं॥११३॥
बजै ग्राम नारी छतीसों सुरागं। मनो बोलयं मोर आषाढ़ गाजं॥
बजै घुघ्घ नारियं रंग भारी। मनों दादुरं जोति मनमथ्थ सारी॥
रंगे कासमीरं सबै बस्त्रधारी। किधों बद्दलं रंग कै ग्रहन गारी॥
किधों इंद्रबद्धू चढ़ी नीर धारा। किधों राज बासंत भूपाल बारा॥छं० ११४॥

दूहा॥ गति चित्रांम अथ प्रातवर। रूप मनुहार प्रमांन॥
बर दिष्षौ चहुआंन रूप। रत्ति काम उनमान॥ छं०॥ ११५॥

गाथा॥ रत्ति काम दुअ दाई। कै दुःषंकरी कत्तरी वाले॥
सो इंछनि पांवारी। लभ्भी नृप मुत्तिका रूपं॥ छं०॥ ११६॥

छंद चवुपाला॥ इति मुकति सकति सकोर। जिन लभि न पारस चोर॥
जिन कांम बांन झकोर। गुन मुद्दित मुदित सथोर॥
चित मित्त मित्तह जोर। मनों उदय निपचन चोर॥
सुष मुगति भुगति उपाय। का करिहि मुक्ति अपाह॥ छं०॥ ११७॥
सुष करन दिन प्रति जीह। दिन सुफल घरियनि ग्रीह॥
प्रति राज राजन जोर। पांवार सलषति ओर॥
मनुहार मंडिल थोर। न्रप चलन श्रेह सजोर॥
दै गैनि रथ बर बाजि। न्रप दए दांन बिराजि॥ छं०॥ ११८॥

दहेज में सलषराज का बहुत कुछ देकर भी संकुचित होना।

कवित्त॥ सहस एक रथ साजि। दासि बिय निपति इक्क मधि॥
इक्क इक्क करि सथ्थ। किरनि पंचौ प्रति प्रति बधि॥
सौ चायौ इह भांति। माल मुत्तिय उतंग बर॥
लछ्छि पटंबर अंग। दए राजिंद राज गुर॥

इतनौ देत सकुच्यौ न्टपति। है दिनता चरनन गहिय॥
प्रथीराज राजन सुबर। सलष फेरि चल्यौ समिय॥ छं०॥ ११९॥

पांच दिन तक सब जातियों को भोजन कराया गया।

दूहा॥ पंच दिवस च्यारौं बरन। भुंजत अंन अपार॥
छरस अंन छत्त रितिन सुष। अब्बू वे आचार॥ छं०॥ १२०॥
पलकि[1] चार अचार करि। समद करी सब सथ्थ॥
दे हथ्थी जर कस बसन। को कवि बरनै कथ्थ॥ छं०॥ १२१॥

बारात की विदाई का वर्णन।

छंद पद्धरि॥ पचिराइ राइ पावार सथ्थ। नष बुद्धि बरन वर विविध कथ्थ॥
इक करी सत्त चय सोम राइ। औराक जाति जे पवन पाइ॥
सिर पाव पंच जरकस पसंम। सूत रूपोत रेसम नरंम॥
सोइ विदा कीन दूलह बनाइ। जमदार सोंपि संभरि गनाइ॥ छं०॥१२२॥
कलधूत कलस दस गढ़ित हथ्थ। इक उंच कुंडि जल न्हांन सथ्थ॥
दस थार कनक प्रतिबिंब सूर। बाटका बीस बिम्र अभुत नूर॥
ता सक्क पंच दुव मनच थार। बाजौठ एक हिम जटित लाल॥
पालकनि हेम रेसम निवारि। अनि ठाम नंन्द को लहै सार॥ छं०॥१२३॥
कठ लोंनि बीस सोवन मटाइ। पल्लांन जच दावन चढ़ाइ॥
मन बीस पंच इच सोज अब्ब। जिन कोय करै छिचीस अब्ब॥
दुअ हथ्थि साजि भाभ्मे जिजीर। रूपेन साज सज्जे वजीर॥
चँडवाइ बीस मन साजु सुद्ध। उज्जल रज रजक्क जनु उफनि दूध॥छं०॥१२४॥
हस सहस हेम दासीन संग। तिन देषि रंग रँभ होत भंग॥
सामंत सत्त इक रस्स अग्ग। पचराइ तिनच न्टप नमिय पग्ग॥
इक तुरी जात औराक थांन। अग्गीय अंग पग पवन मांन॥
इक इक्क बटुअ मालाति इक्क। मुद्रकी इक्क इन पुहचि भिक्क॥ छं०॥१२५॥
सिर पाव उंच सरकस[2] अनूप। तिन दिष्षि होत हैरांन भूप॥

(१) क्ष० को०--पालिका।
(२) क्ष० को०--जरकस।

बंभन बनंक कायथ्थ संग। पसवांन लोग जे रषिक अंग॥
लघ दिष्ष और असवार पाल। करि सुमन सद्द अब्बू भुआल॥
पंच से लोम रनिवास नांम। रेसंम सूत गनि पंच ठांम॥ छं०॥ १२६॥
सब चर्ए रचित समदे नरेस। सजि चले सुभट सब अप्प देस॥
दूंढनिय सद्दि पिय बैठ ढाल। गज गाह घुरें दुहुं अंग भाल॥ छं०॥१२७॥

बारात का विदा होकर अजमेर की ओर चलना।

दूहा॥ चल्यौ ब्याहि संभरि धनी। संगन भए निहाल॥
पुच चावन घन संग भए। न्रपगुन चवें रसाल॥ छं०॥ १२८॥
पंच कोस परथिथ्थ कहु। बिदा मंगि अबु ईस॥
और देन तुम सोभ कह। बांम तुम्हें हम सीस॥ छं०॥ १२९॥
नवमि संझि बहुरे घरह। वे सज्जे अप देस॥
न्रपति ब्याह दुष रस रह्यौ। हिम गिरि जांनि महेस॥ छं०॥ १३०॥
आरिज आरिज सलष तें। दूंढनि इच्छा पूरि॥
भुअ मंडल मंडित दिनह। सिर दधि अच्छित भूर॥ छं०॥ १३१॥
चलन राज प्रथिराज बर। बरनि पत्त बर राज॥
महि अचोलक सुंदरी। डोला सद्धित साज॥ छं०॥ १३२॥
यों आयौ न्रप ग्रेह बर। सुनि अवाज चिय कांन॥
मानों बीर दुहाइयां। कांमहि मंगन बांन॥ छं०॥ १३३॥

बारात के अजमेर पहुंचने पर मंगलाचार होना।

कवित्त॥ सोमेसर संभरिय। राज आवत प्रथिराजह॥
है गै रंभ सुसाज। दूंद चहयौ लष साजह॥
कोटि कोटि मनु दूंद। इंद दिष्यौ दूंदासन॥
एक एक दंपतिय। बरह बंधे विधि साजन॥
दुज मानें बेद मंगल चिब्रह। मुत्ति अच्छित वंदहि सुबर॥
नृप मौर सुष्प सुत्तिय लगहि। सो ओपम कबिराज घर॥ छं०॥ १३४॥
अरिल्ल॥ लगत मुत्ति नृपति सुपति सुष बरं। मांनों भानं* उनग्रेह सुतारक जवरं॥
मिल्लि सो फिरि चलहि सलिगन भान कों। मानहु लषहै जांनि आनै आनकों॥
छं०॥ १३५॥

दूहा ॥ बंदि खिथौ बरनी सुवर। चिया हेत लजि गांन ॥
मांनों बैसंध सुंदरी। चलत समप्पत दांन ॥ छं० ॥ १३६ ॥

शुकी के पूछने पर शुक का इच्छिनी के नखशिख का वर्णन करना।

बहुरि सुकी सुक सों कहै। अंग अंग दुति देह ॥
इंछनि अंक बषांनि कैं। मोहि सुनावहु एह ॥ छं० ॥ १३७ ॥

छंद चन्द्रायन ॥ घन धवल गावहि बाल। मनमथ्य निध्य विसाल ॥
बहु फुल्लि केवर फूलि। बग बैठि पावस भूलि ॥
घन धवल है मनमथ्य। आनंद अंगनि सथ्य ॥
जनु रंक पायौ दब्ब। नल नलन नीर चवब्ब ॥ छं० ॥ १३८ ॥
घर धार गंग कि उट्ठि। फिर नभ्भ परसि अपुट्ठि ॥
बट बिटप बेलिय भुल्लि। ग्रिह बाग नव कच भुल्लि ॥
नृप परनि पुचि पवार। जनु भुवन सैसुव टारि ॥
इह रूप राजित देव। इन्द्र इन्द्रनी अचमेव ॥ छं० ॥ १३९ ॥
षोड़ष सलष राज कुंआरि। नृप लसी ब्रह्म सवांरि ॥
छवि लच्छि पूर सलज्ज। व्रत नाथ व्रत करि कज्ज ॥
कविराज ओप प्रकास। आवै न कोटि विचास ॥
सिष नष्य ब्रंन सुरत्त। किम करय मंद सुमत्त ॥ छं० ॥ १४० ॥
जगि रंग जोबन जोर। ससि विलसि बयक्रम थोर ॥
बर उदै गुन बर गौर। बै स्थांम राजत औैर ॥
बनि केस देस सुवेस। कवि कहत उप्पम तेस ॥
चढि मेर नागिन नंद। ग्रसि गहत संमुष चंद ॥ छं० ॥ १४१ ॥
उपम्म कवि कवि बाम। जुब्बन तरंग अगि कांम ॥
पाटीव चकचुंधि होइ। विधि परच उठि घट दोइ ॥
लिलाट आठ प्रकार। मनमथ्य अंगन थार ॥
तिन मद्धि मुत्ति तिलक्क। कवि कहत ओपम थक्क ॥ छं० ॥ १४२॥
चरि कठिन गंगय मांन। ससि भेद भ्रम चवि जांन ॥
कविराज ओपम दीय। दछि पुचि रचि मिलि पीय ॥

तिन मध्य द्रग मद व्यंद। कवि जंपि उप्पम छंद ॥
ससि उड़त महि कलंक। दृत अप्प अंकह अंक ॥ छं० ॥ १४३ ॥
लच्छिन्न हरि तन ताद। ससि थांन वैठौ राद ॥
अति द्रुत चपलह भौंह। कवि कहत उप्पम सौंह ॥
ससि धरत रूप सु ऐन। तिहि चलित चकित नैंन ॥
मन धरत उप्पम आंन। अभि संधि अलि सुत जांन ॥ छं० ॥ १४४॥
वर वाल नैंन झकोर। अह जियन वानह जोर ॥
जिम भए भौंरह चोंर। भै भरै धाम झकोर ॥
इक कही ओपम चाइ। पंजन कि उड्डि फल पाइ ॥
जनु वाग कुट्टिय ऐंन। तिम होत चक्कित नैंन ॥ छं० ॥ १४५ ॥
सित असित नैंन उचार। मनों राह तारक चार ॥
तिन मद्धि सोभै रत्त। त्रिघि धरिय मंगल गत्त ॥
रसवास नासिक नीय। तिल पुहप चंपक दीय ॥
मनों लज्जि मंजरि मध्य। कल प्रगटि दीपक सध्य ॥ छं० ॥ १४६ ॥
नव हल्लत मुत्तिय नास। तसु किंच ओपम भास ॥
रस ग्रहन अंम्रत चाइ। तप करै ऊरध पाइ ॥
सुप कीर सोभित जोस। जनु चुनत कनमत ओस ॥
जगिनीय पुर मन रज्जि। कवि कही उप्पम सज्जि ॥ छं० ॥ १४७॥
अध अधर रत्त सुरंग। ससि पीय रंग तरंग ॥
उत्तंग रंग सुभाल। जनु फुल्लि कमुद्दिनि ताल ॥
कै पक्क बिंब संभाल। सुक डसिय ग्रसिय न आल ॥
तिन मध्य दंतन कंत जनु बज्ज राजत पंत ॥ छं० ॥ १४८ ॥
फुनि कही ओपम साज। सुन स्वाति सीपय राज ॥
सति इक्क ओपन अक्छ। बत्तीस लच्छन लच्छ ॥
इक अलक सुम्मत मुष्य। कवि कहत ओपम सुष्य ॥
ससि मुक्कि मधुरय अंक। वर भजत विभय कलंक ॥ छं० ॥ १४९॥
जनु जनम धारा रेष। कै मित्त नगी चलि सेष ॥
कल ग्रीव रेष त्रिवल्लि। कवि राज ओपम भल्लि ॥

ससि मिलन पुब्बय वैर । गुरदेव सेव सुसैर ॥
गर पोति जोति विचारि । ससि चरन फंदय डारि ॥ छं० ॥ १५० ॥
ससि समर दंद प्रमांन । जिति राह बैठो थांन ॥
कै संप श्रीवर जांनि । कर ऋंगुलिं इक थांन ॥
कालंक दिठवन जौर । कवि इक्क उप्पम दौरि ॥
जनु कमल कोर प्रकार । सिसु संग बैठे वार ॥ छं० ॥ १५१ ॥
रस सरस कुच कवि चंद । उर उकिर आनँद कंद ॥
ससि वदन मदन सु जोर । चित रचै चाहि चकोर ॥
कलि काकि कंज अनूप । उर उदित रवनिय[1] रूप ॥
कथि कलभ कुंभ प्रमांन । छवि स्यांम रंग सुदांन ॥ छं० ॥ १५२ ॥
गुन गँठिय मुत्तिय माल । कुच परस कंत विसाल ॥
विय सिंभ सीस कि चंग । चढि चलिय गंग सुरंग ॥
नव रोम राजिय राजि । कवी कवी ओपम साजि ॥
मनों नाभि कूप प्रमांन । भरि भूरि[2] अमृत थांन ॥ छं० ॥ १५३ ॥
अंमृत्त आवहि जाहि । पप्पील रंगहि चाहि ॥
उर उदित सुभगय वाल । अनंग रस सधि वाल ॥
जनु खक्कि कीडें ताल । चिम फाव लगि रसाल ॥
सुभ निरषि चिवली नेह । कवि चंद ओपम एह ॥ छं० ॥ १५४ ॥
वयसिसु मिलनह बाल । षिढ़ि मंडि कांम विसाल ॥
रिपु उभै सुम्मिय आंनि । छवि लंघि लंक प्रमांन ॥
नित्तंब उत्तंग रज्जि । मनमथ्य चक्क विसज्जि ॥
पैरंग पिंडिय ढार । सित सीत उन्न तुसार ॥ छं० ॥ १५५ ॥
नव रंभ गति विपरीत । छवि षंभ देवल जीत ॥
गज सुंड सुथप सरूप । मनों कुंद कुंदन सूप ॥
किधों करभ कोर प्रकार । तिन मद्धि उत्तरत ढार ॥
मनों मीन चिचत देह । छवि करत पिंडुर एह ॥ छं० ॥ १५६ ॥

(१) को०—रवनिय ।
(२) को०—भूमि ।

घन घुंमि घुघ्घर घेम। कवि कहो ओपम एक ॥
मनो कमल सौरंभ काज। प्रति प्रीत भमर विराज ॥
कह कहौं अंग सुरंग। रति भूलि देखि अनंग ॥
लपि लछ्छि पूर रुदज्ज। चित इत्त मांनो रज्ज ॥ छं० ॥ १५७ ॥
सो सलष राज कुंआर। न्वप लषी ब्रह्म सवार ॥
इन लछ्छि लछ्छिय रूप। कुल वधू लछ्छिन भूप ॥
रति रूप रमनिय रज्जि। छबि सरल दुति तन सज्जि ॥
रसि रसित रंगह राज। तिह रमन हुअ प्रथिराज ॥ छं० ॥ १५८ ॥
कवित्त ॥ नयन सुलज्जल रेष। नप्पि निप्पन छवि कारिय ॥
श्रवनन सहज कटाछ। चित्त कर्पन नर नारिय ॥
भुज मृनाल व.र कमल। उरज अंबुज कलिय कल ॥
जंघ रंभ कटि सिंघ। गमन दुति हंस करी छल ॥
देव श्रह जप्पि नागिनि नरिय। गरव्वि गर्व दिप्पत नयन ॥
इंछिनी रुपि लज्जा सहज। कितक सक्ति कव्विय वयन ॥ छं० ॥ १५९ ॥
दर्पन दल नष जोति। सुरग मह्दी रुचि हरिय।
एडी ईंगुर रंग। उपमं ओपिये सु संचिय ॥
सो तिन सकल सुहाग। भाग जावक नल बंधिय ॥
विकसित अँग अँग अंग। चारु मुसकनि वै संधिय ॥
दिर्घत नैंन दंपति कजहि। वर्ष दोस वर्षत अकल ॥
रति कांम कांम गहि गह्लनिय। श्रौर उप्पम लुट्टिय सकल ॥ छं० ॥ १६० ॥
जेहरि नूपुर नद्द। सद्द घुघर कोतूहल ॥
विछिय निसद्द निसाल। सद्द झिंगुर कल कूहल ॥
अगुठनि जटित अनोट। वोट कुंदन नग मंडित ॥
निरषत द्रप्पन नैनं। बदन बीरी रद षंडित ॥
चाव ऋह भाव संभम विभ्रम। बड पुन्य करि प्रभु पिथ्थ लचि ॥
इंछनिय इछ अछ्छर अवनि। सुनिय सोभ ससि कव्वि कहि ॥छं०॥१६१॥
जरकस घुघर घमंड। जांनु रवि किन्न कदली ग्रह ॥
कसुँभ लरे नोसार। रंग छबि छंडि हंस चर ॥

पीत कंच की संधि। षंडि कस अंग उपट्टिय ॥
कंकस कार वर वरत। गंध हरदीय उपट्टिय ॥
आलोल नैन गति बचन बहु। सषिन सोभ मंडिय तनह ॥
फुल्लिय सांझ कवि चंद कहि। मनहु बीज थर की घनह ॥छं०॥ १६२ ॥

शोभा कहते कहते रात बीत गई।

दूहा ॥ सुनत कथा अछि वत्तरी। गइ रत्तरी विहाइ ॥
दुज्ज कही दुजि संभरिय। जिहि सुष श्रवन सुहाइ ॥ छं० ॥ १६३ ॥
आरिजु आरि जस लषहीं। से इंछिनि इक्का पूर ॥
भुव मंडल मंडिन दिनह। सिर दषि अछ्छिन जूर ॥ छं० ॥ १६४ ॥

इति श्री कविचंद विरचिते प्रथिराज रासके इंछिनि व्याह बर्णनं नाम चतुर्दश प्रस्ताव संपूरणम् ॥ १४ ॥

अथ मुगलजुद्ध प्रस्ताव लिष्यते ।

(पन्द्रहवां समय ।)

छिंछनी को ब्याह कर लाने पर मेवात के राजा मुदगल का पूर्व वैर निकालने का विचार ।

दूहा ॥ प्रथीराज राजन सुवर । परनि छच्छि उनमांन ॥
दिसि मुग्गल संभर धनी । वैर षटक्यौ प्रान ॥ छं० ॥ १ ॥
वैर षटक्यौ पुब्बवर । मति मंची मेवान ॥
धर उद्दिम संभर धनी । भरत वीर भय गात ॥ छं० ॥ २ ॥

मेवात राज का विचारना कि रास्ते में पृथ्वीराज को मारना चाहिए ।

कवित्त ॥ वैर षटक्यौ पुब्ब । कारिय सोमेस सुराजं ॥
सो आंने सोमेस । तात मुग्गल भजि काजं ॥
सारंग कैर सारंग । देषि कढ्यौ तिन वेरं ॥
सो संभरि प्रथिराज । मत्त बढ्यौ धर वैरं ॥
हम मत्त मत्त गुरजन कहै । सबै वेर लड्डी श्रवनं ॥
प्रथिराज राज काटन मतै । तिचित पंथ कीजै गवन ॥ छं० ॥ ३ ॥

यमुना की एक घाटी में मुगलराज का छिप रहना ।

चित्त मुग्गल चिंतयौ । राज प्रथिराज वैर बर ॥
मद्धि थांन मेवात । रह्यौ चंपे सुढिल्लि धर ॥
ढिल्ली वै बर धाम । सुषल अंगन मेवातं ॥
मत्त मत्त उप्पन्नौ । वीर वीरा रस गातं ॥
मुगल नरिंद मेवात पति । कूच राज चिंत्यौ सुबर ॥
बहव सुएक जमुना विकट । सुघट घाट औघट नयर[1] ॥ छं० ॥ ४ ॥

---

(१) ए० को०—औघटन पर ।

पृथ्वीराज के डेरे में कैमास के छोड़ सब का सो जाना, कैमास का उल्लू की बोली सुनना ।

छंद माधुर्य ॥ जग जोति जिंगिनि निसि अभिंगिनि रत्त रत्तति अंबरं ॥
सामंत सूर सुथांन निद्रा अमित क्रोध सुउत्तरं ॥
अति चतुर चिंतय समुद मित्तय कित्त चिहु चक विस्तरी ॥
कैमास जग्य रु सकल निद्रा वीर सर सुअंमरी ॥ छं० ॥ ५ ॥
आहत्त रत्त हुइंग नील रु थान पुब्बय उत्तरौ ॥
संनाह स्वामि नरिंद नामय काछह कित्तिय विस्तरौ ॥
बोलि घूघूअ साद दीविय सद्दसनी[1] सुर उप्फस्था ॥
इह सुनि छ सूरं धरि करं वीर वीरह उच्चरौ ॥ छं० ॥ ६ ॥

कैमास का बाईं ओर देवी के देखना ।

कवित्त ॥ बर निड्डुर राठौर । राज सूतौ ढिग वीरं ॥
और सब्ब सामंत । पास कैमास अधीरं ॥
नद वेसउ वंकट सु । अमत आषेटक आइय ॥
क्रोध सजल उच्चरिय । सद सोदें तन चाइय ॥
मत्ते सुभ्रमर पत्ते सुग्रह । षग बंधे निद्रा ग्रहिय ॥
जग्गै न कोइ जाग्रत सुचित । बाम दिसा देवी लसिय ॥ छं० ॥ ७ ॥

देवी की बोली सुनकर कैमास का गुरुराम पुरोहित से सगुन पूछना, पुरोहित का कहना कि इसका सगुन चंद से पूछिए ।

बोलत देवी सुनिय । जगि निड्डुर नृप पासं ॥
राज गुरु जग्गाय । बोलि मंत्री कैमासं ॥
राज गुरं दुज राम । बलिय बंभन अधिकारिय ॥
सार सिंध रन द्रोन । तेन भारथ भर भारिय ॥
कवि चंद बोलि चाचिग मद्दर । सगुन संधि सद्धिय लगन ॥
आवै न मंच मंचीय घन । सुबर चिंत अध्यिय अगन ॥ छं० ॥ ८ ॥

(१) को०—सनी ।

साटक ॥ जे मत्ताने मत्त कारन वरं पुद्दं न्रपं प्रानयं।
जच्छा खस्स समस्त श्रस्त कुंभकं सुयसं समुद्रं वरं ॥
निर्घोषं यमथाय धारन धरे विद्याधरा उद्दरं।
सोयं सो प्रथिराज वैरन वरं सोमेस तिय श्रग्गियं ॥ छं० ॥ ९ ॥

चंद का पृथ्वीराज के वंश की पूर्व कथा वर्णन कर मेवातियों के साथ वैर का कारण कहना।

छंद पद्धरी ॥ न्रप वस भइग श्राना नरिंद। दस पुच भय गति न वैर कंद ॥
चहुश्रांन नाम चहुश्रांन वैर। बीसल कुलान उप्पने नैर ॥
श्राहुत्त वीर ढुंढा सुरप्पि। तिहि वंस भइग चहुश्रांन सप्पि ॥
जैसिंघ देव तिहि वंस वीर। घरि करिय श्रइर जज्जर सरीर ॥छं०॥१०॥
दौसौ जु वीर संभरि सुचंत। पट्टन प्रवास श्ररि चह्यौ कंत ॥
कंडाय सव्व मेवात भुम्म। श्राहुत्त कुह मंड्यौ रुम्म ॥
तिहि वंस भयौ सोमेस सार। जंभए वीर परवत विधार ॥
उत्तस्यौ जाइ जंगल सुदेस। गद्दिया नरिंद भंजी प्रवेस ॥ छं० ॥ ११ ॥
विष्यात मग्ग जिम छुन उचीर। साधयौ सुद्द किय सुद्दि चीर ॥
तिन पाट प्रथि प्रथिराज नप्पि। श्रावू नरिंद पावार थप्पि ॥
जस जानि भूमि श्रप भर सदंद। मुगगल मयंक तारका चंद ॥
ढंढोरि वैर घन करिय पंग। पारस परिय साहर श्रनंग ॥ छं० ॥ १२ ॥
तिहि वेर जग्गि मुग्गल नरिंद। जंपयौ वीर कविचंद छंद ॥
इह कहिय राज निद्रा ग्रसीय। चिंता न राज चिंता वसीय ॥
चहुश्रान वीर वर सोमनंद। तिन तेज ब्रह्म मानों रविंद।
निसि सेन सैन अवनी अनंग। फुनि कोल केलिनि सिप्प रंग ॥छं०॥१३॥
भो प्रात भांन खलभल्यौ श्रंग। फुल्लोति कमल उडि चले भ्रंग ॥
कुल कैल चोर मन भए पंग। झंभार सब्द गो करि उमंग ॥
द्रुम द्रुमनि रोर पंषिय करंत। करैं क्रम सुभ रव सुद्द संत ॥
चकीय चक्क करि मिलिय रंग।भगि रोर चोर पय तन श्रनंग॥छं०॥१४॥
ऊघरे पूज देवह कपाट। जग्गेति विप्र वर क्रंम घाट ॥

उच्चरंचि वेद वा नीति चंग । त्रंमह प्रवाह जनु जलह गंग ॥
बहु भंति क्रंम आचरत लोइ । वंदैति पुज्ज गुरु देव दोइ ॥
चांभंन पुहप अस्नांन दान । मंडे सुजन नर थांन थांन ॥ छं० ॥ १५ ॥

सवेरे उठकर पृथ्वीराज का अपने सामंतों के साथ शिकार को निकलना ।

तब जग्गि नंद सोमह कुमार । अनभंग चंग अरि कुल पथार ॥
कैमास बोलि सामंत सूर । चढि चल्यौ राज आखेट दूर ॥

मुगलराज का आकर रास्ता रोकना ।

इत्तनै होत बज्जी अवाज । मुग्गल सु आइ करि सकल साज ॥
दक्कोति पंथ गिरि कंठ ठैर । मग्गयौ आंनि तिन पुब्ब बैर ॥ छं० ॥ १६॥
संभरिय बैन सामंत नाथ । ज्यौं सुन्यौ बैर लगि सीस माथ॥ छं० ॥ १७॥

तुरंत पृथ्वीराज का शत्रुओं के बीच में घुसना, मानो बड़वानल समुद्र पीने के लिये धसा हो ।

कवित्त ॥ बढि अवाज गिरि गाज । राज भय चंग न आनिय ॥
ज्यों कमल पांनि नोगीनि । कुंभ चीकट जिम पानिय ॥
बृढ मत्त गूंगं सवाद । मांन कल तंत सूर भय ॥
यों सोमेस कुमार । दिपि पिच वट चंग तय ॥
करि सिलह चंग चै तेज करि । कढिय खग्ग कट्ठी कसिय ॥
जाने कि पियन सागर जलह । बडवानल मध्ये धसिय ॥ छं० ॥ १८ ॥

पृथ्वीराज की वीरता का वर्णन ।

भो बडवानल राज । समुद सोषन भैवानी ॥
भो बडवानल राज । जांनि रवि अंसुल घाती ॥
भो बडवानल राज । मोच चित रागत सौ सौ ॥
भो बडवानल राजु । ज्यों दोष अदोस स दो सौ ॥
प्रथिराजन जांनिय मान तप । मदन रंभ बंछै बलह ॥
ज्यौं बंछै अवधि सुंदरि पिया । त्यों कलचंत बंछै कलह ॥ छं० ॥ १९॥

दूहा ॥ कलह कूर यक्खिय निजरि । भयौ समुद अरि सेंन॥
　　वा वारौ मंगै न्रपति । हथ्थ जोरि मति दैन ॥ छं० ॥ २० ॥

कवित्त ॥ किनक षत्त मेवात । राज मेवात पत्त कह ॥
　　ना उप्पर चहुआंन । नेग बंधे सु राज इह ॥
　　मुक्कि षलिय कूरंभ । मुक्कि सारंग चालुक्कह ॥
　　ढुक्क ढुक्क सामंत । दाहि मारन न हथ्थ कहि ॥
　　नृप चोद्द जुद्द सुरतांन सों । कैपंग राग संभौ लरै ॥
　　गामी गवार मेवात पति । राज राज संम्हौ भिरै ॥ छं० ॥ २१ ॥

दूहा ॥ नृप कुहन वर हुकम मुष । दिठ्ठाची घावंत ॥
　　वर सुग्गल सामंत रन । दल दारुन गाहंत ॥ छं० ॥ २२ ॥

युद्ध का वर्णन ।

छंद रसावला॥ बोल बुल्ले घनं । स्वामि सद्दे रनं । लग्गियं सग्गरं । घार भारं भरं ॥
　　रोस लग्गै जंदं । सिंघ मद्दे मदं । वीर बीरं वरं । ओघ नषे घरं ॥छं०॥२३॥
　　सार सज्जे दुसे । वज्ज वज्जे जिसे । सार अग्गैं भिरुवें । ढक्क ढंकं षिवें ॥
　　रंग रत्ते रनं । कंक प्रछै मनं । लाग वज्जो जुरं । मेघ गज्जै धुरं ॥ छं० ॥२४॥
　　टूक तुट्टै पगं । विज्जु वाले लगं । तीर छुट्टै दुसे । रत्ति तारा जिसे ॥
　　सार उड्डै रनं । भद्द ज्यौं जिंगनं । सार मत्ती भरं । काव्वि जीर्द्द सरं ॥ छं०॥२५॥
　　पिथ पंथं वरं । लोह लग्गे लरं । कन्ह एकं अपं । अग्गि पीए षपं ॥
　　काल जित्ते ननं । मेटि आवा गमं । काल जित्ते तिने । अभ्भ योंची मिने॥छं०॥२६॥
　　सूर सूरं धरं । ठांम रुद्धी नरं । भित्त दुत्ती रनं । रिंन छुट्टै तनं ॥
　　हथ्थ कित्ती कियं । बंध छुट्टै जियं । क्रंमनासा नदी । श्रंम कीने सदी ॥ छं० ॥२७॥
　　धार धारं धरं । वीर भज्जै भरं । कालकूटं कारं । जम्म जुद्दं बरं ॥
　　बीर मत्ते परं । ढक्क ढक्के धरं । लोह लग्गे नरं । तार बज्जे हरं ॥
　　कंक जित्ती जिनं । क्रंम भज्जे तिनं । लाज सिंधू गिरे । बीर बीरं तिरे ॥छं०२८॥
　　जोति सब्बी गनं । सिद्द पुज्जै बनं । मुष्प मुच्चे ननं । घार मुच्ची घनं ॥छं० ॥३०॥

कवित्त ॥ सोलंकी सारंग । जंग जंमिन मुष लग्गिय ॥
　　हय गय भर उचार । आनि सुग्गल मुष पग्गिय ॥

भर चनि जुहिय मुष्य । तेग लंबी उभारिय ॥
घम घरियारे घत्ति । खम लोहा करि भारिय ॥
सम रंग सार टिक्किक्य पषर । गहन रूक्क मचौ सयन ॥
सुग्गल नरिंद चहुआंन भर । अंग अंग सध्यौ नयन ॥ छं० ॥ ३१ ॥

दूहा ॥ कायर मुष वैसे भए । ज्यों चित पुत्तल पांन ॥
सूरन मुष औसे भए । ज्यों नव सुंदरि जांन ॥ छं० ॥ ३२ ॥
असित असित दोइ बीर है । ता पट कैंवर अंत ॥
ज्यों जानौ तन संग्रह्यौ । वर भारथ्थं कंत ॥ छं० ॥ ३३ ॥

मुगलराज को चारों ओर से घेर कर बांध लेना ।

छंद पद्धरी ॥ उतरिय घाट पल्लेट सुबीर । पत्तेति सूर सामंत तीर ॥
घेर्‍यौ सुराइ सुग्गलय राज । गिरवर कि सिंघ ग्रह्यौ अगाज ॥
जानैं कि विंट तारक मयंक । संकन निसंक गहि षग्ग वंक ॥
रुक्कंत सूर सामंत सत्त । बल घल्यौ राज मेवात पत्त ॥ छं० ॥ ३४ ॥
उप्परिन घथ्य घथियार छत्त । बिन नेह पियां मनुहार पत्त ॥
अंगन अनंग तन लें छिपाइ । रचै र्व्रन मनच तन ज्यौं लुपाइ ॥
बंध्यौ सुराज सुग्गल नरिंद । छंडाय सस्त्र भारथ्थ दंद ॥ छं० ॥ ३५ ॥

मुगल को कैद करके इंछिनी को साथ लिये पृथ्वीराज आनंद से घर आए ।

कवित्त ॥ बंधि राज सुग्गल नरिंद । जिनि अप्पथान संपत्तिय ॥
देस देस अनभेव । कित्ति मुष्य मुष्यन कथिय ॥
रिन चढ्ढौ अरि अंग । षग्ग कोइ षंतिय पावै ॥
जस बंध्यौ सिर मौर । आइ दल दुज्जन आवै ॥
आषेट करिव फरि गिग्रह्यौ । इंछिनि रत्तौ हंस सर ॥
कलि केलि रमै कामिनि कमल । मनों मनमत्तौ भिंग भर ॥ छं० ॥ ३६ ॥

इति श्रीकविचंद विरचिते प्रथीराज रासके मुगलकथा वर्णनं नाम पंचदशमो प्रस्ताव संपूर्णम् ॥ १५ ॥

अथ पुंडीर दाहिमी विवाह नांम प्रस्ताव लिष्यते।

(सोलहवां समय।)

राजा सलष की वेटी के व्याह के वर्ष दिन बड़े सुख के साथ बीते।

दूहा ॥ बरस व्याह बीते सकल। सुंदरि सलष कुंआरि ॥
विधि विधि भोग संजोग रजि। नवल मुगध सुपियार ॥ छं० ॥ १ ॥

गाथा ॥ रन जय पत नरिंदं। पुत्तय सुतं च निरमला कित्ती ॥
नव नव मुगध सुरत्तं। चैाजुत्तं रज्ज सुष्पाइ ॥ छं० ॥ २ ॥

चंद पुंडीर की कन्या का रूप गुण सुनकर पृथ्वीराज का उस पर प्रेम होना।

दूहा ॥ चंद पुँडीर नरेस घर। सुंदरि अति सुकुमार ॥
प्रेम प्रगट राजन भयैा। गुन पुच्छन विस्तार ॥ छं० ॥ ३ ॥

चंद पुंडीर की कन्या का रूप वर्णन।

छंद चनूफाल ॥ गुन बाल वेस कमांन। सैसव सुपंचन बांन ॥
कुटि नष्प क्रमन[1] आंन। सैसव्व वै संधि जांनि ॥
लज रत्त जाचि नरंत। सैसव सुतुच्छ बलमंत ॥
नव व्रिमल उप्पम नास। अरधंत तो मनि भास ॥ छं० ॥ ४ ॥
नव नास उंप्पम पुहि। मनु काम मंजरि फुहि ॥
सोरंग ओपम पाइ। भ्रम बांन बाल बनाइ ॥
घर जंघ ओपम अभ्भ। मनु बाल कदली अभ्भ ॥
सोइ वदलि कदली चंद। छवि करन रत्त सुदंद ॥ छं० ॥ ५ ॥
जलरूप विंट विराज। उर मदन सदन सुपाज ॥
सैसव सुवै कचि छंडि। जोबन्न गुन कनि मंडि ॥ छं० ॥ ६ ॥

---

(१) छ०—अंजन

पुंडीर का कन्या देना स्वीकार करना।

दूहा ॥ सुनि ओनान नरिंद् दुक्ल। कहिय बत्त पुंडीर।
रुप अनूपम राज वरि। दिय राजन चित चीर ॥ छं० ॥ ७ ॥

शुभ लग्न विचार कर चंद पुंडीर का कन्या विवाह देना।

लगन सुदिन चथलेव करि। चंद सत्त गजराज ॥
एक अग्ग सत्तरि सुचय। नग मोती बहु साज ॥ छं० ॥ ८ ॥
परनि राज पुंडीरनी। सुन चंदानि कुंआरि ॥
दइ विधिना करि व्रिमई। ब्रह्मा विरचि सँवारि ॥ छं० ॥ ९ ॥

पुंडीर दाहिमी की कन्या के साथ पृथ्वीराज के आनन्द विलास का वर्णन।

नव जोवन जोरी नवल। छंदानित्त नवल ॥
बात विनोद बसंतरै। सुनी दाहिमी गल्ल ॥ छं० ॥ १० ॥
कवित्त ॥ नवल पुहप फल नवल। नवल नारी नव जोवन ॥
द्रव्य देषि चोइ निजरि। कवन ऐसा सिध साधन ॥
चित्त चल्लै साधक्क। विषम जोवन वै मांची ॥
कामी कलह विच्छन्न। बहुत पचि हारो कांची ॥
पुंडीर कुंअरि सों रस रमन। दाहिम्मी चित्तह लगी ॥
सुभ लगन जोग दाहिंम्म बर। दीहिम्मी राजन मगी ॥ छं० ॥ ११ ॥

विवाह का वर्णन।

ढ्रुअन ढार उहार। भार फन पति भर भग्गे ॥
गढ बर्यान सुभ थांन। सोभ कैलासह लग्गे ॥
दोइ सहस दाहर दिवांन। पुच तीनह परिमानं ॥
दोइ पुची सुविसाल। रुप रति अंग सुजानं ॥
दाहिम सुराज कायम्म कलि। षल केवा सेवा करन ॥
प्रचंड वाह मधि उप्पियहि। लष्य एक लष्षन भिरन ॥ छं० ॥ १२ ॥
काल थान कैमास। घलक चामंड घग धल्लिय ॥
सूर नूर सम सथ्य। सक्क पूजा सुर सिल्लिय।

मेवाती मुग्गल सुतथ्थ। पुचि दूक्काह परनाइय॥
मिय पुत्री सिर ताज। सुनौ प्रथिराजह व्याहिय॥
दोजांन मान चहुआंन दल। प्रथम कलस संभर धनिय॥
उच्छाह बहुत मंगल करहि। गीत गांन अलि-सुर बनिय॥ छं०॥१३॥

विवाह का फेरा फिरना।

करि तोरंन प्रकार। सार भारह पल संकिय॥
चौवेदी चौसाल। पिठु पच्छिम दिसि पंकिय॥
कमला सन मुप कमल। वेद धुनि दुज किय सज्जिय॥
चैत सुकल पष तीज। लगन गोधूलक रज्जिय॥
लता सुजोग जमघंट तजि। लगन सुद्ध मम सुद्ध यनि॥
मंगलाचार फेरा सुफिरि। अचल राज अजमेर पति॥ छं० १४॥

दहेज में आठ सखी, तिरसठ दासी, बहुत से घोड़े हाथी देना।

सषी अठु सिर ताज। अंग शृंगारि सुरँग बर।
सठ्ठि तीन दासी सुचंग। बरष सत अठु सरभर॥
एक सत्त सुभ तुरँग। दोइ एषें औराकिय॥
दोहथ्थी दस ढाल। रचे कद्दरिनि मद छाकिय॥
सुष पाल रजत सोभा सुबलि। सत पुत्तलि सेवा करै॥
डाइ चोदिस दाहिम दुचन। भुज भुजंग कीरति करै॥ छं०॥ १५॥
सात गज्ज सु विसाल। सित्त साहन सुभ्र चंगल॥
जर जरकस सिर पाव। सद्दि मांला नग न्रिमल॥
सहस एक सो ग्रंत। हुन्न दीनी चौहानं॥
जिन मंग्यौ तिन दियौ। करी कीरति सुप्रमानं॥
उच्छाह कियौ दाहिंम प्रथ। गढ उप्पर थंभह कल्यौ॥
प्रति पुच्छि चंद दाहिंम बर। परचि वित्त जल घर भल्यौ छं०॥ १६॥
दूहा॥ अति आतुर राजन मिलन। दाहिंमी मुष दिठु॥
ज्यों बद्दल में कुमुदिनी। चंद चमक्यौ निठु॥ छं०॥ १७॥

पृथ्वीराज और पुंडीरनी की जोड़ी की शोभा का वर्णन।

कवित्त ॥ बर समुद्र चहुआंन। रतन सों रतन उपज्जै ॥
दाहिम्मी उर अक्ष। कित्ति आभूषन रज्जै ॥
इह सुबंध बंधनह। जुगति बंधन बर राजिय ॥
इह अमोल मोलंन। वहमोल अह फि रि साजिय ॥
इह परषयौ कविन कित्ती चषम। वह चषम परष्षन परषयौ ॥
इह सोभ राज राजंन मधि। वह घर कंचन थरकयौ ॥ छं० ॥ १८ ॥

इति श्री कविचंद विरचिते प्रथिराज रासके पुंडीरनी दाहिमी विवाह वर्णनं नाम षष्ठदशमो प्रस्ताव संपूर्णम् ॥ १६ ॥

अथ भूमि सुपन प्रस्ताव लिष्यते ॥

(सत्रहवां समय ।)

पृथ्वीराज का कुँअरपन में शिकार खेलना ।

कवित्त ॥ कुंअरप्पन प्रथिराज । राज आषेटक चिल्लिय ॥
जोव्वने मभ्भ रवन । म्रत पच्छिम दिसि मिल्लिय ॥
भाज्जि बीर वाराह । चक्क वज्जी चावद्दिसि ॥
मुक्कि थान पंचांन । मिले सूर संम्रंभ घसि ॥
लोहांन बीर आजान भुश्र । लोहा षंगार धारया ॥
इच थांन चुक्कि अप्पथांन मुक्कि । पंचां नन रव क्कारया ॥ छं० ॥ १ ॥

हाथी घोड़े आदि का इतना कोलाहल होना कि शब्द सुनाई नहीं पड़ता ।

दूहा ॥ पंच सबद गुंजत सुगज । चै चींसंत सद स्वानं ॥
गिर गुंजत परसद्द बहु । सद्द न सुनिये कांन ॥ छं० ॥ २ ॥

सिंह का क्रोधित होना ।

कवित्त ॥ सद्दपति संभरिय । कलंन मंडे रव संभत्ति ॥
ज्यों चल बयन ग्रसंत । विप्र घोजै निगंम मिति ॥
गुन अवगुन कुल बधू । सती पति हमा मानि मन ॥
नाग अंग चंपयौ । किसार अग्गै फुक्यौ मन ॥
चिक्कयौ पम पंचाननह । बाय आस सुमंन फुल्लिय ॥
द्रिग बोल्लि द्रिष्ट लगया सकल । नेज अंग कायर चल्लिय ॥ छं० ॥ ३ ॥

दूहा ॥ कांनन सद्दन संभरत । कूह कलह आषेट ।
थह सूतो बर जग्गयौ । चित्तु दंपति घटि पेट ॥ छं० ॥ ४ ॥

कवित्त ॥ दिष्ट राज अंमेरिय । सरिस संभरिय संपत्ते ।

के हंके चक्काद । केक चावद्दिसि धत्ते ॥
के पाइक बर बान । खग्ग धारी उठि नट्ठे ॥
के असवार करार । हीन कादर ह्वै नट्ठे ॥
के गए मुक्कि पाइक्क मगय । षीर छंटि नक्कर परन ॥
दिष्षयौ संग संगावली । बियौ न कोइ धीरज घरन ॥ छं० ॥ ५ ॥

सिंह का महा क्रुद्ध होना ।

सुनिय सूर बर चक्क । धक्क धक्कौ चावद्दिसि ॥
नरन सद्द कानन प्रसद्द । सिंघ किन्नो सु क्रोध ग्रसि ॥
बीरा रसु विझुरिय । पुंछि सिर झारि झपट्टिय ॥
दीप नयन प्रज्जरिय । संग दिसि क्रमें लपट्टिय ॥
बल अतुल तोल तोलंत पय । बुद्धौ मन सद्दह गुहिर ॥
फटिय धरकि मानहु गगन । सिस सनेह संगन बहन ॥ छं० ॥ ६ ॥

दूहा ॥ आषेटक हरखे सकल । सिसु सिंघनी मिष सिंघ ॥
स्नान देषि मुहु रव करत । छोलंघे नरसिंघ ॥ छं० ॥ ७ ॥

सिंह पर तीर का निशाना चूकना, पृथ्वीराज का तलवार से सिंह को मारना ।

कवित्त ॥ सबै सेन उभसांन । मुक्कि लग्गौ बर तामस ॥
तब पंचानन उक्कि । धक्कि चहुआनां पामिस ॥
लै कमांन विय बांन । षंचि नंष्यौ विय चुक्कौ ॥
समर सिंघ सब सथ्थ । नथ्थ चावद्दिसि हंक्यौ ॥
उंमरिय उचकि विज्जुल उलकि । पग कढ्ढौ सोमेसजा ॥
चंप्यौ नरिंद अवसान तकि । षंडो झारिय हथ्थना ॥ छं० ॥ ८ ॥
चंपि स्वामि विझुरिय । लोह संमुरि नग मुक्कौ ॥
लोहा लंगर राइ । बीर अवसान न चुक्कौ ॥
स्वांमि सथ्थ परिवथ्थ । दंड धर बर उभ्भारे ॥
रुधिर अंग झंझरिय । सिंघ पारिय अभ्भारे ॥
बन राय बीर बन चित्त रुष । सूर स्वांमि भ्रंम सुरषि ॥

घर नंग बीर तल वज्जय । सवर जोर जम दढ्ढकासि ॥ छं० ॥ ९ ॥
दूहा ॥ लंगे लोह उचाह करि । अरु चावद्दिसि चाषि ॥
षथ्य आइ कर तोन द्रढ । वर कमान कर साधि ॥ छं० ॥ १० ॥
कवित्त ॥ द्रढ कमान मुठ्ठिय प्रमान । गह्यौ तकि तोन जोर कर ॥
वरकि बरकि बंगाल । चित्तत चंचल सु बोलि गुर ॥
गुंजि गरज भूभांन । जंग देवत्त रत्त जुम्म ॥
नचि निवेस तजि माल । सिंघ सम बीर इक्क हुम्म ॥
आषेट तजिय चल्लिय सुभर । विविध सिंघ दिष्षन दिसा ॥
सम बीर बीर एकत भए । तहां दिष्यौ सोमेस जा ॥ छं० ॥ ११ ॥
षेध लगि कुटि बीर । सुवर दिषि बीर अष्ट क्रम ॥
सोमेसर सुञ सूर । लयौ पर नैाजिम रविनम ॥
मुष्टि दिष्टि मरदां मरद । मिल्ले पँचानन सूरं ॥
पिता जान वेबंध । द्रव्य अधो अध पूरं ॥
चय भाग तक्किय सिंघष सुषय । मुला ब्छल संगी चव्यौ ॥
उप्पमा चंद सुनि सुपन ज्यौं । सुषर बीर देषी दव्यौ ॥ छं ॥ १२ ॥

पृथ्वीराज के शिकार की धूम धाम का वर्णन, पृथ्वीराज का एक पेड़ की छाया में अपने सरदारों के साथ बैठना ।

छंद पद्धरी ॥ आषेट रमन प्रथिराज रंग । गिरवर उतंग उद्यांन दंग ॥
उत्तंग तरुन छाया अकास । अंनेक पंषि क्रीडहिं हुलास ॥
सुब्भा सराष छुट्टे सुगंध । तहां भ्रमत भोर बहु बास अंध ॥
फल फूल भार नमि लगी साष । नासा सुगंध रस जिह्व चाष ॥ छं० ॥ १३ ॥
पन्नग प्रचंड फूंकर फिरंत । देषंत नरह ते करत अंत ॥
अंनेक जीव तहां करत केलि । बट बिटपि छांह अवलंबि बेलि ॥
इक घाट विकट जंगल दुआर । तहां बीर ब्रह्म पिथ्थल कुंआर ॥
षामंग अंग चामंड राय । चूकै न ढुंढि सो काल घाइ ॥ छं० ॥ १४ ॥
दाषिनि दिशा कन्हा सुजोध । सम ब्रह्म सस्त्र सम ताधि क्रोध ॥
लोहांन पिठ्ठ बैठो प्रचंड । जंनार जोर जम देन दंड ॥

ढिग कन्ह बैठि पुंडीर धीर। आजान बाह बज्जी सरीर ॥
चामंड अंग कैमास काल। जीवार जोध पसु घरनि घाल ॥
तिन अग्ग आइ पज्जून राइ। सब षेल निपुन पसुदाइ घाइ ॥ छं० ॥ १५ ॥
दुअ ओर और सामंत जूह। षेदानि जोर करि करी कूह ॥
कर जोरि सेन सात सहस सथ्य। उड्डंत पंषि गहि लेइ हथ्थ ॥
जुर बाज कुही तुर मती धारि। उड्डंत जीव ते लेहि पार ॥
सच लेहि स्वांन ने रोझ झुम्मि। पिष्षियै सुकारंक बिन मंस भुम्मि ॥ छं० ॥१६॥
सकल अनेक उट्ठे कराह। बट बंटि मंसनह तुहि थाह ॥
सा मरन सूर परि बथ्थ लेहि। ते बंटि बंटि सब सथ्थ देहिं ॥
षरगोस स्वांन नह लहत बांटि। फिरि चढ़े जीव ते ओठ चाटि ॥
मृगमाल पवन उठि चले भागि। तिन परसु तीर सरबसि आगि ॥ छं० ॥ १७॥
अनजीव जीव वष्षांन कोंन। सिकार लग्गि इन हाल होंन ॥
सब सथ्थ नथ्थ हुअ एक जुट्टि। गज्यौ सु सिंघ जनु गगन फुट्टि ॥
धपि चल्यौ बीर प्रथिराज धीर। लंगरिय लोह नह इक्क तीर ॥
दिष्यौ सुजाइ सिंघनिय बाल। अवतार धरिय जनु पुहमि काल ॥ छं० ॥ १८॥
गरु राइ गुंग गज्यौ गहर। उचाइ पुछ मनु पुहमि चूर।
हथवांन हथ्थ चाकंत च्याल। दहुरनि दौरि मनोद बटि व्याल ॥
आकास सीस हड्ढे प्रचंड। जम रूप जीव नाडंत तुंड ॥
हक्यौ सुराइ संजम कुंआर। कुद्यौ सु तेज जनु तीर तार ॥ छं० ॥ १९ ॥
भए लथ्थ बथ्थ नर जीव जोध। न्रप अग्ग केलि जनु मल्ल क्रोध ॥
गल बांह घल्लि दब्यौ सुसूर। फाट्यौ सु उद्दर जम दक्क पूर ॥
हथवाह एक केहरिय कीन। पय हथ्थि अंष्षि करि कंन हीन ॥
आये सु दौरि सब सथ्थ जांम। चंगा सधन्नि हम कहिय स्वांम॥ छं० ॥ २०॥

संजम राय के बेटे का वीरता दिखलाना।

दूहा ॥ संजम राइ कुमार बल। करि संजम न्रप भ्रंम ॥
इक्क मिक्क एकत भए। अप्प चम्म पसु चम्म ॥ छं० ॥ २१ ॥
गर्जनि कुंभ जिसि हथ्थ हनि। फारि चीर धर डार ॥

संजम राइ कुमार सो। बध्धन मारि पछारि ॥ छं० ॥ २२ ॥
रीछ रोझ धाराह चनि। दट्टन बट्टे कोरि ॥
तिते जीव उर मभ्झत। कढि जम दंट्टे फोरि ॥ छं० ॥ २३ ॥
गिरि परवत नद षोह सर। लंघत लगी न बार ॥
लंगा इक्कन लंघयौ। अनी धार धर धार ॥ छं० ॥ २४ ॥

पृथ्वीराज का प्रसन्न होना और उसकी पीठ ठोंकना।

कवित्त ॥ भौ प्रसन्न प्रथिराज। बोल बुल्ल्यौ सुलंगरिय ॥
इत्तौ देउं प्रचंड। पंच जो मंड़ि मोचि जिय ॥
अहा राज सु अह्व। पाट अहा तंवुलं ॥
अहा वेस सुदेस। करौं आदर संमूलं ॥
बोलंत बैन प्रथिराज सुनि। जीव लज्जि नीची नजरि ॥
लगाइ कंठ ठुक्कि पिट्ठ कर। भलौ भलौ सब सथ्थ करि ॥ छं० ॥ २५ ॥
दूहा ॥ जब दैवत्त दिखाइहै। तब सच्चा सुभ बैन ॥
मिग तिसा ज्यौं देखियै। प्यास न बुभ्भै नैन ॥ छं० ॥ २६ ॥
सुपनंतर की प्यास ज्यों। भजै मची किहि भंति ॥
जब दैवौं तब पूजिहै। जो मन मझ्भ घंति ॥ छं० ॥ २७ ॥

सब लोगों का आगे बढ़ना, एक शकुन मिलना।

इह कहि करि अग्गें चले। मिले सूर सब संग ॥
तब दिष्षौ इक सगुन बन। भए सबन मन पंग ॥ छं० ॥ २८ ॥

शकुन को देख कर सब को आश्चर्य होना।

बत्त कहत प्रथिराज नै। पिष्यौ सगुंन उतपत्ति ॥
सकल साथ अचरिज भयौ। देषन इहै चरित्त ॥ छं० ॥ २९ ॥

एक सर्प को नाचते हुए देखना।

कवित्त ॥ अहि सुरंग मनि दुत्ति। देषि मंडै तंडव गति ॥
बालमीक बिल अग्र। इक्क फनि कुटिल क्रोध मंति ॥
इक्क पंथ्थ बिच विघय। थांन उंचौ रवि संह्यौ ॥

बर संमख उर चंपि। तेज जाज्जुलि सुचिन्हो।
आचिज्ज देषि प्रथिराज तत्र। चक्काव्यौ पामर सद्दर॥
धावर सु कन्ह चहुआंन को। बोलि बीर चष्षिग मद्दर॥ छं०॥ ३०॥
मद्धर कद्धर करिवार। भार जिन जुद्ध कन्ह बर॥
नरनाहां बर ग.ढ। गाह गिर दीह दुस्सन धर॥
मति जोतिग सहदेव। सगुन आगम गम जांनै॥
प्रबल मैबासन मारि। उथपि थप्प थिर थांनै।
थिर द्वैत दमित आजांन भुअ। उर किंवार वर बज्ज जुअ॥
शाप के पीछे शिव जी कैलस गए अप्सरा मृत्युलोक में गिरी, वही जादव राज की कन्या शशिव्रता है और तुम्हें उसने पति वरन किया है।

कवित्त ॥ दै सराय सुर नारि। अप्प करि ईस थान चलि ॥
घन अस्तुति कर इंद्र। प्रमुदि अति रुद्र वानि फलि ॥
चल्लै थान कैलास। परी अच्छरी [1]म्रतं पुर ॥
जद्दव ग्रह त्रिय जाइ। उअर उप्पजी कुंअरि वर ॥
देवास थान नपि भान न्रप। तिहि पुत्री ससिव्रत कुंअरि ॥
सोई वाच रुद्र देवह सुनिय। तुअ कारन साथह उअरि ॥ छं० ॥ १६३ ॥

हंस कहता है कि इस अप्सरा का अवतार तुम्हारे ही लिये हुआ है।

दूहा ॥ और सुवर संकेत [2]सुनि। हंस कहै नर राज ॥
मेंन केस अवतार हुह। तुअ कारन [3]कहि साज ॥ छं० ॥ १६४ ॥

हंस कहता है कि राजा जादव ने शशिव्रता को कान्यकुब्जेश्वर को व्याहना बिचारा है पर शशिव्रता ने तुम्हें मन सर्पण कर शिव की आराधना की। शिव की आज्ञा से मैं हंस रूप धर तुम्हारे पास आया हूं। शीघ्र चलो। राजा का प्रस्तुत होना। दस सहस्र सेना सजना।

(१) ए०—धारा।　　(२) मो०—कह।　　(३) मो०—करि।

छंदगाथा ॥ हंस कहै न्रप राज बिचारं। जो पुछै कारन कत्यारं ॥
देव गिरि जहां न्रप भानं। ता पुत्री ससिवृत्त सुजानं ॥ छं० ॥ १६५ ॥
सो मंगी कम धज्ज सुराजं। तिहि गुन सुनि चहुवानं सुताजं ॥
छंडे तमि जिम मान सुहानं। दरन दत्त जोनै चहुवानं ॥ छं० ॥ १६६ ॥
घर सेवा सुमंध्य कलेसं। तप आचरन क्रम्म संदेसं ॥
चौं गुन तास हंस भय रूपं। पुछि चिय कारन सुनिय सु भूपं ॥छं०॥१६७॥
दीछी वै अच्छे दृढ़ नेमं। चौं पठयौ सु तुम्मह प्रति प्रेमं ॥
प्रसन ईस अंबिका सुमेनं। बुल्यौ राज सैल संकेनं ॥ छं० ॥ १६८ ॥
चढ़न कहिय राजन सो देसं। उड्डि चल्यो दच्छिन तुम देसं ॥
सुनत श्रवन चल्यौ न्रप राजं। कहि कहि दूत दुजन सिरताजं॥छं०॥१६९॥
भय अनुराग राज ढिल्ली वै। दस सहस्स सज्जी न्रप हेवै ॥ छं० ॥१७०॥

राजा का कहना कि जादव राजा के गुणों का वर्णन करो।

गाथा। जंपै दुज सम राजं। तव गुन वंन कीन अपारं ॥
हम गुन किम संभरियं। लग्गे श्रोतान राग किम जहां ॥ छं० ॥ १७१ ॥

हंस का राजा भानु जादव के गुण प्रताप का वर्णन करना।

दूहा ॥ हंस कहै राजन सुनि। दृष्ट उतपति अनुराग ॥
श्रवन सुनी संभरि सु पहु। कहीं वृत्त संजाग ॥ छं० ॥ १७२ ॥

कवित्त ॥ देवगिरि नृपभान। सोम वंसी सुनपै नृप ॥
तिन अनंत बल तेज। बहुत्त है गै पैदल तप ॥
नयर मध्य कोटीस। वसै मानिक्क अनंत छवि ॥
धर्म तप्पनह पार। न कोऊ दास रचै इक ॥
सो एक लख्य पयदल पुत्तन। पग्ग जोर 'धूंनं वचै ॥
जद्दव नरिंद सब गुन कुसल। धन प्रताप दिन दिन लचै ॥छं० ॥ १७३ ॥

उनके बेटे और बेटी के रूप गुण का वर्णन।

तास पुत्र नारेन। पुत्रि ससिवृत्ता प्रमानं ॥
दुअ अनंत सूरत्ति। रूप मकरंद सु जानं ॥

(१) मो०--धूनी।

भगिनि भ्रात दुत्र प्रीत। पिता माता प्रिय मानं॥
अति उछाह रंग रमै। असन इक ठाम प्रधानं॥
सवरिव्य भई सचदह दुत्र। अति अभूत खच्छिन प्रबल॥
लाजित सरूप यिय चंद सम। राजकुंअरि राजै अतुल॥ छं० ॥१७४॥

एक आनन्दचन्द खत्री था उसकी बहिन चन्द्रिका कोट में ब्याही थी, वह विधवा हो गई और भाई उसको अपने यहां ले आया।

तिन राजन कै मंच। नाम आनंद चंद भर॥
तिन भगिनी चंद्रिका। व्याह व्याही सु दूरि धरि॥
नैर कोट विस्तार। तास थिचीय प्रमथ बर॥
अति सु प्रीति नर नारि। सुष्य अनुभवै दीह पर॥
कोइक्क दिवस भर तार वहि। तुच्छ दीह परलोक गत॥
आनई वहनि फिर अप्प ग्रह। अति सु दुष्य निसि दिन करत॥छं०॥१७५॥

वह गान आदि विद्या में बड़ी प्रवीणा थी।

दूहा॥ अति प्रवीन विद्या लहन। गान तान सुभ साज॥
केइक दिन अंतर वहिग। गइ अंते बर राज॥ छं० ॥ १७६॥

उसके पास शशिव्रता विद्या पढ़ती थी।

तिन संगह ससिव्रत्त सुत्र। पठन विद्य सुभ काज॥
देवि कुंवरि अद्भुत अवय। रंजित है अति लाज॥ छं० ॥ १७७॥

उसी के मुख से आपकी प्रशंसा सुन कर वह आप पर मोहित हो गई है।

कवित्त॥ जब थिचिन चंद्रिका। कहै गुन नित चहुवानं॥
जेस पराक्रम राज। तेइ बरनै दिन मानं॥
राजकुंअरि जब सुनै। तबै उभरै रोम तन॥
फिरि पुच्छै ससिव्रत्त। सहि एकंत मत्त गुन॥

जे जे सु पराक्रम राज किय। सोइ कहै षिचिन समथ॥
श्रोतान राग लग्यौ उभर। तो हत्त खिनौ सुनौ सुकथ॥ छं०॥१७८॥

यों ही दो वर्ष बीत गए, बाल्यावस्था बीतने पर काम की चटपटी लगी।

दूहा॥ यों वरष दुत्र वित्ति गय। भइय वैस बर उंच॥
तब कामन सु कलेव सुर। करे सेव सुचि संच॥ छं०॥ १७९॥

तभी से नित्य शिव की पूजा कर के वह तुम्हें मिलने की प्रार्थना करती रही।

हर सेवा निस प्रति करै[1]। मन वचा क्रम बंध॥
बर चहुआन सुकामना। सेवा ईस सुगंध॥ १८०॥
कवित्त॥ कहै हंस सुनि राज। करौं ब्रंनन सु कह्यो गुर॥
दिवस च्यार प्रजंत। ओर मो सरन लह्यो पर॥
सेवत नित प्रति ईस। मास पंचह वित्तिय वर॥
एक सुदिन सिव सिवा। वचन संपुट लग्गी कर॥
देवाधि देव सुनि ईस बर। करि सुचित्त कूंअरि सु व्रत॥
पारथ्थ खंड माली सरस। पर संगा गवरी करत॥ छं०॥ १८१॥
दूहा॥ इह सुनि दस दिन गए बहि। सुनि रहि वचन सुईश॥
एक सुदिन ससिवृत्त ने। किय द्रढ नेम जगीश॥ छं०॥ १८२॥
बर बरिहौं संभरि सु पहु। वियौ पुरुष सुभ भ्रात॥
मिलन कियो हर मास प्रति। भविवै संनर घात॥ छं०॥ १८३॥

शिव पार्वती का प्रसन्न हो कर सपने में बर देना।

बचन सिवा सिव बाच दिया। पति पावै चहुआन॥
बर प्रमुदिय प्रथमाधि पति। हुअ सुपनंतर मान॥ छं०॥ १८४॥
कै जानै मन अप्पनौ। कै षिचिन कै ईस॥
और शिवा सुनि ईस प्रति। किय अस्तुति बर दीस॥ छं०॥ १८५॥

(१) मो.—करन।

प्रसन्न हो कर शिव पार्वती ने मुझे तुम्हारे पास भेजा है
कि जयचन्द ब्याहने आवेगा सो तुम रुक्मिणी
हरण की भांति इसे हरण करो।

कवित्त ॥ हुअ प्रसंन सिव सिवा। वोलि हूं पठय तुम्भ प्रति ॥
इह वरनी तुम जोग। चंद जोसना वान हत ॥
ज्यों रुक्मिनि हरि देव। प्रीति अति वढ़ै प्रेम भर ॥
इह गुन हंस सरूप। नाम दुजराज भनिय चर' ॥
वुल्लिय सु पिता कमधज्ज नर। व्याहन पठयौ सु गुर दुज ॥
आवै सु भ्रात जैचंद सुत। कमध पुंज व्याहन सुकज ॥ छं० ॥ १८६ ॥

राजा ने फिर पूछा कि उसके पिता ने क्यों व्याह
रचा और क्यों प्रोहित भेजा।

दूहा ॥ फिरि राजन यों उच्चरिय। सुनि दुजराज सुजान ॥
पिता व्याह क्यों कर रचिय। क्यों प्रोहित पठवान ॥ छं० ॥ १८७ ॥

हंस का कहना कि राजा ने बहुत ढूंढ़ा पर दैव की इच्छा उसे
जयचन्द ही जंचा। वहां श्रीफल ले प्रोहित को भेजा।

कवित्त ॥ कहै दुज सकल वांनि। अहो ढिल्ली नरेस सुनि॥
देवगिरी जद्दव नरेस। रचि वहु भांति व्याह गुनि ॥
अति रचना विधि करिय। तासु गुन कहि न सकों वर ॥
संपयक दुज कही। सुनि र राजंन कहै नर ॥
प्रोहित सुहत्थ जदुनाथ लै। पठइय श्रीफल सुदिन धरि ॥
कनवज्ज दिसा इकमास प्रति। चलि' राजन गुर मिलि सुजुरि॥छं०॥१८८॥

प्रोहित ने जयचन्द को जाकर श्रीफल और
वस्त्राभूषण आदि अर्पण किया।

मिले राज जयचंद। सु गुर प्रोहित्त समत्थं ॥

(१) मो.—चं। (२) मो.—चलि राजग।

पठए जद्व सुनाथ। वस्त श्रीफल सुभ सत्थं॥
हय साकति सजि पंच। सहस इक वस्त्र पटंबर॥
मुत्ति माल जुरि पंच। अवर जो वस्त व्याह पर॥
हेमंग पंच सत छेइ दुज। सुर राजन अग्गै धरिय॥
ते वस्त अनेकं विधि सुबर। रंजि राज अप्पन सु जिय॥ छं० ॥ १८८॥

टीका देकर प्रोहित ने कहा कि साहे को दिन
थोड़ा है सो शीघ्र चलिए।

मिलि प्रोहित जैचंद। दियौ श्रीफल सुबिंद कर॥
जे पठई बर वस्त। अग्ग लै धरिय राज बर॥
सोइ श्रीफल कमधज्ज। दियौ सुइ अवध पुंज नर॥
अति उछाह माननिय। मिले रस हास परसपर॥
बोलयौ तब प्रोहित सुबर। अहो राज पंगुरन सुनि॥
लै चलै बींद नमकरि [1]बिलंब। दिन तुच्छै साहौ सु पुनि॥ छं०॥१९०॥

प्रसन्न होकर जयचन्द का चलने की तयारी
और उत्सव करने की आज्ञा देना।

दूहा॥ ह्वै प्रसन्न बहु पंगुरै। दियौ हुकुम सुभ बंध॥
प्रेरि सथ्थ जब अप्प पर। आति पर घर सुभ नंघ॥ छं० ॥ १९१॥
सज्जि सेन चतुरंग नर। देवग्गिरि कज व्याह॥
अति अगनित सथ द्रव्य लिय। नर उच्छव करनाह॥ छं० ॥१९२॥

हंस कहता है कि वह पचास सहसू सेना और सात सहसू
हाथी लेकर आता है अब तुम भी चलो। पृथ्वीराज
ने दस सहसू सेना लेकर चलना विचारा।

छंद पद्धरी॥ चढि चलिय सब्ब रट्ठौर सेन। उडि रैंन रथ्थ रुकिय सुगेन॥
दस लष्ष सेन सज्जिय कमंध। वाहनिय गंध दै सजि मदंध॥छं०॥१९३॥
सा अब लष्ष पै पुच्छिय नैर। इज्जार सात दैगल सु भैर॥

(१) मो.- बिरम।

दर क्रूच परे वल वंस ¹वीर । व्याहनह काज उच्छव सु बीर ॥छं०॥१९४॥
कह हंस राज राजन सु वत्त । चढ़ि चलौ कबू रय्यन सुकत्थ ॥
तुम योग नारि बरनी ²कुमारि । हूं पठय ईस तुअ हत्त नारि ॥छं०॥१९५॥
उन लियौ हत्त तुअ हढ़ह नेम । नन करि विरम्म राजन सु एम ॥
इक मास अवधि दुजकहै वत्त । व्याहन सु काज मन करौ ³रत्त॥छं०॥१९६॥
वर ईस भयौ अह सिवा वानि । सुख लहौ बहुत हम दुज बखानि ॥
सुनि सुनि श्रवन अनुराग कीन । तन रोम अंग उम्भारि चीन्ह॥छं०॥१९७॥
दस सहस सेन सजि पास राज। चह्नैं सुचित्त करि वाज साज ॥छं०॥१९८॥

पृथ्वीराज का शशिवृता से मिलने के लिये संकेतस्थान पूछना ।

दूहा ॥ कह संभारि वर हंस सुनि । कह जद्दों संकेत ॥
कौन थान हम मिलन है । कहन वीच संमेत ॥ छं० ॥१९९॥

ब्राह्मण का संकेतस्थान बतलाना ।

गाथा ॥ कह यह दुज संकेतं । हो राज्यंद धीर ढिल्लेसं ।
तेरसि उज्जल माघे । व्याहन बरनीय थान हर सिद्धिं ॥छं०॥२००॥

राजा का कहना कि मैं अवश्य आऊंगा ।

दूहा ॥ तब राजन फिरि उच्चरै । हो देवस दुजराज ॥
जो संकेत सु हम कहिय । सो अप्पौ चिय काज॥ छं० ॥ २०१ ॥

हंस का कहना कि माघ सुदी १३ को आप वहां अवश्य पहुंचिए ।

अरिल्ल॥ सो अप्पिय हम नेम सु दृढ्ढं । तुम अवस्य आवो प्रभु गढ्ढं ॥
सेत माघ त्रयोदसि सा वद्धि । हर सुकलेव थांन सुति भावद्धि॥छं०॥२०२॥

इतनी वार्ता करके हंस का उड़ जाना ।

दूहा ॥ इह कहि हंस सु उड़ि गयौ । लग्यौ राज श्रोतान ॥
छिन न हंस धीरज धरत । सुख जीवन दुख प्रांन ॥ छं० ॥ २०३ ॥

(१) मो.-चरि ।　(२) मो.-कुंआरि ।　(३) मो.-सत्त ।

दस हजार सेना सहित पथ्वीराज का तैयारी करना।

दस सहस्र हैंवर चढ़िय। न्नप दिल्ली चहुआन ॥
हुकम सद्दि साहन कियौ। दै हृरन विलहान ॥ छं० ॥ २०४ ॥

राजा का सब सामंतों को हाथी घोड़े इत्यादि बाहन देना।

छंद भुजंगी॥ दियौ कन्ह चहुआंन मानिक्क बाजी। जिनैं देषतें चित्त की गत्ति लाजी।
सुषं मभ्भ्क पायं कढ़ै वाज राजं। मनो वग्ग भीषं छतं कढ्ढि पाजं ॥छं०॥२०५॥
दियौ बाजि इंदं बरं जास देवं। दियै तेज ऐसैं चिरं पंघ एवं ॥
धरै पाइ ऐसे इलं मक्खिक्क जैसे। सुनै जैन भ्रंमं धरै पाइ तैसे॥ छं० ॥ २०६॥
चढ्यौ राव कैमास चिन्तं तुरंगी। रहै तेज पासं उछद्दंत अंगी ॥
[1]चमक्कंत [2]नालं दिसालं खुरंगी। मनो बीज छब्बी कि आभा अनंगी छं०॥२०७
उड़ै भ्कार भ्कारं पयं नाल झारी। समं बूंद धावै मनैां चार तारी ॥
चढ़े राजहंसं सु चामंड [3]जोटं। मनो तेज बंधी मुनी बाइ मोटं॥छं० ॥२०८॥
डुलै [4]कंन नांहीं सिखीका सुग्रीवं। मनों जोति बंधी [5]सुनूवात दीवं ॥
चढ्यौ राज षीची प्रसंगं पह्रूपा। उड़ै वास ज्यों वाय [6]वग्गै अनूपा॥छं० २०९॥
बंध चैार चित्तं चमक्कंत चाहं। हरद्दार छुट्टै कि गंगा प्रवाहं ॥
चढ्यौ राज पट्टं अजानंत बाहं। कही कव्विराजं उपम्माति चाहं॥ छं० ॥२१०॥
दियै [7]बीच तारी कोई नाहि पुज्जै। बलं ताहि दिष्षै सरित्ता अमुझै ॥
दियौ म्रग्गराजं चढ्यौ देवराजी। उड़ै पंखि पाजी रही पच्छ लाजी॥छं०॥२११॥
चढ्यौ निड्डुरं राइ अंगं अभंगं। छुटै जानि तारान के व्योम मग्गं ॥
चढ्यौ हाहुलौ राइ जंभू नरिंदं। बढ्यौ बांन ज्यों तेज कम्मान चंदं॥छं०॥२१२॥
चढ्यौ लंगरी राव लंगा सुबीरं। किधों वाय बढ्यौ बुभ्रं जानि धीरं ॥
चढ्यौ राज गोइंद आहुट्ठ राजं। किधों वाय बुंदं स छुट्टीय साजं॥ छं० ॥२१३॥
चढ्थौ राव लघषं सु लषषं पवारं। भ्रमें अंग ऐसे उपम्मा विचारं ॥
किधों अग्गि दंडं भ्रजं बाल फेरैं। किधों भोर हथ्थं किधों चक्र हेरैं॥छं०॥२१४॥

---

(१) मो.—चमक्काति। (२) मो.—तालं।
(३) ए.—जोतं। (४) ए.—कैन। (५) ए.—सुनि बात।
(६) मो.—अगै। (७) मो.—बाच।

किधौं राति वोहिथ्य भ्रमि भोर नारं। कही चंद कव्वी उपंमाति चारं।
चढ्यौ चंद पुंडीर राजीव नामं। तिनं [1]ओपमा चंद देषी विरामं॥छं०॥२१५॥
जिनें गत्ति जीती सयन्नं पगारं। चली झंपि के पंष चित्तं वधारं॥
चढ्यौ अत्त ताई उतंगं तुरंगा। मनों बीज की गत्ति आभा अनंगा॥छं०॥२१६॥
चढ्यौ राव रामं [2]रघूवंस वीरं। गतिं सूर जित्ती म्रगं चंद भीरं॥
चढ्यौ दाहिमं देव नर सिंघ कैसे। मनों चित्त की अर्थ की गत्ति जैसे॥छं०॥२१७
चढ्यौ भोज राजं पहारं चिनैतं। फुटै सद्द तेजं अवाजं [3]चितंतं॥
चढ्यौ वीर जोद्धं कनक्कं कुमारं। चली क्रत्य पूरन्न आचार पारं॥छं०॥२१८॥
चढ्यौ राव पज्जून कूरंभ वीरं। वढ़े लोह अग्गं धनं जैतपूरं॥
चढ्यौ सामलौ सूर सारंग ताजी। गही होड़ वंधी वयं वाम पाजी॥छं०॥२१९॥
चढ्यौ अल्हनं वीर वंधव्व पानं। चढ्यौ दान ज्यों अहनं जुद्ध वानं॥
चढ्यौ लष्प लष्पी सलष्पं वघेला। चढ्यौ नेत ज्यों देह देषै सु हेला॥छं०॥२२०॥
चढ़े सव्व सामंत छल वलत वीरं। मनों भान छुट्टी [4]किरन्नौ कि तीरं॥
चढ्यौ वाज राजं प्रथीराज राजं। तवै पष्षर्यो वाज साकत्ति साजं॥छं०॥२२१
उड़ैं सूर ज्यों हंस तुट्टै कमंधं। वरं ओपमा चंद जंपी कविंदं॥
द्रुमं ज्यों मरोरै [5]शिरं स्वामि हेतं। मयूरं कला वाज रची वंधि नेतं॥छं०॥२२२॥
चढ़े सव्व सामंत सामंत वीरं। तवै जग्गियं जानि जोगाधिधीरं॥
जगी जोग माया सु जग्गीय थानं। प्रलीनं प्रलै ज्यों प्रलीनं प्रमानं॥छं०॥२२३॥
जगें वीर वीराधि डोरू बजावैं। नचै नद्द नंदी चिघाई चिघावैं॥छं०॥२२४॥

माघ बदी पञ्चमी शुक्रवार को पृथ्वीराज का यात्रा करना।

दूहा॥ [6]आगम निगम जांनि कै। चलि न्रप [6]सुक्रवार॥
माह वद्दि पंचमि दिवस। चढ़ि चलिये तुर तार॥ छं०॥ २२५॥

चन्द का सेना की शोभा वर्णन करना।

छंद चोटक॥ कवि चंद सु वंनन राज करं। सोइ चोटक छंद प्रमान धरं॥

(१) मो.-उप्पमा। (२) मो.-रघोवंस।
(३) मो.-चिनेतं। (४) मो.-किरन्नं।
(५) ए.-सिरं। (६) ए.-अगम निरागम।

जिहि च्यार परे सगना सगनं। सुभ अच्छिर लाइ तजै अगनं॥छं०॥२२६॥
विवहार धरै बरनं सु बरं। पढ़ि पिंगल बाहन कोन हरं॥
वर चोजन चारु सुरंग इलं। तहां और न मोर सुरंग हुलं॥छं०॥२२७॥
गज उप्पर ढाल ढलक्कि तरं। सुकहौं तहां केलि [1]अचिज्ज बरं॥
तहां पल्लव [2]लल्लित रत्त वचं। तहां जे धन दंतिय पंति रचं॥छं०॥२२८॥
झमकैं बर नंग मयूष कसी। निकसी तहां केतक सी बिकसी॥
सु चलें बर मंद सुगंध प्रकार। बढ़ी दिसि दस्स सु उज्जल मार॥छं०॥२२९॥
बजै मह रंग सु गंधन अंग। बजे सहनाइ न फेरि [3]उपंग॥
हलै बर लत्त पवन्न झकोर। घरघ्घर होहिं पिलप्पित जोर॥छं०॥२३०॥
बुलै कल कंठ सु कंठह सद्द। तहां चढ़ कव्वि वसीठ उवद्द॥
सकेस कुसंम रु अंकुस पानि। हने हर काम असो [4]गज जानि॥छं०॥२३१॥
अतसी बर पुप्फ सु वाढ़हि भृंग। बजै गज पांनि सु इंदुब रंग॥
लता ललिताइ हलावन ढाल। उतह जम लग्गय रुपतिताल॥छं०॥२३२॥
विकासित केसर [5]कुंकुम कांम। सरोज [6]सुरंभ अनूपम नांम॥
उहां मिटि ताल तरंगिनि कांम। उहां चलिते निय ना तिहि ठांम॥छं०॥२३३॥
उहां बरहा जनु उप्परि केल। किने तब ढीठ हिया छबि मेल॥
हलं जनु नेजे षजूर बसंत। ढली बन राह सुढालह मंत॥छं०॥२३४॥
तजी बर बाल सुरंग सुभेस। चल्यौ प्रथिराज सु दष्षिन देस॥
विरदै चहु विप्र कहै कविचंद। सही चहुआन प्रथी पर इंद॥छं०॥२३५॥

दूहा॥ चढ़्ढि चलिय प्रथिराज बर। देवग्गिरिधर राज।
तब सुकन्ह बरदाय बर। पुच्छिय बिगत सुकाज॥ छं० ॥ २३६ ॥
कहत कन्ह बरदाय बर। अहो राज सुभ मांनि॥
कहो पयांन सज्यौ कहां। सोहम कहौं प्रमांन॥ छं० ॥ २३७ ॥

चलने के सयम राजा को भय दिलानेवाले सकुनों का होना।

(१) मो.--अचज्जि। (२) मो--लालित।
(३) ए.--उतंग। (४) मो.--गिन।
(५) ए.--कुसुम। (६) मो.--सरूप।

कवित्त ॥ चढ़त राज प्रथिराज । सगुन भै भीत उपन्नौ ॥
स्याम अंग तन छिद्र । कलस संसुहं सपन्नौ ॥
रत्त वस्त्र आरुह्य । रत्त तिलकावलि छुट्टिय ॥
लुकत माल छुट्टियं । केस छुट्टिय कस तुट्टिय ॥
तुट्टिय अनंग भय भीत गति । मन असुभ्भ निद्रा [1]असति ॥
विम्भाइ भाइ जनमोद पति । मंद मंद सक्रति हसति ॥छं०॥२३८॥

राजा का इन शकुनों का फल चन्द से पूछना ।

अरिल्ल ॥ लो भय भीत रेपि कवि पुच्छिय । जंपि कहौ मति सोहि सु अच्छिय ॥
तुम सव जांन विभान प्रमानं । जंपि कहौ कविराज सुजानं॥छं०॥२३९॥

चन्द का कहना कि इस शकुन का फल यह होगा कि या तो कोई भारी झगड़ा होगा या ग्रहविच्छेद ।

दूहा ॥ पाछे वीर सगुन्न भय । ते कहंत कविचंद ॥
कै दंदग्गेनय ऊपजै । कै नवीन ग्रह दंद ॥ छं० ॥ २४० ॥

चन्द ने राजा को जैचन्द के पूर्व वैर का स्मरण दिलाकर कहा कि इस काम में हाथ देना मानों बैठे बैठाए भारी शत्रु को जगाना है ।

कवित्त ॥ सीस डोलि कविचंद । चित्त अंदेह उपन्नौ ॥
पुव्व वैर चहुआन । वैर कमधज्ज दिपन्नौ ॥
सवर जोर संग्राम । निवर अँगम्यौ न जाइय ॥
को जम हथ्थ पसारि । लेह [2]ग्रह अप्प बुलाइय ।
[3]मंडाय पेट डंकिन सरसि । कोन वांह सायर तिरै ॥
[4]अपसगुन जानि चहुआन चलि । दै विधान न्निम्मित करै ॥छं०॥२४१॥

वय, पराक्रम, राज और काम मद से मत्त राजा ने कुछ ध्यान न दिया और दक्षिण की ओर शीघ्रता से वह चला ।

(१) मो.-असित (२) मो.-सह । (३) ए. कृ. को.-मंडाय । (४) ए. कृ. को.-असुम्भ ।

कवित्त ॥ बेस मद्द वल मद्द । और बंध्यौ सुरतानी ॥
राज मद्द उनमद्द । काम मद्दह परिमानी ॥
अरु अवनी औतांन । तौन बंध्यौ चहुआनं ॥
दल बद्दल पावल्ल । चल्यौ दछ्छिन धर वानं ॥
[1]छतीस कुली वर वंस विय । चढ़ि प्रथिराज नरिंद चलि ॥
उपवन्न बंब वज्जी विषम । खान यान दिगपाल हलि ॥छं०॥२४२॥

पृथ्वीराज से पहिले जैचन्द का देवगिरि पहुंचना।

दूहा ॥ इन अग्गैं कमधज्ज लै । आइ संपती थांन ॥
माघ नवमि चंबक बजै । चहुआना परिमान ॥ छं० ॥ २४३ ॥

जैचन्द के साथ की एक लाख दस हजार सेना का वर्णन।

जैचन्द का आना सुन शशिव्रता का दुखी होना।

कवित्त ॥ [2]एक लष्ष दस अग्ग । सेन सज्जे कमधज्जं ॥
बीय सहस बारुन्न । सत्त हज्जार फवज्जं ॥
अद्ध लष्ष पैदल्ल । अद्ध साइक वहंतं ॥
सजि समूह चतुरंग । दिसा दछ्छिन [3]परजंतं ॥
सुनि श्रवन कुंअरि शशिव्रत्त लिय । सुनि अवाज वर बीर घन ।
चहुआन हत्त लीनी अभ्रम । प्रान हीन कद्ढन सुमन ॥छं०॥२४४॥

शशिव्रता मन ही मन देवताओं को मनाती है कि मेरा धर्म न जाय और उसका प्राण देने को प्रस्तुत होना।

दूहा ॥ भिखि पूजै वर बीर कौ । करी भगति घन भाइ ॥
बाला प्रान [4]सुकढ्ढनह । अंतर अम्म न जाइ ॥ छं० ॥ २४५ ॥

सखी का समझाना कि व्यर्थ प्राण न दे, देख ईश्वर क्या करता है। ईश्वरी लीला कोई नहीं जानता। सखियों

(१) मो.-छत्रीस। (२) ए.कृ. को.-एह।
(३) ए. कृ. को.-फरजंतं। (४) मो.-फढ्ढतँह।

का श्रीरामचन्द्र, पाण्डव आदि के प्राचीन इतिहास सुनाकर धीरज धराना।

[1]कहै सपौ समझाइ कर। पुत्र गाथा कहुं मंडि ॥
घरी अद्ध जो सुनिहि तुम्र। प्रान वाल नन छंडि ॥ छं० ॥ २४६ ॥
छंद पद्धरी॥ मिलि वाल ताहि रचि कहैं वत्त। संग्रहन भवन क्यों मिटै पत्त॥
दैवान वत्त जानै न कोइ। लिष्ये जु अंक मिट्टय न सोइ ॥छं०२४७॥
वल वीर जुद्ध पंडव नरेश। वन ग्रह्यौ राज मुक्यौ सुदेश॥
[2]जिप्पनह सब्ब दुगपाल जोग। संध्यो सुजोग तजि राज भोग ॥छं०॥२४८॥
वलि राइ जग्य आरंभ सत्य। जित्तनह इंद्र आरंभ पत्त ॥
मुक्किय सुथान तिन मान पंडि। सेवह सुदेव पाताल मंडि ॥छं०॥२४९॥
कट्टन कलंक शशि जग्य कीन। का कुष्ट अंग छिन मान हीन ॥
नघु राइ कीन राज सु अनूप। का कुष्ट काल संहर्यौ कूप ॥छं०॥२५०॥
श्रीराम हथ्थ पकर्यौ प्रवीन। आरन्य वहुत दुष सीय कीन ॥
गुरुदेव त्रिया तारा प्रमान। झकझोरि परी देवन समान॥छं०॥२५१॥
सिय लई निशाचर रूप चीन्ह। मिलि देव जुद्ध आरंभ कीन॥
आतम्म घात [3]मंडो विशाल। पावैं न सुष्ष व भ्रमें काल॥छं०॥२५२॥
तिय मात तात बंधह सु देहि। वाला विचित्र ते [4]हत्त लेहि ॥
कुलजाहि भ्रंम ग्रह राजनीति। जे मँडहि वाल गुर जनन जीति॥छं०॥२५३॥
शशिवृत्त जु वत्तिय मत्ति मानि। हित काज मत्ति हम दै प्रमान ॥
पंषी न पच्छि वो लगै धाइ। आवै न हत्त पै जंम जाइ ॥छं०॥२५४॥
आवै न मेह ग्रह लगै अग्गि। पावै न जीव को दान मग्गि ॥
मानै न विनति तिन मंत सुझ्झ। जनु कान हीन गुर कही गुझ्झ॥२५५॥
मंनै न वाल उर मत्त मान। चिंत्यौ सुतात कढ्ढन परान ॥छं०॥२५६॥
चौपाई ॥ मिलि मिलि बाल रचावैं बाल। तन मनः मनेः न चित व्रत साले ॥
बहुत करे सिंगार सार। मनो मृतक नव रंग न धारं ॥छं०॥ २५७॥
छंद पद्धरी ॥ राजन अनक पुत्री त्ति व्याह। शशिवृत्त देव कन्या सिवाह ॥

(१) मो.-कही। (२) मो.-जिप्पतह।
(३) मो.-मंडे। (४) ए. कृ. को.-हृद्द।

चहुआन चिंत जुग्गिन [1]पुरेस। आवृत्त बीर जिन करहु मेस॥ छं०॥२५८॥
निश्चरै वाद जौ करौ मंच। साभम्म वीर कढ्ढै [2]जु कंत ॥छं०॥ २५९॥

राजा का पृथ्वीराज के आने और शशिवृता के प्रेम का समाचार जानकर हंमीर संमीर (?) से मत पूछने लगा।

दूहा॥ कंति कंति प्रति बढ्ढई। चढ्ढ चाइ चहुआन॥
मो पुच्छै प्रति तान जो। बीर चंद दै दान॥ छं०॥ २६०॥

हंमीर संमीर का मत देना कि वीरचन्द को कन्यादान दीजिए।

गाथा॥ बीरं चंद सुदानं। पानं विधाय निक्तयौ गुरयं॥
बुल्लै न्रप हंमीरं। साइ संमीरं साइ मंगायं॥ छं॥ २६१॥
दूहा॥ जं हंमीर संमीर गति। समुंद सु दुज्जन मेव॥
जिन बड़वानल कुप्पयौ। सार मंत्ति प्रति सेव॥ छं०॥ २६२॥
सार भार संसार कौ। नव निधि नव प्रति पान॥
व्याह वीर शशिवृत्त कौं। अप दीजैं प्रति दान॥ छं०॥ २६३॥

कन्या के प्राण देने के विचार और शकुन विचार से राजा भानु ने चुपचाप पृथ्वीराज के पास दूत भेजा।

बाल प्रान कढ्ढत सुपुनि। सगुन एक मन मान॥
बढि अवाज चहुआन की। अखी सुन्यौ अप कान॥ छं०॥ २६४॥
यौं सु सुनिय न्रप भांन नैं। पुनि प्रलय व्रत कीन॥
चर [3]पिष्षिय चहुआन पै। जइव [4]मोकल दीन॥ छं०॥ २६५॥

राजा ने पत्र में लिखा कि शिव पूजा के बहाने शिवाले में तुम को शशिवृता मिलेगी।

सुकार मति वंतिनी। न्रप कग्गद दै हथ्थ॥
पूजा मिसि बाला सुभर। संभु थान मिलि तथ्थ॥ छं०॥ २६६॥

(१) ए. कृ. को.- परेस। (२) मो.-सु।
(३) ए. कृ. को.-छिप्पय। (४) मो.-कलि।

इधर पृथ्वीराज के सरदारों का उत्साहित होना।

कवित्त ॥ हय गय दल चतुरंग। कांक संझोति कन्ह सिर ॥
राजहव वग्गरी। रांम रघुवंस जुद्ध जुर ॥
निडुर रा रट्ठौर। सेन सज्जै धत रज्जै ॥
एक एक संपज्ज। एक एकन गुन लज्जै ॥
जुग्गिनि डहकि वंवरि लसथ। जिम जिम शंकर सिर [1]धुनिय ॥
अत ताइ उत उत्तंग वर। बावारो सारह [2]सुनिय ॥ छं० ॥ २६७ ॥

कवि कहता है गन्धर्व व्याह शूरवीर ही करते हैं।

गाथा ॥ सार प्रहारति भेवो। देवो देवत्त जुद्धयौ वलयं
गंध्रव्वी प्रति व्याहं। सा व्याहं सूर कलयामं[3] ॥ छं० ॥ २६८ ॥

पृथ्वीराज का आना सुनकर मन ही मन राजा भान का प्रसन्न होना, परन्तु वीरचन्द का सशंकित होना।

कवित्त ॥ सन [4]सद्धि संमुहिय। भान आवाज राज सुनि ॥
प्रान लद्धि जो मद्धि। लाज लभ्भी जु सूर धुनि ॥
प्रिय विरहिनि रिधि रंक। कै ध्यांन लभ्भै जोगिंदं ॥
वलह काम कलहंत। कि कह विश्वासत इंदं ॥
संभरिय कान संभरि न्रपति। बीर चंद आगम विपम ॥
निह काल काल भंजन गढ़ै। वढ़ै सार सारह विद्धम ॥छं०॥२६९॥
दूहा ॥ सार धार पूजै नहै। पिति सामंत न नाथ ॥
आवृत बीर क्यों पूजई। दैव दैवतह साथ ॥ छं० ॥ २७० ॥
गाथा ॥ दुअ वंस हंस सरिसं। वज्जं बाहू वलयो वलयं ॥
वज्जं दृष्टित रिष्टं। सानिष्टं अष्टयो किलयं ॥ छं० ॥ २७१ ॥
अरिल्ल ॥ वर वारिष्ट वर लोभ प्रकार। लष्य लष्य सा मंतह सार ॥
तिन वर बर अगम प्रति जानिय। सो देवत देवत्तह मानिय ॥छं०॥२७२॥
कवित्त ॥ अति प्रचंड बलवंड। वैर [5]वाहरू तत्ताइय।

---

(१) मो.-धुनय। (२) मो.-सुनय। (३) कलयामि। (४) मो.-मध्य।
(८) मो.-वाहरू तनाइय।

माया हीन मसंद। दंद दारुन डर नाइय॥
दल दुंदन सिंधु रहि। बाहु दंतन उप्पारहि॥
एक एक संग्रहै। एक शस्त्र करि डारहि॥
दैवत्त वाह दैवत्त भर। दवग्गिरि संरुद्धौ चलिय॥
बर बीर धीर साधन सकल। अकल महूरति मति कलिय॥छं०॥२७३॥

दूहा॥ अकल वीर रस अफल भुज। कलि न जाहि सामंत॥
भीम भयानक बल सु हत। जे भंजै गज दंत॥ छं० ॥२७४॥
[1]लभ्भै जस लिग्घीय बर। दैव जोग नह[2] हथ्थ॥
पुब्ब दई प्रथिराज कौं। सोइ प्रन मन समरथ्थ॥ छं० ॥ २७५ ॥
चाहुआन के कृत सयन। मरन सरन प्रथिराज॥
उभै सिंघ दुअ बीच पल। उभै सिंघ सिर ताज॥ छं० ॥२७६॥

गाथा॥ घटिका उभय सु देवो। रहियं निकट राजनं ग्रामं॥
जानिज्जै न्रप नैरं। दिष्ष न काजैव सोभियं नैनं॥ छं० ॥ २७७॥

दूहा॥ रंभ गवष्षनि नैर मधि। जारि न चिंत प्रमान॥
मानहु न्रप प्रथिराज कौ। रंभ नैन [3]प्रत प्रान॥ छं० २७८॥

पृथ्वीराज का नगर में होकर निकलना, स्त्रियों का झरोखों से देखना। शशिव्रता का प्रसन्न होना।

कवित्त॥ दुक्क पास न्रप नयर। राज दिष्षै प्रति राजं॥
मनों हथ्थ बर नयर। राज संमुह प्रति साजं॥
कोट कठिन मेखल सु। कटि दिग पलक उघारिय॥
राज किति संभरन। गोष श्रवनन संभारिय॥
किंकिनि सुपाइ घुंघर सु गज। राज निसान सबद्द प्रति॥
चहुआन राव आगम सुन्रत। कमल हीय बद्दिय सुरति॥छं०॥२७९॥

राजा भान के हृदय में पृथ्वीराज का आना सुनकर हर्ष शोक साथ ही उदय हुआ।

(१) मो.-लभै सुजस लिक्खंत बर। (२) मो.-नन।
(३) मो.-तजि।

दूहा ॥ कास कलह रत बद्दिह प्रति। सुनिव भाम न्रप कान ॥
आनंदह दुप उप्पज्यो। मरन सु निश्चय मान ॥ छं° २८० ॥
श्लोक ॥ मंगलस्य सदा व्याहं। अव्याहं सु मंगलं ॥
ब्रह्मा चकितं समो दृष्टे। [1]अेक कंज सु वंजभिः ॥ छं° २८१ ॥

पृथ्वीराज की सेना का उमङ्ग के साथ नगर में घूमना।

कवित्त ॥ फिरिग पंति [2]चिहु पास। सूर उभ्भौ चाव दिसि ॥
अतित जुड आवद्द। मत्त[3] वरपंत वीर असि ॥
और व्याह मंगलह। व्याह मंगल अधिकारिय ॥
परि पिशाच दानव। सु बुधि मग्गह विच्चारिय ॥
नन करहु तात दुप पुत्त कौ। घर लीनौ जम सद्दवैं ॥
प्रथिराज राज राजन बलिय। को पुज्जै रन वद्दिवैं॥ छं° ॥ २८२ ॥
दूहा ॥ को पुज्जै वद्दत [4]सुरन। वयन सयन प्रथिराज ॥
अद्दत जित्ति जित्तिय सयल। [4]को मंडै कृत काज ॥ छं° ॥ २८३ ॥
गाथा ॥ को मंडै क्रत काजं। साजं जुद्दय सूर योवनं ॥
तारिज्जैं सजि राजं। वंकिम भूमायं विषमयं होई ॥ छं° ॥ २८४ ॥

देवालय में शिव पूजा के लिये शशिवृता का जाना। पृथ्वीराज का वहां पहुंचना।

देवालय भगवती। पूजैवं पूजयो बालं ॥
सुवर पुछ्यौ प्रथिराजं। कुज संसा वीरयो हथ्यं ॥ छं° ॥ २८५ ॥

पृथ्वीराज की प्रशंसा।

दूहा ॥ विषम ठौर बंकम विषम। कल [5]सोभित हत कंद ॥
जो प्रथिराजह अंग मैं। मनों प्रथी पुर इंद ॥ छं° ॥ २८६ ॥
मनों राज पृथ्वी पुरह। धनि सुभ्रम्म लवलेश ॥
मानहु वीर नरिंद कौ। रति आयौ अविशेश ॥ २८७ ॥

(१) मो.-अंबे कंम सुकं कज्जवि। (२) ए. कृ. को.-चरपत्त। (३) ए. कृ. को.-नर। (४) मो.-मंडै को। (५) मो.-सोमत।

सखी का शशिव्रता से कहना कि तू जिसका ध्यान करती थी वह आ गया, देख।

यौं करंत [1]दुत्तिय वियौ। कथा श्रवन सुनि मंत॥
जाकौ तें पतिव्रत्त [2]लिय। सो आयौ अलि कंत॥ छं०॥ २८८॥

शशिव्रता का आँख उठाकर देखना। दोनों की आँखे मिलना।

श्रवन नयन का मेल कै। भय चंचल चल चित्त॥
श्रोताने दिष्टांन अरु। मिलि पुच्छै [3]दोइ मित्त॥ छं०॥ २८९॥

मारे लाज के कुछ बोल न सकी पर नैन की सैन से ही बात हो गई।

चंद्रायना॥ कर्न प्रयंत कटाछ सुरंग विराजही।
कछु पुच्छन कौं जाहिपै पुच्छत लाजही॥
नेंन सेंन मैं बात स्रवनन सौं कहै॥
काम किधौं प्रथिराज भेद करिना लहै॥ छं०॥ २९०॥

नैन श्रवण का संवाद।

दूहा॥ नैंन श्रवन्नन पूछई। तुम जानैं बहु भंत॥
भेद जौय अंदेस है। कहौ न मैं पिय जंत॥ छं०॥ २९१॥
श्रवनन सन नैंना कही। [4]तुम जानौ बहुथान॥
काम न्रपति कौ रूप धरि। आवत है इन थान॥ छं०॥ २९२॥

हंस ने पहुँचकर शशिव्रता से कहा कि ले पृथ्वीराज शिवालय मे तुझ से मिलने आ गया।

ताम हंस आयौ समषि। कह्यो अहो शशिवृत्त॥
चाहुआन आयौ प्रछन। मिलन थांन हर सित्त॥ छं०॥ २९३॥
कवित्त॥ [5]घेरि गांम जद्दव नरिंद। उभ्भै चिहु पासं॥

(१) मो.-दुंदिय। (२) मो.-लियौ।
(३) मो.-दोय। (४) ए. कृ.-जिन। (५) ए.-घेरि

पम्न लंपिय रंभा सु। करन आरंभ प्रवात्तं ॥
एक एक गुन करहि। सम्र फूले सत पत्तं ॥
तिन मध्यह शशिवृत्त। भई कम्मोदनि मंचं ॥
[1]पित पुच्छि पुच्छि परिवार सव। पुच्छि वंध रज्जन सकल ॥
आहत्त तात अग्या सुग्रहि। भईय बाल बुध्या विकल ॥ छं० ॥ २९४ ॥
दूहा ॥ विकल बाल जहं सकल हुअ। वुद्धि विकल प्रति साज ॥
[2]भान वचन सच्चै सुकरि। जिन अप्पौ प्रथिराज ॥ छं० ॥ २९५ ॥
गाथा ॥ वीरं चंद सुव्याहं। सो व्याहं जोगिनीपुरयं ॥
संभरि क्रन शशिवृतं। अगम वीराइसं जनंत तयौ ॥ छं० ॥ २९६ ॥

माता पिता की आज्ञा ले शशिवृता का देवालय में जाना।

कवित्त ॥ पुच्छि मात पित पुच्छि। पुच्छि परिवार ग्रेह सव ॥
में व्रत लियौ निवद्ध। गवरि पुज्जनं बाल जव ॥
तिन थानक सव देव। नीति आरंभ व्रत लीनौ ॥
तव प्रसाद उप्पनौ। मोहि इच्छा व्रत दीनौ ॥
तिन काज व्रत्त लीनौ सुमैं। गवरि प्रसाद सु पुज्ज फल ॥
वारंज वात तुअ मोह हुअ। कहै और अव लहि [3]अफल ॥ छं० ॥ २९७ ॥
दूहा ॥ दुप देवल कौ छंडनह। उर सिंचन अंकुर ॥
दीह काल वल वीचि वदि। लिय समान संपूर ॥ छं० ॥ २९८ ॥

शशिवृता के रूप का वर्णन।

वाला वेनी छोरि करि। छुट्टे चिहर सुभाइ ॥
कनक थंभ तें उतरी। उरग सुता दरसाइ ॥ छं० ॥ २९९ ॥
कवित्त ॥ तजि भूखन वर वाल। एक आचिज्ज उपन्नौ ॥
लता हेम पर चंद। उभै षंजन ढिग चिन्नौ ॥
श्रीफल उरज विसाल। वाववर भंग सुपत्ती ॥
सुकि सुत रंग अरन्नि। करी भग्गावल वत्ती ॥
सोभंत उरगपति भुअ अरन। हंस मुत्ति चर [4]वर करी ॥
सुध काज चढ़ै पप्पील सुत। काम पत्तिनी दुख डरी ॥ छं० ॥ ३०० ॥

(१) मो.-पति। (२) मो.-तान। (३) मो.-नफल। (४) मो.-चर।

दस दासियों के साथ शशिवृता का शिवालय में आना।

दूहा ॥ ते दासी दस बाल ढिग । तिर बरने कवि चंद ॥
तिन में बाल सु सोभियै । मनों प्रथीपुर इंद ॥ छं० ॥ ३०१ ॥

शशिवृता का रूप वर्णन।

छंद चोटक ॥ मय मंजन मंडित बाल तनं । घनसार सुगंध सुघोरि घनं ॥
नव लोइन अंजित मंजि चली । कि मनो कस कुंदन षंभ इली ॥ छं० ॥ ३०२ ॥
सुभ वस्त्र सुअंग सुरंगनसी । सुहली मनु साथ मदन्न कसी ॥
जरि जेहरि पाइ जराइ जरी । सजि भूषन नभ्भ मनौ उतरी ॥ छं० ॥ ३०३ ॥
सिगरी छुट यों बिथरी विगसें । ससि के मुख तें अहि सें निकसें ॥
रँग रत्त उवट्टन उज्जल के । तिन में कछु सेत सुधा चलि के ॥ छं० ॥ ३०४ ॥
नव राजियरोम बिराज इसी । जमना पर गंग सरस्वति सी ॥
परि पान सु कुंकम मज्जन कै । नव नीरज अंजन नैननि कै ॥ छं० ॥ ३०५ ॥

दूहा ॥ छुटि मग मद कै कांम छुटि । छुटि सुगंध की बास ॥
तुंग मनों दो तन दियौ । कंचन षंभ प्रकास ॥ छं० ॥ ३०६ ॥

कुंडलिया ॥ धर उप्पर कुच कनि परी । राजस तामस रंग ॥
तीजौ तिहि सत काम मिलि । सो ओपम कवि अंग ॥
सो ओपम कवि अंग । मदिन मिलि काम पतंगी ॥
चढ़त घरं संभूह । भरी भइ फेरि पतंगी ॥
*वरं सिर दार विमार । सेंभु चहुआन नाह नर ॥
गंग यमुन आरत्थ । हत्थ जोरंत सु अड्डर ॥ छं० ॥ ३०७ ॥

दूहा ॥ तिमिर बीर गवनं कुवट । चिगुन तेज रवि चास ॥
चवनित विक्रम परसि कौ । (१)काम ज्वाल बल हास ॥ छं० ॥ ३०८ ॥

कुंडलिया ॥ करि मज्जन सज्जन सुक्रम । आभूषन न समान ॥
केहं काके कोहि दिसि । सजि सषि नैन कमान ॥
सजि सषि नैन कमान । केश वागुरि विस्तारिय ॥

* छंद ३०७ के दोनों अंतिम पद अशुद्ध हैं। पाठ चारों प्रतियों में समान है।
(१) मो.-बल।

हावभाव कटाच्छ । ठुंकि पुट्टी दिय भारिय ॥
वेठि नैन न्रय मूल । पेम [1]देषन गह सज्जन ॥
मन म्रग पिय क्रत काज । ताकि बंधन किय मज्जन ॥ छं० ॥ ३०९ ॥

छंद नाराच ॥ सुगंध केस पासयं । सुलग्गि मुत्ति छंडियं ॥
अनेक पुष्प बीचि गुंथि । भासिता चिषंडियं ॥
मनों सनाग पुष्फ जाति । तीन पंथि मंडियं ॥
दुती कि नाग चंदनं । चढ़ंत दुह पंडियं ॥ छं० ॥ ३१० ॥
सिंदूर मध्य गुच्छता । म्रगंमदं विराजयं ॥
मनो कि सूर उग्गतें । [2]गहे सु पुच लाजयं ॥
सु तुच्छ सुच्छ पाट आट । पेम वाट सोभियं ॥
मनो कि चंदं राह वान । वे प्रमान लोभयं ॥ छं० ॥ ३११ ॥
कनक्क काम कुंडिलं । हसंत तेज उभ्भरे ॥
ससी सहाइ मान भाइ । सज्जि सूर दो करे ॥
दुती उपम्म विंद की । किरन्न चंद दिट्ठयं ॥
मनों कि सुर इंद गोदि । अप्प आनि विट्ठयं ॥ छं० ॥ ३१२ ॥
भुवन्न वंक संक जूअ । नैन म्रग्ग जूवयं ॥
करन्नता चपल गत्ति । [3]अच्छ आनि जवयं ॥
कटाक्ष नैन वंक संक । चित्त मान वंकयं ॥
सुछंडि वै सु कुंचितं । अवन्न वान नंषयं ॥ छं० ॥ ३१३ ॥
सुगंधता अनेक भांति । चीर चारु मंडियं ॥
सु केहरी कटिं प्रमान । बीच बंधि छंडियं ॥
सुरंग [4]अंग कंचुकी । सुभंत गात ता जरी ॥
बनाइ काम पंच वान । ओट जोट लै धरी ॥ छं० ॥ ३१४ ॥
सुरंग [5]माल लाल वाल । ता विसाल छंडयं ॥
सु पुब्ब बैर आनि काम । अग्गि संभ मंडयं ॥
[6]दुती उपम्म मुत्ति माल । यों विसाल ता कही ॥

(१) मो.-षेदन ।　(२) मो.-गहंत रहे लाजयं ।　(३) ए. कृ. को.-अप्प ।
(४) ए. कृ को.-रंग ।　(५) मो.-लाल माल　(६) ए.-उदी

जु भारथी सु [1]गंग लै। सुमेर शृंग तें बही ॥ छं० ॥ ३१५ ॥
जराइ चौकि स्याम पाट। रत्ति पत्ति तें घुली ॥
सुरंग तिष्य थान मंडि। ईस शीश तें चली ॥
सुवर्न छुद्रघंटिकादि। षोडसं वषानयं ॥
सु मुत्ति तात मीर तन्न। [2]गोदरं बषानयं ॥ छं० ॥ ३१६ ॥
सुगंध गोप चिन्ह मंडि। पीत रत्त जावकं ॥
अभूषनं धरंत चित्त। मित्त हित्त शावकं ॥
बनाइ कें चौंडोल लोल। चढ्ढिता सु सुंदरी ॥
सुदोषिता सुरंग थान। अत्तु तास उच्चरी ॥ छं० ॥ ३१७ ॥

शशिवृता का चंडोल पर चढ़ कर देवी की पूजा को आना।

दूहा ॥ सजि शृंगार शशिव्रत्त तन। चढ़ि चौंडोल सुरंग ॥
पूजन कौं बर अंबिका। आई बाल सु अंग ॥ छं० ॥ ३१८ ॥

तेरह चंडोलों को चारों ओर से घेरकर राजा भानु की सेना का चलना।

सज्जि सेन जद्दव न्त्रपति। दसत तीन चौंडोल ॥
लकरि लाल से पंच अग। दस दिसि [3]लष्यन लोल ॥ छं० ॥ ३१९ ॥

सूर्योदय के समय पूजा के लिये आना।
राजा की सेना का वर्णन।

कवित्त ॥ अरुनोदय उद्यमह। सुच्छि छिन्नै सु बंध भर ॥
उभय सहस बाजित्त। ढोल चंबकी सुमत गुर ॥
अह सहस नप्फेरि। सहस सहनाइ सुरंगी ॥
सुवर बीर पूजा प्रमांन। कीनी मति चंगी ॥
बिन पुंज संग सेना सकल। अकल अपूरब वत्त बर ॥
चर सकल विकल अलि कुलन कौं। सुचित मित्त इकह सु थिर॥छं०॥३२०॥

---

(१) मो.-भंग (२) ए.-सांदरं
(३) मो.-दिष्यन।

गाथा ॥ गुज्जर वै गुज्जर धनी । सथ्थं सेनाह सथ्यौ वीरं ॥
जानैनि सवर अद्धं । उग्गे वा तिमिर तप हरनं ॥ छं० ॥ ३२१ ॥

मन्दिर के पास पहुंचकर शशिव्रता का पैदल चलना ।

हरनंत पति तुरंगं । साहस मंचाय गिद्धयो रनयं ॥
देवालेयं पासं । सा पासं बालयं चालं ॥ छं० ॥ ३२२ ॥

शशिव्रता के उस समय की शोभा का वर्णन ।

छंद नाराच ॥ चली अली घनं बनं । सुभंत सथ्थ संघनं ॥
विहंग भंगयो पुरं । चलंत सोभ नोपुरं ॥ छं० ॥ ३२३ ॥
अलीन जुथ्थ आवरं । मनो विहंग सावरं ॥
चुवंत पत्त रत्त जा । उवंत जानि अंवजा ॥ ३२४ ॥
कलिंद सोभ केसयं । अनंग अंग लोभयं ॥
उटंत कुंभ कुच्चयं । उपंम कब्बि सुच्चयं ॥ छं० ॥ ३२५ ॥
मनों जरंत वाल कौ । धरी सु आनि लालकौ ॥
सुभंत रोमराजयं । [1]प्रपील पंति छाजयं ॥ छं० ॥ ३२६ ॥
मनोज कूप नाभिका । चलंत लोभ आलिका ॥
सुरंग सोभ पिंडुरी । षरादि काम पिंडुरी ॥ छं० ॥ ३२७ ॥
नितंव तुंग सोभए । अनंग अंग लोभए ॥
मनौ कि रथ्थ रंभ के । सुरंभ चक्क संभके ॥ छं० ॥ ३२८ ॥
नषादि आदि अच्छनं । मनों कि इंद्र [2]दृप्पनं ॥
ढरंत रत्त एड़ियं । उपम्म कब्बि टेरियं ॥ छं ॥ ३२९ ॥
मनौ कि रत्त रत्तजा । चिकंत पत्र अंबुजा ॥ छं० ॥ ३३० ॥
गाथा ॥ [3]मद्ध मे रष्यत बाले । लग्गा सेनाय पास चिहु वीरं ॥
धरि धीरं तंन दुरयं । रोमं राज रोमयं अंचं ॥ छं० ॥ ३३१ ॥

कान्यकुब्जेश्वर को देख कर शशिवृता का दुखी होना और मन में चिन्ता करना ।

दूहा ॥ बाल धरकति वचनि गति । ग्यान मोह विष पान ॥
त्यों कामधज्जै देषि कै । वर चिंतै चहुआन ॥ छं० ॥ ३३२ ॥

(१) मो.-पपील । (२) मो.-दर्प्पनं । (३) को.-पद्ध ।

एक ओर कान्यकुब्जेश्वर की सेना का जमाव होना और दूसरी ओर पृथ्वीराज की सेना का घेरना।

कवित्त ॥ देषि सुभर [1]लच्छिनति। फौज चतुरंग रिंगावै ॥
अरी सेन सम भार। धार भंजत मग पावै ॥
बहु गिरष्टता रिष्ट। हक्कि अप्पन पर धावहु ॥
सुबर स्यंघ आलस्य। स्याल ह्रधौ करि पावहु ॥
उट्ठैन बीर बीरहु उठत। सुबर मंच फुनि करिय वर ॥
अम्भंग सेन भद्दव सरिस। अभँग अंग [2]सज्जे कहर ॥छं०॥३३३॥

पृथ्वीराज की सेना का चारों ओर से घेरना।

दूहा ॥ चाहुआन सब सेन जुरि। भिरि रूंधे चहुंपास।
देव दुतिय देवह दरस। बल बढ्ढिय आयास ॥ छं० ॥ ३३४ ॥

जैचन्द और पृथ्वीराज की सेना की तुलना।

कवित्त ॥ असुर सेन कमधज्ज। सु सुर प्रथिराज सेन वर ॥
अम्रत कित्ति संग्रह्यौ। मदह भौ क्रोध वीर [3]तर ॥
मथन मोह रंभनी। तहां शशिव्रता समानं ॥
दुहुन बीच सुभ्भयै। हंत चहुआन सुआनं ॥
अक्कित्त राह पच्छै फिरग। चक्क तेग सज्जिय सुबुधि ॥
अलि सकति सेन माया विषम। सुबर बीर बढ्ढिय सु सुधि ॥छं०॥३३५॥

दोनों सेनाएं तलवार लिए तैयार हैं। जिसने द्रोपती का पण रक्खा वही शशिवृता का पण रक्खेगा।

दूहा ॥ दुहूं तेग तारुन्य तन। सयन सुक्रति प्रतिकाल ॥
जिन रष्यौ द्रोपत्त पन। सो [4]रष्षै प्रति बाल ॥ छं० ॥ ३३६ ॥
देह कंचुकि दह दून अलि। बिच सुंदरी अमूल।
डोल तीस संयोग भति। भी भारथ्थ समूल ॥ छं० ॥ ३३७ ॥

---

(१) मो.-लष्षिन सु। (२) मो.-सज्जै।
(३) ए. कृ. को.-त्रसि। (४) ए. कृ. को-रष्षै।

गाथा ॥ आरथ्यं प्रति राजं । सज्जे सेनाव वीर वीरयं ॥
धीरं धीर सधीरं । अधीरं [१]रूद्र सेनावं ॥ छं० ॥ ३३८ ॥

दूहा ॥ देषि बाल पारस फिरिय । मेर भान प्रति मान ॥
ज्यों शशि पछ पारस सुभति । शंकर सोभत थान ॥ छं० ॥ ३३९ ॥

मठ को देख कर शशिव्रता के मन में काम उत्पन्न हुआ और उसने मनही मन शिव को प्रणाम किया।

शंकर रस आचार किय । मढ़ दिष्षिय प्रति जोइ ॥
मन लग्गिय बंधत सु पय । मन कंद्रप रस भोइ ॥ छं० ॥ ३४० ॥

तीस डोलियों के बीच में शशिव्रता का चौंडोल था जिसको ५०० दासी घेरे हुई थीं। ५००० सवार और ५०००० पैदल सिपाही साथ में थे।

कवित्त ॥ [२]दहति तीन चौंडोल । मध्य चौंडोल बाल भय ॥
भमर टोल झंकार । दासि विंटिय सु पंच सय ॥
सित्त पंच असवार । पंति मंडिय चावद्दिसि ॥
अद्ध लष्ष पैद्दल्ल । सथ्थ आयो सुत्रंग कसि ॥
मंगल विवेक विधि उच्चरे । बंधी बंदन मार करि ॥
उत्तरी बाल देवल सुढिग । लग्गि पाइ परदच्छि फिरि ॥ छं० ॥ ३४१ ॥

शशिव्रता ने चौंडोल से उतर कर पृथ्वीराज के कुशल की प्रार्थना की।

दूहा ॥ उतरि बाल चौंडोल तें । प्रीति हेत प्रथिराज ॥
जिन देवत्त जु संपज्जौ । सो मंडन प्रथिराज ॥ छं० ॥ ३४२ ॥

बाजों का शब्द सुनकर सामंतों का चित्त पलट जाना।

मंडन रन छंडन कलह । दल दैवत्त सु जुद्ध ॥
बर बज्जे बाजिच सुनि । भौ सामंत विरुद्ध ॥ छं० ॥ ३४३ ॥

(१) मो.-सर्व, सरव। (२) ए. कृ. को.-दसत।

विरुध जुद्ध बंधन सुदल। स्वामि भ्रंम चित पान ॥
दुतिय भ्रंम जानै नही। धनि सामंत बषान ॥ छं० ॥ ३४४ ॥
गाथा ॥ बढ्ढे दलं समूरं। लभ्यं सेनाय अद्दतं बलयं ॥
ते जग्गे रस बीरं। जानिज्जै जोग जोगायं ॥ छं० ॥ ३४५ ॥

सेना में बीर रस का जाग्रत होना।

छंद भुजंगी ॥ जग्यौ बीर बीरं सु डौंरू बजावै।
महा चित्त चित्तं सुमंतं निपावै ॥
जग्यौ बीर बीराधि बिराधि रूपं।
मनो ईश शीशं नचै बीर [१]रूपं ॥ छं० ॥ ३४६ ॥
दूहा ॥ भयौ बीर बीरह तिगुन। नच्यौ रुद्द बहु भेद ॥
सो दिष्यौ दिष्यौ [२]नहै। सो देषन गुन छेद ॥ छं० ॥ ३४७ ॥
नह तारक्कि सु जुद्ध बर। नह देवा सुर मान ॥
सो दिष्यौ कमधज्ज सौ। चाहुआन बलवान ॥ छं० ॥ ३४८ ॥
चाहुआन कामधज्ज बर। बरै षटक्क सुबद्द ॥
देवग्गिरि [३]उग्गाहिये। करि भारथ्थ न सद्द ॥ छं० ॥ ३४९ ॥

देवालय के पास सब लोगों का चित्रलिखे से खड़े रह जाना।

छंद भुजंगी ॥ सुसद्दे विसद्दे विसद्दे निसानं।
[४]रहे देव थानं [५]बटे देव थानं ॥
रहे सब्ब थोंही ठगी ठग्गा लग्गे।
मनो चित्रलिष्षे विचित्तंत ठग्गे ॥ छं० ॥ ३५० ॥
गाथा ॥ जो इज्जै मन चरियं। हरियं एक कग्गयौ सवदं ॥
सब सेना कमधज्जं। बिंटे वा बाल सर सायं ॥ छं० ॥ ३५१ ॥

सखियों का जैचंद के भाई को शशिव्रता का वर कहना जो उसे बिष सा लगा।

(१) ए. कृ. को.-सूपं। (२) मो.-नहीं।
(३) मो.-सु उगाहिए। (४) मो.-रहं (५) कृ. को.-वट्टे, ए.-वट्टे

वर जैचंद सुवंधं। प्रोहित पंग रष्पियं [1]आद्वयं ॥
सहचर चारु सुपढ़ियं। हालाहलं बालयं मनयं ॥ छं० ॥ ३५२ ॥

अपनी सेना सहित वह भी शिवपूजन के लिये वहाँ आया।

दूहा ॥ चढ्यौ पंज नव साज वर। अरु भर लिन्नै सथ्थ ॥
संभु थान पूजन मिसह। चलि वर आयौ तथ्थ ॥ छं० ॥ ३५३ ॥

तब तक पृथ्वीराज के भी ७००० सैनिक हथियारबंद कपट भेष धारण किए हुए भीड़ में धँस पड़े।

तब लगि दल चहुआन के। ग्रह गुपंति कर आइ ॥
तकि सकै नन मथ्थ लिय। बोलै संमुह धाइ ॥ छं० ॥ ३५४ ॥

कवित्त ॥ सहस सत्त कप्परिय। भेष कीनौ तिन वारं ॥
गोप तेग गहि गुपत। कपट कावरि सब भारं ॥
किहुन फरस किहुं छुरी। चक्र किन हाथन माही ॥
किन त्रिसूल किन डंड। सिंगि सब सथ्थ समाही ॥
सा अंग सिद्ध चहुआन लै। दूतन दूत बताइ हरि ॥
सा अंग बाल उतकंठ करि। पै लग्गी परदच्छि फिरि ॥छं०॥३५५॥

शशिव्रता ने चौंडोल से उतर कर शिव की परिक्रमा की और पृथ्वीराज से मिलन होने की प्रार्थना की।

अरिल्ल ॥ फिरि परदच्छि बाल अपु लग्गी।
सुमन काम कामना सुभग्गी ॥
मन सन बंधि [2]कियौ हथ लेवं।
सुमन संच प्रारंभ सुदेवं ॥ छं० ॥ ३५६ ॥
* दोहा ॥ उतरि बाल चौंडोल तें। प्रीत प्रात छुटि लाज ॥
शिवहिं पूजि अस्तुति करी। मिलन करै प्रथुराज ॥ छं० ॥ ३५७ ॥

शशिव्रता का शिव जी की स्तुति करना।

(१) ए. कृ. को.-आंहि।
(२) कृ.-किए, कियउ, कियत्र। * यह दोहा मो. प्रति में नहीं है।

छंद हनूफाल ॥ प्रारंभ मंच सु राम। तिहि जपौ अजपा नाम ॥
हरि हरी बरन विरत्ति। कवि कही चंद किरत्ति ॥ छं० ॥ ३५८ ॥
श्रुत कह्यौ वेद पुरान। ज्यों सुन्यौ श्रवन निदान ॥
तन स्याम अम्मर पीत। रघुवंस राजस रीत ॥ छं० ॥ ३५९ ॥
हग कमल कमला पान। मधु मधुर मिष्टत बान ॥
जिन नाम [१]जनमह [२]कोट। कंद्रप्प लावन मोट ॥ छं० ॥ ३६० ॥
गंभीर साइर मान। आदिष्टवान प्रमान ॥
नह बाल हद्द किशोर। उर बरन स्याम न गौर ॥ छं० ॥ ३६१ ॥
अरि दहन उग्रस कोट। पौवै कि गोपिन [३]पोटि ॥
श्रम लूलि ब्रह्म भुलाइ। सुरलाय नाथ नचाइ ॥ छं० ॥ ३६२ ॥
निज पानि पद्म कटाच्छ। जिन भूमिय भूतल लाछ ॥
आदित्य कोटि प्रकास। सय सक्क कोटि विलास ॥ छं० ॥ ३६३ ॥
आराम कलप निधान। सुर तीन कोट प्रमान ॥
नव रूप रेष अनंग। परकार गर्व विभंग ॥ छं० ॥ ३६४ ॥
पर पाप छिपत इवै न। भुत्र भुक्ति मुक्ति सु दैन ॥
काकुस्थ करुना कार। गुन निद्धि सुम्भर भार ॥ छं० ॥ ३६५ ॥
रन रंग धीर सधीर। भव पार कढ्ढन तीर ॥
सुर सुरी नाथ नचाइ। श्रम भूल ब्रह्म भमाइ ॥ छं० ॥ ३६६ ॥
चतुरान घट्ट सु घूमि। सुरपत्ति फनपति तूमि ॥
तारुन्य रूप प्रकास। सद्दभूत अंग निवास ॥ छं० ॥ ३६७ ॥
चय मंच जंपित वार। हर दीन तँह हंकार ॥ छं० ॥ ३६८ ॥
अरिल्ल ॥ बाले मित्त विषम्म प्रमानं। हय गय दल रंध्यौ चहुआनं ॥
कुंकुम कलस सखेवर हेमं। देव देव साधारन नेमं ॥ छं० ३६९ ॥
पंगी पय सतह परिमानं। संमुह दलन रुँध्या चहुआनं ॥
गहह गहह कित्ती अविसेसं। सुवर चित्त चिंतं जु नरेसं ॥ छं० ॥ ३७० ॥
गाथा ॥ वर छित्ती छिति धारी। सारं संग्राम नेहयो बलयं ॥
अग्गैई मग जूथं। ना भ्रुक्कै [४]मग्गयं राजं ॥ छं० ॥ ३७१ ॥

(१) ए. कृ. को.-जनमहि। (२) ए. कृ. को-मोट। (३) मो.-पोटि।
(४) ए. कृ. को.-मूग्गयो।

उद्दरे सेन सेनो। [1]संग्रामं वीर सुभट्टायं ॥
कालिंदीय तुरंगे। सो श्रंगो सुद्ध [2]भूतायं ॥ छं० ॥ ३७२ ॥

पृथ्वीराज सात हजार कपट वेषधारी कामरथी वीरों के साथ देवी के मन्दिर में धँस पड़े।

कवित्त ॥ सहस सत्त कप्परिय। भेष कीनो तिन वारं ॥
कपट कंध आवरिय। धसिय देवी दरबारं ॥
सर्व शस्त्र आरंभ। हस्त आरंभ सुरी सख ॥
धसिय भीर सम्मूह। जूह पाई समंडि कल ॥
दल प्रबल उदधि ज्यों मथन कज। भुज सुकिल चहुआन किय ॥
शशिवृत्त बाल रंभह समह। मिलिय गंठि बंधन सुहिय ॥छं०॥३७३॥

पृथ्वीराज और शशिवृता की चार आंखें होते ही लज्जा से शशिवृता की नज़र नीची हो गई और पृथ्वीराज ने हाथ पकड़ लिया ।

दिट्ठ दिट्ठ लग्गी समूह। उतकंठ सु भग्गिय ॥
निप लज्जानिय नयन। मयन माया रस पग्गिय ॥
छल बल काल चहुआन। बाल कुअंरप्पन भंजे ॥
दोषचीय मिट्टयौ। उभय भारी मन रंजे ॥
चौहान हथ्थ बाला गहिय। सो ओपम कविचंद कहि ॥
मानों कि लता कंचन लहरि। मत्त बीर गजराज गहि ॥छं०॥३७४॥

पृथ्वीराज के हाथ पकड़ते ही शशिवृता को अपने गुरुजनों की खबर आगई और इससे आंख में आंसू आने लगे पर उन्हें अशुभ जानकर उसने छिपा लिया।

चंद्रायना ॥ गहत बाल पिय पानि। सु गुर जन संभरे ॥
लोचन [3]मोचि सुरंग। सु अंसु वहे धरे ॥

(१) ए.कृ.को.-संग्रामे। (२) ए.कृ.को.-भूताय। (३) मो.-कामुच्चि।

अपमंगल जिय जानि। सु नैंन सुष बही॥
मनौं षंजन सुष मुत्ति। भरकत नंषही॥ छं०॥ ३७५॥
दुहु कपोल कल मेद। सुरंग ढरक्कही।
सज्जन बाल बिसाल। सु उरज षरक्कही॥
सो ओपम कवि चंद। चित में बस रही।
मनु कनक कसौटी मंडि। मग्ग मद् [1]कसरही॥ छं०॥ ३७६॥

गाथा॥ म्रग मद् कसयति चित्ते। मित्तं पुनरोपि चित्तयं बसयं॥
अजहूं कन्ह वियोगे। कालिंदी कन्हयो नीरं॥ छं०॥ ३७७॥
गहियं गह गह कंठी। बचनं संजनाइ निठुयो कहियं॥
जानिज्जै सत [2]पच। बंधे [3]सदाइ भवरयं गहियं॥ छं०॥ ३७८॥
तप तंदिल में रहियं। अंगं तपताइ उप्परं होइ॥
जानिज्जै कसु लाखं। घटनो अंग एकयौ सरिसौ॥ छं०॥ ३७९॥
अपमंगल अस्त बाले। नेनं नषाइ नष किं सलयौ॥
जानिज्जै धन छपनं। सपनंतरो दत्तयं धनयं॥ छं०॥ ३८०॥

जिस समय पृथ्वीराज ने शशिवृता का हाथ पकड़ा पृथ्वीराज के हृदय में रुद्र, शशिवृता के हृदय में करुणा और उन शशि के शत्रुओं के हृदय में वीभत्स रस का संचार हुआ।

कवित्त॥ गहि ग्रग्रिहत्त नरिंद्। सिढी लंघत ढढि योरी॥
काम लता कलहरी। पेम मारुत भकभोरी॥
बर लीनी करि साहि। चंपि उर पुट्ठि लगाई॥
मन सुरंग सोइ [4]बत्त। कंत लगि कान र नाई॥
न्रप भयौ रुद्र करुना सुचिय। बीर भोग बर सुभर गति।
सगपन सुहास बीभच्छरिन। भय भयान कमधज्ज दुति॥छं०॥३८१॥

(१) मो.- फरसही। (२) ए. पत्तं। (३) ए. कृ. को. शब्दाय।
(४) ए. कृ. को.-बात।

वरिवृत्त से एक घरी ठहर कर पृथ्वीराज शशिवृता को साथ ले कर चल दिए ।

दोहा ॥ वीर गत्ति संधिय सुमति । हत्त अहत्त न जाइ ॥
　　घरी एक आहत्त रषि । सुवर बाल अनुराइ ॥ छं० ॥ ३८२ ॥

शशिवृता के पिता ने कन्या के वैर से और कमधज्ज ने स्त्री के वैर से लड़ाई का विचार किया और सेना सजी ।

　　बाल सु वैर स वैर चिय । भान विरुद्ध न कौन ॥
　　नकाम सेन साधन घरी । कलहंकत गति [1]चौन ॥ छं० ३८३ ॥

अरिल्ल ॥ आहत्त हत्त गुन निग्रह राज । देव जुद्ध देवत्तह साज ॥
　　है गै दल सज्जी तिहि वीर । हरी बाल चहुआन सधीर ॥छं०॥३८४॥

शशिवृता के पिता का कमधज्ज के साथ मिलकर पांच घरी दिन रहे सकट व्यूह रचना ।

कवित्त ॥ घरिय पंच दिन रह्यौ । मंत जद्दव प्रारंभिय ॥
　　मिलि कमधज्ज नरिंद । सकट व्यूह आरंभिय ॥
　　अद्ध सथ्य अप्पनौ । चरन मंडिय वाम दिसि ॥
　　व्यूह चक्क विय पाइ । सथ्थ उभ्भौ नरिंद कसि ॥
　　उज्झवन भार अंगत सकट । सवर पुंज अप्पन सजिय ॥
　　रघुनाथ साथ वलियं विहसि । हंकि सु लछिमन तहँ रजिय ॥
　　　　　　　　　　　　छं० ॥ ३८५ ॥

कमधज्ज की सेना का वर्णन ।

छंद रसावला ॥ भरं भीर भाजी । कहं क्रूह वाजी ॥
　　सुने पुंज राजी । मनो मेघ गाजी ॥ छं० ॥ ३८६ ॥
　　सनाहं सु साजी । चढ़्यो वीर वाजी ॥
　　वगं मेल ताजी । सबें सेन साजी ॥ छं० ॥ ३८७ ॥
　　करौं काम आजी । सिरं मोहि लाजी ॥

(१) ए.-चिन्ह ।

उठी मुच्छि एनं। सिरं लग्गि गेनं॥ छं॰॥ ३८८॥
कमंधं निहारी। सयंनं विहारी॥
कमानै निहारी। तरक्कस्स झारी॥ छं॰ ३८९॥
अरी तुंग तारी। फिरै [1]गज्ज भारी॥
सरोसं विहारी। मया मोह जारी॥ छं॰॥ ३९०॥
महंतं विडारी। ....॥
किए नैन रत्तं। रसं रोस पत्तं॥ छं॰॥ ३९१॥
सुरं बीन बीरं। करी आज तीरं॥
परै मोहि गत्तं। हरै ग्रिग्रिहत्तं॥ छं॰॥ ३९२॥
असी जा पहारं। चढ्यौ धार धारं॥
लियौ हत भारी। पगं सीस डारी॥ छं॰॥ ३९३॥
पर्‌यौ मद्ध धाई। असीजा पुलाई॥
बजी क्रूह क्रूहं। अवाजं समूहं॥ छं॰॥ ३९४॥

घरियाल के बजते ही सब सेना जुट गई।

कवित्त॥ सुनि वज्जी [2]घरियाल। लाग [3]नीसानन बाजिय॥
इक दिन दोऊ सेंन। चंपि चावद्दिसि साजिय॥
महन रंभ सा जग्य। मध्य मोहन ग्रिहित्तं॥
असुर सु सुर मिलि मथहि। सूर बंसी रजपूतं॥
आरंभ पच मंड्यौ कपट। कपट मुक्कि कढ्ढिय लपट॥
दुहूं बीच जहों कुंआरि। उभय सिंह सारह झपट॥ छं॰॥ ३९५॥

चहुआन और कमधज्ज शस्त्र लेकर मिले।

दूहा॥ चाहुआन कमधज्ज बर। मिले लोह अल लोह॥
भर भर टट्टर बज्जही। बंसह लग्गिय कोह॥ छं॰॥ ३९६॥

शत्रुता का भाव उच्चारण करके दोनों ने अपने अपने हथियार कसे।

(१) मो.-गल। (२) ए. कृ. को.-घरि, घरी पंच।
(३) मो.-नीसानत।

गाथा ॥ उच्चरियं अरि भायं। तायक कस्सेव अप्प अप्पायं ॥
कढ्ढे लोह करारं। मार सारं जंपि जी हाई ॥ छं० ॥ ३९७ ॥

दूहा ॥ अहत घाइ घट भंग कौ। करन मतहु वर वीर ॥
मनहु कास कपि दख निरति। लेन [1]लंक मति धीर ॥ छं० ॥३९८॥
[2]धर धीरत्तन बीर बर। करिय न पंग प्रवाह ॥
चचर सोचव रंग गति। विधि वंधन रिन चाह ॥ छं० ॥ ३९९ ॥

दोनों सेनाओं के युद्ध का वर्णन।

छंद सुजंगी ॥ मिले घाइ [3]न्रिघाइ सा पुंज राजै। लगे अंग अंगं सुरंगति छाजै ॥
मिले हथ्थ वथ्थं सु सथ्थं निनारै। मनो वारुनी मत्त [4]मय मत्त भारै ॥
छं० ॥ ४०० ॥
किधौं जुध लग्गे कि मल्लं सवारे ॥ .... ॥
उरै लोह पंती परै श्रोन रुद्रं। मनों रत्त धारा वरष्षै समुद्रं ॥
छं० ॥ ४०१ ॥
उड़ै छिंछि इछं सनाहं सुभिज्जै। मनो पुफरत्तं नभं देव पुज्जै ॥
सुनै ईस सद्दं निसानं गहारं। वजै धार धारं घनं कै प्रहारं ॥
छं० ॥ ४०२ ॥
मनो पट्टनं मंझि कंसी डकारं। दुती [5]ओपमा चंद जंपै विचारं ॥
वजं झल्लरी देवलं द्वार मारं। उड़ै सार किंची कि रचै प्रहारं ॥
छं० ॥ ४०३ ॥
मनो झिंगनं भद्दवं रैनि भारं। .... ॥
*सवै सस्त्र मंचं भरं जेम वाहे। षिझै षग्ग कढ्ढै विहथ्थै समाहे ॥
छं० ॥ ४०४ ॥
करं कंस मत्तं पलं पारि छंडै। रुधं धार हस्तै प्रसादेति मंडै ॥
सिवा लीति सोभै [6]प्रनाली अनेकं। फिरै अच्छरी पंति बिय बार वेकं ॥
छं० ॥ ४०५ ॥

(१) ए. कृ. को.-फलक। (२) मो.-घन।
(३) मा.-निध्यान। (४) मैं.-मै।
(५) मो.-उप्पमा। (६) ए. कृ. को.-मूनाली।
* ए. कृ. को.-सबै शास्त्र मंत्रं भमैरं समाह। बिझै खग्ग कढै बिबी हथ्थ बाह ॥

बहै नाग सुष्षी सु सोहै विकंतं। फटै हस्ति कुंभं ठनंकंत घंटं॥
यियं वांह वंचै गिरै गज्जराजं। मनो द्रोन षंचै कपी काज पाजं॥
छं० ॥ ४०६ ॥
षिजै दंत दंती भरं कंध डारै॥ मनो कोपियं भीम हथ्थी उच्छारै॥
भरं लोहि गिद्धी भ्रमै भंति छुट्टै। मनो देवलं इष्ट चढि डोरि तुट्टै॥
छं॥ ४०७॥
लगै लोह हथ्थी सिरं वंविझारै। तिनं गात तिंदू जरै अग्गि लारै॥
परै षोपरी तुट्टि भेजौ सुभावै। दधी [1]भाजनं जानि वायस्स आवै॥
छं० ॥ ४०८ ॥
फटै बीर बीरं सुबीरं सुघट्टं। मनो कर्क करवत्त विहरंत कट्टं॥
नचैजा कमंधं करै हाक शीशं। चरंमं सुभज्जै हसै देषि ईशं॥
छं० ॥ ४०९ ॥

युद्ध के समय शूरबीरों की शोभा वर्णन।

गाथा॥ मानिक्क प्रति ताजं। हेमं हेमेल विद्ध साधरियं॥
जानिज्जै निसि मद्धं। निरमल तारक सोभियं गैनं॥ छं०॥४१०॥
मुच्छी उच्चस बंकी। बाल चंद सुभियं [2]नभ्भं॥
[3]गज गुर घन नीसानं। रीसालं षंग षल याई॥ छं० ॥ ४११॥
अरिल्ल॥ दहकि बज्जि नीसानति [4]नद्दं। सबै सेन संग्राम बिवद्दं॥
इक अंग चावहिसि सेनं। जरै राज रत्ते [5]रस नेनं॥ छं० ॥ ४१२॥
छंद रसावला॥ लगी कर कोह। लगें घन लोह॥
छकै अति छोह। महा तजि मोह॥ छं० ॥ ४१३॥
भरा भर भार। तुटै तरवार॥
मची घन मार। परंत प्रहार॥ छं० ॥ ४१४॥
धुकंत धरन्नि। सरोस सरन्नि॥
निफूटत रन्नि। बरै सु बरन्नि॥ छं० ॥ ४१५॥

(१) मो.- भोजनं। (२) मो.-नैनं।
(३) मो. को.-गत्त, गत। (४) ए. क. को.-नद्दै, बिवद्दै। ५ मो.-नन।

करै घन घत्त । मद्दा इत भित्त ॥
लरै वर लत्त । फटै रिन पत्त ॥ छं० ॥ ४१६ ॥
कटारिय एक । लगंत अनेक ॥
सु चंदन साष । संजोइय भाष ॥ छं० ॥ ४१७ ॥
धपै अति धीर । मनों वर वीर ॥ छं० ॥ ४१८ ॥

कमधज्ज की शोभा वर्णन ।

कवित्त ॥ तवर वीर कमधज्ज । अरध अप्पिय षग मग्गं ॥
इप [1]अच्छित उच्छरहि । जानि परिमानन सग्गं ॥
सार धार पुंधियै । वीर मंगल उच्चारै ॥
सवै साथ वंदियहि । सकल पूजा संभारै ॥
वर मुक्ति वरन वरनी सुवर । इह अपुब्ब पिष्यौ नयन ॥
उप्पनौ वीर सिंगार सँग । रुद्र वीर चौरों नयन ॥ छं० ॥ ४१९ ॥

दूहा ॥ सिर सोहत वर सेहरौ । टोप ओप अति अंग ॥
वगतर वागे केसरे । रुधि भीजत विषमंग ॥ छं० ॥ ४२० ॥
[2]सकट भग्ग लइ वग्ग वर । कमधज गौर विसेज ॥
[3]मिले वीर वीरत्त वर । दोउ दैवत तज ॥ छं० ॥ ४२१ ॥

शशिवृता का चहुआन प्रति सच्चा अनुराग था।

देव तेज दैवत्त गुन । अद्दत भत्ति गुन कंति ॥
शशिव्रत्ता चहुआन सौं । सुद्दत मंत गुन पंति ॥ छं० ॥ ४२२ ॥
सांइ छूर सांई सु गति । दल दुंदुभि दैवत्त ॥
विधरं कर वीरह करह । सुवर वीर मारुत्त ॥ छं० ॥ ४२३ ॥
कालकूट कौनौ विषम । कोलाहल घन कौन ॥
अद्दत दत्त अंतह भवै । सो भारथ्थ प्रवीन ॥ छं० ॥ ४२४ ॥
भारथ दिष्यिय तत्त मति । अद्दत चिंत बल छीन ॥
जिन गुन प्रगटित पिंड किय । सो भारथ्थ प्रवीन ॥ छं० ॥ ४२५ ॥

---

(१) मो.-अच्छित ।　　　(२) मो.-संगट ।
(३) मो.-मिलें ।

कंठ कीज कीजी सुरत। हतत जुद्ध सम पाइ॥
सुबर बीर भारथ्य गुन। उठे बीर विरझाइ॥ छं० ॥ ४२६ ॥
षल संकुल भंकुल प्रकित। चतुर चित्त विरझाइ॥
मनु बड़वानल मध्य तें। समुद सत्त गुन भाइ॥ छं० ॥ ४२७ ॥
वीर थान विभ्रम भइय। नयन रत्त सम सार॥
मानहु बर धरि श्रङ्ग में। नाकपत्ति गिरि भार॥ छं० ॥ ४२८ ॥

पृथ्वीराज की श्री शेषजी से उपमा वर्णन।

कवित्त ॥ नाक पत्ति संभरिय। उभै काया अधिकारिय॥
वह जित्यौ बलि राइ। यहन दुज्जन सम सारिय॥
छित्ति पत्ति अति अभ्भ। दुहून आभा पति बुड्ढ॥
वह गोरी सुरतान। इहति दानवति विरुद्ध॥
पग धुलै दुहुन पुज्जै न को। दोऊ बाउ बर बीर रन॥
लै चल्यौ हरिव प्रथिराज कौं। पहु पंजलि पुज्जै तरुन॥छं०॥४२९॥
दूहा॥ तरुन तेज तम हरन बर। बाल बहिक्रम उच्छि॥
मानौं रति आरूढ़ करि। बर बारधि मति लच्छि॥ छं० ॥ ४३० ॥
लच्छि सु लच्छिह लीन हरि। इह लीनौ संग्राम॥
घटि बढ़ि मंचह समन करि। दोऊ बीर बढ़ि [१]बाम॥ छं० ॥ ४३१ ॥
गाथा ॥ चावहिसि म्रप [२]बिंधौ। पुंज सेनायं सेनयौ बीरं॥
धर धरनी आधारं। सा धारं डुल्लियं प्रीत्रं॥ छं० ॥ ४३२ ॥

उस युद्ध में वीरों को आनन्द होता और कायर डरते थे।

[३]मुरिल्ल॥ बढ़ि सत्त दुहाइय बीर रसं। दुहु सेन सुधावत अंग कसं॥
मुष वीर बिगस्सिय रंन ससी। भय कायर चंद प्रभात दिसी॥
छं० ॥ ४३३ ॥
छंद विराज॥ लगे लोह सारं। दोऊ बीर भारं॥
महा तेज तारं। बरं कंज भारं॥ छं० ॥ ४३४ ॥

(१) मो.-काम। (२) मो.-बिंटं।
(३) मो.-प्रति में यह छन्द त्रोटक नाम से लिखा है।

घरी यार सारं । परें कै प्रहारं ॥
भए पार पारं । मनों प्रात तारं ॥ छं० ॥ ४३५ ॥
करैं मार मारं । ववक्कैं वकारं ॥
चखैं रुद्धि धारं । पलं मच्चि गारं ॥ छं० ॥ ४३६ ॥
चरे मंस चारं । दिपै प्रेत द्वारं ॥
धपै धार धारं । टरैं जे न टारं ॥ छं० ॥ ४३७ ॥
डकै भूत डारं । ढरै सीस ढारं ॥
उड़ी बीर रैंनी । भ्रमै भौंर सैंनी ॥ छं० ॥ ४३८ ॥
ग्रवध्यं न गोपं । इसे बीर कोपं ॥ छं० ॥ ४३९ ॥

दूहा ॥ कोपि बीर कायर धरकि । परघि पयंपन जोग ॥
यह गति छंडै बीर बर । परै परत्तर भोग ॥ छं० ॥ ४४० ॥

कवित्त ॥ बांन पथ्थ बलभीम । सत्त [1]सिवरौ अधिकारी ॥
[2]गंभीरां गुर सिंघ । नेह करनह क्रत [3]धारी ॥
बल सुजग्य सक्रह बिसाख । पुरषारथ सारी ॥
सुर सिधि बुद्धि गनेश । क्रम्मन घुन घू अधिकारी ॥
सामंत सूर सूरह विरुध । बीर बीर पारस फिरिय ॥
बर सिंघ सिंघ रष्यै मरन । बर कोविद कोविद डरिय ॥ छं० ॥ ४४१ ॥

कवि का पृथ्वीराज को कलि में वीरों का सिरताज कहना ।

दुहा ॥ सु रिधि बुद्धि बुध्यां तरन । मिरन सूर दुति राज ॥
चाहुआन प्रथिराज कल । मंडि बीर सिर ताज ॥ छं० ॥ ४४२ ॥

पृथ्वीराज और कमधज्ज का मुकाबला होना ।

चाहुआन कमधज्ज बर । मिले लोह छुटि छोह ॥
धार मुरैं मुष ना मुरैं । मरट [4]मुच्छ क्रत जोह ॥ छं० ॥ ४४३ ॥
चाहुआन कमधज्ज दुति । रति बाहक प्रति धीर ॥
सारंगी सारंग बल । इह लग्गी अति बीर ॥ छं० ॥ ४४४ ॥

(१) मो.-सिवरं । (२) मो.-गंभीरं ।
(३) मो.-सारी । (४) मो.-मूल ।

धन्य है उन शूरवीरों को जो स्वामिकार्य्य के लिये प्राणों का मोह नहीं करते।

अरिल्ल ॥ द्रव्य (१)वस्य नन होइ प्रमानं। अप्पन (२)प्रान स्वांम छत दानं॥
जिन जग जिति किति बसि कीनी। मरन हूर सखह वर लीनी॥
छं० ॥ ४४५ ॥

दूहा ॥ कहां पंच पंची बसत। कहां प्रकृति प्रति अंग॥
कहां हंस हंसह बसै। कौन करै रन जंग॥ छं० ॥ ४४६ ॥

पृथ्वीराज और कमधज्ज का युद्ध।

इह कहि कढ़िय सार कर। घोखि खग्ग दोउ पानि॥
मानहु मत्त अनंग है। छुत छुट्टै (३)जम जांनि॥ छं० ॥ ४४७ ॥

घोर युद्ध वर्णन।

छंद भुजंगी॥ मिले हथ्थ बथ्थं न सथ्थं स धारे। मनौ वारुनी मत्त गज दंत न्यारे॥
उड़ै लोह पंती परै स्रोन (४)रुंदं। मनौ रुद्दि धारा वरष्षंत बुंदं॥
छं० ॥ ४४८ ॥

घुमे घाय घायं अघायं अघायं। झुमै झार झारं झनंकै झकायं॥
करैं जोगनी जोग काली कराली। फिर पैठ धावे महा विकराली॥
छं० ॥ ४४९ ॥

परै सूर वाहै बहथ्थी छपानं। कढ़ी तांत बाढ़ी मलं चारि जानं॥
धमां धम्म मत्ती महो माहि (५)धानों। पिंजारे सतं रुव पीजंत मानों॥
छं० ॥ ४५० ॥

महादेव मालानि में गूथि मथ्थं। (६)कहैं वाह वाहं वहै सुर हथ्थं॥
छं० ॥ ४५१ ॥

मुरिल्ल॥ (७)हाहरे रूप कायर प्रकारे। (८)छंडीति लज्ज अरु बीर मार॥
अभ्यसै सूर जिन सूर रूप। दैवत्त भूप दिव्यै अनूप ॥छं०॥ ४५२॥

(१) मो.-बसें। (२) ए. कृ. को.-काम। (३) मो.-यम।
(४) ए. कृ. को.-रुदं। (५) मो.-धानों। (६) मो.-वहै।
(७) मो.-हारे। (८) मो.-छंडी लज्ज भये बारि मार।

युद्ध की यज्ञ से उपमा वर्णन ।

कवित्त ॥ विषम जग्य आरंभ । वेद प्रारंभ शस्त्र वल ॥
है गै नर होमियें । शीश आहुत्ति [1]स्वस्ति कल ॥
क्रोध कुंड विस्तरिय । कित्ति मंडप करि मंडिय ॥
गिद्धि सिद्धि वेताल । पेषि पल साक्षत छंडिय ॥
तुंवर सु नाग किंनर सु चर । अच्छरि अच्छ सु गावहीं ॥
मिलि दान अस्र अप्पन जुगति । भुगति मुगति तत पावहीं ॥
छं० ॥ ४५३ ॥

दूहा ॥ करि सुचार आचार सव । समद कित्ति फल दीन ॥
गुरुजन मिलि करुना करिय । कायर हाहर कीन ॥ छं० ॥ ४५४ ॥

कमधज्ज का सर्पव्यूह रचना ।

कवित्त ॥ मिलि जद्दव कमधज्ज । अहिर व्यूहं आरंभिय ॥
पुच्छ सु खवि मनि वंध । पांइ गुज्जर पारंभिय ॥
सुधर मंडि वर वीर । पंग वंधह रचि गट्ठै ॥
फन अप्पन भय पुंज । जीभ क्रूरंभ सु ठट्टै ॥
हयनारि जोरि जंवूर घन । दसन हट्ट हग मुष्य करि ॥
मनि भयौ मेर मारूफ खां । [2]चच्चर सीचौ रंग परि ॥ छं० ॥ ४५५ ॥

गाथा ॥ अप्पं व्यूह अरंभो । प्रारंभो वीर भद्रायं ॥
जानिज्जै चव रंगं । चतुरंग दक्ष घंटायं ॥ छं० ॥ ४५६ ॥

दूहा ॥ घटिय घट्ट अघटन घटिय । पढ़िय सार दुअ सैन ॥
पंगराइ वंध्यौ सु हत । किये रत्त वर नैन ॥ छं० ॥ ४५७ ॥
रत्ते नैन विषम्म गति । दावानल प्रथिराज ॥
वीर चंद घन उन्नयौ । सार सु वुट्ठन आज ॥ छं० ॥ ४५८ ॥

पृथ्वीराज का मयूरव्यूह रचना ।

कवित्त ॥ मोर व्यूह प्रथिराज । सध्य [3]सज अप्पन कीनौ ॥
चुंच केम मंडली । कन्ह चहुआन सु दीनौ ॥

(१) ए.-सुत्ति । (२) को.-च्चर । (३) मो.-जल ।

पांइ पिंड विधि पंष । गरुअ गहिलोत बीर सजि ॥
पुंच्छ राज रघुवंश । चरन पुंडीर चंद रजि ॥
दुहु लोह कढ्ढि परियार तें । सारधार में अग्गि भर ॥
पल पंच तरंगनि रुक्कि जल । जांनि कमोदनि नंचि सर ॥छं०॥४५९॥
दिषि वर [1]लष्षिन फवज । चंपि चतुरंग रिंगावहु ॥
अरि सयल संभार । धीर भंजै मग पावहु ॥
बहु गरिष्ट तारिष्ट । हक्कि अप्पन पर धावहिं ॥
सु वर सिंघ आलसैं । स्याल हूधौ करि ध्यावहिं ॥
उट्ठै न बीर बीरह उठत । सुवर [2]मंत फुन्नि फुनि करैं ॥
वरसै न अंब सर मेघ कौ । जो न [3]समर सरवर भरै ॥ छं० ॥ ४६० ॥
गाथा ॥ समर सु मथ्थौ सेनं । तारं झंकार बीर भद्रायं ॥
केवल गति काल रूपं । भूयं बीर जुझयो समरं ॥ छं० ॥ ४६१ ॥

वीररस में श्रृंगाररस का वर्णन ।

दूहा ॥ समर जुद्ध मच्चिय समर । हालाहल बर [4]मत्ति ॥
कोलाहल पंषिन कियौ । कांम रूप बर जित्त ॥ छं० ॥ ४६२ ॥
छंद नाराच ॥ बरंत काम रूपयं । असी वहै अनूपयं ॥
लगै सु गौरि पासयं । परक्किया कटाछयं ॥ छं० ॥ ४६३ ॥
सरंत तीर सोहयं । उरंद मुट्ठि छोहयं ॥
हला हलं हलं मलं । भिलंत अंग संभिलं ॥ छं० ॥ ४६४ ॥
[5]कडा कडी कडक्कयं । दडा दडी दडक्कयं ॥
पडै सिरं पडक्कयं । डकंत बीर डक्कयं ॥ छं० ॥ ४६५ ॥
षिसै न ज्यों षडक्कयं । तुटंत तेजि डक्कयं ॥
हडा हडी हडक्कयं । .... ॥ छं० ॥ ४६६ ॥
निरष्षि पत्ति नाकयं । परंत हीय धाकयं ॥
बरंत अच्छरी बरं । भषंत गिद्धनी भरं ॥ छं० ॥ ४६७ ॥
लगंत लोह [6]सो लरं । अरिंम मत्त संमरं ॥ छं० ॥ ४६८ ॥

(१) ए. कृ. को.-लष्छन । (२) ए कृ. को.-मंत्र । (३) मो.-समूर ।
(४) को.-सत्ति । (५) ए. कृ. को-कटा कटी । (६) मो.-सौलं ॥

अरिल्ल ॥ अरिष्टन सम दिष्टन दिष्षिय । वीर चंद गए गह सुष भष्षिय ॥
यद् भरि होंन न परत सुबंधं । बर भारथ वीर रस संधं ॥
छं० ॥ ४६८ ॥

गाथा ॥ उठ्ठहि एक प्रमानो । धावंताय पंचयो सयनं ॥
[1]वाहंतं वर लोहं । साइनं देपयौ वीरं ॥ छं० ॥ ४७० ॥
रुधिरं पव तसतयौ । दो मझ [2]काय हकयौ सिरयं ॥
अति गति दुष्ट प्रकारं । अगिनत होंइ वीर सम सेनं ॥ छं ॥ ४७१ ॥
अगनित गने न आर्न । ई कोइ कोपि रुद्रयो सहसं ॥
वर वीरार सुभट्टं । दावानलं पंगयौ वीरं ॥ छं० ॥ ४७२ ॥

पृथ्वीराज की आज्ञा पाकर कन्ह का क्रुद्ध होकर झपटना।

दूहा ॥ तव चहुआन सु कन्ह वर । ठट्टौ करि गुरुराज ॥
हुकम नृपति छुट्टौति इम । [3]जनु तीतर पर बाज ॥ छं० ॥ ४७३ ॥

कवित्त ॥ सुष छुट्टत नृप वैन । नैन दिठ्ठौ धावंतौ ॥
क्रंम बंध बल मोह । छोह बंध्यौ सु वरत्तौ ॥
सु वर सेन चहुआन । सिंग अद्दूनं [4]नमाई ॥
जनुं मंदिर विय बार । ढंकि इक बार बनाई ॥
तकसीर करन दोउ अंस वर । किति मग्ग करतव्य कर ॥
अथवंत रविह आदित्य दिन । अगनि सार वुट्टिय कहर ॥
छं० ॥ ४७४ ॥

गाथा ॥ सुष छुट्टा नृप वैनं । कै दिठ्ठाय धावता नैनं ॥
बजजी वाहु सुवारं । धारं ढारि [5]मत्तयौ धरयं ॥ छं० ॥ ४७५ ॥

कन्ह का युद्ध वर्णन।

दूहा ॥ मत्त ढरहि संमुष भिरहि । स्वांमि सनाह सहर ॥
आज सुष्य चहुआन कन्ह । सिंधु सत्त कौ नूर ॥ छं० ॥ ४७६ ॥

गाथा ॥ सद सिह्वत नूरं । कारूरं करनयो नंध्यौ ॥
एको अंग सुरंगो । दिष्षे वा वीरयं वीरं ॥ छं० ॥ ४७७ ॥

(१) को.-व्याहंतं । (२) मो.-काम । (३) मो.-मनु
(४) मो.-नमाई । (५) ए. कृ. को-मत्तयो ।

घनयं खहि नरिंदं। तिहि संचिय सायरो नव्यौ ॥
कलहंतं बल विषमं। जुधमं देहीय लज्जतौ सूरं ॥ छं० ॥ ४७८ ॥
कढ्ढ लोह दुहथ्थं। सत्तं घरियाय वज्जयौ अंगं ॥
चावद्दिसि चतुरंगी। अनुरंगी सेन सब्बाइं ॥ छं० ॥ ४७९ ॥

दूहा ॥ अनुरंगी सेना [1]सकल। सह सुरह विरुद्ध ॥
अबुध बुद्ध भारथ्थ में। दान मान सु [2]प्रबद्ध ॥ छं० ॥ ४८० ॥

गाथा ॥ बर अथवंत सु दीहं। सुभं विन जोतयं कलयं ॥
घरिघट अघट नरिंदं। सा बुड्ढ बीर भद्रायं ॥ छं० ॥ ४८१ ॥

पृथ्वीराज के वीर सामंतों का प्रशंसा।

मुरिल्ल ॥ बीरभद्र अरु रुद्र जलप्पिय। कह्यौ सत्त संकरषन थप्पिय ॥
तुम सकल कलित भारथ फिरि दिष्यौ। इन समान कोइ बीर विसष्यौ ॥ छं० ॥ ४८२ ॥

गाथा ॥ को [3]दिठौ समं बीरं। सामंतं स्वामयौ [4]क्रमयं ॥
इकं करन प्रमानं। अंगद कालेय रावनो [5]भिरयं ॥ छं० ॥ ४८३ ॥

चौपाई ॥ राम कांम अंगद अधिकारी। स्वांमि कांम सामंतव धारी ॥
जिन हय गय तन तिन वर जान्यौ। सुमत भ्रंम स्वामित्त पिछान्यौ ॥ छं० ॥ ४८४ ॥
[6]सुपति भ्रम्म जिन तंत प्रमानिय। मुकति सुर्ग केवल सुनि बानिय ॥
घट्टिय घट्ट विघट्ट सुषंड्यौ। सुपथ साथि आपथं सु मंड्यौ ॥ छं० ॥ ४८५ ॥
जिन छंडिय संडिय क्रत धारिय। सार कढ्ढि हय तज्जि सु धारिय ॥
[7]परनि प्रहार सार तजि सारं। जड़ता तज्ज लगतं तम तारं ॥ छं० ॥ ४८६ ॥

छंद विराज ॥ लगे बीर सारं। किए मत्त पारं ॥
बहथ्थंत धारं। अनुज्जा प्रहारं ॥ छं० ॥ ४८७ ॥
तुटै धार धारं। मनों श्रुत्त तारं ॥
अवित्तं विहारं। कलिंदी कहारं ॥ छं० ॥ ४८८ ॥

(१) ए. कृ. को.-सुबल। (२) ए. कृ. को.-मबुद्ध।
(३) मो.-नट्ठौ। (४) को-मो.-कृतयं।
(५) मो.-भरयं। (६) ए.-सुमति। (७) मो.-परति।

मनौं नभ्भ धारं । सु भारथ्थ सारं ॥ छं० ॥ ४८६ ॥

* चौपाई ॥ सार धार भारथ प्रहारं । मानहु दुत्तिय अंग विहारं ॥
धार तिथ्थ कै तिथ्थह राजं । जनक काम कामनि सिरताजं ॥
छं० ॥ ४९० ॥

कवित्त ॥ वर अथवंत सु दीह । भुझिझ [1]लच्छिन जद्दव भर ॥
लोह धार लगि विषम । ईस लीनौं जु शीश कर ॥
रह्यौ न तन दक्खन सु मंस । पल चरन न पाइय ॥
अश्व शस्त्र पष्पर [2]पलान । ढुढंत नन पाइय ॥
वरि लियन वीर अंतर मिल्यौ । [3]अच्छर [4]सुच्छर ना लियौ ॥
मिलि गय सु भान सुत भान कौ। दिव दुंदुभि वज्जत वियौ ॥ छं० ॥ ४९१ ॥
अगनि झार धर धार । सार वज्जी प्रहार असि ॥
कंक दिए सिंघा सुरारि । भग्गौ नल गंभरि ॥
शस्त्र घात आघात । वथ्थ अन वथ्थ सु लग्गा ॥
सुरत अंतरित सेत । मिले दूती मन भग्गा ॥
सिरदार सैन नृप द्वै करिय । दोज घाव घन घुम्मि घट ॥
उवर्‌यौ कन्ह प्रथिराज क्रम । झुझ्झि पुंज बंध्यौ सुभट ॥ छं० ॥ ४९२ ॥

इस युद्ध को देख कर देवताओं का प्रसन्न हो कर पुष्पवृष्टि करना ।

छंद भुजंगी ॥ वजी दुंदुभी आज आयास यानं। करे लोह लोहं [5]सुलोकंति गानं।
कहै चंद सूरं महावीर पाई । परे पुष्फ वर विष्ट वज्जै विधाई॥ छं० ॥ ४९३ ॥

सांझ हो गई परंतु कमधज्ज की अनी न मुड़ी।

कवित्त ॥ जौति लियौ जै पत्ति । चार चतुरंग स मोरी ॥
वर बंध्यौ नृप पुंज । ढाल जद्दव न ढँढोरी ॥
वर [6]लच्छिन परि पंत । कन्ह चहुआन उपारिय ॥

* मो.-प्रति में अधिक । (१) मो.-लन ।
(२) मो.-प्रमान । (३) मो.-अस्सर । (४) मो.-सुसर ।
(५) ए. कृ. को.-लोकेमु । (६) मो०-लच्छिन ।

घेत ढूंढ़ि प्रथिराज। सुभृत भोरी करि डारिय॥
इतनें सु भान अस्तमित भये। दोऊ सेन बर उत्तरिय॥
मुक्की न बग्ग कमधज्ज की। रोस राह विसरन भरिय॥छं०॥४९४॥
बजी संझ घरियार। सार बज्यौ तन भंभर॥
जनु कि बज्जि झननंक। ठनकि घन टीप स 'उब्बर॥
अनल अग्गि सम जग्गि। जेन धज बंधि सलग्गा॥
मनु दुप्पन में बैठि। नेत बडवा नल जग्गा॥
घन स्यांम पीत रत रंग बर। विविध बीर गुन बर भरिय॥
हर हार गंठि रुठि उमां। किम उतारि पच्छो धरिय॥छं०॥४९५॥

कमधज्ज का अपने वीरों को उत्साहित करना।

छंद भुजंगी॥ भिर्‌यौ राम रन बीर कमधज्ज वीरं।
करो आज सर्व्वं 'सुन्निद्वीर धीरं॥
गुहे माल ईसं नचें जोग बीरं।
भिरं तंत मेतं धरं धीर हीरं॥ छं०॥ ४९६॥

सब रन भूमि में तीन हाथ ऊँची लाशें पड़ गई।

दूहा॥ परि पथ्थर सथ्थर सुरन। गमक गमें नहिं जाइ॥
हथ्थ तीन लुथ्थह चढ़ी। मुरबी 'मह न माइ॥ छं०॥ ४९७॥
संझ सपत्ते न्रपति बर। नव नव रस अरपंत॥
बर प्रथिराज नरिंद दुति। सो ओपम कविकंत॥ छं०॥ ४९८॥

तीन घड़ी रात्रि होजाने पर युद्ध बंद हुआ।

कवित्त॥ घरिय तीन निसि गइय। बार बर सुक्र सु आगम॥
पंति परी अरिजूह। बीर विंब्यौ अरि जागम॥
कोट पखन सोभै। विसाल सामंत सूर थँभ॥
जस देवल उप्पनौ ३ब्रीय गय गिरी सेत रँभ॥
प्रथिराज देव दानव दलन। लच्छि रूप जद्दव कुँअरि॥
नव रस विलास पूजा करहि। बर अच्छरि भइ पहुप सरि॥छं०॥४९९॥

(१) ए.—उब्बर। (२) ए०—सन्निवरि। (३) ए०-सद्ध।

पृथ्वीराज की सेना की समुद्र से उपमा वर्णन।

श्रम सु श्रंग बिंटयौ। सुधा [1]बिंटयौ जु बाल रस॥
श्रमिय चंद बिंटयौ। समुद बिंटयौ वडवा तस॥
श्ररि कैं दिल विष उरग। मंत्र ससि वृत्त प्रेम श्नर॥
लहि न सुद्धि सब बसन। श्राइ लग्गेति रोस भर॥
बजि वीर धार दुज दल सघन। लाग निसानन नृत्य पर॥
प्रथिराज सेन बंधौ स श्रति। सु कविचंद उच्चारि वर॥ छं० ॥ ५०० ॥

युद्ध में नव रस वर्णन करना।

भान कुंश्ररि श्रश्विहृत। नैन श्रृंगार सुराजै॥
वीर रूप सामंत। रुद्र प्रथिराज बिराजै॥
चंद श्रद्भुत जानि। भए कातर करुना मय॥
बीभछ श्ररिन समूह। सात उप्पनौ मरन भय॥
उप्पज्यौ हास श्रपछरि श्रमर। भौ भयान भावी बिगति॥
कूरंभराव प्रथिराज [2]बर। लरन लोह चिंते तरनि॥ छं० ॥ ५०१ ॥

राम रघुवंश का कहना कि जिस वीर ने युद्धरूपी काशी क्षेत्र में शरीर त्याग करके इस लोक में यश और अंत में ब्रह्म पद न पाया उसका जीवन वृथा है।

कहै राम रघुवंस। सुनौ सामंत सूर तुम॥
श्रमर नरन बंछहि सु। जुद्ध किन कथ्थ नरिंद भ्रम॥
धार तिथ्थ वर श्रादि। तिथ्थ काशी सम भज्जै॥
श्रसि वरुना तिन मध्य। लोह तेज सम गज्जै॥
सिव सिद्ध जोग सज्जै सकल। श्रकल श्रपूरब वत्त इह॥
लभ्यौ न वीर जिन ब्रह्म पद। छिनक मद्धि गति लभ्भि इह॥ छं०॥ ५०२॥

गुरुराम का पृथ्वीराज को विष्णु पंजर कवच देना।

पढ़ि सुमंच गुर राम। विष्णु पंजर सनाह दिय॥

(१) मो.-बींध्यौ।　　(२) ए. कृ. को.-छर।

केस कंस मरद्दन। नंद नंदन खिलाट किय॥
भोह भुअद्दर धरि समुद्द। नैंन निज्जिय नाराइन॥
बदन दिष्ट श्रीलष्य। हृदय थप्पौ मथुराइन॥
कटि जंघ गुविंद रष्षा करन। चरन थप्पि असरन सरन॥
मुर इष्ट समरि प्रथिराज कौ। इह सुदिट्ठ रष्षा करन॥ छं०॥ ५०३॥

कमधज्ज और जद्दव की मृत फौज की शोभा वर्णन।

दूहा॥ परि पारस जद्दव सयन। मिलि कमधज्ज प्रमान॥
षट बिय ग्रह मनु नछित लै। [1]पंति सु मंडिय भान॥ छं०॥ ५०४॥

किन किन बीरों का मुकाबला हुआ।

छंद चोटक॥ परि पारस पंग नरिंद घनं। मनो भान सुमेर कि पंति बनं॥
घन सद्द सुरंग निसान धुनं। मनौं बज्जत दुंदुभि देव तनं॥ ५०५॥
चव दून निसान सु कन्ह धनी। जु कियौ सिरदार सु पंग अनी॥
दिसि पच्छिम बालुकराय अर्यौ। तिनके मुख कन्ह पजून खर्यौ॥
छं०॥ ५०६॥
हुअ ईस दिसान दिसा न्रप मान। तिन कें मुष भो रन भाटिय भान॥
दिसि पूरब भो षुरसान षँधार। तिन कै मुष मंडि सलष्ष पंवार॥
छं०॥ ५०७॥
अगिनेव दिसा बन सिंघ अचाह। तिन के मुष मंडिय निड्डुर राय॥
दिसा जम बच्छिन बंधिय फौज। तिन के मुष चामँड दाहर कौज॥
छं०॥ ५०८॥
सुनै रति छच उब्यौ कर बीर। तिन कें मुष मंडिय चंद पुंडीर॥
जु बायु दिशा दिशि इंद्रयपाल। [2]तिनें मुष भौम भिरे रिनमाल॥
छं०॥ ५०९॥
[3]सु उत्तर दै प्रभु पंग कुँआर। तिनें रघुवंस बजावत सार॥
बढै गुर जंबुर [4]हथ्थह नार। मनौं गज भद्दव कौ उनिहार॥
छं०॥ ५१०॥

---

(१) ए०—पति।
(२, ३) पंक्ति मो.-प्रति में नहीं है। (४) ए. कृ.०को.-हथं हथ।

छुट्टे गुरजं वदियानन सें। उड़ तें पलटे मनों तारक सें॥
पति बंधि सनाह सयान करें। अरि के मुष सामँत सूर लरें॥
छं० ॥ ५११ ॥

रात्रि व्यतीत हुई और प्रातःकाल हुआ।

भयें प्रात जगंतय सूर परे। तिन कें लरतें ब्रह्मण्ड डरे॥
गय रुद्र निशा पहु फट्टि ननं। दोउ संगम अंग विरंग घनं॥
छं० ॥ ५१२ ॥

प्रिय प्रातक सीत चलै मधुरं। निशि छीय उसास निसास डरं॥
वर तोरत तारक भूषन सो। मुष मूंदि कमोदनि ना बिगसो॥
छं० ॥ ५१३ ॥

पहु फट्टिय वीर प्रमांन नयै। रवि रत्त सुतत्त वियोग लयै॥
जु भई गति सिद्धथल ता सगरी। सर छिप्पन कोलि कला निसरी॥
छं० ॥ ५१४ ॥

वजि दुंदुभि देव निसान धुअं। प्रगटे सत पच सुरंग हुअं॥
वर रंग जवा सन जोति फिरी। घन देहि असीस चकी चतुरी॥
छं० ॥ ५१५ ॥

घन रोर चकोर कमोद भगे। जु गए दुरि चोर सु देव जगे॥
जमुना हुलसी जमराज हंस्यौ। जु गयौ तिमरं भजि तेज सज्यौ॥
छं० ॥ ५१६ ॥

वर इंद अनंदिय चंद कह्यौ। जु सज्यौ रथ उंच अरुन्न गह्यौ॥
सु चल्यौ चक्र एकहु चक्र कह्यौ। सु गह्यौ कमलं कर को अकारयौ॥
छं० ॥ ५१७ ॥

वर उड्डग नीर पवन्न उडं। जु चले सब कांमज अग्गि गडं॥
जु भयौ धनं भ्रंम मिटी वनिता। वल जाप अजाप न सो जपता॥
छं० ॥ ५१८ ॥

गाथा॥ गई सर्व्वरी सु संबं। फट्टौ पहुवँ नट्ठयौ तिमिरं॥
तंम चूरन प्रति किरनं। तरुनं विराइ तरुनयो रचयं॥ छं०॥ ५१९॥

(१) को.-वृत्त। (२) को.-बट्टि। (३) ए.-नवासनि।

प्रातःकाल होते ही घोड़ों ने ठीं लगाई, शूरबीरों ने तयारी की और दोनों तरफ के फौजी निशान उठे।

कवित्त ॥ [1]सुफट किरनि पहु बीर। परिय आरन्नि निसा गय ॥
उभय षट्ट प्रगटीय। हक्क बोलंत हयनि हय ॥
तिमिर तेज भंजन। प्रमान कमधज्ज नरिंदह ॥
मांन तुंग चहुआन। जग्य जंपिय कवि चंदह ॥
नव ग्रेह नवम्मिय नव निसा। नव निसान दिघ्घि मान धुरि ॥
सामंत सूर भुज उप्परै। रहसि राज प्रथिराज फिरि ॥ छं० ॥ ५२० ॥

शूरबीरों के पराक्रम से और सूर्य्य से उपमा वर्णन।

गाथा ॥ सुघटं किरनं वीरं। पारस मिसह सेन कमधज्जं ॥
उदयं अस्तमि भानो। मेर पच्छि दच्छिनो फिरयं ॥ छं० ॥ ५२१ ॥
दूहा ॥ दच्छिन पत्त सुमेर फिरि। यों पारस पहु यंग ॥
सार धार धारह मिले। सुबर बीर प्रति अंग ॥ छं० ॥ ५२२ ॥
चौपाई ॥ सार धार प्राहार प्रकार। मनौं मत्त घन पंति विभार ॥
उठे बीर सत्तौं विरुझाइ। भान पयान न मत्त सुचाइ॥ छं०॥५२३॥

पृथ्वीराज का शुद्ध हो कर विष्णु पंजर कवच को धारण करना।

गाथा ॥ ग्रह सुद्धा प्रथिराजं। अष्ट ग्रहं बंकमो विषयं ॥
विष्णुं वीर सुधारं। पंजर भंजे राजयो अंगं ॥ छं० ॥ ५२४ ॥

उस पंजर में यह गुण था कि हजार शस्त्र प्रहार होने पर भी शस्त्र नहीं लगता था।

दूहा ॥ सा पंजर दिय राज वर। सस्त्र लगै नहिं घाइ ॥
कोटि अंग धावह घने। भुज प्रमान सो पाइ ॥ छं० ॥ ५२५ ॥

बैकुंठ बासी विष्णु भगवान पृथ्वीराज की रक्षा पर थे।

गाथा ॥ बैकुंठह बर वासी। सासी गहनाथ गिरन सा धरियं ॥
सो रक्षा चहुआनं। अनरथ्था मंचयो धरयं ॥ छं० ॥ ५२६ ॥

(१) ए. कृ. को.-मट।

इधर से पृथ्वीराज उधर से कमधज्ज की सेना की तैयारी होना।

दूहा ॥ बज्जि राग चौहान भर । उत कमधज्ज नरिंद ॥
सार धार वज्जिय विषम । कहि अनंन कविचंद ॥ छं० ॥ ५२७ ॥

आगे यादवराय की सेना तिस पीछे कमधज्ज की सेना, तिस के पीछे हाथियों की कतार देकर रूमी और अरबी, का सेना सज कर युद्ध के लिये चलना।

छंद त्रोटक ॥ सुर तीन फवज्ज सु बंध यपी ।
अग जद्दव राइ नरिंद रूपी ॥
तिन पच्छ सु बीर सुरंग अनी ।
बिच बंधिय हथ्थिय पंति घनी ॥ छं० ॥ ५२८ ॥
बर हथ्थसि किन्नर रूमि बिचै ।
झननंकत पाइक पंति नचै ॥
तिन सौर सुगंध बिछाइ घनं ।
बहु जुम्मक कपट्टिय मंडि डनं ॥ छं० ॥ ५२९ ॥
हय उच्छरि पेह अयास लगी ॥
नव तुट्टि [1]तिनं बनि बारि भगी ॥
अरबी सरसीरुह [2]संकुचिता ।
चकई चक मूंकति चूक तता ॥ छं० ॥ ५३० ॥
पवनं गवनं नन पंथ वहै ।
नव नेज धजा [3]धज लग्गि रहै ॥
फन फूंक फनं पति को बिसरी ।
सुदरी दिग अट्ठ हगं धुँधरी ॥ छं० ॥ ५३१ ॥
घन बज्जत घंट सघंट घनं ।
नव नोरव नारि निभंग मनं ॥
ढलकै गज ढाल सुनेज बनं ।
[4]चमकै बल के मन चौज मनं ॥ छं० ॥ ५३२ ॥

(१) मो. नितम्बनि । (२) ए. कृ. को.-संकुरित, संकरित ।
(३) मो.-धन । (४) मो.-चमकें चल्कें चमकें चमनं ।

तिन की उपमा कविचंद करी।
मनौं मेघ महेंद्रव बीज झरी॥
घन मन्निय नइ विबंक सुरं।
सुभिहै बिब हथ्थ धजा विघुरं॥ छं०॥ ५३३॥
गज नइ जंजीरन के घुरयं।
मनौं बंधिय झिंगुर सा सुरयं॥
तिन के कछु दान कपोल झरे।
सु मनौं नभ के बरसे बदरे॥ छं०॥ ५३४॥
बजि लाग निसान धमंक सजी।
सहनाइन सिंधुअ राग बजी॥
नव नारद सारद ते किलकै।
नव बंदि बिरद्द नद्दे हलकै॥ छं०॥ ५३५॥
घन देषि अरिष्ट सुवाल डरी।
मुदरी नव आनद चित्त हरी॥
कमधज्ज कला चढ़ती बर पेषि।
मुंदरी ससिहत्त दइ [1]अग्गि [2]लेखि॥ छं०॥ ५३६॥

सेना की सजावट की शोभा वर्णन और उसे देख कर भूत वेताल योगिनी आदि का प्रसन्न हो कर नाचना।

निसाणी॥ फौज रची तिन दीय घन मध्य मसंदा।
जालिम जोध जुवान सेर रस बीर रजिंदा॥
अग्गैं उभ्भा अप्प आइ जादव्व नरिंदा।
मनौ उभ्भै मेर कै अड्डी अग डंदा॥ छं०॥ ५३७॥
पीछै ठाढ़े राठ बड़ बल जे बिचरंदा।
जानकि उत्तर उन्नया घन लोह सहंदा॥
पाइक पंति अपार वर जनु मोर नचंदा।
बाग गहिग्गहि बाज कीन रन बीर नचंदा॥ छं०॥ ५३८॥

(१) ए. कृ. को.–गति। (२) मो.–पेषि।

वीरा रस्स उतावल न रहै वरजिंदा ।
अलवेला सु उछंछला अनमी अवसंदा ॥
गाहड़ सल्ल गुमान गुर गुन गात गुरंदा ।
वज्जे निसान नफेरियान घोर घुरंदा ॥ छं० ॥ ५३९ ॥
सत्त वीर सुनंत तन तामस्स भरंदा ।
सुनि चौसट्ठी जुगिन किलकि किलकंदा ॥
भूत भयानक भाय भरि भहरें भहरंदा ।
पेइ थेई गति पेष पाल किलकार करंदा ॥ छं० ॥ ५४० ॥
बावन वीर [1]वलिष्ट वर वल कारि विलसंदा ।
देषैं देव विमान चढ़ि कौतिग्ग अनंदा ॥
तारी दै दै तान तुट्टि नारद नचंदा ॥ छं० ॥ ५४१ ॥
गाथा ॥ नंचै नारद सिद्धं । बुद्धे बुद्धिवंत सुभट्टाई ॥
वंधे बुधिवर भट्टं । सहकारं वीर [2]भट्टायं ॥ छं० ॥ ५४२ ॥

सुसज्जित सेना से पावस की उपमा वर्णन ।

चौपाई ॥ नाम नाम जिम पूरन स्याम । तडित वेन धुक्की धर धाम ॥
गर्जित सिंह अपास सवद्द । करनि भज्जि होते जिन मद्द ॥ छं० ॥ ५४३ ॥
गाथा ॥ मदंक रीति भग्गा । आकास यौ सद्दयौ सद्दं ॥
सो कसं वर मंचं । फेरे अकुंस सीसए मारं ॥ छं० ॥ ५४४ ॥

अंकुस लगा कर हाथी बढ़ाए गए और शस्त्र निकाल कर शूरबीर लोग आगे बढ़े ।

दूहा ॥ अकुंस मारि प्रहारि गज । बंधन अध पूजान ॥
शस्त्र कड्ढि संमुह भिरन । धनि संभरि चहुआन ॥ छं० ॥ ५४५ ॥

कमधज्ज के शीश पर छत्र उठा उसकी शोभा ।

अरिल्ल ॥ उग्यौ छत्र कमधज्ज नरिंदह शीश पर ॥
मनों कनक दंड पर ज्यूं इंदी इंदवर ॥

(१) ए० कृ० को०—अरिष्ट ।　　(२) ए. कृ. को.-भट्टाई ।

घोड़ों की टापों से आकाश में धूलि छागई ।

हय षुर [1]उच्छरि षेह अयासह धुंधरी।
भान गंग प्रथिराज देषनह उत्तरी ॥ छं० ॥ ५४६ ॥

चहुआन का घोड़े पर सवार होना ।

दूहा ॥ वहकि निरह नष्यर भिदै । यह पारथ पविचान ॥
सो प्रति सारह उत्तरन । फिरि चढ्यौ चहुआन ॥ छं० ॥ ५४७ ॥

उस दिन तिथि दसमी को युद्ध के समय के तिथि योग नक्षत्रादि का वर्णन ।

कवित्त ॥ दैव दसमि दिन दीह । दीह पहरौ नरिंदं ॥
गुरु पंचम रवि नमो । सुबर ग्यारमो सुचंदं ॥
चतिय थान बर भोम । सुक्र सप्तम वर कीनौ ॥
ब्रुप सुपनंतर आइ । ईस [2]जौपन वर दीनौ ॥
चौसट्ठि पुट्ठि वि पुट्ठियन । अरिन सेन संमुह [3]परे ॥
न्त्रिघोष सह बज्जैत सब । सुबर लोह कट्टे करे ॥ छं० ॥ ५४८ ॥

युद्ध वर्णन ।

छंद त्रिभंगी ॥ कविचंद सुबरनं करै सुकरनं सूरह लरनं भर भिरनं ॥
तिरभंगी छंदं नाग नरिंदं कथ्थ करिंदं दुष हरनं ॥
[4]पढ़ मंदह मत्ता पुनि अठ मत्ता असु वसु मत्ता रस मत्ता ॥
घन घाइ सघत्ता सूर सरत्ता में गल मत्ता करि धत्ता ॥ छं० ॥ ५४९ ॥
बज्जे बर कोहं लग्गौ लोहं छक्के छोहं तजि मोहं ॥
सूरा तन सोहं स्वामिन द्रोहं मत्ते ढोहं रिन डोहं ॥
बर बान बिछुट्टे बगतर फुट्टे पारन षुट्टे धर तुट्टे ॥
तरवारनि तुट्टे धम्भर लुट्टै अंग अहुट्टे गहि झुट्टे ॥ छं० ॥ ५५० ॥
बीरा रस रज्जं सूरस गज्जं सिंधुअ बज्जं गज गज्जं ॥
अच्छरि तन सज्जं बरं वर जंजं चित्ते बज्जं मन मज्जं ॥

(१) मो.-उच्छरि। (२) को.-जीयन (३) मो.-परै, करै।
(४) ए. कृ. को.-परि मंदह मत्तापुर नन्दी।

कायर रन भज्जं तज्जि सलज्जं स्वामि सु काज्जं भर सज्जं ॥
जम दट्ठ सु सज्जे हट्टह मज्जे छिन्नन छज्जे रिन रज्जे ॥छं०॥५५१॥

घायल सामंतों की शोभा ।

सोरठा ॥ रिन मंते सामंत । घाइ अंग तज्जे घने ॥
मनो मत्त मय मंत । विना महावत रारि मिलि ॥ छं० ॥ ५५२ ॥

शूरवीरों का क्रोध में आकर युद्ध करना ।

छंद भुजंगी ॥ कढै लोह कोहं दुदीनंति वज्जै ।
सजे तामसं राज सा तुक तज्जै ॥
काटे कंध सूरं मिले सार कोहं ।
सना हंत सूरं फिर वेश सोहं ॥ छं० ॥ ५५३ ॥
उड़ै टोप टूकं वजै सार घंटै ।
मनो अग्ग दंगी लगी बंस फुट्टै ॥
मनों मीन माया जलं सब्ब तुट्टै ।
.... ॥ छं० ॥ ५५४ ॥
असी मंस तुट्टै कारं कंस हल्लै ॥
मनो कग्गदं काल बूतं सु चल्लै
सु भट्टं सु सूरं कुभट्टं सु कीनं ।
उलट्टयं समेजीं हतं जान थीनं ॥ छं० ॥ ५५५ ॥
चढ़यौ पावसं जुद्धं संभरेशं ।
दलं बद्दलं सद्दलं ते नरेशं ॥
घनं घोर घंटा निसानं दिसानं ।
तिनं सूलियं सह आषाढ मानं ॥ छं० ॥ ५५६ ॥
कवै दामिनी तेग वेगं प्रमानं ।
पड़ै भट्ट बीरं वुलै मोर बानं ॥
लगै बाइ बुट्ठ सरं सार गोरी ।
रुधिं नार मानो प्रवाहै स जोरी ॥ छं० ॥ ५५७ ॥

---

(१) ए. कृ. को.-में । (२) मो.-सात्विक ।
(३) ए. कृ. को.-कढे । (४) ए. कृ. को.-भेस । (५) ए.-भारी ।

करैं कायरं चीय करुना प्रमानं।
लगै बाह कालंदि चंपे समानं॥*
जनं चीय जंपी उनं पीय जंप्पौ।
सोई ओपमा चंद बरदाइ थप्पौ॥ छं०॥ ५५८॥

कवि का कथन कि उन सामंतों की जहां तक प्रशंसा की जाय थोड़ी है।

दूहा॥ देवप्पति देवह सु दुति। मति सामंत सधंत॥
जिन अच्छरि सच्छरि कहीं। सो जस बाढ बर कंत॥ छं०॥ ५५९॥
गाथा॥ जस धवली बर बढयं। चय लोकं साध [1]यौ तरयं॥
जानिज्जै परिमानं। सतं समुद्द सींचयो [2]नीरं॥ छं०॥ ५६०॥
छंद लघुत्रोटक॥ मिलि जुद्ध मच्यौ। रन षेत रच्यौ॥
सम सार सच्यौ। नव एक मुच्यौ॥ छं०॥ ५६१॥
रस बीर षच्यौ। तन रारि [3]तच्यौ॥
कहुँ जाई बच्यौ। .... ॥ छं०॥ ५६२॥
जुग्गनि जितनी। किलकैं तितनी॥
घन घाइ घुरैं। पट सीस परैं॥ छं०॥ ५६३॥
दोउ बीर बड़े। लगि लोह अड़े॥
घट घाइ पड़े। झुर होइ झड़े॥ ५६४॥
सस केश डफै। तन सों तड़फै॥
फिफरा फड़कै। कढि सों कड़कै॥ छं०॥ ५६५॥
पग हथ्थ परैं। ढी चाल [4]ढुरैं॥
धक धींग धकैं। मुष मार बकैं॥ छं०॥ ५६६॥
रस बीर छकैं। हक हूक हकैं॥
बहु सूर लरैं। न्रप भार परैं॥ छं०॥ ५६७॥

---

* ए. कृ. को. प्रतियों में इसके आगे ये दो पंक्तियां हैं।
उनै मैन त्रासं उनै सत्र सारं। कम्यो काइरं कामनी ना प्रभासं॥

(१) ए. कृ. को.-सो। (२) मो.-नीयं।
(३) ए. कृ. को.-रच्यौ। (४) मो.-ढरे।

कमधज्ज के वीर खवास का युद्ध और पराक्रम वर्णन ।

दूहा ॥ सुवर वीर षावास भिरि । मुक्कि सु धाम धमारि ॥
सो श्रोपम कविचंद कहि । भुकि कट्ठी परिहार ॥ छं० ॥ ५६८ ॥

अरिल्ल ॥ मोह पारि जिन छंडिय सूर । तिरन वीर भारथ्थह पूर ॥
दैव जुद्ध आर्कात्त अबुद्ध । कढ़े लोह दुव-लोदह जुद्ध ॥ छं० ॥ ५६९ ॥

छंद विराज ॥ कढ़े लोह वीरं । महा मल्ल तीरं ॥
हको हक्क वज्जी । गिरं जानि गज्जी ॥ छं० ॥ ५७० ॥
कढें मत्त मंती । अहतं न दंती ॥
वहै लोह सारं । प्रहारंत भारं ॥ छं० ॥ ५७१ ॥
भनंके भनंकी । रथं भान थक्की ॥
हलक्कंत सूरं । बजे देव तूरं ॥ छं० ॥ ५७२ ॥
उतं मंग तुट्टै । [1]घरी दोम लुट्टै ॥
घरी इक जानं । सु भारथ्थ मानं ॥ छं० ॥ ५७३ ॥

दूहा ॥ सुवर वीर षावास विजि । कट्ठी बंकी असि ॥
सोभै सीस गयंद कै । मनुं तेरस की ससि ॥ छं० ॥ ५७४ ॥

खवास तो मारा गया परंतु उसका अखंड यश युगान युग चलेगा ।

कवित्त ॥ सुवर वीर षावास । षिम्भि कट्ठी सु बंकि असि ॥
सुभै सीस गज राज । अन्न तेरसि कि बाल ससि ॥
सुठ्ठि चंपि द्रग पानि । नीर वानं सुवारह ॥
मनु मुत्तिय वारुन्न । बंदु बंधे इन बारह ॥
साम रम देन पावरि धनि । स्वामि सु अंतर फुनि मिलिय ॥
जीरन [2]युगास संदेस सदि । गल्ह एक जुग जुग चलिय ॥ छं० ॥ ५७५ ॥

खवास के मरने से कमधज्ज को बड़ा दुःख हुआ और उसने अपने मंत्रियों से पूछा कि अब क्या करना चाहिए ।

(१) मो.-घरी ।　　(२) ए. कृ. को.-जुगा ।

सुबर बीर कमधज्ज। राज संमुह अरि झारिय॥
मरन थूंज षावास। मरन अप्पनौ विचारिय॥
सब सु सथ्थ पुच्छयौ। तंत मंतह उच्चारिय॥
सकल मंत रजपूत। मंत मो देहु सुचारिय॥
हारिये थूंम जित्ते सुसब। ता उप्पर तन रष्षियै॥
मो मंत्त सुनौ तौहूं कहूं। दुज्जन दल बल भष्षियै॥ छं० ॥ ५७६॥

मंत्रियों का कहना कि समय पड़ने पर सुग्रीव, दुर्योधन, श्री रामचन्द्र, पांडव, अर्जुन इत्यादि सब ने अपनी अपनी स्त्रियों को छोड़ दिया।

एक समै सुग्रीव। त्रिया रष्षीं न अप्प बल॥
एक समै दुरजोध। छन्नि पुक्कार मंडि कल॥
एक समै श्रीराम। त्रिया अप्पनी न रष्षी॥
एक समै पंडवन। चीर कड्डत द्रग लष्षी॥
रष्षिय न गोप पारथ बलिय। ससि सुबैर तारक बर॥
त्रिघात बात गोविंद बिना। जीव रषिन सर्बंग गहि॥छं०॥५७७॥

कमधज्ज के मंत्रियों के मंत्र देने के विषय में कवि की उक्ति।

दूहा॥ भल भल तुरी चढंत बर। तिन अष्षरन अषार॥
मरन जानि भूलंग हर। कट्टर चड़े तुषार॥ छं०॥ ५७८॥
कवित्त॥ सु कवि गत्ति ननग्रही। कु कवि गतिय सु क्रम बदन॥
सलिल बानि बोलै न। कठिन कुव्वचन सु स्वदन॥
छूटत घोट कवित्त। चित्त लहु गुरन प्रकासं॥
अघट घाट गुन करै। घाट सुद्धं न प्रगासं॥
अच्छरि सुरंग जै जै करहि। बन प्रस्तावन पढ्ढियै॥
घन घट्ट थट्ट भुम्म्यौ करै। कुकबि जे मद्दि चढ्ढियै॥छं०॥५७९॥
दूहा॥ फेरि पंति पारस सु दल। अगति करी नहिं गत्ति॥
जिन सांईं सधनौ कला। बनि सामंति सु मत्ति॥ छं०॥ ५८०॥

मंत्रियों के मंत्र के अनुसार कमधज्ज ने अपनी अनी मोड़ली।

सुनति मत्ति पारस फिरि। सुभट सेन कमधज्ज॥
एक लष्य दस लष्य में। धनि सामंत सु रज्ज॥ छं०॥ ५८१॥

कमधज्ज की सेना के फिरने से सामंतों का दिल बढ़ा।

गाथा॥ लग्गा दस बल कलनं। सिंधुर असमान सीस गोरनयं॥
बल वक्या सामंतं [1] कायर कर पेव छूर क्रम [2] छलयं॥ छं०॥ ५८२॥

दूहा॥ [3] बल छचिय संचिय तरन। भिरि भंजै गज दंत॥
रंभ अरंभन ढूंढए। अच्छे अच्छरि कंत॥ छं०॥ ५८३॥
झुकि भारी भगवान भिरि। राम कुलह कुल चंद॥
सार सार संमुह [3] भिन्यौ। स्वामि सु मेटन दंद॥ छं०॥ ५८४॥
रघुवंसी कमधज्ज झुकि। वंध सु पंग नरिंद॥
सो ओमें देखौ सवर। कहि तत्तौ कविचंद॥ छं०॥ ५८५॥
वसि चौनौ सामंत जुरि। वल अबुद्धि बुद्धि षेन॥
छिति संग्रह संग्राम किय। वल बलिष्ट बल तेन॥ छं०॥ ५८६॥

गाथा॥ डंको कांच उछारे। उछारंत मत्त नो हथ्थौ॥
मत्तौ मत्त सुमंतं। सो दिट्ठो भारथं नथ्थौ॥ छं०॥ ५८७॥

कवित्त॥ कहै मात बड़ कौय। सुरत मत्तौ अप्पारै॥
दुति पहार संभार। बीर बीरह [4] विचारै॥
रुधिर बूंद कंदल। परत कंदल परि उट्ठै॥
सार धार निरधार। सार धारह असि बुट्ठै॥
चावंड राइ दाहर तनौ। तिन बोहिथ चढ़ि उत्तरै॥
बीजलह दाग तिलकं मिसह। अदग दग्ग नहि विस्तरै॥छं०॥५८८॥

गाथा॥ सौ दग्गंत तिलकानं। सो दिष्टाय सारयो सरयं॥
अपकित्ती मिस दग्गं। ना लग्गंत तासयं कुसलयं॥ छं०॥ ५८९॥

जिस कुल में चामुंड है उसको दाग नहीं लग सकता।

दूहा॥ तिन कुल दग्ग न लग्ग वर। जिन कुल वल [5] चावंड॥
दोष रहित अच्छरि अमौ। किए षंड षायंड॥ छं०॥ ५९०॥

(१) मो.-छलनं। (२) ए. कृ. को.-छल। (३) ए. कृ. को.-पन्यौ।
(४) मो.-सुविचारै। (५) ए. कृ. को.-चामंड।

अरि मंडल षंडल करन। तिरन मोह मति [1]सिंध॥
रस्स बली बीरा विषम। लै भारथ्थ सकंध॥ छं०॥ ५९१॥

दुपहर के समय कमधज्ज की फौज फिर से लौट पड़ी।

कंध बंध संधिय निजर। परी पहर मध्यान॥
तब बहुर्‌यौ पारस फिरिय। फिर्‌यौ [2]भीछ चहुआन॥ छं०॥५९२॥

कमधज्ज और चहुआन खड्ग लेकर क्षत्री धर्म्म में प्रवृत्त हुए।

कवित्त॥ छल संज्यौ बल जोग। बुद्धि बलजोग पसारिय॥
चाहुआन कमधज्ज। षग्ग षत्रीवंस डारिय॥
रत्तन जुद्ध विरुद्ध। सह सद्दह मति कीनी॥
चावहिसि विढ्ढुरै। बीर बीरं रस पीनी॥
संग्राम धाम धंमार परि। काम धाम धम्मार तजि॥
सामंत सूर सांमत वर। धीर बीर धारहति लजि॥ छं०॥ ५९३॥

शूरबीर हाथियों के दांत पकड़ पकड़ कर पछाड़ने लगे।

दूहा॥ सें लज्जानी लज्ज वर। गज्ज दज्ज सामंत॥
अंत असुभभ्भय पंति पय। भिरि भंजै गज दंत॥ छं०॥५९४॥
भै रत्त अरत्त सरीर गति। सिंध सरोज सु पान॥
सूर बदों सामंत दुज। जिन अप्पै जिय दान॥ छं०॥ ५९५॥
जीव दान अप्पन सु हत। दल दंतिय बढ़ि कंत॥
हनूमान जिम द्रोन वर। बारधि मंत [3]सुपंति॥ छं०॥ ५९६॥
चौपाई॥ बार बारधि बर पंति सुमान। सूर धीर सामंत सुजान॥
दल बल बल विछोरहि बीर। षग्ग सुष झलकंतह नीर॥ छं०॥५९७॥

महाभारत में अर्जुन के अग्निबाण के युद्ध से इस युद्ध की उपमा देना।

कवित्त॥ षग मुष बर चढ्ढिये। धाइ तुट्टै है राजं॥
बार बार हक्कही। करै अग्या बिन साजं॥

(१) ए. कृ. को.-छंध, छंद। (२) मो. -भीच। (३) ए. कृ. को.-सुपाति।

[1]बाल स्वामि चग्या। विभंग चित ओपम चंदं॥
चिय कठोर निर्द्दन। क्रमै चग्या गुन मंदं॥
करतलह सु कवि कित्तिय सुवर। पथ यक्कै चाजान जिम॥
भारथ्थ वीर पारथ्थ जिम। अग्गिवान सामंत [2]असि॥छं०॥५९८॥

घोर संग्राम का वर्णन।

छंद हनूफाल॥ इति हनूफालय छंद। कवि पढ़ै भारथ चंद॥
भ्रम भ्रमहि वीर प्रकार। ज्यों चक्र चक्किय धार॥ छं०॥ ५९९॥
घरि घट्टै एक विघट्ट। वर बीर भंज्या पट्ट॥ छं०॥ ६००॥
दूहा॥ पट्टन भंज्या बीरवर। ज्यों दधीच सु चस्ति॥
देवकाज वज्जी लियौ। सोइ वर तत्त सबत्ति॥ छं०॥ ६०१॥
कवित्त॥ वस चत्तीय प्रकार। घाइ वज्जै घट घुम्मै॥
मार मार उच्चार। सार सारहु वर झुम्मै॥
एक मार संमार इक। सु मारति तै मारै॥
एक झार उझार। एक जारति उझझारै॥
घरि एक तरंगनि जक्कि जल। कमल जानि नंच्यौति सर॥
सामंत सूर सामंत बल। पहर वज्जि वज्जे पहर॥ छं०॥ ६०२॥
दूहा॥ पहर वज्जि पर पहर वर। पहर पहर आहत्त॥
मत्त दंत मद्दह सुवै। वान राज साहत्त॥ छं०॥ ६०३॥
वान राज साहत्त दुति। छिति छनी आकार॥
धन्नि सूर जे चंग मैं। धनि [3]किल्लै सु दुधार॥ छं०॥ ६०४॥
गाथा॥ दुद्धार सार सद्दियं। हय गय नर बीर बीरायं॥
जुद्धिय धीमति धीमं। सा बीरं बीरयो राजं॥ छं०॥ ६०५॥
बीरं राजिय बीरं। बीरं बीरं सु बीर सुब बीरं॥
बीरं होइ सबीरं। सो बीरं उव्वियं नथ्थी॥ छं०॥ ६०६॥
दूहा॥ नथ्थह सुद्धौ बीर वर। वल बंकम घट घाइ॥
घरी एक चाचिज्ज भौ। जोति मग्ग विरूझाइ॥ छं०॥ ६०७॥

(१) मो.-ज्यों वालि। (२) ए. कृ. को.-अरि।
(३) मो.-झेलै।

छंद भुजंगी॥ विसम्मभाय उड्डे रनं रोस वीरं। महा मत्त दंतीन की पंतिभीरं॥
गहै दंत धावै सु वाहै पचारै। महा मत्त बोलै सुवारं अधारै॥
छं० ॥ ६०८॥
काली किंत्त क्राटं करै दूरि दंदं। वजै सार सारं महा काल मंदं॥
महा ठट्ट घट्टै अहुट्टै जु थट्टं। बजै घाइ ऐसे बकै जानि भट्टं॥
छं० ॥ ६०९ ॥
रुधिं धार रत्ती सु मत्ती उझारै। इसी वीर वत्ती सु भारथ्थ भारै॥
छं० ॥ ६१० ॥

दूहा॥ भारथ्थह नथ्थी सुरत। अहत हत्त गति देव॥
जिन सांई दुज्जन हत्यौ। सो सांई प्रति सेव॥ छं० ॥ ६११ ॥
सेव देव देवन सुवल। रुधत गिद्ध सु मंस॥
मोह पान माया सुक्षत। उडत मुक्कि तिन हंस॥ छं० ॥ ६१२ ॥
हंसन हंसिय हंस वर। सुगति सरोवर बीय॥
तनु छंड्यौ जह मंडि कै। निसा ध्रम्म नह नीय॥ छं० ॥ ६१३ ॥
क्रू सांई पर हथ्थत्रें। [1]परम तंत पद पाइ॥
देवगिरि भंजन मती। रा चामंड विरुझाइ॥ छं० ॥ ६१४ ॥

कवित्त। रा चामंड जैतसी। राम बड़ [2]गुज्जर बुल्लिय॥
वलियभद्र बलिराम। सार धारह मति घुल्लिय॥
कलह किंत्ती विस्तरै। राइ निड्डुर सम सारं॥
दुहु बोल दुश्च चरन। मरन किंत्ती [3]अधिकारं॥
बैकुंठ खेन लिग्गे सु पग। विहंग मग्ग पंथी सुगति॥
नरसिंह सिंह छंडै नहै। सार धार मारह थियति॥ छं० ॥ ६१५ ॥

गाथा॥ सारं धार वरदियंति। रुधिरं छंडेव छूरयो श्रंगं॥
जानिज्जै मधु मासं। सा फूलेव पष्परो वनयं॥ छं० ॥ ६१६॥

अरिल्ल॥ रत्त सु रत्त सु वीर उडाइय। घाइ मृदंग उपंग बनाइय॥
के माया मोह ग्गति छंडै। काल दंड कालह क्रत छंडै॥ छं० ॥६१७॥

दूहा॥ काल दंड षंडन करै। भिरै वीर भारथ्थ॥
सुवर वीर सामंत गति। दै दुवाह पारथ्थ॥ छं० ॥ ६१८ ॥

(१) मो.-सुगति परम पद पाय। (२) मो.-गूजर। (३) मो.-अवधारै।

पारथ पारत्थिय सुदत्त। सारत्थिय चहुआन॥
मानहु वीर समुद्र गति। तिरन मते भ्रम मान॥ छं०॥ ९१९॥

प्रातःकाल से युद्ध होते संध्या हो गई और कमधज्ज की सेना मुड़ गई परंतु चौहान की सेना का बल न घटा।

भ्रम्म पार सामंत वर। उद्दै अस्त भौं भान॥
बहुरि पंग पारस फिरिय। बल न घट्यौ चहुआन॥ छं०॥ ९२०॥

दोनों सेनाओं के वीर युद्ध से संतुष्ट न हुए तब इधर से भीमराय और उधर से मृत षवास के भाई ने क्रुद्ध होकर धावा किया।

कवित्त॥ बल छंड्यौ न विराज। सूर उभ्भै दुअ पासं॥
जंघारौ रा भीम। स्वामि सन्नाह सुभासं॥
दुहु वाहां सामंत। दून दह दहु अधिकारिय॥
अमर बधं षावास। षग्ग बोल्यौ पिष्षि सारिय॥
जंघार राव जोगिंद वर। भुगति मुगति अप्पन अमिय॥
तामस न बुज्झयौ दोउ सेन कौ। बजि निसान आभा धुनिय॥
छं०॥ ९२१॥

गाथा॥ आभ सुनिय सु देवी। बज्जे साराइ मंदर वज्जे॥
नीसानं निसि सारं। साहारं [1]पारवं होई॥ छं०॥ ९२२॥

दूहा॥ पर पषरत पविच गति। रा निड्डुर राठौर॥
बंधु दोष जान्यो नहीं। स्वामि भ्रम पति मौर॥ छं०॥ ९२३॥

स्वामिकार्य्य के लिये जो शरीर का मूल्य नहीं करता वही सच्चा स्वामिभक्त सेवक है।

कुंडलिया॥ तजिय पुंज षावास वर। तिरन तुंग तन अप्प॥
चरन लग्गि बंध्यो मरन। सो सांइ भृत तप्प॥
सो सांईं भृत तप्प। जन्म जानत अंजारे॥

(१) ए. कृ. को.-तज्यौ न। (२) मो.-पारखा।

.... ॥
मयन मत्त बिच्छुरिय। मीह पारी तजि पग्गिय ॥
धनि निड्डुर रट्टौर। स्वामि छल स्वामि सु जग्गिय ॥ छं० ॥ ६२४ ॥
गाथा ॥ जग्गिय स्वामित कामं। भूमियं बीर बीरं बिस्तारं ॥
तिम तिम तामस तेजं। सेनं सज्जि मुक्ति साधीरं ॥ छं० ॥ ६२५ ॥

शशिवृता का व्याह धन्य है जिस में अनन्त वीरों को मुक्ति मिली।

मुक्ती धारन धोरं। पंजर सव्वेव मथ्थनो परयं ॥
बर ससिव्रत्त सु व्याहं। दाहं देहाइ दुष्पनो तजयं ॥ छं० ॥ ६२६ ॥

कमधज्ज के दस बड़े बड़े शूरवीर थे वे दसों इस युद्ध में काम आए।

दूहा ॥ देह दुष्प कट्टिय सुक्रम। रन जित्तिय सुग पान ॥
पंच दून पंचो परिग। सुनिय बीर रस पान ॥ छं० ॥ ६२७ ॥
गाथा ॥ परियं बीरति नामं। सुरति चौदह नंदह घटी ॥
सजले स्नूर सुधारी। भारी भरनेव भारथं भिरयं॥ छं० ॥ ६२८ ॥

कमधज्ज के जो वीर मारे गए उन के नाम।

दूहा ॥ परे स्नूर तिन नाम कहि। बरनत बनै बिसेष ॥
देव देव अस्तुति करहिं। नाग रह्यौ सिर सेष ॥ छं० ॥ ६२९ ॥
छंद भुजंगी ॥ परे बीर बीरं तिनं नाम आनं।
पर्यौ पुंज राजं महा [1]बीर थानं॥
पर्यौ देव सिंहंत सादुल्ल बंधं।
मुर्यौ मग्ग नाहीं भयो रंध रंधं ॥ छं० ॥ ६३० ॥
पर्यौ किल्ह कामं जु जद्दौ जुवानं।
तिनं कट्टिया जेन गयदंत मानं ॥
पर्यौ बीर भट्टी कियौ अंग घट्टं।
जिनें मोरिया पंग रा मीच थट्टं ॥ छं० ॥ ६३१ ॥
पर्यौ राइ राइं अजम्मेर स्नूरं।

(१) ए. कृ. को. बंध।

जिनं स्वामि भ्रंमं तज्यौ सिंध पूरं ॥
पर्यौ अंग अंगं सु अर्जोन रायं।
लगे पंच दूनं महा वीर घायं ॥ छं० ॥ ६३२ ॥
परे पंच वंधो वलीभद्र वीरं ।
जिनें अंग अंगं कियौ सा सरीरं ॥ छं० ॥ ६३३ ॥

कवित्त ॥ परत देव वर क्रंन । सरन रष्षन सांई वर ॥
परि मुष रन पुंडीर । सार सारंग देव धर॥
पर्यौ वीर बलिभद्र । जात पंावार पवित्रं ॥
धार धनी चढि धार । सलष लष्षन दुति मंत्रं ॥
लायन्न सिंह भुज पाइ वर । अरिन पाइ उठाइ जिय॥
धनि धन्नि सूर सामंत वर । जुग जीरन जीरन सुजिय ॥छं०॥६३४॥

शूरवीरों की प्रशंसा ।

दूहा ॥ जुग जीरन जीरन सुबर । चरन कित्ति सा किद्ध ॥
सुबर वीर सामंत बर । गत्ति न पुज्जै सिद्ध ॥ छं० ॥ ६३५ ॥
सिद्ध न पूजै गत्ति तिन । छाया मोहन माय॥
इन छाया मंडी तहां । भ्रंम छांह रहि छाइ ॥ छं० ॥ ६३६ ॥
भ्रंम छांह रहि छाइ वर । करिय सूर सामंत ॥
सो करनी करिहै न को । करिय वीर गुन मंत ॥ छं० ॥ ६३७ ॥
गुननि मंत गंभीर गुर । जै जै सद्द सु सिद्ध ॥
वरन विहुसि वरनिय वरहि । रंभ अरंभन सिद्ध ॥ छं० ॥ ६३८ ॥

गाथा ॥ रंभा अरंभ वरयौ । अच्छी अच्छीव अच्छरी सरनौ ॥
केकी गवनी कित्ती । साकित्ती बंधयौ रष्षौ ॥ छं० ॥ ६३९ ॥

चौपाई ॥ वज्जि रष्षि कित्तिय परिकार । सार सिंध उत्तर वन पार ॥
जोग सिद्ध जोगाधिय अंत । बजि डक डमरु उमया कंत ॥छं०॥६४०॥
उमा कंति जोगाधि सु जानै । वीर सगुन बीरा रस मानै ॥
जै जै सद्द भयौ तिन वार । राज द्वार घरियार विभार ॥छं०॥६४१॥

दूहा ॥ राज द्वार घरियार बजि । सार बज्जि रंन्नि सार ॥
सूर सुमति सामंत की । वीर उतारन पार ॥ छं० ॥ ६४२ ॥

छंद चोटक ॥ सु उतारन पारति बीर भटं। घटकै घन नह उमह घटं ॥
झननंकत हथ्थत हथ्थ करं। मनु याइक पंति पुँतार वरं ॥
छं० ॥ ६४३ ॥
किधौं केवल की सुगती मति पान। किधौं रस 'बीर' विश्रम सु मान॥
किधौं करुना करकै किधु काम। मनौं मय मत्त भिरं रस जाम ॥
छं० ॥ ६४४ ॥
किधौं विधि बंधन बंधहि जोर। पढ़े दोउ मंच सु बीरह और ॥
करै दोउ बीर दुहाइय मुष्ष। मनो रवि उग्गव मासम पुष्ष ॥
छं० ॥ ६४५ ॥

दूहा ॥ पुष्प मास रवि उग्गयौ। भूमि न छिचन सीस॥
मनहु बुद्ध बंदन सु बुधि। करन काम क्रत ईस ॥ छं० ॥ ६४६ ॥
क्रतन ईस बल बुद्धि बल। बुद्धि परक्रम संधि ॥
सुबर बीर संग्राम गुन। अति गुन निर्गन बंधि ॥ छं० ॥ ६४७ ॥

गाथा ॥ बंधे बुद्धि सु धारं। प्राहारं बीर सु भद्दायं॥
निजतं नेह सुधारी। आहारी अंकुरी बीरं छं० ॥ ६४८ ॥

दूहा ॥ अंकुरि बीर शरीर गति। सुभट सुथट्ट सुभट्ट ॥
अघट घट्ट नह कियो परै। परे बीर दह पट्ट ॥ छं० ॥ ६४९ ॥

कमधज्ज का स्वेत छत्र देख कर चामुंड राय का उसे काट देना और सब सेना का आश्चर्य और कमधज्ज की सेना में हाय हाय मच जाना।

कवित्त ॥ हाइ हाइ आरिट्ठ। दिट्ट अंबरिय स्तर वर॥
मुक्कि कर बल चामंड। करहु गोलक उप्पर धर॥
गोलक तुंबा भग्ग। बंध भग्गै चहुआनं॥
स्वेत छच दिषि सीस। पर्यो कमधज्ज निधानं॥
परी एक विभ्रम भयौ। सार सार प्राहार वर॥
जानै कि मत्ति दंतिन कला। कूट मंच धारह सुधर॥ छं० ॥ ६५० ॥

(१) ए. कृ. को.-वीरा रस, बीर रस।

दूहा ॥ धारा हर वित्यौ सुधर । दर चरिष्ट चतुरंग ॥
　　रा निड्डुर रट्ठौर बर । रुप्यौ षेत भ्रत भंग ॥ छं० ॥ ६५१ ॥

गाथा ॥ पंगुर पाइ सुधारं । पंगु भयौ चित तिन वीरं ॥
　　नह पंगुर कार नैंनं । पंगुर नां सूरयौ वैनं ॥ छं० ॥ ६५२ ॥

दूहा ॥ वयन सूर चंचल भइय । निहचल पग सिर नाग ॥
　　अदग दग्ग भंजै सकल । करत अदग्ग न दाग ॥ छं० ॥ ६५३ ॥
　　अदग दग्ग मग्गिय सु छत । वर वीरा रस पान ॥
　　छित्ति छित्ति स्वामित्त गति । सु कति सु अप्पन वान ॥ छं० ६५४ ॥

कवित्त ॥ घरी इक्क इक रंग । रंग सवरथ्थ बिछोरिय ॥
　　पनी जानि पारष्ष । जेम दरिया हिल्लोरिय ॥
　　यों [1]पग धपि दोउ सेन । सूर सामंत विलोकिय ॥
　　मनों मत्त उठि द्रष्टि । पिय वीयोग विसोकिय ॥
　　झुंम्मयौ धार धारह धनी । सुनिय कित्ति मित्तह पनौ ॥
　　सामंत सूर सामंत गुन । सु [2]वर वीर सत्तह सुनौ ॥ छं० ॥ ६५५ ॥

छंद रसावला ॥ सार वुठ्ठी अनी । मत्त मत्तं धुनी ॥
　　लूह मच्ची घनी । अंत तुट्टै रनी ॥ छं० ॥ ६५६ ॥
　　वीर वीरं अनी । देव वज्जी धुनी ॥
　　नेह भंज्यौ पनी । काल [3]जैसो पनी ॥ ६५७ ॥
　　वीर वीरं वनी । रत्त रंगं रनी ॥
　　सार सारं धुनी । जोति मग्गं जनी ॥ छं० ॥ ६५८ ॥
　　पिंड सारे घनी । कब्बि [4]चंदं तनी ॥
　　.... .... । मुक्ति [5]लुट्टै फनी ॥ छं० ॥ ६५९ ॥

दूहा ॥ फनि मनि लुट्टन काज गुर । भौ गुर इत गुर देव ॥
　　सार सूर संरुद्दौ भिरिय । बरन पथ्थ सुष सेव ॥ छं० ॥ ६६० ॥

कमधज्ज का छत्र गिरने से शूरवीरों को भय न हुआ ।

---

(१) मो.-पग्ग ।　　(२) मो.-बीर, बीर ।
(३) मो.-जैसें, जैसे　　(४) ए. कृ. को.-चित　　(५) मो.-लुट्टैं ।

गाथा॥ लग्गिय चास न खूरं। बीरं सुभटाइ मत्तयो दंती॥
जानिज्जै परिमानं। भारथ्थं बीरयो कंती॥छं०॥ ६६१॥
दूहा॥ हल देवत बिछरत्त बर। परषिय जंपहि जोग॥
सुबर सूर सामंत गुन। [1]श्रम मत्त [2]मति भोग॥ छं०॥ ६६२॥

स्त्रियों की प्रशंसा।

भोग जोग दुञ्च बिहि बिध। दान भ्रुगति संगाइ॥
चीय कहै नट्टै सु चिय। चियन गती सुह पाइ॥ छं०॥ ६६३॥
चियन गत्ति पावहि पुरुष। धरन धरत्तिय ताम॥
सूर धीर सूरह भिरत। वर विश्राम तजि जाम॥ छं०॥ ६६४॥
चौपाई॥ एक एक उड्डै परिमानं। सुमति मंत मंचिय गुरु दानं॥
[3]षग्ग टेकि बाढ़े बर षग्गं। ज्यों बावन छलि भूमि [4]विगंगं॥छं०॥६६५॥
दूहा॥ भुमि बिभग कौनिय सुहत। देवत्तह प्रति देव॥
मदन रंभ मच्यौ सु अर। गुन भ्रम न भ्रम भेव॥ छं०॥ ६६६॥
मरन सीस मुक्यौ सु वसु। रस पारायन देव॥
दुतिय सुतिय दुति बैर तिन। भूम भग्गा जुग भेव॥ छं०॥६६७॥
चहत हत्त बिभ्रम [5]भइग। हय गय दुल चतुरंग॥
चाहुआन कमधज्ज सों। भय बीरा रस भंग॥ छं०॥ ६६८॥
गाथा॥ भौ बीरा रस भंग। जंग जुग तीय बीर सु [6]भट्टाइं॥
सहिर सुहिर सुघटं। साठट्ठई घट्टयौ भंगं॥ छं०॥ ६६९॥

रात्रि का कुछ अंश बीतने पर चन्द्रमा का उदय हो गया और दोनों सेनाओं के बीर विश्राम के लिये रण से मुक्त हुए।

मुरिल्ल॥ ठट्ठ सेन [7]भग्गौ चतुरंगह। लुथ्थि लुथ्थि आलुथ्थि बिभंगह॥
कल किंचित किंचित रस भारी। इते अस्तमित भानं [8]सारी॥छं०॥६७०॥
गाथा॥ अस्तमितं [9]बर भानु। यायानौ परम संतोषं॥
जानिज्जै जस बंधुचं। नव चंदनं तिलकयौ दीयं॥ छं०॥ ६७१॥

(१) ए. कृ. को.-स्वर्ग (२) को.-मानि। (३) मो.-खडग। (४) मो.-बगंगं।
(५) मो.-ए-भइय। (६) ए. कृ. को.-सुट्टयं।
(७) ए. कृ. को.-भग्गौं (८) ए.-सारं। (९) ए. कृ. को.-मांनुं सु भानु

चंद्रायना ॥ दुरि निसान गत भान अइन वर ।
सिंधु संपतौ जाइ तिमिर चढ़े गुर ॥
कुसुद विसुद अंकूर हरातन धरियं ।
मानौ तम को तेज सु तत्त उधरियं ॥ छं० ॥ ६७२ ॥

[1]सुरिल्ल ॥ वर भान संपतौ थान गुरं । [2]सरसीरुह उद्दित सुदित वरं ॥
वर वीर कमोदनि की सु गती । सु भए रिसिराज उदोतपती ॥
छं० ॥ ६७३ ॥

सूर्य्योदय से भ्रमर चकवा चकई और शूरवीरों को आनन्द होता है।

दूहा ॥ निसि गत वंछे भान वर । भँवर चक्कि अरु सुर ॥
संतह मत्त पयान गति । वर भारथ्थ अँकूर ॥ छं० ॥ ६७४ ॥

रात्रि को संयोगिनी स्त्री और रण से श्रमित सेना विश्राम करती है पर कुमोदिनी और वियोगिनी को कल नहीं पड़ती ।

कवित्त ॥ कुमुद उघरि मूँदिय । सु बंधि सतपत्त प्रकारय ॥
चकिय चक्क विच्छुरहि । चक्कि ससिवत्त निहारय ॥
जुवती जन चढ़ि काम । जाहि कातर तर पंषी ॥
अवृत वृत्त सुंदरिय । काम वढ्ढिय वर अंषी ॥
नव नित्त हंस हंसह मिलै । विमल चंद उग्यौ सु नभ ॥
सामंत सूर न्वप रषि कै । करहि बीर बीश्राम सभ ॥ छं० ॥ ६७५ ॥

गाथा ॥ विश्रामं वर लैही । सूरं सूरयौ धरयं ॥
धायं अंग विश्रंगं । आनिज्जै [3]कैतु यो लग्गी ॥ छं० ॥ ६७६ ॥

दूहा ॥ तम वढ्ढिय धुंधर धरा । परष पयं पन सुष्ष ॥
तम्म तेज चावहिसह । जुझ्झनि भग्गि अरुष्ष ॥ छं० ॥ ६७७ ॥
जुझ्झ भग्गि आरुष्ष वर । रोकि रष्षिग वर स्याम ॥
सुबर सूर सामंत गुन । तम पुच्छे न्वप ताम ॥ छं० ॥ ६७८ ॥

---

(१) मो.-त्रोटक ।   (२) ए. कृ. को.-सरसी रुह उद्धित वरं ।
(३) ए. कृ. को.-कैन, केत ।

सहस्त्रों सेना में भी छिपा हुआ चहुआन का शत्रु बच नहीं सकता।

गाथा ॥ जै जै घर चहुआन । एकं होइ सथ्थयौ छूरं ॥
को रष्षो परमानं । अरि रष्षै कहुयौ मच्छो ॥ छं० ॥ ६७९ ॥

चौपाई ॥ कोटि मभ्भ्ति अरि होइ प्रमान ।
ता भंजै निश्चै चहुआन ॥
हरि शशिवृत्त जाइ पडु इंद ।
रुकमनि व्याह वरिय गोविंद ॥ छं० ॥ ६८० ॥

गाथा ॥ गोविंदं प्रति व्याहं । सनमानं छूरयो हत्ती ॥
आप रष्षै अरि जुद्धं । रष्षै स्वामि मरनयौ अप्पं ॥ छं० ॥ ६८१ ॥

चहुआन के सामंत स्वामिकार्य्य के लिये प्राण को कुछ वस्तु नहीं समझते और यह स्वभाव चहुआन का स्वयं भी है।

दूहा ॥ अप्प हत्त इह छूर किय । छूर हत्त चहुआन ॥
स्वामि रहै लज्जै जलनि । भौ हत [1]हत्तिय पान ॥ छं० ॥ ६८२ ॥

गाथा ॥ कालिंदी तन स्यामं । लग्गो नथ्थि अगनतं स्यामं ॥
अय अवि हत्तिय तासं । अन्यं आनि नत्तयो सारं ॥ छं० ॥ ६८३ ॥

सामंतों का पृथ्वीराज से कहना कि आप दिल्ली को जांय हम लड़ाई करेंगे।

अरिल्ल ॥ तत्त सार प्रति प्रत्ति प्रमानं । जाहु राज दिल्ली चहुआनं ॥
गुन बहु हस बहु सखं । दुष मानि सुनि सुनिय विरत्तं ॥
छं० ॥ ६८४ ॥

पृथ्वीराज का कहना कि सूर्य्य बिना चंद्र तथा तारागण से कार्य्य नहीं हो सकता, हनुमान के समुद्र लांघने पर भी रामचंद्र जी के बिना कार्य्य नहीं हो सका। मैं तुम्हें छोड़ कर नहीं जा सकता।

(१) मो.—हत्तपौ।

कवित्त ॥ दुष्प मानि सो रत्त । सुनैं सामंत सूर वर ॥
[1]चंद उडग्गन काम । सर्यौ कहुं दिपि सूर नर ॥
भान कास नन सरें । अरुन जो होइ तेज बर ॥
काम राम [2]नन सरै । हनू [3]कूचौति लंक धर ॥
नन सरैं काम मंगल सु विधि । जो मंगल आछत्त तप ॥
सामंत सूर इम उच्चरै । कढ्ढि मोहि भुम्भहुति अप ॥ छं० ॥ ६८५ ॥

तुम्हें रण में छोड़ कर मैं दिल्ली में जाकर आनन्द करूं यह मैंने नहीं पढ़ा है।

दूहा ॥ मुहि कढ्ढिस तुम रहौ वर । जियत जांहि उन थान ॥
ऐसी रीति अरीत वर । पढ्ढी नह चहुआन ॥ छं० ॥ ६८६ ॥
गाथा ॥ जम्मन मक्खि सुरंगं । सो जंपेव सूर तुम तत्तं ॥
दिन भौ रव संग्रामं । [4]सम्मान दारेति एव गसं ॥ छं० ॥ ६८७ ॥

राजा का उत्तर सब को बुरा लगा परंतु किसी ने राजा की बात का उत्तर न दिया।

विष लग्गा न्नप वैनं । हाला हलयो तत्तयो सूरं ॥
उत्तर दिय नह राजं । गाम निस भा बुद्धि जन वत्तं ॥ छं० ॥ ६८८ ॥

कवि चंदादि सब सामंतों ने समझाया पर राजा ने न माना और यही उत्तर दिया कि शत्रु के साम्हने से भागने वाले क्षत्री को धिक्कार है, मैं प्रातः काल भारत मचाऊँगा।

कवित्त ॥ बार बार भर कहिग । राज मानै न तत्त [5]मत ॥
बीर चंद ता अग्ग । चलै प्रथिराज हारि गत ॥
मो भंजै अरि गज्ज । मोहि [6]भंजै अरि भंजै ॥

(१) मो.-चंद उगन काम सन्यौ। (२) ए. कृ. को.-तन। (३) मो.-उचौत।
(४) मो.-समान दारें निय वगसं। (५) ए. कृ. को.-मत। (६) मो.-गंजै।

ता छचौ कुल लज्ज। छच धरि सिर छति [1]लज्जै॥
जं होइ प्रात दिष्षौ सकल। मद्दन रंभ इत्तौ करौं॥
चहुआन चिंत चिंतइ सुरा। वर भारथ गुन विस्तरौं॥ छं०॥ ६८८॥

गाथा॥ विस्तरि गुनयो प्रातं। रत्तं रत्त छर बीरायं॥
चावद्दिसि वर वीरं। सा धीरं मत्तयो बीरं॥ छं०॥ ६९०॥

सब का यह मत होना कि सूर्योदय से प्रथम ही युद्ध आरंभ हो जाय।

दूहा॥ मत्ति बीर संमुह [2]भिरत। कठिन शस्त्र अति पान॥
भान पयानह दीह गुन। लोह पयान पयान॥ छं०॥ ६९१॥

सूर्योदय से प्रथम ही फौज का तैयार हो जाना।

चोटक॥ विन भान पयानति लोह कढ़े।
जल सत्तिय रत्तिय बीर पढ़े॥
दोउ बीर दुवं दिशि धुंध धरी।
कलहं तत केलिय ता उघरी॥ छं०॥ ६९२॥

रण मदमाते निढ़ढर का घोड़े पर सवार होना और साठ योधाओं को लेकर हेरावल में बढ़ना।

गाथा॥ अंकुर बीर सुभट्टं। अघटं घट्टाइ क्रोधयो कलहं॥
हय मुक्या चलि बंधी। निडुर सथ्थव सठयो बीरं॥ छं०॥ ६९३॥

शूरबीर लोग माया मोह को छोड़ कर आगे बढ़े।

दूहा॥ बीर बीर बीराधि बर। [3]कढ़े लोह तजि छोह॥
छर धीर सामंत गति। नहिं माया नहिं मोह॥ छं०॥ ६९४॥

तीसरे दिवस का युद्ध वर्णन।

रसावला॥ जिते छर पत्ती। लगै लोह तत्ती॥
नचे छर छत्ती। उड़े काल षत्ती॥ छं०॥ ६९५॥

(१) मो.-भज्जै। (२) मो.-भिरन। (३) मो.-कढ़ि।

[1]छुटे क्रोध पत्ती। उडी रेन गत्ती ॥
मद्दा वेन तत्ती। काला कोटि कत्ती ॥ छं० ॥ ६९६ ॥
ग्रवं ग्राव गत्ती। सुरं पंच छत्ती ॥
मचे क्रुद्ध मत्ती। पचे रोस रत्ती ॥ छं० ॥ ६९७ ॥
करे घाव कत्ती। इसे सूर चित्ती ॥
शिए फल सत्ती। घुमें घाइ घत्ती ॥ छं० ॥ ६९८ ॥
भजै भीम मत्ती। हनूमान जत्ती ॥
अनाभूत अत्ती। दिवे दारु दत्ती ॥ छं० ॥ ६९९ ॥
रुधिं धार [2]रुक्कं। भभक्कै भभक्कं ॥
धका धीग धक्कं। वकै मार वक्कं ॥ छं० ॥ ७०० ॥
इसे चित्त अक्कं। छुटे मत्त छक्कं ॥
डकारंत डक्कं। चिलोकंत इक्कं ॥ छं० ॥ ७०१ ॥
सनो मोह यक्कं। हको हक्क वक्कं ॥ छं० ॥ ७०२ ॥

युद्ध करते हुए वीरों की प्रशंसा।

कवित्त ॥ हको हकि वजिय प्रकार। सार वज्जै सु वीर वर ॥
सु वुधि वुद्ध आवुद्ध। मत्त लग्गै असि वर झर ॥
इकत रुद्ध आरुद्ध। नद नारद अधिकारिय ॥
रंभ सिंभ आरंभ। सिद्ध वुद्धं दै तारिय ॥
धनि धनि सूर दिन धनित वल। छल छचिय अंकूर रजि ॥
कलहंत काल कालह विषम। सुवर वीर वीरत्त रजि ॥ छं० ॥ ७०३ ॥
दूहा ॥ वीर रजित्र वीराधि भर। वजिय वीर गन सज्जि ॥
सुवर सूर सामंत के। मंत कलह तुटि वज्जि ॥ छं० ॥ ७०४ ॥
मंत कलह वज्जिय तुटहि। घटहि अघट तुटि मंस ॥
सुवर सूर सामंत कौ। वर उड्डै तन अंस ॥ छं० ॥ ७०५ ॥
इंसति उड्डहि अंस दै। कंसत केसिय प्रान ॥
वर पंथिय पावै न जन। वर छुट्टै किरवान ॥ छं० ॥ ७०६ ॥

(१) यह छंद मो. प्रति में नहीं है। (२) मो.-रुक्कं।

शूरवीर सामंतों का रणमत्त होकर विचित्र कौशल से शास्त्राघात करते हुए युद्ध करना।

रसावला ॥ पंच छुट्टै ननं । सूर मत्ते घनं ॥
घाव बज्जै घनं । टूक टूकं तनं ॥ छं० ॥ ७०७ ॥
श्राज इक्कं मनं । बाल नंसं [१]धनं ।
भीतकं विरघनं । कीय लीयं पनं ॥ छं० ॥ ७०८ ॥
जद्ध भुम्मै बनं । जानि कुल्लालनं ॥
षोदि कढ़्ढै गनं । देव चढ़्ढि विमनं ॥ छं० ॥ ७०९ ॥
पेषि इक्कं मनं । कुहक बानं घनं ॥
नारि छुट्टै पनं । .... ॥ छं० ॥ ७१० ॥
गज्ज तें गग्गनं । सार वे सग्गनं ॥
सिद्धता मग्गनं । लीह ज्यों लग्गनं ॥ छं० ॥ ७११ ॥
इक्क इक्कं गनं । कुंभ हथ्थी [२]छिनं ॥
रुद्धि धारा घनं । दुद्ध मानौं थनं ॥ छं० ॥७१२ ॥
दौड पट्टै दनं । ओप इभ्भै इनं ॥
इष्ष वेसं मनं । मत्त गिज्जं गनं ॥ छं० ॥ ७१३ ॥
गोरियं छन छनं । टूक होयं रनं ॥
सूर छूटै तन तनं । नंमतं फन फनं ॥ छं० ॥ ७१४ ॥
बार पारं जनं । रोस चट्टै रनं ॥
लग्ग गे बंभनं । रुंड केसिं भनं ॥ छं० ॥ ७१५ ॥
गिद्ध सिद्धं गनं । टारि रखै तनं ॥
दद्धि ज्यों उप्फनं । असि वाहै बनं ॥ छं० ॥ ७१६ ॥
मौन जातं पनं । पिष्षनं चिम्मनं ॥
कौन को चिम्मनं । भूत प्रेतं धुनं ॥ छं० ॥ ७१७ ॥
जुग्गनी जित्तनं । पत्त भृत्तं तनं ॥
नारदं नंचनं । मुत्ति मै संचनं ॥ छं० ॥ ७१८ ॥
अमरं गंमनं । विष्टता सुमनं ॥ छं० ॥ ७१९ ॥

(१) मो.-घनं । (२) ए. कृ. को.-छिन, बिन ।

शूरवीर स्वामिकार्य्य साधन करने के लिये वीरता से रण में प्राण दे कर पूर्व्व कर्म्मों की संधि को लांघ कर स्वर्ग पाते हैं।

कवित्त ॥ सूर संधि विधि करहि । क्रम्म संधी जस तोरहि ॥
दृक्क लष्य आहुटहि । एक लष्यं रन मोरहि ॥
सुबर बीर मिथ्या । विवाद भारथ्थह पंडै ॥
[१]विचि बीर गजराज । वाद अंकुस को मंडै ॥
कलहंत केलि काली विषम । जुद्ध देह देही सु गति ॥
सामंत सूर भीषम वलह । स्वामि काज लग्गंति मति ॥ छं० ॥ ७२०॥

स्वामिकार्य्य में जो वीर रण में मारे जाते हैं उन का शिर श्री महादेव जी की माला (हार) में गुहा जाता है।

दूहा ॥ [२]स्वामि काज लग्गे सुमति । षंड षंड धर धार ॥
हार हार मंडै हियै । गुथ्थि हार [३]हर हार ॥ छं० ॥ ७२१ ॥
गाथा ॥ सिर तुट्टै धुर तारं । [४]तारं तुट्टि वीरयो सिरयं ॥
धर तुट्टं प्राहारं । सा वज्जै तारयं तारं ॥ छं० ॥ ७२२ ॥
तारं तार प्रहारं । देवल दरियाइ झझरी वज्जं ॥
वज्जं ते सिर सारं । प्राहारं पंच घट्टि काई ॥ छं० ॥ ७२३ ॥

तीसरे दिन एकादशी सोमवार को युद्ध होते होते पांच घड़ी चढ़ आई शूरवीर मार मार कर हाथियों की कला कला को पछेलते जाते थे।

कवित्त ॥ घटिय पंच दिन चढ्यौ । उमरि आरब्ब पुंज घिरि ॥
रुक दिना दोउ सेन । मोह छंडयौ क्रम निकरि ॥
बान गंग पत्तयौ । बीर ग्यारसि दिन सोमं ॥
सूर धीर सामंत । सूर उड्डे रन रोमं ॥

(१) ए. कृ. को.-वेचि । (२) मो.-पति काज लग्गे तिमत ।
(३) मो.-हाथ । (४) को.-तारयं ।

क्रत काम काज सांई विभ्रम । द्रुस दंतिय पंतिय[1]गमै ॥
सामंत सूर सांई विभ्रम । रोम रोम राजी [2]भ्रमै ॥ छं० ॥ ७२४ ॥

इधर पृथ्वीराज ने शशिवृता की उत्कंठा पूर्ण की।

दूहा ॥ रोम राज राजी भ्रमहि । [3]थोर थनी ढुंढि बाल ॥
उतकंठा उतकंठ की । ते पुज्जी प्रतिपाल ॥ छं० ॥ ७२५ ॥

साटक ॥ साता से उतकंठ रंभति गुना रंभा अरं भावरं ॥
संधं बिद्धि सु सुद्ध कारन मिते देवंगना संदरी ॥
जा बंदे मिति चंद कारन मिते निर्भासितं भासितं ॥
पाषंडं तजि स्नीन सूरति बरं आरंभ पारं भनं ॥ छं० ॥ ७२६ ॥

सम्मिलन के प्रारंभ में पृथ्वीराज ने प्रण किया कि मैं तुझे तीनों पन में एक सा धारण किए रहूंगा।

गाथा ॥ आरंभं प्रारंभौ । उतकंठा किंनयौ हतयं ॥
साधा धरी सु धरयं । रन छुट्टै तीनयौ पनयं ॥ छं० ॥ ७२७ ॥

यह वर पाने के लिये कवि का शशिवृता को धन्य कहना ।

मुरिल्ल ॥ बालप्पन जुव्वन पन बीर । दई बीर बडपन्नह [4]धीर ॥
बडपन्नह मति सु तजि डिढाइ । धंनि लई तिहुं पन्न बड़ाइ ॥छं०॥७२८॥

दूहा ॥ बालप्पन जुवपनह गति । कथ तिय पनहति काज ॥
भर कट्टै न्रप राज गुन । नह चलै प्रथिराज ॥ छं० ॥ ७२९ ॥

पृथ्वीराज का अटल प्रेम देख कर पैर पकड़ कर शशिवृता का कहना कि दिल्ली चलिए।

नह चलै प्रथिराज दिन । लज्ज लपट्टिय पाइ ॥
चय जोरै कर हथ्थ दो । चलि संभरि वै राइ ॥ छं० ॥ ७३० ॥

(१) मो.–गमैं, भ्रमैं । (२) मो.-भ्रमैं ।
(३) मो.-चोरि । (४) मो.-मीर ।

उक्त विषय पर पृथ्वीराज का विचार में पड़ जाना कि क्या करना चाहिए।

लज्ज परब्बत ह्वै रही। वैन तजै न्रप पास ॥
दुहूं वीर [1]मंडन सु बुधि। अति गत्तिय रति चास ॥ छं ॥ ७३१॥

यह देख शशिवृता का कहना कि मेरी लज्जा रखिए।

फिरि वुल्ली लज्जी सुनहि। हौं मंडन तन वीर ॥
मो विन इक्कै काज न्रप। वुद्धि न आवै तीर ॥ छं० ॥ ७३२ ॥

राजा का कहना कि तेरी सब बातें रस कसूम (अफीम के शर्बत) के समान मेरे जीवन भर मेरे साथ हैं।

तूं वै एकह पन रहै। रंग कसूंभ प्रमान ॥
हौं नन छंडौं पास तुम्र। तीनौं पनह समान ॥ छं० ॥ ७३३॥
तूं लज्जी मो सथ्थ है। दान पग्ग अरु रूप ॥
मों चल्लै तीनौं चलैं। संची चवै न भूप ॥ छं० ॥ ७३४ ॥
सुन रे वै लज्जी चवै। हूं मंडन नर लोइ ॥
मो विन अप्पन [2]लद्ध है। नर [3]न्त्रिभासन होइ ॥ छं० ॥ ७३५ ॥

शशिव्रता का कहना कि मैं भी क्षण क्षण आपकी प्रसन्नता का यत्न करती रहूंगी।

वै वुल्ली लज्जी कलह। क्रत कै काम सुनंत ॥
इक्कै पल पल मंडनौ। हे रज्जन रजकंत ॥ छं० ॥ ७३६ ॥

पृथ्वीराज का कहना कि चहुआन का धर्म ही लज्जा का रखना है।

अरिल्ल ॥ [4]लज्जी सुनि सुनि हसी प्रमान। तूं जानै सुनि [5]वैन निधान ॥
लज्ज रूप मंडन चहुआन। सुवर वीर [6]आकास निधान ॥ छं०॥७३७॥

---

(१) मो.-मंतह। (२) मो.-लद्ध, लम्भ, लम। (३) मो.-निर्भासन।
(४) मो.-लज्जा सुन रहसी प्रमान। (५) ए.-कृ. को.-वै सुन निधान। (६) मो.-आकार।

तू अपने धर्म अनुसार सत्य कहती है।

दूहा ॥ तूं लज्जी सची चवै। तत लंगि भ्रंम प्रकास ॥
आहत्तह गुन भृत्त किय। जोग सुछंदा चार ॥ छं० ॥ ७३८ ॥

इस प्रकार शशिवृता और पृथ्वीराज का परामर्श होता रहा, पृथ्वीराज रूप रस में मत्त था और उस के स्वामिधर्म में रत सामंत उस तक कोई बाधा न पहुंचने देते थे।

छंद पद्धरी ॥ निब्बन्यौ बाद वै वर [1]प्रमान।
मानहि न वत्त लज्जी निधान ॥
वै जाहु जाहु तन रूप छंडि।
जिन चखै लज्ज लज्जी चिषंडि ॥ छं० ॥ ७३९ ॥
कहि बीर राज आए स बीर।
मानहु कि छुट्टि धन वर सरीर ॥
आभास भार तुट्टैति अंग।
जोर वरज हर मत्तीत जंग ॥ छं० ॥ ७४० ॥
कतल केलि कत करहि काम।
सोभहति सूर दक्षिन ति[2]ताम ॥
अति स्वामि भ्रंम नह वाम मग्ग।
लग्यौ न सूर जिम स्वामि दग्ग ॥ छं० ॥ ७४१ ॥
प्रथिराज दिष्ट दिष्टत प्रमान।
अरि भजत मनहुं तिन अग्गि जान ॥ छं० ॥ ७४२ ॥

यद्यपि सामंत बड़े बलवान थे किन्तु तब भी पृथ्वीराज का मन युद्ध ही की ओर लगा था।

दूहा ॥ अग्गि यान सामंत बल। अत धीरत्त न जोध ॥
ग्रस्व लग्गि लग्गौ न मन। तउन पच पति जोध ॥ छं० ७४३ ॥

---

(१) ए. कृ. को.-प्रकांम। (२) मो.-नाम।

शशिवृता की आशा पूजो, शिवजी की मुंडमाल पूरी हुई और भगवती रुधिर से तृप्त हुई।

चिय चिघाइ ह्वरन भए। चिपति उमापति मुंड ॥
उमा चपति रुधिर भई। धनि ह्वरन भुज दंड ॥ छं० ॥ ७४४ ॥

शूरवीरों के शौर्य्य और बल की प्रशंसा।

ह्वर सुधनि भुज दंड बल। बल विक्रम ज्यों [१]याय ॥
बल किन्नौ छल छंडयौ। वर वीरा रस चाइ ॥ छं० ॥ ७४५ ॥

कवित्त ॥ वीर घाइ आघाइ। वीर विरुझाइ सेन वर ॥
लष्य लष्य ट्रक सहि। लष्य उभिभरे लषष भर ॥
दल दंतन विच्छुरे। धाइ है वर किन तंकहि ॥
एक लष्य रुधियै। षग्ग षग्गनि भननंकहि ॥
ठननंकि घंट घंटिय परहि। कज्जल क्रूट विवान भ्रम ॥
सामंत ह्वर सामंत हथ। करहि चंद अस्तुति सु क्रम ॥ छं० ॥ ७४६ ॥

शशिवृता के व्याह की देवासुर संग्राम से उपमा वर्णन।

छंद पद्धरी ॥ आरंभ सेन सेना विरुद्ध। शशिवृत्त व्याह दैवान जुद्ध ॥
नर मघहि मेघ रथ गज सु वादि। छोमियै षग्ग रिस अग्ग सादि॥
छं० ॥ ७४७ ॥
उच्चरे वैन बाजंत वीर। सद्दै जु जुद्ध बुद्धं सरीर ॥
दैवत्त दुर्ग छिति मति अक्रूर। निर्घोष दोष वज्जै सपूर॥ छं०॥७४८॥
हय गय गँभीर तन तुंग ताम। ह्वरह सु वीर विश्राम जाम ॥
छं० ॥ ७४९ ॥

गाथा ॥ रन घन तन विश्रामं। सँग्रामं इक्क घरी पाइ॥
दावानल चहुआनं। सा वीरं वीर वीराधं ॥ छं० ॥ ७५० ॥
वीराधं वर वरयौ। सा भज्जै आवनं गवनं ॥
[२]मोहं सलाकं भंजो। नां सज्जं पंजरो दिवो ॥ छं० ॥ ७५१ ॥

(१) ए. कृ. को.-आइ। (२) मो.-मोहे।

शूरवीरों का कहना कि हमारी जय तो हुई किन्तु जयचंद का भाई कमधज्ज क्यों जीवित जाने पावे।

चौपाई ॥ नह सज्जै पंजर प्रतिमान। कहै सूर निहचै प्रतिमान ॥
बीरचंद बंधव कमधज्ज। जीवत स्वामि जाइ क्यों लज्ज ॥छं०॥७५२॥

गाथा ॥ हम बहुलं बेसतयं। बंधे तेग मुक्कि न्रप जायं ॥
जीवत मुनि कमधज्जं। ना मुक्कै लष्षयो बलयं ॥ छं० ॥ ७५३ ॥

मुरिल्ल ॥ लष्ष लष्ष वर सुभट सु भट्टह।
अघट घट्ट सु घटै न घट्टह ॥
सूहत बीर छचिय छिति राजै।
मनो इंद घन मद्धि विराजै ॥ छं० ॥ ७५४ ॥

गाथा ॥ यों रज्जै न्रप भरयौ। सरनं सूर सूर गत्ताइं ॥
उग्गं तौ रवि मानं। यों रत्ताइ रत्तयो सुषयं ॥ छं० ॥ ७५५ ॥

राजा का कहना कि उसे मार कर क्या करोगे।

दूहा ॥ सत्य सु तुम्म कह्यौ सु सब। सुभट भट्ट बड़ भृत्य ॥
क्यों न जाइ जीवत घरह। कहा करौगे म्रत्य ॥ छं० ॥ ७५६ ॥

आताताई का कहना कि उसे युद्ध में खंड खंड कर ही दूंगा।

छंद भुजंगी॥ तवै उच्चर्यौ अत्तताइ अभंगं। सज्यौ गैन सीसं जुर्यौ जुद्ध रंगं॥
हनों याहि भंजों सु गंजो पत्तानं। करों षंड षंडं जु मंडै बलानं॥
छं० ॥ ७५७ ॥

इसी प्रकार गुरुराम की आज्ञा होने से घोर युद्ध का होना।

तवै गज्जि झम्यौ गुरं चाहुआनं। अगे जोगिनी जग्गिझम्यौ गुरानं॥
झम्यौ सध्य जद्दो स जामानि तामं। दुअंबह हड्डा चले बंध ठामं॥
छं० ॥ ७५८ ॥

मिलौ रारि अंकं दुअंकं प्रमानं। परे जादवं राइ अरु चाहुआनं॥
कहै सूषि भारत्थ इसे सपूरं। उठे कंदलं हक्कि ते कौन सूरं॥
छं० ॥ ७५९ ॥

नर रक्त वीज विनं केन दिट्ठं । इतें दंकि सामंत की वुंद उट्ठं ॥
मिले घाइ घायं असी पंगदायं । मिली रीठ आवद्ध सावद्ध घायं ॥
छं० ॥ ७६० ॥

परे सीस भारं चहुआन धारं । मनो इम्भ भंकोर अंबूज झारं ॥
गजं बाज तुट्टं परे षंड षंडं । नचंतं पिनाकी करं सज्जि दंडं ॥
छं० ॥ ७६१ ॥

कटे तुच्छ हड्डं सु मंसं निमंसं । परे ह्नर मुष्मकोति मध्यं उतंसं ॥
तिनं सस्त नामं जुअं जू वषानं । रठं निड्डुरं कन्ह वर वीर जानं ॥
छं० ॥ ७६२ ॥

तहां अत्तताई स गोविंद मानं । उठे हक्कि हाकं सु पज्जून पानं ॥
रघूवंस भीमं तिनं नाम जानं । परीहार नन्हं तिनं नाम ठानं ॥
छं० ॥ ७६३ ॥

इते उग्गरे कंदलं चंद कव्वी । मनों देषियं जामता जोति छव्वी ॥
परे पंच रायं ढहे राज सत्तं । सुरं पंच रा इत्त मा वेद इत्तं ॥ छं० ॥ ७६४ ॥

दुहुं पष्प लग्गो तिनं नाम जानं । तिनं जाति चंदं स ह्नरं बषानं ॥
पन्यौ भूमि रघुवंस परताप राजं । परयौ राव चालुक्क ता जंत लाजं ॥
छं० ॥ ७६५ ॥

पन्यौ दलपती राउ दल सब्ब संध्यौ । पन्यौ कन्ह राजा दलं नेत वंध्यौ ॥
भाँडा गहि वीरं पन्यौ राज षीची । जिने किति लच्छी तियं लोक सींची ॥
छं० ॥ ७६६ ॥

पन्यौ जावलौ राव सारंग सूरं । तिने भ्रग्गरौं अच्छरी छंडि ह्नरं ॥
पन्यौ दाहिमा देव मिलि धार पंती । इरं अंत कंती विराजं संदती ॥
छं० ॥ ७६७ ॥

पन्यौ किल्हनं राव माल्हन हंसं । तुन्यौ सार धारं मिल्यौ हंस वंसं ॥
पन्यौ अंगली राव दहिया नरिंदं । न्रपं किति भष्षी भषी किति चंदं ॥
॥ छं० ॥ ७६८ ॥

पन्यौ टांक ह्नरं मिल्यौ ह्नर मंदे । मिल्यौ सार धारं जमं डंड वंडे ॥
चल्यौ धार धारं धनी धार नाथं । मुक्यौ मोह माया लई किति हाथं ॥
छं० ॥ ७६९ ॥

पन्यौ राव मोरी सुरयौ अव्व सथ्थं । ननं याइ चल्लै चलै हथ्थ वथ्थं ॥
परे सूर हक्केव धक्के कलेवं । सिरं जुह आनुह देयंत देवं ॥
छं० ॥ ७७० ॥

करे जोगिनी डक्क हक्कं गहक्कं । गजै बीर सूरं सु आवद्ध धक्कं ॥
चलै ओन अंमान पूरं प्रनारं । अदभ्भूत माया न रच्यौ सु भारं ॥
छं० ॥ ७७१ ॥

तवै अत्तताई लग्यौ लोह रस्सं । भगौ फौज कमधज्ज दिस्सं विदिस्सं ॥
परे सेत सेते न थानं सु दिस्सं । लगै अच्छरी माल नभ्भं सु जिस्सं ॥
छं० ॥ ७७२ ॥

अनंछित्त अंगं वरं अत्तताई । भई जीत चहुआन प्रथिराज राई ॥
छं० ॥ ७७३॥

रण में अगनित सेन को मरा देख कर निढ्ढर का कमधज्ज से कहना कि अब तूं किस के भरोसे युद्ध करता है । पृथ्वीराज तो शशिवृता को लेकर चला गया ।

दूहा ॥ परे सुभर दोजन दल । निढ्ढुर देष्यौ वंध ॥
कोन सुजा बल जुध करै । सुनि कमधज्ज अमंध ॥ छं० ॥ ७७४ ॥
बाला लै प्रथिराज गय । गहिय वग्ग कमधज्ज ॥
रोस रीस बिरसोज भय । रह बाजे अनवज्ज ॥ छं० ॥ ७७५ ॥

पृथ्वीराज शशिवृता को लेकर आध कोस आगे जाकर खड़ा हुआ ।

कवित्त ॥ अद्ध कोस न्टप अग्ग । बीर ठढ्यौ करि ठट्टौ ॥
मद समूह गजराज । छंडि पट्टै वल गट्टौ ॥
लाज बंधि संकरिय । बीर बंध्यौ सु अष्ट कसि ॥
अरिन बीर छंडै न । क्रन्न मंडै द्वितीय दिसि ॥
मनमथ्थ महावत वंधि अति । मन मत्तौ उन वो धरै ॥
घन घाइ रुधिर छुट्टै परे । अमर पुहप पूजा करै ॥
छं० ॥ ७७६ ॥

अपनी और कमधज्ज की सब सेना मरी देख करयद्दव का हार मानना और सब डोलीं पृथ्वीराज को सौंप देना ।

पूब राज प्रथिराज । पूब जैचंद बंध बर ॥
पूब सूर सामंत । पूब न्रप सेन पंग बर ॥
पूब सेन ढंढोरि । पूब झोरी करि डारिय ॥
पूब खेत विधि गाम । बानगंगा पथ झारिय ॥
आसेर आस छंडिय न्रपति । विपति सपति जानीय भर ॥
सुठिहार राज प्रथिराज कौ । धरे सबह चौंडोल घर ॥छं०॥७७७॥

पृथ्वीराज ने तेंतालीस डोलियों सहित बीच में शशिव्रता को ले कर दिल्ली को कूच किया ।

चौपाई ॥ गौ ढिल्ली ढिल्लौ प्रति बीर । सूर घाइ जर्जर किय श्रीर ॥
कित्ति सजी चंबोल प्रमानं । अंग कियौ जर्जर चहुआनं ॥छं०॥७७८॥

दूहा ॥ डोला ग्यारह दून दस । एकादस तिन मद्धि ॥
मद्धि अमोलिक सुंदरी । काम विरामन संधि ॥ छं० ॥ ७७९ ॥
डोला घाइन बंधि न्रप । बजि निसान न्रिघोष ॥
सब सामंत समंध चढ़ि । बिच सुंदरी [१]अमोघ ॥ छं० ॥७८० ॥

शशिवृता को ले कर पृथ्वीराज तेरस को दिल्ली पहुंचे ।

गाथा ॥ विच सुंदरी अमोघं । दोयं नैव वाजयो मद्धिं ॥
तेरसि गुन अधिकारी । संपत्ते राजयो ग्रेहं ॥ छं० ॥ ७८१॥

पृथ्वीराज की प्रशंसा वर्णन ।

दूहा ॥ इन परंत पत्तौ सु ग्रह । सुवर राज प्रथिराज ॥
हय गय दल मल मथत वर । रंभ सजीवन काज ॥ छं० ॥ ७८२ ॥

चामुंडराय की प्रशंसा ।

सह जहाँ चामंड वर । बर बर जुद्ध विरुद्ध ॥
जुद्ध करै सामंत कौ । बर धीरज्ज सु बुद्ध ॥ छं० ७८३ ॥

(१) ए. कृ. को.-अदोष ।

युद्ध में कमधज्ज और यद्दव को जीत कर शशिवृता को ले कर पृथ्वीराज दिल्ली जा पहुंचे।

चाहुआन चतुरंग जिति। निगम बोध रहि राज ॥
बर शशिव्रत्ता जित्तिगौ। धाम सु ढिल्ली साज ॥ छं० ॥ ७८४ ॥

शशिवृता के साथ विलास करते हुए सब सामंतों सहित पृथ्वीराज दिल्ली का राज्य करने लगे।

गाथा ॥ तपय सु नरपति ढिल्ली। दीह दीहं पद्धरे राजं ॥
जं मंगै क्रत कामं। सा देवं सोइयं देहिं ॥ छं० ॥ ७८५ ॥
दीहं पासा रूवं। सारूवं भूपयो सब्बं ॥
जे नच्चै ते मंगै। देवानं देवयो दीहं ॥ छं० ॥ ७८६ ॥

दूहा ॥ सारिन सालै पंस वर। सारि पंस वर भोग ॥
सुबर स्हूर सामंत लै। करि ढिल्ली प्रति जोग ॥ छं० ॥ ७८७॥

इस जय के प्राप्त होने से चहुआन का यश और बादशाह से बैर बढ़ा।

जै जै जस लद्धौ सुबर। बैर न्रपति सुरतान ॥
सुबर बैर बर बड्ढयौ। सुबर जित्ति चहुआन ॥ छं० ॥ ७८८ ॥

पृथ्वीराज शत्रुओं को पराजय कर के अदंड बादशाह को दंड दे कर नीति पूर्वक दिल्ली का राज्य करता था।

कवित्त ॥ भई जीति चहुआन। अरिय भंजे अभंग भर ॥
जै जै स्हूर बषान। देव नंषै सुमन्न वर ॥
लै शशिव्रत्ता राज। अप्प दिल्लीय संपत्तौ ॥
अति तोरन आनंद। चित्त रत्तौ मन मत्तौ ॥
अरि अवनि कोन मंडै मनहु। षग्ग दाग अरि षंडइय ॥
कवि चंद दंद दारुन कयहि। द्रुग अडंड करि डंडइय ॥छं०॥७८९॥

इति श्री कविचंद विरचिते प्रथीराज रासक शशिव्रता कथा नाम पचीसमो समय संपूर्ण ॥

———:o:———

अथ देवगिरि समयौ लिख्यते ।

(छव्वीसवां समय ।)

जयचन्द की सेना ने देवगिरि गढ़ को घेर रक्खा ।

दूहा ॥ ना चलै कमधज्ज ग्रह । गढ़ घेर्यौ फिरि भान ॥
मानहु चंद सरद्द [1]जिम । गिर नछिच [2]परिमान ॥ छं० ॥ १ ॥

कुंडलिया ॥ गढ़ घेन्यौ फिरि भान कौ । दूत सु दिल्लिय मुक्कि ॥
[3]यह [4]अजोग संजोग करि । अदिन कज्ज हम रुक्कि ॥
अदिन कज्ज हम रुक्कि । प्रान इन कै दुप मुक्कै ॥
इन समान भर सत्त । जीव जावंतै धुक्कै ॥
* प्रथम पुंजा लष्यिन । कुंआरि ससिव्रत्त धीर वढ़ ॥
धन भर लज्ज सुबंध । घेरि सह मीर राजगढ़ ॥ छं० ॥ २ ॥

राजा जयचन्द के भाई ने कन्नौज को और देवगिरि के राजा ने पृथ्वीराज के पास सव समाचार भेजा ।

दूहा ॥ इन कग्गद चहुआन पै । उन मुक्कि [4]कनवज्ज ॥
दुहूं वीर कविचंद इह । कै वज्जै कै वज्ज ॥ छं० ॥ ३ ॥

दूत ने लज्जा के साथ जयचन्द को पत्र दिया । जयचन्द के पूछने पर दूत ने युद्ध और पराजय का हाल कहा ।

---

(१) ए. कृ. को.-दिन । (२) ए. कृ. को-परनानि ।
(३) ए. कृ. को.-ग्रह । (४) ए.कृ.को.-कमधज्ज ।

* छंद २ की अंतिम दोनों पंक्तियों का चारों प्रतियों में समान मूल पाठ इस प्रकार है—“प्रथम पुंज लष्यिन कुँअरि कुँअर ससिवृत सुधीरह । धन भर लज्ज सुबंध रागगढ़ घेरि सबीरह ”—यह कुँडलिया छंद के नियम से विरुद्ध पड़ता है परंतु यह कवि की भूल नहीं है, लेखकों की असावधानी या भूल से ऐसा हुआ है क्योंकि उन्हीं शब्दों के हेर फेर से शुद्ध पाठ होगया है और अर्थ में भी किसी प्रकार की त्रुटि नहीं हुई ।

कवित्त ॥ सुबर बीर कम्गदह । पंग करि अप्पि सु जंपिय ॥
बहु दुचित्त संजुत्त । लज्ज आजुत्त प्रकंपिय ॥
सुर सुकीय कर पंग । नैन नीचे न्टप दिट्ठौ ॥
तब पहु पंग नरिंद । कुशल जानी न गरिट्ठौ ॥
पुच्छी सु बात इह करिय तम । जानि सोक कह उप्पनिय ॥
संग्राम तेज भंजन भिरन । मरन कह्यौ मारन पुनिय ॥ छं० ॥ ४ ॥
दूहा ॥ दुज्जन दवने पीर के । वज्जै पै बर केक ॥
भर भीरी रहि अंक के । मरन सरन के केक ॥ छं० ॥ ५ ॥
कुंडलिया ॥ तब पहु पंग नरिंद प्रति । दूत सु उत्तर जप्पु ॥
इह अपुब्ब कथ सुनि न्टपति । जीतें हार सु अप्पु ॥
जीतें हारि सु अप्पु । देषि कह्यौ चहुआनं ॥
ढिल्ली वै अधकोस । बीर मुक्यौ तिहि थानं ॥
आइ सेन घन घाइ । अंब भर पारि असुर जब ॥
दिषि निढ्ढुर कमधज्ज । वग्ग सेना पंचय तब ॥ छं० ॥ ६ ॥
दूहा ॥ देवग्गिरि गढ़ घेरि फिरि । [1]हीं मुक्यौ न्टप काज ॥
मतौ मंडि रा पंग पै । वें [2]पुक्करि प्रथिराज ॥ छं० ॥ ७ ॥
चौपाई ॥ इह कहंत न्टप पंग सु अष्षी । वियौ दूत न्टप अंषन दष्षी ॥
दुचित चित्त मुक्की बर बामी । कुसल बीर कमधज्ज न [3]जानी ॥
छं० ॥ ८ ॥

दूहा ॥ भयौ स्वेद सुर भंग भौ । नैन झलक्यौ पानि ॥
कै फिरि दंद सु उप्पनौ । कै वर बंधव हानि ॥ छं० ॥ ९ ॥
कवित्त । [4]कही कुसल तन दूत । कित्ति कुसलत्तन भग्गिय ॥
जेनि रहे कमधज्ज । रहे सो जम्भह लग्गिय ॥
जे निकलँक ग्रह आदि । कलँक कालंक सु कुप्पै ॥
[5]दे विधान न्निम्मान । कौन मेंटै को थप्पै ॥
भष जोइ सिंघ जम्बक हरै । काकलंब षप्पीस गहि ॥
जहिनह भई भावी विगत । जिम रक्खै तिमि तिमि सुरहि ॥ १० ॥

(१) कृ.-होन। (२) मो.-पुकारि। (३) ए. को.-आनी।
(४) मो.-कहै। (५) मो.-दो।

कवित्त । यह कहंत पहु पंग । दूत तिय आन सपत्तौ ॥
दाघा शीतल झंपि । अंग आरम्भ न सत्तौ ॥
चढ़ि नरिन्द कमधज्ज । तौन तन सज्जन वारौ ॥
मिलि यद्दव चहुआन । वीर परिहै ससि भारौ ॥
दाहिम्मराय चामुंड सौं । सह साथ न्रप यप्पयौ ॥
ते काज राज सम्हैं सुमति । लिपि कग्गद महिं अप्पयौ ॥ ११ ॥

जयचन्द की महा क्रोध से कहना कि पृथ्वीराज की कितनी सेना है । उसे मेरा एक मीर वंदा जीत कर बांध सकता है ।

क्रोध भरिय कमधज्ज । काक वर वोल उचारैं ॥
जो भज्जै ग्रह अपन । कौन अप्पनौ विचारैं ॥
अरे सुनहु भर सुभर । जुम्झ भग्गौ पति छंडै ॥
पेपि वीर गजराज । वाद अंकुस कौ मंडै ॥
चहुआन सेन किक्तिक है । एक मीर वंदा बंधै ॥
सम्भयौ राज अप अप्पुनह । लोह धार मो सम सधै ॥ छं० ॥ १२ ॥

जयचन्द ने मंत्रियों से मत करके अपने स्नेही राजाओं को सेना सहित आने को पत्र भेजा ।

कुंडलिया ॥ सुनि सुमंत्त मंत्रिय समत । कुमति मंत क्यों मंत ॥
वचन भेद जिहि हम कही । सोइ गही वल तंत ॥
सोइ गहि वल तंत । वल न अप्पन पहिचान्यौ ॥
उदो राग उचन्यौ । संच तेता करि मान्यौ ॥
उननैं कुंवरी [१]वरी । तिनं कु करै तिन गुन्नौ ॥
[२]जु वरि एक वुल्ले दुवान । सो सब सह सुन्नौ ॥ छं० ॥ १३ ॥

पत्र भेज कर अपनी तयारी की आज्ञा दी । सवारी के लिये घोड़ा तय्यार कराया ।

कवित्त ॥ वर अयवंत सु दीह । आइ चतुरंग सपन्नौ ॥
मम्म्म महल न्रप वोल । वंचि कग्गद कर लिन्नौ ॥

(१) मो.-गुरी ।   (२) क-सुवरन ।

निसा मंत उप्पाइ। सहस नव लिषि बर पट्टै ॥
इष्ट ध्रत्त सगपन्न। सु ध्रत बहु फट्टत पट्टे ॥
वज्जित्त न्निघोष अरि घोष घर। छोरि पंग दिष्षे सु हय ॥
रवि रथ्थ तथ्थ आवहि जु सम। [1]गात गिरव्वर नाग सय ॥छं०॥१४॥

घोड़े की प्रशंसा वर्णन।

भुजंगी ॥ [2]तियं फेरियं अश्व दीसैति पंगा। तिनं देषते छाँह कंपंत अंगा ॥
तिनं ओपमा चंद बरदाइ कैसो। दिषै तीर मानों छुट्टै अंग तैसी॥
छं० ॥ १५ ॥

पयं मझ्झ मंडै तिमं चित्त इष्षं। पयं पातुरं चातुरं तो बिसष्षं ॥
षुरं वज्जतें भुम्मि [3]धुज्जै धसक्कै। फनं फेलि से संमुहं फूंक सक्कै ॥
छं० ॥ १६ ॥

द्रुमं सीस दीसै सु केकी पुछंगी। मनों मंडियं नील[4]कंठं उछंगी ॥
तिनं भाल संमेलयं धाट झुझ्झै। [5]छिलै पूर ऐसें सरित्तान सुझ्झै ॥
छं० ॥ १७ ॥

डुलै कंन नाही छुरी कास ग्रीवं। मनो देषियं सीष निर्वात दीवं ॥
दिषै कब्बि चंदं सुरंगं सु सेसी। दुहं पष्ष नाहीं तिनं घोरि कैसी ॥
छं० ॥ १८ ॥

सुभै सालिग्रामं समानंत अंषी। तिनं पूजिवै चित्त चित्तंत नंषी ॥
पियें अंजुली नीर डीसै उपंगा। फिरै काच रचीन में रत्त गंगा ॥
छं० ॥ १९ ॥

दिसानं दिसानं सबै जाति राकी। कही चंद कब्बी उपंमा सु ताकी ॥
छं० ॥ २० ॥

[6]कवित्त। षत्तिय नथन रुद्र कै। उट्ठि घन अग्गि तिनंगा ॥
तास मध्य ते प्रगटि। तेजवंता सु तुरंगा ॥
भुअपत्ती संग्रहे। पीठ मंडै पलानं ॥
अंबर करत बिहार। देषि कोपपौ मघवानं ॥

---

(१) ए.-जात। (२) ए. नियं।
(३) क.-धूजे। (४) मो.-कंठी।
(५) ए.-दिलै। (६) २१ छंद मो. प्रति में नहीं है।

प्रगट्टि नपि दिय वज्ज सों। गयन गवन तन सिट्टि गय ॥
कहि चंद मनहु [1]पहुपंग तें। फेरि आज पप्परत हय ॥ छं० ॥२१॥

जयचन्द घोडे पर चढ़ा। तीन हजार डंका निशान और तीस लाख पैदल सजकर झट से तय्यार हुआ।

चढ़त पंग हय सज्जि। सज्जि गजराज सज्जि [2]नर ॥
यों जानी सुर असुर। करै कामधज्ज विया पुर ॥
बजि त्रिघोष त्रिय सहस। मीर बंदा दस लष्षिय ॥
तीस लष्ष पाइक्क। सुबक्क पारंक विअप्पिय ॥
सू तन विरांग बल बीर सजि। दल सज्यौ गंजन अरिन ॥
पहु पंग वीर परलष्षि सै। किरन सु सम सज्जी किरन ॥छं०॥२२॥

जयचन्द ने प्रतिज्ञा की कि जादव और चौहान दोनों को मार कर तब मैं राजसूय यज्ञ करूंगा।

दूहा। इह प्रतंग पहुपंग लिय। बधि जद्दव चहुआन ॥
जग्य अरंभ जु मंडिहौं। ता पच्छै परवान ॥ छं० ॥ २३ ॥

सेना की शोभा वर्णन।

कवित्त। चढ़त पंग मिलि सेन। पूर जिम नद्दिय मिलत घिन ॥
बज्जि बीर वा तूल। जत्थ कत्थह उहुँ पिन ॥
एकट्ठां फुनि जम्म। तुट्टि जू जू फल लद्धौ ॥
दैव क्रम्म करि जोग। आइ एकट्ठ अरुद्धौ ॥
बंधेत काल डोरी तनै। छूटि धार घन मिलहि [3]तिम ॥
आहत्त क्रम्म लिष्षे बिना। मिलै न पंचौ [4]पंच [5]जिमि॥छं०॥२४॥

जयचन्द्र की स्त्री का विरह वर्णन।

दूहा। इह अवस्थ पहु पंग की। बाल अवस्था कौन ॥
जियन आस नहिं सांस तन। डरहि देषि [6]अलि औन्ह ॥छं०॥२५॥

---

(१) ए.को.-पहु। (२) ए.-हय। (३) ए. कृ.-जिम।
(४) ए. को.-पंप। (५) ए. कृ. को.-जिम। (६) ए. कृ. मो.-अति।

गाथा। वाले मलयं चंपं। द्वै द्वै चंपत उरह [1]उरहीती॥
तिन विपरीतं वामं। कामं रस जग्गयौ घनयौ॥ छं०॥ २६॥

भ्रमरावली॥ बढ़ि बाल वियोग सिंगार छुब्यौ।
सुख कौ अभिराम कि काम लुब्यौ॥
घन सार सुगंध सु घोरि घनं।
बनि आनि मलीन क्रपान बनं॥ छं०॥ २७॥
तल पत्ति तजे तल पत्ति मनों।
बपु बाढ़िहै अंग अनंग घनों॥
नव चंदन अंग अनंग जरै।
दिप दीपक भौन में भान बरै॥ छं०॥ २८॥
लगि मोदक से अन मोदकयं॥
दिसि प्राचिय देषि परी धुकयं॥
प्रति हत्ति सरत्ति यपी पयनं।
उमगे तहां अंसुअ है नयनं॥ छं०॥ २९॥
घन ज्यौं तन छंडि न उत्तर [2]देइ।
लगि कानन नास पिया अलि लेइ॥
कछू बर भौंहन उत्तर देत।
मनौं दस [3]वस्थन दंग अचेत॥ छं०॥ ३०॥
चषयं सुभि चंचल रंजनयं।
सु मनो गहि मुत्तिय षंजनयं॥
बिय भाव सु अंसु अनंदि लता।
घर नंषिय रष्ष तिगौ पतिता॥ छं०॥ ३१॥
तिन अंग अचेतकिता क्षमयं।
दुष दूषन भूषन से तनयं॥
दिषि दिष्षि अली अलिके जकरें।
लय सास उसासन तानि परे॥ छं०॥ ३२॥
पन प्रान प्रियान प्रयान घुटं।
लगि साहस एक घटी न घटं॥

(१) ए. कृ. को.-उरहीति। (२) मो.-देत, लेत। (३) ए. कृ. को.-अयत्थन।

सु'थनं मद तैं विमनं मन तैं।
निज निश्चल 'रैनि गई गिनतैं ॥ छं० ॥ ३३ ॥
चलि सीत सुगंध सुमंदय वात।
मनौं लगि पावक अंभन जात ॥
डुलावत अंचल शीतल काज।
लगै मनौं तीर 'तरुन्निय जाज ॥ छं० ॥ ३४ ॥
भुअंगम भोजन अंगम नारि।
करै कलना रसकी उनिहारि ॥
सवै सु सषी मिलि पूछत ताहि।
मनौं जड़ श्रोत सुने रस आहि ॥ छं० ॥ ३५ ॥
चल्यौ कुटिलं रथ चित्तह धाइ।
'सु जे मरविंद समादक लाइ ॥
इनं रिति नारि न मुक्कइ नाह।
लगे विहजानि कुमुद्दिन राह ॥ छं० ॥ ३६ ॥
नदीय निवान 'अपीत सयं।
नव पंथय सुम्भझय वुम्भझ कयं ॥
बजि मारुत तत्त समीत प्रकार।
उड़ै घन भ्रम्म बढ़ै अनिवार ॥ छं० ॥ ३७ ॥
करै तरु तुंग गई सुधि धाम।
तजी यहु पंग नरिंद सु वाम ॥ छं० ॥ ३८ ॥

जयचन्द की चढ़ाई का वर्णन।

पद्धरी ॥ चढ़ि चल्यौ पंग कमधज्ज राय। सो छिन्न भिन्न उम्मरित छाइ॥
पद्धरी छंद बरनो सुरंग। लहु बरन बीच विचि अति सुरंगाछं०॥३९॥
दलकंत ढाल तरवर प्रमान। हलके हलंत गज नग समान ॥
अपसुकन सुकन 'चित्तहि न चित्त। 'न्त्रिम्मान वत्त गुन धरत तत्त॥
छं० ॥ ४० ॥

(१) ए. को.-सुथानं। (२) ए. को.-नैति। (३) मो.-तरुनित।
(४) ए.-सजे। (५) ए. को.-अपीन।
(६) मो.-मझहि। (७) ए.-न्त्रिम्मान, निमान।

कद्दवत्ति सलिल जहां सलिल पंक। चित चित्त बकं जे करें कंक ॥
चल्ले नरिंद अरि पुव्व गाव। भुमियां ससंक सब लगत पांव॥छं०॥४१॥

गढ़ घेरि पंग किय अप्रमान। मानों कि मेर पारस्स भान॥
पंगह सुबीर गढ़ करि गिरह। सर्व्वरी परस चंदा सरह ॥छं०॥४२॥

चढ़ अमरसीय चढ़ि अमरसिंघ। गहिलौत स नरवर लहु सु बंध॥
पंगुरा सुभर लगि उंच गत्त। जाने कलंक लंगूर यत्त॥छं०॥४३॥

जयचन्द का दक्षिण की ओर चढ़ चलना।

कवित्त॥ दिसि दष्षिन को वलिय। गयौ कमधज्ज चित्त करि॥
यों फिरंत तहँ सूर। षित्त आगत्ति पान फिरि॥
पंच तत्त विय विरह। छुट्टि लग्गो सु पंच पथ॥
तोड़ काज हम करें। चरन सेवकह जंपि तथ॥
तो श्रंब प्रपौ अब जानि बस। जस क्रीड़ा धर उग्गनह॥
कच्छू सु जोति बलि जोति तन। छवि सरक भेदै सनह ॥छं०॥४४॥

हाथियों की शोभा वर्णन।

गज्जनेस कमधज्ज। दान बरषंत बीर सजि॥
नव अंगुर इक विहय। सूर तन इक प्रवाह लजि॥
सिरी सत्त सोभै। विसाल सिंदूर विराजै॥
मत्त कज्जल गिरि शिखर। सूर मंगल तन साजै॥
सज्जिय अनेक न्रप पंग नै। गामी तर गोड़न वियौ॥
जाने कि अकासह भान दिन। ऐ वसह गिर पय दियौ ॥छं०॥४५॥

दूहा। रंभ ऊन्न तट पंगुरी। लग्गि बधू सित माल॥
अंग सुता की पंति तें। बढ़ी विरह बनमाल॥ छं० ॥ ४६॥

राजा भान का यह समाचार पृथ्वीराज को लिखना।

बान पंग पहु पंग परि। मिली अनंग की कान॥
इह अपुव्व बर भान सजि। दै कग्गद चहुआन॥ छं० ॥ ४७॥

उक्त समाचार पाकर काम क्रीड़ा प्रवृत्त पृथ्वीराज का वीरता के जोम में आजाना ।

रति पति पत आलुझ्झि घन । तिहि कग्गद मुकि दूत ॥
तजि सिंगार भौ [१]वीर रस । जिमि आयौ वर [२]धूत्त ॥छं०॥४८॥
ताल कमोदनि पीय ढिग । ससि समान रस पान ॥
वर विलोकि जो देपियै । तौ [३]चहुआनह भान ॥ छं० ॥ ४९ ॥

कवित्त ॥ लाज सरस चहुआन । जोग उज्जै जुध सुत्तस ॥
चियन पाइ दिपि काम । वेर दिप्पे जु वीर सम ॥
घरि इक पंग नरिंद । कलंक उननि करि देपै ॥
इक्त सु जद्दव राइ । सजन अप्पनौ सु लेपै ॥
सुरतंत स्वामि अभिलाप रिन । ग्रव्व राज महह न्त्रपति ॥
मार सु नरिंद संकर भयौ । अति निकलंकह चित दिपति ॥ ५० ॥

इधर शहाबुद्दीन की चढ़ाई उधर जयचन्द की राजा भान से लड़ाई देखकर पृथ्वीराज ने चित्तौर के रावल समर सिंहजी को सब वृत्तान्त लिख कर सहायता चाही और सम्मति पूछी।

दूहा । घरी एक बंधी सुनौ । पै मुक्कलि प्रथिराज ॥
वीव सोम अप्पन चढ़न । लै दीनौ रस पाज ॥ छं० ॥ ५१ ॥
चढ़त राज प्रथिराज कौ । चढ़ ग्रवाज सुरतान ॥
समर सिंघ रावर दिशा । दै कग्गद चहुआन ॥ छं० ॥ ५२ ॥

कवित्त ॥ दिल्ली धर गोरी नरिंद । बँध पल्हन प्रपत्तौ ॥
षां हुसेन कै वैर । अनगपाल सु मिलत्तौ ॥
तिर भर जल गंभीर । हसम है गै कमधज्जी ॥
देवग्गिरि दिसि भान । वीर पावस जिम सज्जी ॥

(१) ए-वार । (२) ए. को.-धत्त । (३) मो.-चहुआनै ।

धर लई सब्ब साहिब जुरत। भान न्न उप्पर मुक्की ॥
चित्त'ग राअ रावर समर। इह अवसान न चुक्की ॥ ५३ ॥

समर सिंह ने पत्र पढ़कर कहा इस समय पृथ्वीराज को दिल्ली में अकेले न छोड़ना चाहिए। मेरे साथ अपने सावंत और अपनी सेना दें मैं पंग से लड़ लूंगा।

बंचिय कग्गद समर। समर साहस उच्चारिय ॥
तव सुमंत बर न्नपति। मंत जानै न विचारिय ॥
हम सुमंत जो करै। राज दिल्ली मति छंडौ ॥
इह गौरी सुरतान। अनगपालह फिर मंडौ ॥
सामंत [1]देहु हम संग बर। रन रुंधै पहुपंग नर ॥
आरंभ मद्दन रंभह मतौ। इह [2]सुमंत कुसलत्त घर ॥ ५४ ॥

समरसिंह की सलाह मान पृथ्वीराज ने अपने सावंत चामुंडराय और रामराय बड़गूजर के साथ अपनी सेना रवाना की।

कुंडलिया ॥ समुद रूप गोरिय सुबर। पंग ग्रेह भय कौन ॥
चाहुआन तिन विवध कै। सो ओपम कवि जौन ॥
सो ओपम कवि जौन। समर कग्गद लिय हथ्थं ॥
भिरन पुच्छि बट सुरँग। बंधि चतुरंग रजथ्थं ॥
समर सु सुक्कलि सोर। खोह फुख्यौ जस कुमुदं ॥
रा चावँड जैतसी। रा बड़गुज्जर समुदं। छं० ॥ ५५ ॥

रावल समरसिंह ने अपने भाई अमरसिंह को साथ लिया। ये लोग देवगिरि की ओर चले।

दूहा। अमरसिंघ बंधव समर। समर समोकलि दीन ॥
ते सामंतन संग लै। देवग्गिरि मग लीन ॥ छं० ॥ ५६ ॥

(१) ए. कृ. को.-दीहै। (२) ए.-समतं।

इम सु राज चहुआन नें। रापे घेरी राइ ॥
पंग [1]औट वर कोट है। देवग्गिरि गढ़ जाइ ॥ छं० ॥ ५७ ॥

जयचन्द को गढ़ घेरे देख चामुंडराय ने चढ़ाई की। इधर राजा भान मिला।

कवित्त ॥ देवग्गिरि गढ़ घरि। ढोह मंड्यौ वर पंगं ॥
[2]रन व्हिषोप प्रमान। वीर बाजे रन जंगं ॥
चिहुद्दिसान उड़ि चक्र। उनैंभौ झंझर खग्गा ॥
द्वादस दिन रन मंडि। राव चामंड भिरि भग्गा ॥
सामंत पंग वित्ते न्रपति। छत्त सज्जे बलद्धारियां ॥
दाहिम्म राव दाहिर तनय। रत्ति वाह बिचारियां ॥ छं० ॥ ५८ ॥
मिलि जद्दव चामंड। रत्ति वाहं संपन्नौ ॥
ओड्ड्जै सथ टारि। साथ टारिजै अपन्नौ ॥
षंत साथ सो साथ। और सव साथ [3]सुपन्नौ ॥
कै भर तरकस वंध। थान मन [4]आकन्नौ ॥
जीवंत दान भोगइ समर। मरन तित्थरंभ [5]भिरन गति ॥
ए करैं बात उभ्भैत नर। ता स राज मंडल [6]मिलति ॥ छं० ॥ ५९ ॥

राजा भान और चामंडराय की सेना का वर्णन।

हथ्थ हथ्थ सुझझैन। मेघ डंमरि मडि रज्जी ॥
निशि निशीथ अंतरी। भान उत्तरि सथ सज्जी ॥
विज्ज वीर झलकंत। [7]पवन पच्छिम दिशि वज्जै ॥
मोर सोर चप्पीह। अवनि सज्जित घन गज्जै ॥
वट्टी जु सिलह निशि सत्त मिलि। [8]धसिय पंग दरवार दिसि ॥
चामंड राइ दाहर तनौ। लरन लोह कट्ठेति रिसि ॥ छं० ॥ ६० ॥

राजा भान का मिलना देखकर जयचन्द का क्रोध करना।

(१) ए.-ओर। (२) ए.-इन।
(३) ए.-सुपंथ। (४) ए. कृ.को.-आकण्य.। (५) ए.-निरन।
(६) मो.-मिळनि। (७) ए.-भवन। (८) ए. कृ. को.-सथिय।

धसि नरिंद चामंड। कूह बज्जी रन जंगं॥
भर अग्गी चौकी समूह। लग्गा रन जंगं॥
रन नरिंद ¹वाहन कुआर। सारह हसि भिल्लै॥
पंग टटी बीहार। जितै भिंजे तित मिल्लै॥
आरिष्ट काल बज्जत घरी। उघरि मेह घन सार जल॥
जग्गयौ जोध कमधज्ज अब। मनौं सिंघ जुथ्यौ सु छल॥छं०॥६१॥
तब ²रावत उच्चरे। राज जोरी बर पंगं॥
जिन ³चंपे बल पुंछ। रोस जग्यौ न्रप ⁴दंगं॥
नाग पत्ति कोपत्ति। अप्प वर कन्ह जगायौ॥
राह सुमनि चित्तए। जम्म जुग राज भुकायौ॥
उच्चरे वीर कुट वार रिन। रन रुंध्या अप डिंभरू॥
संभरे बीर कमधज्ज कौं। भये रोम गति विभ्भरू॥ छं०॥६२॥

अमरसिंह ने जयचन्द के हाथी को मार गिराया।

अमरसिंह आहुट्ठ। नाग ⁵मुग्घी वर कट्ठी॥
शीश शोभि गजराज। नाग सुष नागिनि चट्ठी॥
हाउ हटक्की हथ्थि। बीर पच्चौ कर सद्दे॥
के हथनापुर चन्द। वीर चंचै बलिभद्दे॥
दंती सुभग्गि धर पर पच्यौ। दूल सुच्यौ दत अष्टकबि॥
सिंघ हति सूमि बर सुभ्भई। मिलत भूमि हथ्थह तिरव॥ ६३॥

हाथी के मारे जाने पर जयचन्द का क्रोध करना और स्वयं टूट पड़ना।

हस्ति काल जम जाल। काल रुध्यौ चामंडह॥
सुनत पंग रस भगं। सौस लग्यौ ब्रह्मंडह॥
रन रुंध्यौ वद्दरू। मीन गति ⁶नीर प्रमानं॥
जग्गि बीर पहुपंग। तोन पारथ्थ प्रमानं॥

(१) क़-प्रति में "पंगु पुत्र" भी पाठ ऊपर दिया हुआ है।
(२) ए.-राअन, रावन। (३) ए.-जंप। (४) ए.-दंसं।
(५) ए.-मुठीं मुट्ठी। (६) मो.-हीन।

जग जोह कोह कढ्ढिय सु असि। भिरत न अप्पु अरि तक्कर ॥
रहि जाम एक निसि पच्छली। चढ़ि विहूर हय नष्षर ॥छं०॥६४॥
रसावला ॥ पंग जंगं घुलं, कूह मची हुलं। सार तुट्टे पलं, षग्ग मच्चेपलं॥
छं० ॥ ६५ ॥
हाल हालाहलं, सोह वित्थौ तलं। गिद्ध कोलाहलं, अंत हंती रलं॥
छं० ॥ ६६ ॥
उडपौयं छलं, चर्म अस्तिं तलं। वीर निद्दीचलं, सिद्ध ठट्टे रलं ॥
छं० ॥ ६७ ॥
संभु मालं गलं, ब्रह्म चित्ता चलं। भूत वित्ता तलं, पथ्थ पारथ्थलं॥
छं० ॥ ६८ ॥
देव देवा नलं, फट्टि फारक्कलं। घाय छब्बे घलं, सूर घुम्मै रलं ॥
छं० ॥ ६९ ॥
तारचौ सट्टलं, वाइ भूत त्तलं। रौति पछछौ षिनं, तार आयासनं ॥
छं० ॥ ७० ॥
सूर उग्यो नमं। कोर चढ्ढू फनं ॥............ छं० ॥ ७१ ॥

लड़ाई खतम होने पर जयचन्द का अपने घायलों को उठवाना।

दूहा ॥ रन सुक्के गो भान चढ़ि। सब सामंतन सथ्थ ॥
भूत वीर पङ्गु पंग ने। वत सु हुअौ तथ्थ ॥ छं० ॥ ७२ ॥

इस युद्ध में मारे गए सूर सामंतों के नाम।

कवित्त ॥ पन्यौ बंध गोइंद। नाम हरचन्द प्रमानं ॥
पन्यौ बंध नरसिंघ। रेह रष्षन चहुआनं
पन्यौ कन्ह पुंडीर। वीर जैचन्द सु जायौ ॥
पन्यौ सूर बाघेल। हक्कि कपिजिम बल धायौ ॥
चतुरंग सब्ब मिल्लिय वही। असिन हार बड़गुज्जरै ॥
सामंत हथय बर बब्ब सम। षेत सु ढुंढहि पंगरै ॥ छं० ॥ ७३ ॥

रणभूमि में जयचन्द के घोड़े की चंचलता और तेजी का वर्णन।

रिस छुट्यौ कमधज्ज। बोल बंका बर बोले॥
ज्यों बावन बल रूप। कुहर यानह बल भेलहै॥
रावन पवय समान। काज कैलास झुलावै॥
कै बलि बंधन पाज। द्रोन हनुमंत जु ल्यावै॥
गिरिराज काज साइर मथन। कै अमरस मिल्लिय नहीं॥
[1]नंषयौ अश्व कमधज्ज नै। सो उप्पम कवि भाषहीं॥
॥ छं० ॥ ७४ ॥

देवगिरि के किले की नाप और जंगी तैयारी का वर्णन।

मापि पंग गढ़ देखि। कोस द्वादस बर ऊंचौ॥
दहति कोस विसतार। कोठ मरहथ्थ चिपंचौ॥
नारिगोरि सा बत्ति। राज मंडी चावद्दिसि॥
ढोह मंडि पाषान। तीर बरषंत मंच असि॥
पावस्स मास बीती उभै। जुरि कमधज्ज सु छंडयौं॥
मंची सुमंच परधान ने। फेरि मंचंतव मंडयौ॥ ७५ ॥

जयचन्द का राजा भान को मिलाने का प्रबंध करना।

बल बंध्यौ कमधज्ज। किरह भंज्यौ भंभानं॥
लग्गि चरन पहु पंग। बंदि लीनौ फुरमानं॥
दूत भेद्यौ मंडि। द्रब्ब नंषै चावद्दिसि॥
कछु सलोभ कछु मोह। लेखिह पर ध्यान पलहनिसि॥
[2]अप्पनौ साथ लै सिंध तब। जियन मरन ते उद्दर॥
जम जीव भार पंजर परै। कोइन कलि महि छुट्टर॥ छं० ॥ ७६ ॥
संवत ग्यार सँजुत्त। अदिस उन लग्गिय पंचं॥
मरन अग्गि जानिय न। गोज पल्हन जो पंचं॥
दिन नछिच रोहिनी। समय च्यालीस विअग्गल॥
मत्त वीर जइंव नरिंद। भग्गी ग्रह भग्गल॥
जग्गयौ धार धारह धनी। भीज कुंअर रन मंड कै॥
सा भ्रंम भ्रम्म छंडै नहीं। गो अभ्रंम छिति छंडि कै॥ छं० ॥ ७७ ॥

(१) ए.-अंपयौ। (२) ए.-सब।

इधर अमर सिंह का घोर युद्ध करना।

वज्जि कूह संमूह। अमर'उट्ठे समरं भिरि॥
पंड सुष्य भौ कोट। समर बंध सुद्धे जुरि॥
रा चावंड जैतसी। राव बड़गुज्जर पाए॥
आहुट्ठे कमधज्ज। सार वज्जे सुरस्राए॥
वर यंग जंग भज्जी सहर। लुथ्थि लुथ्थि आलुथ्थि परि॥
चहूने अरिय संग्राम भिरि। पट्ट सहस सेना गिरी॥ छं० ॥ ७८॥

जयचन्द का किले पर सुरंग लगाना।

परत पंग आरोहि। सु रंग दीनौ सुभान गढ़॥
नाग'समूह हरी। ढाहि देवल सुरंग मढ़॥
थान थान नर उड़ें। चंद तस उप्पम पाइय॥
कालवृत 'कागद। पंग इह काज उड़ाइय॥
अजर्जन सयिहिय सेन को। दच्छ देव वर बोलहीं॥
सामंत सूर संग्राम कल। ताप तुरंग न डोलहीं॥ छं० ॥ ७९॥

चौपाई॥ वह्न परपंच किए पहुपंग। गढ़े तूटंत मग्ग मन अंगं॥
गिरि सम्मूह वंक भर ठट्टं। मंतौ मडि सुक्यौ वर भट्टं ॥छं०॥ ८०॥

जयचन्द का किर्तिपाल नामक भाट को भीमदेव और चामंड के पास संधि का संदेसा लेकर भेजना।

कवित्त॥ कित्तिपाल वर भट्ट। बंधि'फुरमान पंग रन॥
जहँ जद्दव चामंड। द्रुग्ग दीय छचन जुरन॥
चौज चक्क चहुआन। पन्यौ सगपन मिस अट्टौ॥
उह मारन इन मरन। बज्जि गाहं बिन घट्टौ॥
आतुच्छ मिलौ बंधौ जियन। जुद्द मोहि क्यौं पूजिहौ॥
श्रृंगार भोग आनन्द रस। सबै बीर रस चुक्किहौ॥ छं० ॥ ८१॥

राजा भान को समझा कर जयचन्द के दूत का वश कर लेना।

(१) ए.-ठेहे।　　(२) कृ.-समुह बकरी ए.-समुहरची, समूहधरी।
(३) ए.-कागच्छ,कागछ।　　(४) ए. कृ. को.-फुरमास।

तब बसीठ न्प पंग। भान एकत्त मंत करि॥
मिलौं पंग कमधज्ज। जंम संसार जंम डरि॥
तमस भेद न्प ग्रह। बाल उत्तर गढ़ भेदं॥
चरि अमंत जद्दव। नरिंद कीनौ घर छेदं॥
लगि कान बात मंचो कही। आहुट्टां बल गट्टियां॥
चिय पुत्त हत्त पुची खिये। दुज्जत जनम सुवट्टियां॥ छं॰ ॥ ८२॥

दूहा॥ विष धर दुज्जन सिंघ फुनि। अग्गि अनंग अनेह॥
ए अपना ना लेषिये। ये परि अप्पै छेह॥ छं॰ ॥ ८३॥

कवित्त॥ हसि जद्दौं चामंड। पँवार हथ्थें दिय तारी॥
सुनि बड़गुज्जर राम। मतौ अप्पौ मो भारी॥
सामि एक बंदी स। प्रीति जल अंतं तक्की॥
लियौ अधर सम रस्स। बात सा दोहमन क्की॥
क्यौं जामन मंत रहंत हृत। केह कंत जो मंगयौ॥
सो मंत पंग कमधज्ज नें। अप्प चेत सो उग्गयौ॥ छं॰ ॥ ८४॥

दूहा। इह उत्तर न्प पंग सौं। कहै सु जद्दव राय॥
दूध विनट्ठौं सुब हिय। किन अप्पन सुष पाइ॥ छं॰ ॥ ८५॥

चौपाई॥ उठे भट्ट तिहि ठौर विचारी। ज्यों उठि जोगी कंथा झारी॥
मन को मनें रही मन माया। ज्यों तरंग जल जलें समाया॥छं॰॥८६॥

कवित्त॥ मतौ मंडि न्प पंग। गट्ठ सुक्के धर लीनी॥
पट्टन पाट नरिंद। थान थानं रचि दीनी॥
उभै बीर जौजन प्रमान। भारह रचि गाढ़ी॥
(१)अप्पलगै कमधज्ज। हाम राजसु मन बाढ़ी॥
कनवज नरिंद अज्जू समन। जोगी मिसि कर कट्ठयौ॥
दिसि विदिसि पंग जौपन सुबल। रचि चतुरंगी चट्ठयौ॥छं॰॥८७॥

जयचन्द का विचारना कि वह धन छोड़ कर यदि यह धरती मिली भी तो किस काम की।

(१) कृ.-अपलग्गौ।

दूहा। कोन हीन कों नीर विन। को तप भाल नरिंद॥
लद्द धन धर सुक्की मिलै। लज्ज रह्द जय चंद॥ छं० ॥ ८८॥

इसके परिणाम में चहुआन और राजा भान को यश मिला और जयचन्द नवमी को कन्नौज को फिर गया।

जस्स तिलक ग्रह भान कौ। जोगिन पुन्तर चिन्ह॥
मोकलिजै आहुट्ट पति। पग्ग पंग करि हीन॥ छं० ॥ ८९॥
गयौ पंग कनवज्ज दिसि। घन रप्पंधन मास॥
नव नवमी नव सरद निसि। तिन सुक्की अरि चास॥ छं० ॥ ९०॥

इति श्री कविचंद विरचिते प्रथिराज रासके देवगिरि युद्ध वर्णनं नाम छाबीसमो प्रस्ताव संपूर्णम्॥ २६॥

अथ रेवा तट समयौ लिख्यते ।

(सत्ताइसवां समय ।)

देवगिरि से विजय कर चामंडराय का आना ।

दूहा ॥ देवग्गिरि जीते सुभट । आयौ चामँडराय ॥
जय जय न्टप कीरति सकल । कही कविजन आय ॥ छं० ॥ १ ॥

चामंडराय का पृथ्वीराज से रेवा तट के वन की प्रशंसा करके वहां शिकार के लिये चलने की सलाह देना ।

मिलत राज प्रथिराज सौं । कही राय चामंड ॥
रेवा तट जौ मन करौ । वन अपुब्ब गज झुंड ॥ छं० ॥ २ ॥

उक्त वन के हाथियों की उत्पत्ति और शोभा वर्णन ।

कवित्त ॥ विन्द लिलाट प्रसेद । कन्यौ शंकर गज राजं ॥
एरापति धरि नाम । दियौ चढ़नै सुर राजं ॥
दानव दल तिहि गंज । रंजि उमया उर अंदर ॥
छोड़ कपाल हत्तिनी । संग बगसी रचि सुंदर ॥
चौसादि तास तनु आय कें । रेवा तट वन विस्तरिय ॥
सामंत नाथ सौं मिलत इह । दाहिम्मै कथ उच्चरिय ॥ छं० ॥ ३ ॥

राजा का चन्द से पूछना कि मुख्य चार जाति में से यह किस जाति के हाथी हैं और स्वर्ग से इस लोक में क्यों आए ।

अरिल्ल ॥ च्यारि प्रकार पिष्षि वन वारुन । भद्र मंद म्रग जाति सधारन ॥
पुच्छि चंद कवि को नरपत्तिय । सुरवाहन किम आइ धरत्तिय ॥
छं० ॥ ४ ॥

चन्द का वर्णन करना कि हेमाचल पर एक वृक्ष था जिसकी शाखें सौ सौ योजन तक फैली हुई थीं मतवाले हाथियों ने उन्हें तोड़ दिया इस पर क्रोध करके मुनिवर ने शाप दिया कि तुम मनुष्यों की सवारी के लिये पृथ्वी पर जन्म लो।

कवित्त ॥ हेमाचल उपकंठ। एक वट वृष्य [1]उसंगं ॥
सौ जोजन परिमान। साष तस भंजि मतंगं ॥
बहुरि दुरद मद अंध। ढाहि मुनि वर आरामं ॥
दीर्घ [2]तपारौ देषि। श्राप दीनों कुपि तामं ॥
अंबर बिहार गति [3]मंद हुअ। नर आरूढ़न संग्रहिय ॥
संभरि नरिंद कबि चंद कहि। सुरग इंद इम भुवि रहिय ॥छं०॥५॥

अंग देश के पूर्व एक सुन्दर बनखंड है वहीं वह गजयूथ विहार करता था। वहां पालकाव्य नामक एक थोड़ी अवस्था का ऋषीश्वर रहता था उसे इन सभों से बड़ा स्नेह होगया था परंतु राजा रोमपाद फंदा डालकर हाथियों को चंपापुरी में पकड़ ले गया।

अंग देस पूरब्ब मद्धि। बन षंड गहब्बरि ॥
उज्जल जल दल कमल। बिपुल लुहिताच्छ सरब्बर ॥
आयति गज कौ जूथ। करत क्रीड़ा निसि बासर ॥
पालकाव्य लघु वेस। रहत एक तहां रुषेसर ॥
तिन प्रीति बंधि अति परसपर। रोमपाद न्दप संभरिय ॥
आषेट जाइ फंदनि पकरि। दुरद आनि चंपापुरिय ॥ छं० ॥ ६ ॥

पालकाव्य मारे बिरह के मरकर हाथी के रूप में जनमा।

(१) कृ.-उतंगं। (२) ए.मो.-तपारी। (३) को.ए.-मंड।

दूहा ॥ पालकाव्य के विरह करि। अंग भए अति पीन ॥
मुनि वर तब तहं आय कें। गज चिगछग्गुन कीन ॥ छं० ॥ ७ ॥
गाथा ॥ कोयर पराग पत्तं। (१)छालं डाल फूल फल कंदं ॥
फली कली दै अरियं। कुंजर करि थूलयं तनयं ॥ छं० ॥ ८ ॥

उधर ब्रह्मा के तप को भंग करने के लिये इन्द्र ने रंभा को भेजा था उसे शापवश हथिनी होना पड़ा वह भी वहीं आई।

कवित्त ॥ ब्रह्मा रिषि तप करत। देषि कंप्यौ मघवानं ॥
छलन काज पहु पठय। रंभ रुचिरा करि मानं ॥
श्राप दियौ तापसह। अवनि करिनी सु अवत्तरि ॥
क्रम्म बंधि इकं,जती। लयित ह्रूऔ सुपनंतरि ॥
तिहि ठाम आइ उहि हस्तिनी। वोर लियो पोगर सुनमि ॥
उर सुक्र अंस धरि चंद कहि। पालकाव्य मुनिवर जनमि ॥छं०॥९॥

पालकाव्य उस के साथ विहार करने लगा।

दोहा ॥ तायें तिन मुनि करिन सों। बांधि प्रीत अत्यंत ॥
चंद कह्यौ नृप पिथ्थ सम। सकल मंडि वरतंत ॥ छं० ॥ १० ॥

चन्द ने उस बन और जन्तुओं की प्रशंसा करके कहा कि आप अवश्य वहां चलकर शिकार खेलिए।

कवित्त ॥ सुनहिं राज प्रथिराज। विपन रवनीय करिय जुथ ॥
रेवा तट सुंदर समूह। गजवंत चवन रथ ॥
आषेटक आचंभ। पंथ पावर रुकि पिल्लौ ॥
सिंघ वट्ट दिल्लि ससुंह। राज विल्लत दोइ चल्लौ ॥
अल जूह क्रूह कसतूरि म्रग। पहपंगी अरु पर्वतह ॥
बहुआन मान देषें न्रपति। कहिन बनत दच्छिन सुरह ॥छं०॥११॥

(१) ए.-छलं, ढालं, छलं।

एक तो जयचन्द पर जलन हो रही थी दूसरें अच्छा रमणीक स्थान सुन पृथ्वीराज से न रहा गया।

दूहा ॥ एक ताप पहु पंग कौ। अरु रवनीक 'जु थान ॥
चावँडराव बचन्न सुनि। चढ़ि चल्यौ चहुआन ॥ छं० ॥ १२ ॥

पृथ्वीराज धूम से चला। रास्ते के राजा संग हो गए, स्वयं रेवानरेश भी साथ हुआ। इस समय सुलतान के भेदुए (नीतिराय) ने लाहौर से यह समाचार गजनी भेजा।

कवित्त ॥ चढ़त राज प्रथिराज। बीर अगनेव दिसा कसि ॥
सब्ब भूमि न्रप न्रपति। चरन चहुआन लग्गि ध्रसि ॥
मिल्यौ भान विस्तरी। मिल्यौ पट्टल गड्डी न्रप ॥
मिल्यौ नंदि पुर राज। मिल्यौ रेवा नरिंद अप ॥
बन जूथ म्रग्ग सिंघह सु गज। न्रप आषेटक खिल्लई ॥
लाहौर थान सुरतान तप। बर कग्गद लिषि सिल्लई ॥ छं० ॥ १३॥

मारू खां और तत्तार खां ने दिल्ली पर आक्रमण करने का *बीड़ा उठाया।

दूहा ॥ षां ततार मारूफ षां। लिये पान कर साहि ॥
धर चहुआनी उप्परै। बज्जा बज्जन वाइ ॥ छं० ॥ १४ ॥

यह समाचार पा शहाबुद्दीन का चढ़ाई की तयारी करना।

साटक ॥ श्रोतं भूपय गोरियं वर भरं, बज्जाइ सज्जाइने।
सा सेना चतुरंग बंधि उबलं, तत्तार मारूफयं ॥
तुअस्ली सारं स उप्प राव सरसो, पल्लानयं षानयं।
एकं जीव साहाब साहि ननयं, बीयं स्तयं सेनयं ॥ छं० ॥ १५ ॥

(१) मो.-सु।

* प्राचीन समय में यह नियम था कि जब कोई कठिन कार्य्य आ उपस्थित होता था तो दरबार में पान का बीड़ा रख कर अपेक्षित कार्य्य की सूचना दी जाती थी अतएव जो सरदार अपने को उस काम के करने योग्य देखता वह बीड़ा उठा लेता।

तातार खां आदि सभों ने कुरान हाथ में लेकर शपथ करके प्रस्थान किया।

दूहा ॥ अहि वेली फल हथ्य लै। तो ऊपर तत्तार ॥
मेच्छमहूरति सत्ति कैं। बंच कुरानी बार ॥ छं० ॥ १६ ॥

तत्तार खां का कहना कि चन्द पुंडीर को मार कर एक दिन में दिल्ली ले लूंगा।

कुंडलिया ॥ वर [1]मुसाफ तत्तार खां। मरन किंत्ति [2]नन बान ॥
मैं भंजे लाहौर धर। लैहूं सुनि सु विहान ॥
लैहैं सुनि सु विहान। सुनैं ढिल्ली सुरतानं ॥
जुध्थि पार पुंडीर। भीर परि है चहुआनं ॥
दुचित्त चित जिन करहु। राज आषेट [3]उथाप ॥
गज्जनेस आयस्स। चले सब छूप मुसाफं ॥ छं० ॥ १७ ॥

चन्द पुण्डीर ने पृथ्वीराज को समाचार लिखा। पृथ्वीराज का छः कोस लौट कर कूच का मुकाम करना।

दूहा ॥ षट सुर कोस मुकाम करि। चढ़ि चल्यौ चौहान ॥
चंद वीर पुंडीर कौ। कग्गद करि परिवान ॥ छं० ॥ १८ ॥

पृथ्वीराज का पंजाब तक सीधे शहाबुद्दीन की सेना के रुख पर जाना और उधर से शहाबुद्दीन की सेना का आना।

गोरी वै दल संमुहौ। गौ पंजाब प्रमान ॥
पुब्ब रू पच्छिम दुहु दिसा। मिलि चुहान सुरतान ॥ छं० ॥ १९ ॥

उसी समय कन्नौज के दूतों का यह समाचार जयचन्द से कहना।

दूत गये कनवज्ज दिसि। ते आए तिन थान ॥
कथा मंड चहुआन की। कहि कमधज्ज प्रमान ॥ छं० ॥ २० ॥

(१) ए.-मु साफ। (२) ए. कृ. को.-तन। (३) ए.-उथानं।

पृथ्वीराज का रेवा तट आना सुनकर सुलतान का सेना सजकर चलना ।

रेवा तट आयौ सुन्यौ । वर गोरी चहुआन ॥
वर अवाज सब मिट्टि कै । सजे सेन सुरतान ॥ छं० ॥ २१ ॥

पृथ्वीराज का कहना कि बहुत बड़े शत्रुरूपी मृगों का समूह शिकार करने को मिला ।

दूत बचन संभलि न्रपति । वर आषेटक षिल्ल ॥
रेंवातट [1]पद्धर धरा । जूह म्रगन वर मिल्लि ॥ छं० ॥ २२ ॥

राज्य मंत्रियों ने यह सम्मति दी कि अपने आप झगड़ा मोल लेना उचित नहीं किसी नीति द्वारा काम लेना ठीक है ।

कवित्त ॥ मिले सब्ब सामंत । मत्त मंड्यौ सु नरेसुर ॥
दह गूना [2]दल साहि । सज्जि चतुरंग सजी उर ॥
मवन मंत चुक्कौ न । सोइ वर मंत विचारौ ॥
बल घट्यौ अप्पनौ । सोच पच्छिलौ निहारौ ॥
[3]तन सट्टौ लीजै सुगति । जुगति बंध गोरी दलह ॥
संग्राम भीर प्रथिराज बल । अप्प मत्ति किज्जै कलह ॥ छं० ॥ २३ ॥

यह बात सुन कर सामंतों का मुसका कर कहना कि भारथ का बचन है कि रण में मरने से ही बीर का कल्याण है ।

सुनिय बत्त पज्जून । राव परसंग [4]मुसक्यौ ॥
देव राव बग्गरौ । सेन दे पाव कसक्यौ ॥

---

(१) ए.-पधार ।　　(२) मो.-बल ।
(३) मो.-सँट्टे लीजै, ए.-सद सटैं ।　　(४) मो.-मुसक्यौ ।

तन सट्टै [1]सहि मुकति। बोल भारथ्थौ बोलै ॥
लोह श्रंच उडुंत। पत्त तरवर जिम डोलै ॥
सुरतान चंपि सुप्पां लग्यौ। दिल्ली न्रप दल बानिबौ ॥
भर भीर धीर सामंत पुन। अबै पटंतर जानिबौ ॥ छं० ॥ २४ ॥

पज्जून राय का कहना कि मैंने सब शत्रुओं को पराजित किया और शहाबुद्दीन को भी पकड़ा। अब भी उस से नहीं डरता।

कहै राव पज्जून। तार कह्यौं तत्तारिय ॥
मैं दछ्छिन वै देस। भीर जद्दव पर [2]पारिय ॥
मैं बंध्यौ जंगलू। राव चामंड [3]सु सथ्थे ॥
वंभन वास विरास। वीर वड़ गुज्जर तथ्थे ॥.
भर विभर सेन चहुआन दल। गोरी दल [4]कित्तक गिनौ ॥
जानै कि [5]भीम कौरव सुबर। जर समूह तरवर किनौ ॥छं०॥२५॥

जैत राव का कहना कि शहाबुद्दीन की सेना से मिलान होना लाहौर के पास अनुमान किया जाता है अत एव अपनी सब तैयारी कर लेनी उचित है आगे जो आप की इच्छा हो।

कहै जैत पंवार। सुनहु प्रथिराज राज मत ॥
जुद्ध साहि गोरी। नरिंद लाहौर कोट गत ॥
सबै सैन अप्पनौ। राज एकट्ठ सु किज्ज ॥
इष्ट भृत्य सगपन सु। हित कागद लिषि दिज्जै ॥
सामंत सामि इहि मंत है। [6]अरु जु मंत चित्तै न्रपति ॥
धन रहै भ्रम्म जसु जोग ह्वै। दिपति दीप दिव लोकपति ॥छं०॥२६॥

---

(१) ए.-सटि। (२) मो.-परिहरिय।
(३) मो.-जु। (४) मो.-किन्ती।
(५) ए.-भीम, कौड, कौरूं, कौरौं। (६) ए.-अरु जुद्ध।

रघुबंस राम का कहना कि हम सामंत लोग मंत्र क्या जानें केवल मरना जानते हैं, पहिले शाह को पकड़ा था अब भी पकड़ेंगे।

तब वह कहि रघुबंश। राम हक्कारि सु उट्ठौ ॥
सुनौ सब्ब सामंत। साहि आए बल [1]छुट्टौ ॥
गज रु सिंघ सा पुरिष। जहां रुंधै तहां सुज्झै ॥
[2]असम समौ जानहि न। लज्ज पंकै आलुज्झै ॥
सामंत मंत जानैं नही। मत्त गहैं इक मरन कौ
सुरतान सेन पहिलै बंध्यौ। फिर बंधौं तौ करन कौ ॥ छं० ॥ २७ ॥

कविचन्द का कहना कि हे गुज्जर गँवारी बातें न कहो इन्हीं बातों से राज्य का नाश होता है। हम सब के मरने पर राजा क्या करेगा।

रे गुज्जर गांवार। राज लै मंत न होई ॥
अप मर छिज्जै न्रपति। कौन कारज यह जोई ॥
सब सेवक चहुआन। देस भग्गै धर पिल्लै ॥
पच्छि काम कह करै। स्वामि संग्राम इकल्लै ॥
पंडित्त भट्ट कवि गाइना। न्रप सौदागिर वार हुअ ॥
गजराज [3]सीस सोभा वरन। क्रन उड़ाइ वह सोभ लह ॥छं०॥२८॥

पृथ्वीराज का कहना कि जो बात आगे आई है उस के लिये जुद्ध का सामान करो।

दूहा ॥ परी षोर तन दुंग [4]गम। अग्ग जुद्ध सुरतान ॥
अब इह मंत विचारये। लरन मरन परवान ॥ छं० ॥ २९ ॥

---

(१) ए.-छटयो, (२) ए. कृ. को.-समौ, असमौ।
(३) सा.-सीस। (४) ए.-मम।

'गजन संग प्रथिराज कैः। है लिष्षिय परवान ॥
वज्जी पष्पर पंड रै। चाहुआन सुरतान ॥ छं० ॥ ३० ॥
ग्यारह अष्षर पंच पट। लहु गुरु होइ समान ॥
कंठ सोभ वर छंद कौ। नाम कह्यौ परवान ॥ छं० ॥ ३१ ॥

पृथ्वीराज के घोड़ों की शोभा वर्णन।

छंद कंठशोभा ॥ फिरे हय वष्पर पष्पर से। मनो फिर इंदुज पंष कसे ॥
सोई उपमा कविचंद कथे। सजे मनों पौंन पवंग रथें ॥ छं० ॥ ३२ ॥
उर पुट्ठिय ²सुट्ठिय दिठ्ठय ता। पयरो पय लंगत ता धरिता ॥
लग्गे उड़ि छित्तिय ³चौ नलयं। सुने षुर केइ अवत्तनयं ॥ छं० ॥ ३३ ॥
षग बंधि सु हेम हमेल घनं। तन चामर जोति पवंन रनं ॥
ग्रह अट्टस तारक ⁴पीत पगे। मनों सुत के उर भान ⁵उगे ॥ छं० ॥ ३४ ॥
पय मंडिहि अंसु धरै उलटा। मना बिंटय देषि चलै कुलटा ॥
सुष कट्टिन घूंघट अस्सु वलो। मनों घुंघट दै कुल वद्धु चलो ॥
छं० ॥ ३५ ॥
तिनं उपमा वरनो न घनं। पुजे नन वग्ग पवंन मनं ॥ छं० ॥ ३६ ॥

आधी रात को दूत पृथ्वीराज के पास पहुंचा और समाचार दिया कि अट्ठारह हजार हाथी और अट्ठारह लाख सेना के साथ सुलतान लाहौर से चौदह कोस पर आ पहुंचा।

कुंडलिया ॥ नव वज्जी घरियार घर। राज महल उठि आइ ॥
निसा अद्ध वर उत्तरे। दूत संपते आइ ॥
दूत संपते आइ। धाइ चहुआन सु जग्गिय ॥
सिंघ विहथ्थं सुक्कि। साहि साहौउर तग्गिय ॥
अट्ठ सहस गजराज। लष्ष अट्ठारह ⁶ताजिय ॥
उभै सत्त वर कोस। साहि गोरी नव वाजिय ॥ छं० ॥ ३७ ॥

(१) ए. कृ. को.-गजन सिंग । (२) ए. कृ. को.-उर पप्पर पुट्ठिय दिट्ठियत ।
(३) ए.-दो, दौ । (४) ए. कृ. को.-पीत पगे । (५) ए.-उदे । (६) ए. कृ. को.-ताजिय ।

पृथ्वीराज ने दूत से पत्र लेकर पढ़ा—हिन्दुओं के दल में शोर मच गया।

दूहा ॥ बचि कागद चहुआन नें। फिरल चंद 'सह थान ॥
मनो बीर तनु अंकुरे। सुगति भोग बनि प्रान ॥ छं० ॥ ३८ ॥
मची कूह दल हिंदु के। 'कसे सनाह सनाह ॥
बर चिराक दस 'सहस भइ। बजि निसांन अरिदाह ॥ छं० ॥ ३९ ॥

दूत का दरबार में आकर पृथ्वीराज से कहना कि मुस्लमान सेना चिनाब के पार आगई। चन्द पुंडीर ने उसका रास्ता बांध कर मुझे इधर भेजा है।

*बा बढ़ नृप मुकतें। दूत आइ तिहि वार ॥
सजी सेन गोरी सुभर। उत्तरए नद पार ॥ छं० ॥ ४० ॥
पंचासज गोरी नृपति। बंध उतरि नहिं पार ॥
चंद बीर पुंडीर नें। 'थटि मुक्कै दरवार ॥ छं० ॥ ४१ ॥

सुलतान का अपने सामंतों के साथ युद्ध के लिये प्रस्तुत होना।

कवित्त ॥ षां मारुफ ततार। षान षिलची बर गद्दे ॥
चामर छच सुजक्क। गोल सेना रचि गद्दे ॥
नारि गोरि जम्बूर। सुबर कीना गजसार ॥
नूरीं षां हुज्जाव। नूर महमद सिर भार ॥
वज्जीर षान गोरी सुभर। षान षान हजरत्ति षां ॥
बिय सज्जि सैन हरवल करिय। तहां उभौ सजरत्ति षां ॥छं०॥४२॥

---

(१) क़.-सर। (२) ए. क़-कैरे सनाह अनाह। (३) ए. क़. को.-दस दस।
(४) ए.-उत्तर यौ नदि पार, मो.-घट मुक्यौ दरवार।
* यह दोहा ए. को. और क़. प्रति में नहीं है।

शाहजादे का सरदारों के साथ सेना हरवल रचना और सेना के मुख्य सरदारों के नाम स्थान और उन का पराक्रम वर्णन।

रचि हरवल सुरतान। साहिजादा सुरतानं॥
षां पैदा महमूद। वीर वंध्यौ सु विहानं॥
षां मंगोल लल्लरी। वीस टंकौ वर पंचै॥
चौ तेगीसह बाज। बान अरि प्रान सु अंचै॥
जँहगीर षान जह गोर वर। षां हिंदू वर वर विहर॥
पच्छिमी षांन पठ्ठान सह। रचि उभ्भै हरवल गहर॥छं०॥४३॥
रचि हरवल पठ्ठांन। षान इसमान रु गष्पर॥
केली षां कुंजरी। साह सारी दल षष्पर॥
षां भट्टी मह नंग। षान षुरसानी बब्बर॥
हवस षान हुज्जाव। ग्रब्ब आलम्म जास बर॥
तिन अग्ग अट्ठ गजराज वर। मद सरक्क पट्टे तिना॥
पंच विन पिंड जो जपजे। जुद्ध होइ लज्जी विना॥ छं०॥ ४४॥

शहावुद्दीन का इस पार तीस दूतों को रख कर चिनाव पार करना।

[1]करित माय बहु साहि। तीस तहँ रष्षि फिरस्ते॥
आलम षान गुमान। षान उजबक्क निरस्तं॥
लहु मारूफ गुमस्त। षान दुस्तम बजरंगी॥
हिंदु सेन उप्परें। साहि बज्जै रन जंगी॥
सह सेन टारि सोरा रच्यौ। साहि चिन्नाव सु उत्तर्‍यौ॥
संभले सूर सामंत नृप। रोस वीर वीरं दुर्‍यौ॥ छं०॥ ४५॥

यह सुन कर पृथ्वीराज का क्रोध करना और दूत का कहना पुंडीरं उसे रोके हुए है।

(१) ए.-करत माइ चौसाहि।

दूहा ॥ तमसि तमसि सामंत सब । रोस भरिग प्रथिराज ॥
जब लगि रुपि पुंडीर नें । रोक्यौ गोरी साज ॥ छं० ॥ ४६ ॥

जहां पर सुलतान चिनाब उतरने वाला था वहीं पुण्डीर ने रास्ता रोका। घोर युद्ध हुआ। चन्द पुण्डीर घायल हो कर गिरा। सुलतान चिनाब पार होने लगा।

भुजंगी ॥ जहां उतऱ्यौ साहि चिन्दाव मीरं । तहां नेज गड्डौ ठट्ठक्के पुडीरं ॥
करी आनि साहाव सा बंधि गोरी। धके धींग धींगं धकावैं सजोरी ॥
छं० ॥ ४७ ॥

दोऊ दीन दीनं कढ़ी बंकि अस्सी। किधौं मेघ में बीज कोटि विकस्सी॥
किए सिप्परं कोर ता सेल अग्गी। किधौं बद्दरं कोर नागिन्न नग्गी॥
छं० ॥ ४८ ॥

हवक्के जु मेछं भ्रमंतं जु छुट्टै । मनों घेरनी घुम्मि पारेव तुट्टै ॥
उरं फुट्टि बरछी बरं छबि नासी। मनौं जाल में मीन अच्छी निकासी॥
छं० ॥ ४९ ॥

लटक्के जुरंनं उड़ै ह ह है। रसं भीति सूरं चवग्गान पिड़ै ।
लगे सीस नेजा भ्रमें मेज तथ्यं । भवै बाहुसं भात दीर्पत्ति सथ्यं ॥
छं० ॥ ५० ॥

करै मार मारं महावीर धीरं । भये मेघ धारा बरष्षंत तीरं ॥
परे पंच पुडीर सा चंद कव्वो । तबै साहि गोरी स चन्दाव चव्वौ ॥
छं० ॥ ५१ ॥

सुलतान का चिनाब उतरना और चन्द पुण्डीर का गिरना देख कर दूत ने बढ़ कर पृथ्वीराज को समाचार दिया।

कवित्त ॥ उतरि साहि चिन्दाव । घाय पुंडीर सुध्धि पर ॥
उप्पाऱ्यौ बर चंद । पंच बंधव सु पथ्थ धर ॥
दिष्षि दूत बर चरित । पास आयौ चहुआनं ॥
उप्पर गोरी नरिंद । हास बढ़ढी सुरतानं ॥

वर सीर धीर मारूफ दुरि। [1]पंच अनी एकठ जुरी ॥
सुर पंच कोस लाहोर तें। मेच्छ मिलानह सो करी ॥ छं० ॥ ५२ ॥

पृथ्वीराज ने क्रोध के साथ प्रतिज्ञा की कि तब मैं सोमेश्वर का बेटा जो फिर सुलतान को कैद करूं। पृथ्वीराज ने चन्द्र ब्यूह की रचना करके चढ़ाई की।

दूहा ॥ वीर रोस वर वैर वर। भृकि लग्गै असमान ॥
तौ नंदन सोमेस कौ। फिरि बंधौ सुरतान ॥ छं० ॥ ५३ ॥
चन्द्रव्यूह न्रप बंधि दल। धनि प्रथिराज नरिंद ॥
साहि बंध सुरतान सौं। सेना विन विधि कंद ॥ छं० ॥ ५४ ॥

पञ्चमी मङ्गलवार को पृथ्वीराज ने चढ़ाई की। (कवि ने उस दिन के ग्रह स्थिति योग आदि का वर्णन किया है)

कवित्त ॥ वर मंगल पंचमी। दिन सु दीनौ प्रथिराजं ॥
राह केत जय दीन। दुष्ट टारे सुभ काजं ॥
अष्ट चक्र जोगनी। भोग भरनौ सुधि रारी ॥
गुर पंचम रवि पंच। अष्ट मंगल न्रप भारी ॥
कै इंद्र बुद्ध भारथ्थ भल। कर चिह्नल चक्रा वज्जिय ॥
सुभ घरिय राज वर लीन वर। चल्यौ उदै क्रूरह दज्जिय ॥ छं० ॥ ५५ ॥
दूहा ॥ सो रचि उद्व अवद्व अध। [2]उग्गि महव विधि [3]कंद ॥
वर निषेद न्रप वंदयौ। को न भाय कविचंद ॥ छं० ॥ ५६ ॥

जिस प्रकार चक्रवाक, साधु, रोगी, निर्धन, विरह वियोगी लोग रात्रि के अवसान और सूर्य्योदय की इच्छा करते हैं उसी प्रकार पृथ्वीराज भी सूर्य्योदय को चाहता था।

(१) ए.-खंच। (२) ए.-लगि। (३) ऐ.-मंदि, क्र.-मंदि मंद।

कवित्त ॥ प्रात सूर बंछई। चक्क चक्किय रवि बंछै ॥
प्रात सूर बंछई। सुरह बुद्धि बल सो इंछै ॥
प्रात सूर बंछई। प्रात वर बंछि वियोगी ॥
प्रात सूर बंछई। ज्यौं म्रु बंछै बर रोगी ॥
बंछयौ प्रात ज्यों त्यों उजल। बंछै रंक करन्न बर ॥
बंछयौ प्रात प्रथिराज नें। सती सत्त बंछेति उर ॥ छं० ॥ ५७ ॥

पृथ्वीराज की सेना तथा चढ़ाई का वर्णन।

दंडमाली ॥ भय प्रात रत्तिय, जुरत दीसय, चंद मंदय चंद यौ।
भर तमस तामस, सूर वर भरि, रास तामस छंद यौ ॥
बर बज्जियं नीसान धुनि, घन बीर बरनि अँकूरयं।
धर धरकि धाइर, करषि काइर, रस मिल्लर स क्रूरयं॥ छं० ॥ ५८॥
गज घंट घनकिय, रुद्र 'भन किय, घनकि संकर उद्दयौ।
रन नंकि 'भेरिय, कन्ह छोरिय, दंति दान धनं 'दयौ ॥
सुनि बीर सद्दइ, सबद पद्दई, सद्द असद्दइ छंडयौ।
तिह ठौर अद्भुत, होत न्रप दल, बंधि दुज्जन षंडयौ ॥छं०॥५९॥
सन्नाह सूरज सज्जि घाटं, चंद ओपम राजई।
मुकर में प्रतिब्यंब राजय, सत्त धन ससि साजई ॥
बर फल्लि बंबर, टोप आयो, त रोस सीसत आइए।
नष्षिच हस्त कि, भान चंपक, कमल सूरहि साइए ॥ छं० ॥ ६० ॥
बर बीर धा जोगिंद पत्तिय, कब्बि ओपम पाइयं ॥
तजि मोह माया, छोहं कल बर, धार तित्थह धाइयं ॥
संसार श्रंकर बंधि, गज जिम, अप्प बंधन हथ्थयं।
उनमत्त गज जिमि, नंख दीनौ, मोह माया सथ्थयं ॥ छं० ॥ ६१ ॥
सो प्रबल मद्द जुग, बंधि जोगी, मुनी आरस देवयौ।
सामंत धनि जिम, षिंत्ति कीनौ, पत्त तरु जिम मेवयौ ॥ छं० ॥ ६२॥

(१) ए.-भनषिय। (२) ए.-मेरिय।
(३) ए.-घनंजयौ।

दूहा ॥ क्रंम गाह इक सुगन की । क्यों करिजै वापान ॥
मन अनंप सामंत नै । [1]कच कर वति पापान ॥ छं० ॥ ६३ ॥
वाई विप धंधरि परिय । वद्दर छाए भान ॥
कुम घर मंगल वज्जही । कै चढ़ि मंगल आन ॥ छं० ॥ ६४ ॥

दोनों ओर की सेनाओं के चमकते हुए अस्त्र शस्त्र और निशानों का वर्णन।

दिष्ट देपि सुरतान दल । लोहा षक्कत वान ॥
पहकि फेरि उड़गन चले । निसि आगम फिरि [2]जान ॥ छं० ॥ ६५ ॥
धजा वाइ वंकुर उड़ति । छवि कविंद इह आइ ॥
उड़गन चंद नरिंद विय । लगो [3]मनों अइ पाइ ॥ छं० ॥ ६६ ॥
से सनि संकहि वजतहि । वाजे कुहकं सुरंग ॥
मेटै सद्द निसान के । सुने म श्रवनति अंग ॥ छं० ॥ ६७ ॥

जब दोनों सेनाएं साम्हने हुईं तब मेवारपति रावल समरसिंह ने आगे बढ़कर युद्ध आरम्भ किया।

अनी दोउ घन घोर ज्यौं । [4]घाय मिले कर घाठ ॥
चित्रंगी रावर विना । करै कोन इह वाट ॥ छं० ॥ ६८ ॥
कवित्त ॥ पवन रूप परचंड । घालि असु असि वर झारै ॥
मार मार सुर वज्जि । पत्त तरू अरि सिर पारै ॥
फहक्कि सद्द [5]फेफरा । इह्न कंकर उप्पारै ॥
कटि भसुंड परि मुंड । भिंड कंटक उप्पारै ॥
भज्जयौ विषम मेवारपति । रज उडाइ सुरतान दल ॥
समरथ्थ समर [6]सम्मर मिलिय । अनी मुष्ष पिष्षी सवल ॥ छं० ॥ ६९ ॥

रावल, जैत पँवार, चामंड राय और हुसैन षां का क्रमानुसार हरावल में आक्रमण करना। पीठि सेना का पीछे से बढ़ना।

(१) मो.-ज्यौं कचकरवर्ती । (२) को.ए.-जाम । (३) ए. मो.-मानौं-मानो ।
(४) ए. छ. को.-घाघा मिलेक थाट, कर थाट ।
(५) ए. छ. को.-फीफरा । (६) ए. कृ. को.-मनमथ मिल, मिली, मिल्यौ ।

रावर उप्पर धाई। पन्यौ पांवार जैत थिक्कि॥
तिहि उप्पर चांमंड। कन्यौ हुस्सेन षान सजि॥
धक्काई धक्काइ। दोइ हरवल बर मभ्भै॥
पच्छ सेन आहुट्टि। अनी बंधी आलुभ्भै॥
गजराज विय सु सुरतान दल। दुह चतुरंग बर बीर बर॥
धनि धार धार धारह धनी। बर भट्टी उप्पारि कर॥ छं० ॥ ७० ॥

हिन्दू सेना की चन्द्र व्यूह रचना।

छच सु जीक सु अप्पि। जैत दीनौ सिर छचं॥
चन्द्रव्यूह अंकुरिय। राज [१]दुच दहां इकचं॥
इक अग्र हुसेन। बीय अग्रह पुंडीरं॥
मद्धि भाग रघुवंस। राम उभ्भौ बर बीरं॥
सांषलौ सूर सारंग दे। उररि षान गोरीय ग्रुष॥
हयनारि [२]गोर जंबूर घन। दुहं बांह उभ्भंति [३]रष॥ छं० ॥७१॥

दो पहर के समय चंद पुंडीर का तिरछा रुख दे कर शत्रु सेना को दबाना।

छुट्टि अद्ध बर घटिय। चल्यौ मध्यान भान सिर॥
सूर कंध बर कट्टि। मिले कादर कुरंग बर॥
घरी अद्द बर अद्द। लोह सों लोह जु रुक्के॥
मन अग्गे अरि मिले। चित्त में कंक धरक्के॥
पुंडीर भीर भंजन भिरन। लरन तिरच्छौ लग्गयौ॥
नव वधू जेम संका सुबर। उदौ जानि जिम भग्गयौ॥ छं० ॥७२॥

पृथ्वीराज और शहाबुद्दीन का सम्मुख घोर युद्ध होना। योगिनी भैरव आदि का आनन्द से नाचना।

भुजंगी॥ मिले चाहुचहुआन सा चंपि गोरी। स्वयं पंचकोरी निसानं अहोरी॥
बजे आवद्धं संभरे अद्ध कोसं। घने अग्ग नीसान मिलि अद्धकोसं॥
छं० ॥ ७३ ॥

(१) छ. मो.-दुअ। (२) ए. कृ. को. मो, जोरो। (३) कृ.-रख।

वरं बंवरं चौर माहौति साईं । इसे इच पीतं वखे धार घाईं ॥
बुलै दूर हक्के दृहक्के पचारं । घले बथ्थ दोज धरं वा ⁽¹⁾चंधारं ॥
छं० ॥ ७४ ॥

उतंमंग तुट्टै परै श्रोन धारी । मनों दंड सुक्की अंगीवाइ वारी ॥
नचै कंध बंधं इकैं सीस भारी । तहां जोग माया ⁽²⁾जकी सी विचारी ॥
छं० ॥ ७५ ॥

वही साँग लग्गी वजी धार धारं । तहां सैंन दूनं करै मार मारं ॥
नचै रंग भैरू गहै ताल वीरं । सुरंग अच्छरी बंधि नारह तीरं ॥
छं० ॥ ७६ ॥

इसी जुड बधं उच्चहे उभानं । भिरै गोरियं सेन अहचाहुआनं ॥
करै कुंडली तेग बग्गी ⁽³⁾प्रमानं । मनों मंडली रास तं कन्ह वालं ॥
॥ छं० ॥ ७७ ॥

फुटी आवधं माहि सामंत छूरं । बजै गोर ओरं मनों बज्ज भूरं ॥
लगै धार धारं तिनै धरह तुट्टै । दुहूं कुंभ भग्गं करं कं अहुट्टै ॥
॥ छं० ॥ ७८ ॥

फुटी श्रोन भोमं ⁽⁴⁾अपं बिंब राजं । मनों मेघ बुट्टै प्रथीमी समाजं ॥
पराक्रम राजं प्रथीपत्ति रुध्यौ । रनं रुंधि गोरी सहं जंग जुध्यौ ॥
छं० ॥ ७९ ॥

सुलतान का घबराना। तातार खां का धैर्य दिलाना।

दूहा ॥ तेज छुट्टि गोरी सुवर । दिय धीरजं तत्तार ॥
मो उभ्भै सुरतान को । ⁽⁵⁾भौर परी इन वार ॥ छं ॥ ८० ॥

उक्त युद्ध की बसंत ऋतु से उपमा वर्णन।

मोतीदाम ॥ रतिराज द जोवन राजत जोर। चंप्पौ ससिरं उर ग्रीषम कोर ॥
उनौं मधि मद्धि मधू धुनि होय । तिनं उपमा बरनी कवि ⁽⁶⁾कोय ॥
छं० ॥ ८१ ॥

---

(१) ए.-अपारं। (२) मो.-जुकीयं विचारी। (३) ए. कृ.-पमानी।
(४) कृ. ए.-अपी। (५) ए.-मरी। (६) ए. कृ. को.-कोह, कोय, होइ।

सुनौ वर आगम [1]जुब्बन बैन । नच्यौ कवहूं न सु उद्दिम मैन ॥
कवहूं दुरि आंनन [2]पुच्छत नैन । कहौ किन अन्न दुरी दुरि बैन ॥
छं० ॥ ८२ ॥

शशि रोर नसै सब दुंदभि बज्जि । उभै रतिराज [3]सुजोवन सज्जि ॥
कही बर श्रोन सुरंगिय रज्जि । चंपे [4]रन दोउ बनं बन भज्जि ॥
छं० ॥ ८३ ॥

इय मीनन लीन भये रत रज्जि । भम विभ्रम भारु परी गहि नज्ज
सुर मारुत फौज प्रथंम चलाइ । गति लज्जि सकुचि कछे मिलि आइ॥
छं ॥ ८४ ॥

दहि सीत मधूप न कंदहि जीव । प्रकटै उर तुच्छ सोज उर भीव॥
बिन पल्लव कोरहि [5]तारहि रंभ । गहना बिन बाल बिराजत अंभा॥
छं० ॥ ८५ ॥

कलि कंठन कंठ सज्यौ अलि पंथ । न उड्डिय अंग नवेलिय अंघ ॥
सजौ चतुरंग सज्यौ बन राइ । बजी इन उप्पर सैसब जाइ ॥
छं० ॥ ८६ ॥

कवि मत्तिय जुद्ध तिंन बहु घोर । बनं तब संधय चंद कठोर॥
छं० ॥ ८७॥

रसावला ॥ बोल बुद्दै घनं, स्वांमि जंपे मनं । रोस लग्गो तनं, सिंघ मद्दं मनं॥
छं० ॥ ८८ ॥

छोह मोहं बिनं, दांनं छुट्टे ननं । नाम राजं घनं, भ्रंम सातुक्कनं ॥
छं० ॥ ८९ ॥

भेच्छ बाहं बिनं, रत्तं कंधं ननं । ढल्ल जा ढाहनं, जीवनं सा हनं॥
छं० ॥ ९० ॥

बान जा संधनं, पंषि जा बंधनं । स्वांमि सेतं अनी, पीत रत्तं घनी॥
छं० ॥ ९१ ॥

क्रूह मची घरी, रोस दंती फिरी । फौज फट्टी पुनं, सूर जंभे घनं॥
छं० ॥ ९२ ॥

(१) ए.-जुब्बन । (२) मो.-ए.-को.-पुच्छन । (३) ए.-सैजोवन ।
(४) ए. कृ. को.-नर । (५) ए.-तौरै संभ ।

लेहुं लेहु झरी, लोह कट्टे ऋरी । कन्द जा संभरी, पाइ मंडे फिरी ॥
छं० ॥ ६३ ॥

वीर हक्कं करी, नैन रत्तं वरी । पंड जा योलियं, वीर सा बोलियं ॥
छं० ॥ ६४ ॥

वीर बज्जे घुरं, दंति पट्टे छुरं । भार संकोरीयं, फौज विप्फौरियं ॥
छं० ॥ ६५ ॥

दंत रुट्टी परे, अग्ग फूलं झरे । हेमयं नारियं, जावकं ढारियं ॥
छं० ॥ ६६ ॥

आननं हंकयं, अंग 'जानंचयं। सत्त सामंतयं, वांन सा पथ्थयं ॥
छं० ॥ ६७ ॥

फौज दोज फटी, जांनि जूनी टटी। .... ॥ छं० ॥ ६८ ॥

सोलंकी माधव राय से खिलजी खां से तलवार का युद्ध होने लगा। माधव राय की तलवार टूट गई तब वह कटार से लड़ने लगा। शत्रुओं ने अधर्म युद्ध से उसे मार गिराया।

कवित्त ॥ सौलंकी माधव । नरिंद खिलची सुष लग्गा ॥
सुबर वीर रस वीर । वीर वीरा रस पग्गा ॥
दुअन बुद्ध जुध तेग । दुह्र हथ्थन उम्भारिय ॥
तेग तुट्टि चालुक्क । बथ्थ परि कढ्ढि कटारिय ॥
अग अग्ग तकि ठिल्ले वलन । अधम जुद्ध लग्गे लरन ॥
सारंग बंध घन घाव परि । गोरी वै दिन्नौ मरन ॥ छं० ॥ ६९ ॥

वीर गति से मरने पर मोक्ष पद पाने की प्रशंसा।

पग्ग हटकि जुटिक्क । असन सेना समंद गजि ॥
हय गय बर छिल्लोर । गवक्ख गोइंद दिध्धि सजि ॥

अनम अठेल अभंग। नीर असि मीर समाहिय॥
अति दल बल आहुट्टि। पच्छ लग्गी पर वाहिय॥
रज तज्ज रज्ज मुक्कि न रह्यौ। रज न लगी रज रज भयौ॥
उच्छंगन अच्छर सो लयौ। देव विमानन चढ़ि गयौ॥ छं० ॥१००॥

जै सिंह की वीरता और उसकी वीर मृत्यु की प्रशंसा।

परि पतंग जै सिंघ। पतँग अप्पुन तन दभ्भै॥
नव पतंग गति लीन। करे अरि अरिधज धज्जै॥
तेल ठांम वात्तीय। [1]अगन्नि एकल विझ्झाइय॥
पंच अप्प अरि पंच। पंच अरि पंथ लगाइय॥
आरन्नि कूंआरी वर वन्यौ। द्वै दाहन दुज्जन दवन॥
जीतेव असुर महि मंडलह। और ताहि पुज्जै कवन॥ छं०॥१०१॥

वीर पुंडीर के भाई की वीरता और उस के कमंध का खड़ा होना।

रुप्यौ बीर पुंडरी। फिरी पारस सुरतानी॥
शस्त्र बीर चमकंत। तेज आरुहि सिर [2]ठानी॥
टोप ओप तुटि किरच। सार सारह जरि भारे॥
मिलि नच्चि रोहनी। सीस ससि उडगन चारे॥
उठि परत भिरत भंजत अरिन। जै जै जै सुर लोक हुअ॥
उठ्यौ कमंध पलपंच चव। कोन भाइ कथ्यौ जु धुअ॥ छं०॥१०२॥

पज्जून राय के भाई पल्हान राय का खुरसान खां के हाथ से मारा जाना।

दुजन सल्ल कूरंभ। बंध पल्हन सकारिय॥
संम्हौ षां षुरसान। तेग लंबी उभ्भारिय॥
टोप टुट्टि बर करी। सीस परि तुट्टि कमंधं॥
मार मार उच्चार। तार तं नंचि कमंधं॥

(१) मो.-अगन्नि। (२) ए.-तानी।

तहँ देपि रुद्र रुद्रह [1]हस्यौ। [2]हय हय हय नंदी कह्यौ ॥
कविचंद [3]शैलपुची चकित। पिष्पि वीर भारथ नयौ ॥छं०॥१०३॥

जै सिंह के भाई का मारा जाना।

सोलंकी सारंग। षान षिलची मुष लग्गा ॥
वह पंगानी भृत्त। इते चहुआन विलग्गा ॥
है कंध न दिय पाय। कन्ह उत्तरि विय वाजिय ॥
गज गुंजार हुँकार। धरा गिर कंदर गाजिय ॥
जय जयति देव जै जै करहिं। पहुपंजलि पूजत रिनह ॥
इक पन्यौ षेत सोधै सकल। इक रह्यौ बंधे धुनह ॥ छं० ॥ १०४ ॥

गोइन्द राय का तत्तार खां के हाथी और फीलवान को मार गिराना।

करी मुष्प आहुट्ठ। वीर गोइंद सु अप्पै ॥
कविल पील जनु कन्ह। दंत दारुन गहि नप्पै ॥
सुंड दंड भये षंड। पीलवानं गज मुक्यौ ॥
गिद्धि सिद्धि वेताल। आइ अंषिन पल रुक्यौ ॥
वर वीर पन्यौ भारथ्थ वर। लोह लहरी लगात भुल्यौ ॥
तत्तार षान सन्हौ सु क्रत। सिंघ हक्कि अंवर डुल्यौ ॥ छं० ॥ १०५ ॥

नरसिंह राय के सिर में घाव लगने से उसके गिर जाने पर चामुंडराय का उस की रक्षा करना।

षोलि षग्ग नरसिंघ। षिझ्झि पज सीसह झारिय ॥
तुटि धर धरनि परंत। परत संभरि कट्टारिय ॥
चरन अंत उरझंत। वीर क्रूरंभ करारौ ॥
तेग घाइ चुकंत। झरी झर लोह सँभारौ ॥
चलि गयौ [4]क्रमन क्रम्मन चलै। डुल्यौ न [5]डुल तन हथ्थ वर ॥
तिन परत वीर दाहर तनौ। चामंडा बज्जी लहर ॥ छं० ॥ १०६ ॥

---

(१) मो.-भयौ। (२) मो.-हयं हयं। (३) ए.- सवल, कृ. को.- सयल।
(४) मो.-न क्रमन क्रमनत। (५) ए.-नर डुलतन।

रात हो गई दूसरे दिन सवेरे फिर पृथ्वीराज ने शत्रुओं को आ घेरा।

भुजंगी॥ [1]छुटी छंदनी छंद सीमा प्रमानं। मिली ढालनी माल राही समानं॥
निसा मान नीसान नीसान धूत्रं। धुत्रं धूरिनं मूरिनं पूर कुत्रं॥
छं० ॥ १०७॥

सुरत्तान फौजं तिनें [2]पत्ति फेरी। मुषं लग्गि चहुआन पारस्स घेरी॥
भये प्रात सुज्जात संग्राम षालं। चहुव्वान उट्ठाय सालोपि थाल॥
छं० ॥ १०८॥

जैत राय के भाई लक्ष्मण राय के मरते समय अप्सराओं का उसके पाने की इच्छा करना परंतु उसका सूर्य्य लोक भेद कर मोक्ष पाना।

कवित्त॥ जैत बंध ढहि पर्‍यौ। लष्ष लष्षन कौ जायौ॥
तहं झगरी मह माय। देवि हुंकारौ पायौ॥
हुंकारै हुंकार। जूह गिद्धनि उड्डायौ॥
गिद्धिन तें अपछरा। लियौ चाहत नहि पायौ॥
अव तरन सोइ उतपति गयौ। देवथान बिभ्रम [3]बियौ॥
जम लोक न शिवपुर ब्रह्मपुर। भान थान भानै बियौ॥छं०॥१०९॥
तन झंझरि पावार। पर्‍यौ धर मुच्छि [4]घटिय बिय॥
बर अच्छर बिंटयौ। सुरंग मुक्के सुरंग हिय॥
[5]तिहित बाल तत काल। सलष बंधिव ढिग आइय॥
लिषिय अंग बिय अथ्थ। सोई बर बंच दिषाइय॥
जनम मरन सह दुह सुगति। नन मिटै भिंटह न तुत्र॥
ए वार सुबर बंटहु नहीं। बंधि लेहु सुकी बधुत्र॥ छं० ॥ ११०॥

महादेव का लक्ष्मण का सिर अपनी माला के लिये लेना।

(१) ए.-छंदानं, क. मो.—छदनी, छंदनीमा.। (२) ए. क. को.—पांति।
(३) मी.-मयौ। (४) ए.-घटय। (५) मो.-तिहित काल सतबाल।

दूहा ॥ राम वंध कौ सौस वर । ईस गह्यौ कर चाइ ॥
'अघि दरिद्री ज्यौं भयौ । देषि देषि ललचाइ ॥ छं० ॥ १११ ॥

एक पहर दिन चढ़े जंघा योगी ने त्रिशूल लेकर घोर युद्ध मचाया।

